द्विभाषी राष्ट्रसेवक

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal

वर्ष : 74 अंक : 01 अप्रैल, 2024

RNI NO. ASSBIL/2009/31008 ISSN : 2321-4945

एक हृदय हो भारत जननी

द्विभाषी राष्ट्रसेवक

(भाषा, साहित्य, समाज, कला व संस्कृति विषयक शोध-पत्रिका)

UGC CARE Listed Journal

वर्ष : 74 **अंक : 01** **अप्रैल, 2024**

परामर्श मंडल

श्री भारतभूषण महंत
कार्याध्यक्ष, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
गुवाहाटी (असम)

डॉ. किरण हाजरिका
सम कुलपति, इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय
नयी दिल्ली-68

प्रो. आर.एस. सर्राजु
सम कुलपति, हैदराबाद विश्वविद्यालय
तेलंगाना-500046

प्रो. प्रदीप के शर्मा
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय
काजी रोड, गंगटोक, सिक्किम - 737101

डॉ. दीपक प्रकाश त्यागी
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

डॉ. दिलीप कुमार मेधि
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अमूल्य चंद्र बर्मन
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अच्युत शर्मा
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

प्रधान संपादक

डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया
मंत्री, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

संपादक

प्रो. मोहन
हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली-1

कार्यकारी संपादक

रामनाथ प्रसाद
प्रभारी साहित्य सचिव
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी

DWIBHASHI RASTRASEWAK : A Bilingual (Hindi & Assamese) Monthly Research Journal, Focused on Language, Literature Society, Art and Culture, Partially funded by Central Hindi Directorate, Govt. of India and Published by Asom Rastrabhasha Prachar Samiti, Rupnagar, Guwahati-781032.

प्रकाशक :
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
गुवाहाटी-32

संपादकीय कार्यालय :
प्रधान संपादक, द्विभाषी राष्ट्रसेवक
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
सेवा मंदिर पथ, रूपनगर, गुवाहाटी-32
फोन : 9101541395, 9101541380
ई-मेल : rastrasewak51@gmail.com

सहयोग राशि : 100/- (प्रति अंक)

शब्द संयोजन : रतिकांत कलिता

आवरण पृष्ठ : बिहू नृत्य का एक दृश्य

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की ओर से मंत्री डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया द्वारा सराइघाट फोटो टाइप्स प्रा.लि., इंडस्ट्रियल इस्टेट, गुवाहाटी-781021 में मुद्रित, प्रकाशित एवं प्रसारित।

सर्वाधिकार : **असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी-32**

'द्विभाषी राष्ट्रसेवक' में प्रकाशित रचनाओं के विचारों से असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रकाशित सामग्री के उपयोग हेतु प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। सभी कानूनी विवादों का निपटारा गुवाहाटी न्यायालय के अधीनस्थ होगा।

विषय सूची

क्रम	विषय	लेखक	पृष्ठ
	हिंदी विभाग		
	संपादकीय		*7*
1.	हिंदी आलोचना में छायावाद संबंधी आलोचना का विकास	✍ डॉ. जावेद आलम	6
2.	जिन्हें पहली पंक्ति में जगह नहीं मिली	✍ डॉ. अरविन्द कुमार यादव	14
3.	समकालीन दलित कविता में दलित जीवन संघर्ष	✍ डॉ. प्रीति के.	27
4.	द वेल डिगर्स डॉटर : प्रेम, परिवार और परंपरा की एक मार्मिक यात्रा	✍ डॉ. आनंद कुमार सोनी ✍ उत्कर्ष कुमार मिश्रा	32
5.	असम की तिवा जनजाति	✍ डॉ. जोनाली बरुवा	37
6.	राभा जनजाति की परंपरागत वेशभूषा और उनका बायखो उत्सव	✍ डॉ. अखिल चन्द्र कलिता	43
7.	गांधी : भाषा-चिंतन	✍ डॉ. प्रकाश कोपार्डे	49
8.	वेदों में पर्यावरण संरक्षण : एक समीक्षात्मक अध्ययन	✍ डॉ. निलाक्षी मिलि मेदक	55
9.	असमीया संस्कृति : परंपरा और परिवर्तन (असम की बिहू परम्परा के आधार पर)	✍ डॉ. कणिमा पाठक	61
10.	हिंदी उपन्यास एवं आत्मकथा में दिव्यांग विमर्श का परीक्षण	✍ वैशाली सिंघल	65
11.	पूर्वोत्तर भारत की कार्बी जनजाति के लोक गीत : एक विवेचन	✍ लोंगबिर इंग्ती	69
12.	हिंदी नाटक की विकास यात्रा : भारतेंदु युग से अब तक	✍ सिमरन कुमारी	75
13.	चित्रा मुद्गल की कहानियों में निम्न वर्ग का आर्थिक संघर्ष	✍ शशि कुमारी ✍ प्रो. (डॉ.) सुधा जितेन्द्र	79
14.	'पहरुआ जन' में अभिव्यक्त सामाजिक और वर्ग चेतना	✍ केशव कुमारी ✍ डॉ. बृजेंद्र कुमार अग्निहोत्री	83
15.	मामोनी रायसम गोस्वामी के उपन्यास 'दँताल हातिर उये खोवा हाओदा' में वर्णित गिरिबाला का जीवन-संघर्ष	✍ दीपिका दास	88
16.	शरद जोशी के हास्य-व्यंग्यात्मक साहित्य की भाषा-शैली	✍ अर्जुन पासवान	93
17.	विवेकी राय और महिम बोरा की कहानियों में चित्रित स्वातंत्र्योत्तर ग्राम्य जीवन का यथार्थ	✍ देबी देबांगना ✍ प्रो. एच. सुवदनी देवी	101

অসমীয়া বিভাগ

18. উত্তৰ-পূব ভাৰতৰ সাহিত্য ঃ স্বৰূপ আৰু প্ৰত্যাহ্বান	✍ ডঁ মণিকা চুতীয়া	108
19. টাই খাময়াং জনগোষ্ঠীৰ সামাজিক, সাংস্কৃতিক আৰু ধৰ্মীয় জীৱনৰ এক বিশেষাত্মক অধ্যয়ন	✍ ডঁ দীপক কুমাৰ গগৈ	115
20. টাই খাময়াং আৰু আইতন ভাষা সংৰক্ষণ ঃ এক বিশ্লেষণ	✍ ডঁ পংকজ্যোতি বৰা	121
21. অসমৰ মেচ-কছাৰীসকলৰ পৰম্পৰাগত গীত-মাত ঃ হুৰই ৰাঙলী গীতৰ বিশেষ উল্লিখন	✍ ডঁ প্ৰয়াসী দত্ত	127
22. প্ৰাক্-স্বাধীনতা কালছোৱাত পূৰ্ববংগৰ পৰা অসমলৈ ঘটা জনপ্ৰব্ৰজনৰ গতি-প্ৰকৃতি	✍ ডঁ মনালিছা কছাৰী	131
23. উত্তৰ পূৱ ভাৰতৰ ধৰ্মীয় নেতা আৰু স্বাধীনতা আন্দোলন ঃ পীতাম্বৰদেৱ গোস্বামী আৰু ৰাণী গাইডালুৰ কাৰ্য্যৱলীৰ এক তুলনামূলক অধ্যয়ন	✍ ডঁ বিনয় কুমাৰ নাথ	138
24. সংস্কৃত সাহিত্যৰে প্ৰভাৱিত অসমীয়া শিশু-সাহিত্য	✍ ডঁ নয়নমণি বৰুৱা	144
25. পা�ৰিৱেশিক সমালোচনা সাহিত্য, গভীৰ পাৰিৱেশিক তত্ত্ব, পাৰিৱেশিক আধ্যাত্মিকতা আৰু ৰৰ্ডছৱৰ্থৰ নিৰ্বাচিত কবিতা ঃ এক অধ্যয়ন	✍ ডঁ জ্ঞানেন্দ্ৰ বৰ্মন	153
26. ঐতিহ্যমণ্ডিত কলিয়াবৰ ঃ স্বাধীনতা সংগ্ৰামৰ জোৱাৰ আৰু গুণেশ্বৰী দেৱী	✍ ডঁ অকুণ্ঠিতা বৰঠাকুৰ	158
27. বড়ো ভাষাৰ মান্যৰূপৰ সৈতে অবিভক্ত দৰং জিলাৰ বড়ো ভাষাৰ ঔপভাষিক ৰূপৰ তুলনা	✍ ডঁ মলয়া গগৈ	163
28. বড়ো ভাষাৰ ৰূপতত্বমূলক আলোচনা ঃ এটি চমু আভাস	✍ জ্যোৎস্না বড়ো	168
29. বিহু সংস্কৃতিত বয়নশিল্প — এক আলোকপাত	✍ অনুভা কলিতা ✍ ডঁ চম্পাকলি তালুকদাৰ	175
30. ভাৰতীয় শিশু চলচ্চিত্ৰৰ পটভূমি আৰু পৰিচয়	✍ নীলাক্ষি দাস	180
31. লিংগ আৰু বিদ্যালয়ৰ প্ৰকাৰৰ ভিত্তিত গণিতৰ প্ৰতি দশম শ্ৰেণীৰ ছাত্ৰ-ছাত্ৰীৰ আগ্ৰহৰ এক অধ্যয়ন	✍ প্ৰিয়াঙ্গী কৌশিক ✍ ডঁ ফুনু দাস শৰ্মা	186
32. ভবেন্দ্ৰনাথ শইকীয়াৰ 'অন্তৰীপ' উপন্যাসৰ চলচ্চিত্ৰ অভিযোজনা 'অগ্নিস্নান'	✍ পূজা বৰা ✍ ডঁ কল্পনা শৰ্মা কলিতা	192
33. অসমীয়া সাধুকথাৰ ভাষাশৈলী ঃ এটি বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন	✍ ৰবী কলিতা	195
34. উৰণীয়া সৈনিকৰ জুৰণীয়া উপাখ্যান ঃ এক বিশ্লেষণ	✍ অৰ্ণৱ শৰ্মা	198

❑ ❑ ❑

संपादकीय

बिहू-बिहू लगता है

चैत्र के जाते ही बैशाख आ गया है। पेड़ों पर कपौ फूल खिल गए हैं। इस मनोहारी मौसम के साथ मनुष्य संगति करने को तैयार है। बिहू वस्तुत: ऋतुओं की वय:संधि का द्योतक है। कहते हैं कि विषुव (संक्रांति) प्रकृति में सृजनशीलता तथा रागात्मकता को प्रोत्साहन करता है। लताएँ तथा वृक्ष कुसुमित होते हैं, नदियाँ प्रसन्नसलिला हो उठती हैं। फिर इन सबसे मनुष्य अछूत किस प्रकार रह सकता है। प्रकृति के रुखसार में हुए इस परिवर्तन का कारण है – ऋतुचक्र। भारतीय त्योहार प्राय: ऋतुचक्र के उल्लेखनीय परिवर्तन के स्वागत में आयोजित किए जाते हैं। यही वजह है कि आम तौर पर हम कड़ाके की ठंड में या चिलचिलाती धूप के मौसम में कोई उत्सव नहीं मनाते। हमारे उत्सव मुख्यत: शरद तथा वसंत ऋतुओं में मनाए जाते हैं। ये दोनों ही खुशनुमा ऋतुएँ हैं। वर्षा के बाद आती है शरद ऋतु तथा ठिठुरती ठंड से निष्कृति है – वसंत। दोनों ही ऋतुएँ उत्सवों के अनुकूल पड़ती हैं। इस समय भारतीय किसान कृषिकार्य से मुक्त रहते हैं।

बिहू शब्द किस भाषा के किस शब्द से निकला है तथा इसका मूलार्थ क्या है, इस पर विद्वानों के बीच मतैक्य नहीं है, परंतु इस बात को लेकर पूरा मतैक्य है कि रंगाली बिहू असम की नाना जातियों-उपजातियों के समन्वय तथा उसके फलस्वरूप गठित हुई रूढ़िमुक्त बृहत्तर असमीया समाज की मुक्तावस्था है। घर-परिवेश की सफाई करके, गोधन तथा गुरुजन की पूजा करके, नए कपड़े पहनकर बिहू का स्वागत करने जब हम निकलते हैं तो प्रकृति भी हमारे साथ हो लेती है। शीत की विदाई देती हुई गुनगुनाती हवाएँ, कपौ, तगर आदि से कुसुमित परिवेश, कोयल की कूक से गूँजता दिगंत बिहू का वातावरण है। बिहू के अवसर पर आंधी पानी को साथ लेकर 'बरदैसिला' भी आ धमकती है। युवतियों के मूगा, रेशम के सुनहरे वस्त्र और पारंपरिक आभूषण से सुशोभित बिह के सौंदर्य को सौभाग्य प्रदान करते हैं। रंगाली बिहू आनद का सागर बन जाता है तथा हमारी सभी ज्ञानेंद्रियों को परितृप्त करता है। हमारा मन भी बाग-बाग हो उठता है। 'बहागीर बिया' शीर्षक कविता के कवि रघुनाथ चौधुरी ने बहाग बिहू माह के उल्लासमय परिवेश का वर्णन इन शब्दों में किया है –

जड़ जगतत जीव जगतत
पाओं सकलोते देखा
महाविश्व जुरि बिरिंडिसे जेन
आनंदर पूर्ण रेखा।

(अर्थात् कवि इस प्रकार देख रहा है कि अखिल विश्व के जड़-चेतन जगत में आनंद का पारावार लहरा रहा है।)

रंगाली बिहू असमीया नववर्ष का उत्सव भी है। बैशाख महीने में आयोजित होने के कारण इसका एक सार्थक नाम बहाग बिहू भी है। कड़कड़ाती ठंड से छुटकारा पाकर प्रफुल्ल वन-प्रांतों के बीच जाकर, मन-मयूर का नाच उठना ही तो स्वाभाविक है। किसी के लिए श्रद्धा से विनत हो जाना, किसी के रूप-जाल में बंध जाना, उन्माद हो नाच उठना, किसी के लिए पीठा-लारू बनाने बैठ जाना, किसी के लिए बिहुवान बुनने में खो जाना रंगाली बिहू में सहज ही संभग है। यदि कुछ असंभव है तो बिहू के महाभाव से अपने को बचा पाना। भूपेन हजारिका ने गाया है –

बहाग माथो एटि ऋतु नहय
बहाग नहय एटि माह
असमीया जातिर ई आयुष रेखा
गण जीवनर ई साह।

आखिर क्या है ऐसा जिससे रंगाली बिहू एक जादू की तरह छा जाता है। क्या यह जादू प्रकृति में है, क्या यह जादू मनुष्य में है या फिर इसकी वजह बिहू के गीत-नृत्य संगीत में है? वास्तव में, रंगाली बिहू प्रकृति तथा मानव की अंत:क्रिया का स्वाभाविक उद्गार है। रंगाली बिहू मानवीय संबंधों को मजबूत बनाता है। रंगाली बिहू परंपरा की अजस्र धाराओं को बहाता चला जा रहा है। हम जब नहीं होंगे, बिहू तब भी रहेगा, क्योंकि बिहू कोई तिथि नहीं है, यह महाभाव है, प्रकृति तथा पुरुष के एकीकरण से यह महाभाव उतरता है। जब यह महाभाव उतरता है तो सारी सृष्टि नई-नई लगती है। सब कुछ बिहू-बिहू लगता है। ❑

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

साहित्य

हिंदी आलोचना में छायावाद संबंधी आलोचना का विकास

डॉ. जावेद आलम

असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
अलीगढ़, उत्तर प्रदेश-202002
9760473454
jajavedamu@gmail.com

बीसवीं शताब्दी के हिंदी साहित्य में 'छायावाद' का विशिष्ट महत्व है। यह काव्यधारा अपने समय में अत्यंत नूतन भाव एवं शैली के लिए जितना प्रसिद्ध रही, हिंदी आलोचना में उतने ही उस पर साहित्यिक वाद-विवाद हुए। इन विवादों ने हिंदी आलोचना को खूब समृद्ध किया। सन 1920 ई. से लेकर डॉ. रामविलास शर्मा तक, कई आलोचकों ने छायावाद संबंधी अपने विचार एवं अध्ययन प्रस्तुत किए हैं। उन्हीं में कुछ प्रमुख विद्वानों की मान्यताओं का विश्लेषण करने का विनम्र प्रयास प्रस्तुत शोधालेख में किया गया है। वस्तुत: यहाँ छायावाद संबंधी साहित्यिक वाद-विवादों के जरिए हिंदी आलोचना कितनी समृद्ध हुई है, इसे देखने का प्रयास किया गया है।

बीज शब्द :

नवजागरण, रहस्यवाद, छायावाद, प्रतीक योजना, क्रोचे का अभिव्यंजनावाद, हिंदी आलोचना।

मूल आलेख :

सन 1920 के बाद का हिंदी साहित्य अपने सभी रूपों में भावना और अभिव्यंजना व्यापार में अपने पूर्व की परंपरा से आश्चर्यजनक रूप से बदला हुआ दिखाई देता है। हिंदी साहित्य में सन 1918 से 1936 के समय को काव्य के संदर्भ में 'छायावाद युग', कथा साहित्य के क्षेत्र में 'प्रेमचंद युग', आलोचना के क्षेत्र मे 'शुक्ल युग' एवं नाटक के क्षेत्र में 'प्रसाद युग' के वृहत्तर अर्थ में व्यंजित किया जाता है। वास्तव में भारतीय राजनीति में भी यह नवीन परिवर्तन का युग है। ऐसे समय में हिंदी आलोचना का पूरा-का-पूरा स्वरूप बदला हुआ दिखाई देता है। वास्तव में हिंदी आलोचना के मानदंड व काव्य-रुचि दोनों ही बड़ी तेजी से परिवर्तित हुए। जबकि इसके पूर्व के युग में *''बदलाव जिस तेजी से रचनात्मक साहित्य में आया, उसी बराबरी से आलोचना में नहीं आया था।''*[1]

छायावाद युग में यह परिवर्तन अस्वाभाविक-सा लगता है कि इससे पूर्व के युग में काव्य-अभिरुचि व आलोचनात्मक मूल्य प्राय: रीतिवादी संस्कारों से युक्त थे। इस युग में सिर्फ बदलाव ही नहीं है, बल्कि उस रीतिवादी संस्कार के विरुद्ध गंभीर प्रतिक्रिया भी देखने को मिलती है। छायावादी युग से ही हिंदी आलोचना में नवीन

स्वरूप का आरंभ देखने को मिलता है। तद्युगीन *''कविता और गद्य दोनों में नवीन प्रवृत्तियों के उदय ने जैसे आलोचना के सामने एक चुनौती प्रस्तुत की। यह बात एक बार में ही स्पष्ट हो गई कि इस साहित्य का मूल्यांकन रीतिकालीन मानदंडों से नहीं किया जा सकता है। इस नए साहित्य के माध्यम से आने वाले सवाल नए थे। अत: मूल्यांकन के पैमाने और दृष्टिकोण का भी नया होना जरूरी था। इसके अतिरिक्त साहित्य के क्षेत्र के अलावा इसी समय शैक्षिक जगत में भी एक ऐसी महत्वपूर्ण घटना घटी, जिसने हिंदी आलोचना को बहुत दूर तक प्रभावित किया।... भारत के विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी के अध्ययन-अध्यापन का सिलसिला आरंभ हुआ। यह घटना हिंदी आलोचना के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रमाणित हुई।''*[2] वस्तुत: छायावाद वह प्रस्थान-बिंदु है, जहाँ से विशुद्ध आलोचना की शुरुआत होती है-इस संदर्भ में अशोक वाजपेयी का मत है कि *''जिसे हिंदी में हम आधुनिक आलोचना कहते हैं उसकी शुरुआत छायावाद के युग से ही हुई। लगभग उसी समय से आलोचना का प्रमुख सरोकार समकालीन साहित्य होना शुरू हुआ।''*[3]

हिंदी आलोचना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि हिंदी के अधिकांश बड़े आलोचक छायावादी काव्य-धारा और कवियों के पाठ एवं अनुशीलन में निरत रहे हैं। छायावाद के निरीक्षण-परीक्षण आदि से जुड़कर ही उनका आलोचनात्मक व्यक्तित्व निर्मित होता हुआ दिखाई पड़ता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा छायावाद की गंभीर आलोचना से वाद-विवाद का परिवेश निर्मित हुआ। आचार्य शुक्ल ने छायावाद की जो आलोचना की, उसके विरोध या समर्थन में अनेक विद्वानों ने अपनी मान्यताओं एवं विचारों को प्रकट किया। आचार्य नंददुलारे वाजपेयी की प्रसिद्धि भी छायावाद के समर्थन में आने व आचार्य शुक्ल की मान्यताओं की सीमाओं को उद्घाटित करते हुए हुई। डॉ. नगेंद्र की आलोचना-दृष्टि सबसे पहले छायावाद पर ही जाकर रुकी, जिनकी पहली ही कृति थी-'सुमित्रानंदन पंत', जो आचार्य शुक्ल को 'ठीकाने' की मालूम हुई थी। डॉ. देवराज की पहली और व्यापक पहचान 'छायावाद का पतन' (वर्ष 1948 ई.) से बनी। नामवर सिंह की आलोचकीय प्रतिभा भी 'छायावाद' (1955 ई.) में प्रखर रूप में सामने आई। डॉ. रामविलास शर्मा के आलोचना-कर्म में छायावाद के प्रमुख स्तंभ और उनके प्रिय कवि 'निराला' की केंद्रीय भूमिका है। मुक्तिबोध 'कामायनी : एक पुनर्विचार' के नाम से पुस्तक लिखते हैं, जिससे छायावाद के अन्य पहलुओं पर प्रकाश पड़ता है। छायावादी कवियों जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और महादेवी वर्मा ने जिस प्रकार से अपनी सर्जनात्मकता एवं काव्य-कला आदि आपत्तियों पर अपनी प्रतिक्रियाएँ व्यक्त कीं; हिंदी आलोचना में इस प्रकार की रचनात्मक घटना पहली बार सामने आई। छायावादी कवियों ने खुलकर अपनी आलोचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। सारांशत: 'छायावाद' और उसका संपूर्ण युग अपने तत्कालीन समय से लेकर अपने परवर्ती काल में भी हिंदी आलोचना में चर्चा का विषय निरंतर बना हुआ है।

हिंदी आलोचना में छायावादी कविताओं की आलोचना का प्रारंभ श्री मुकुटधर पांडेय द्वारा सन 1920 ई. में 'श्री शारदा' पत्रिका (जबलपुर) में छपे एक लेखमाला से होता है। *'हिंदी में छायावाद' के नाम से चार लेखों की एक लेखमाला-जिसको लिखने का आधार-''हिंदी में उस कविता पर आलोचनात्मक लेखन का अभाव था। उन्होंने हिंदी आलोचना में समसामयिक साहित्य पर कुछ इधर-उधर की टीका टिप्पणियों के सहारे यह निबंध प्रस्तुत किया था।''*[4]

मुकुटधर पांडेय जी की लेखमाला से यह पता चलता है कि 'छायावाद' शब्द 'मिस्टिसिज्म' का समानार्थी है। वे इस मिस्टिसिज्म को प्राचीन अध्यात्म से जोड़कर देखते हैं। इसके अतिरिक्त *''छायावाद को रहस्यवाद का पर्याय मानते है।''*[5] उन्होंने *''छायावाद को वस्तु की दृष्टि से पुराना ही अर्थात रहस्यमूलक मानते हुए भी उसकी विशिष्ट प्रकार की शैली के कारण उसे इस नाम से अभिहित किया था...छायावाद से मेरा अभिप्राय मिस्टिसिज्म के विषय-वस्तु से कहीं अधिक अभिव्यक्ति की प्रणाली या शैली से था।''*[6] यह लेखमाला उनकी आलोचकीय दृष्टि एवं क्षमता का स्पष्ट बोध कराता है। ध्यातव्य है कि मुकुटधर पांडेय का यह लेख छायावाद युग के ठीक उदय के समय का है, जिस समय छायावादी कविता का स्वरूप अभी पूर्णतया

स्पष्ट नहीं हो पाया था। आचार्य रामचंद्र शुक्ल का 'हिंदी साहित्य का इतिहास' भी अभी प्रकाश में नहीं आया था। लेकिन छायावाद के जिस स्वरूप की चर्चा 'मिस्टिसिज्म' अध्यात्म, रहस्यवाद-जैसे शब्द विषय-वस्तु के अर्थ में एवं 'छायावाद' शब्द उसकी अभिव्यंजना-शिल्प के अर्थ में उन्होंने चलाई, आज सौ वर्ष बाद भी 'छायावाद' सुनते ही पहले-पहल उसी प्रकार की कविता का बोध होता है।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने छायावाद पर अत्यंत सुचिंतित विचार अपनी आलोचना में प्रस्तुत किए। उन्होंने उसके स्वरूप, उसकी काव्यगत अंत:प्रवृत्तियों और कवियों की विशेषताओं को उद्घाटित करने का काम किया। किंतु आचार्य शुक्ल की आलोचना को मुकुटधर पांडेय की आलोचना के क्रमिक विकास के रूप में भी देखा जा सकता है। छायावाद का अर्थ बताते हुए शुक्ल जी स्पष्ट करते हैं कि *''छायावाद शब्द का प्रयोग दो अर्थों में समझना चाहिए। एक तो रहस्यवाद के अर्थ में, जहाँ उसका संबंध काव्य-वस्तु से होता है।''*[7] कहना सही होगा कि छायावाद के स्वरूप चर्चा में 'कथ्य' अथवा 'विषय-वस्तु' के जिस वैशिष्ट्य को शुक्ल जी महत्वपूर्ण समझते हैं, उसे लेकर उनमें और उनके पूर्ववर्ती आलोचकों में कोई विशेष अंतर नहीं है। जिस अभिव्यंजना के व्यापार की चर्चा वे 'बड़ी सहृदयता' से करते हैं, आंशिक रूप से उसका भी संबंध पूर्ववर्ती आलोचकों के मानदंड से जुड़ा हुआ दिखाई पड़ता है।

यहाँ स्पष्ट करना उचित होगा कि शुक्ल जी व उनके पूर्ववर्ती आलोचकों ने छायावाद की जिन कुछ विशिष्टिताओं को स्वीकार किया है वह प्रकारांतर से एक ही हैं; अंतर उस वैशिष्ट्य के उजागर करने की प्रक्रिया या पद्धति में है। उसके स्वीकार-अस्वीकार तथा खंडन-मंडन में है। मुकुटधर पांडेय जिस विषय-वस्तु को प्राचीन अध्यात्मवाद से जोड़ते हैं, उसी को शुक्ल जी ने मिस्टिसिज्म शब्द के अर्थ में प्रयुक्त किया है। शुक्ल जी ने उसे भारतीय काव्य-परंपरा से बाहर की वस्तु माना है। उनके यहाँ छायावाद का एक अर्थ काव्य-शैली के रूप में मिलता है, यह स्वीकार एकदम स्पष्ट स्वरों में मिलता है कि *''छायावाद शब्द का दूसरा प्रयोग काव्य-शैली या पद्धति विशेष के व्यापक अर्थ में है।''*[8] यह भी कि *''छायावाद की शाखा के भीतर धीरे-धीरे काव्य-शैली का बहुत अच्छा विकास हुआ, इसमें संदेह नहीं।''*[9] शुक्ल जी के मत में यह सब पाश्चात्य व बांग्ला साहित्य के संपर्क में आने के कारण हुआ। उसमें भी कलावाद, प्रतीकवाद और अभिव्यंजनावाद के प्रभाव से इन सबका पहला प्रभाव यह पड़ा कि ''काव्य में भावानुभूति के स्थान पर कल्पना का विधान ही प्रधान समझा गया... दूसरा प्रभाव यह देखने में आया कि अभिव्यंजना-प्रणाली या शैली की विचित्रता ही सब कुछ समझी गई। नाना अर्थभूमियों पर काव्य का प्रसार रुक-सा गया।''[10]

इस प्रकार आचार्य शुक्ल छायावाद को अभिव्यंजना पक्ष व रहस्यवाद तक सीमित करते हुए उस पर अनेक प्रकार के पश्चिमी 'वादों' का प्रभाव लक्षित करते हैं तथा इन प्रभावों से प्रचलित काव्य ही बंगाल में छायावाद कही जाने लगी; इस प्रकार की स्थापना देते हैं। किंतु आगे के आलोचकों ने यह साबित किया है कि शुक्ल जी कलावाद एवं प्रतीकवाद के प्रभाव की चर्चा जिस अर्थ में करते हैं, वह कुछ अंश में ही छायावाद में दिखता है। शुक्ल जी छायावाद के संदर्भ में क्रोचे के अभिव्यंजनावाद की बात करते हैं। उस अर्थ में वस्तुत: क्रोचे की अभिव्यंजना है ही नहीं। क्रोचे की यहाँ अभिव्यंजना सहजानुभूति है, जिसमें कला का चरम रूप मानसिक स्तर पर ही घटित हो जाता है। उसकी बाह्य अभिव्यक्ति गौण है। वहाँ सहजानुभूति ही कला है। जबकि छायावाद में काव्य की अभिव्यक्ति कौशल ही केंद्रीय भूमिका निभाता है।

आचार्य शुक्ल की दूसरी मान्यता यह थी कि ईसाई संतों के फैंटासमाटा से प्रभावित बंगाली कविताओं को 'छायावाद' कहा जाता था। इसका निरसन आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने निम्न शब्दों में किया-*''इसी नवीन प्रकार की कविता को किसी ने छायावाद नाम दे दिया है। यह शब्द बिल्कुल नया है। यह भ्रम ही है कि इस प्रकार के काव्यों को बंगला में छायावाद कहा जाता था और वहीं से यह शब्द हिंदी में आया है।''*[11]

शुक्ल जी के इतिहास का अध्ययन करने पर यह स्पष्ट होता है कि शुक्ल जी छायावाद की परिभाषा व स्वरूप

उसकी प्रारंभिक रचनाओं के आधार पर गढ़ते हैं। इसी आधार पर वे 'छायावाद' और 'स्वाभाविक स्वच्छंदतावाद' को अलगाते भी हैं। इसके साथ-साथ इस छायावादी रहस्यवाद और अनुकरण-पद्धति की कटु आलोचना करते हैं, जिससे *''नाना अर्थभूमियों पर काव्य का प्रसार रुक-सा गया।''*[12] पर दूसरी तरफ यह देखना भी महत्वपूर्ण है कि छायावाद के नाम से रची जाने वाली परवर्ती रचनाओं को देखकर शुक्ल जी को उसके अर्थ-विस्तार पर संतोष भी था। उन्होंने छायावाद के अर्थ में क्रमश: विकास की अवस्था पर हर्ष भी प्रकट किया, *''हर्ष की बात है कि अब कई कवि उस संकीर्ण क्षेत्र से बाहर निकल कर जगत और जीवन के और मार्मिक पक्षों की ओर बढ़ते दिखाई दे रहे हैं।... इसी के साथ काव्य शैली में प्रतिक्रिया के प्रदर्शन वा नएपन की नुमाइश का शौक भी घट रहा है....सारांश यह कि अब शैली के वैलक्षण्य द्वारा प्रतिक्रिया प्रदर्शन का वेग कम हो जाने से अर्थभूमि के रमणीय प्रसार के चिह्न भी छायावादी कहे जाने वाले कवियों की रचनाओं में दिखाई पड़ रहे हैं।''* [13] शुक्ल जी ने बाद के समय में रचित छायावाद के कवियों की प्रौढ़ एवं परवर्ती रचनाओं पर सहृदयता से विचार किया होता तो शायद छायावाद की इतनी सीमित परिभाषा नहीं गढ़ी जा सकती थी। यही कारण है कि आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने छायावाद शब्द को शुक्ल जी के ठीक विपरीत ग्रहण किया और बताया कि-*''छायावाद शब्द केवल चल पड़ने के जोर से ही स्वीकारणीय हो सका है, नहीं तो इस श्रेणी की कविता को प्रकट करने में यह शब्द एकदम असमर्थ है।''*[14]

आचार्य नंददुलारे वाजपेयी को छायावाद के समर्थक व सहृदय आलोचक के रूप में जाना जाता है। आचार्य वाजपेयी के समीक्षा कर्म को देखकर कह सकते हैं कि जिन मुद्दों एवं तर्क आदि के आधार पर आचार्य शुक्ल ने छायावाद की कटु आलोचना की है, उन्हीं का उपयोग आचार्य वाजपेयी ने छायावाद के काव्य-सौष्ठव का उद्घाटन करने के लिए किया। यहाँ आचार्य शुक्ल के विचारों का खंडन हिंदी आलोचना में उनके समकालीन आलोचक द्वारा किया गया; यह हिंदी आलोचाना में उस समय का सबसे सशक्त समकालीन साहित्यिक बहस के उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है।

आचार्य वाजपेयी की समीक्षा-पद्धति को देखते हुए कहा जा सकता है कि उन्होंने सूक्ष्म तथ्यों को पकड़ने का काम किया। वे तद्युगीन परिवेश, परिस्थितियों आदि के गंभीर विश्लेषण के बाद अपनी आलोचनात्मक मान्यताओं को रखते हैं। *आचार्य शुक्ल ने मुकुटधर पांडेय और मैथिलीशरण गुप्त को नई कविता धारा के प्रवर्तक के रूप में स्थापित किया था।*[15] आचार्य नंददुलारे वाजपेयी इस संदर्भ में तर्क देते हैं कि *''कुछ लोगों ने यह समझ रखा है कि द्विवेदी युग के कुछ कवि छायावादी शैली की रचना भी कर चुके हैं। उदाहरण के लिए मैथिलीशरण गुप्त की रचनाएँ अथवा उनके 'साकेत' के गीत कुछ लोगों की राय में छायावादी हैं, किंतु काव्य-शैलियों की परख रखने वाले सभी साहित्यकार यह बता सकते हैं कि गुप्त जी की इन रचनाओं का छायावादी काव्य-शैली से कुछ भी संबंध नहीं है।''*[16] वाजपेयी जी ने 'कुछ लोगों' शब्द-युग्म का जो प्रयोग किया है, यहाँ उनका इशारा आचार्य रामचंद्र शुक्ल की मान्यताओं की तरफ है।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने यह स्थापना दी थी कि छायावाद का एक अर्थ उसकी अभिव्यंजना-व्यापार या काव्य-शैली के विशेष अर्थ में है। इस पर आचार्य वाजपेयी का यह मत द्रष्टव्य है-*''कुछ समीक्षकों ने इस शब्दावली को ही नए काव्य की विशेषता मान ली है, किंतु नवीन काव्य-रूप का निर्माण केवल शब्दावली के परिवर्तन से ही नहीं हो जाता, वह तो काव्यानुभूति और जीवन-दृष्टि के परिवर्तन का एक उपलक्षण मात्र है।''*[17]

इसी प्रकार आचार्य शुक्ल ने छायावादी कवियों की नारी के प्रति दृष्टि को प्रणय वासना व मधुचर्या के अतिरेक के रूप में देखा था। आचार्य वाजपेयी ने इसका उत्तर इन शब्दों में दिया कि *''नारी भावना का विकास इस युग में द्रुत गति से हुआ और नारी के क्रमागत स्वरूप में आमूल परिवर्तन हो गया। कल्पना-प्रधान कवियों ने समाज के इस तिरस्कृत अंग के प्रति हृदय की समस्त सहानुभूति बिखेर दी और नारीत्व को पुरुषत्व से भी ऊँचा स्थान प्रदान किया।''*[18]

आचार्य वाजपेयी छायावाद को स्वातंत्र्य चेतना से जोड़कर देखते हैं-*''छायावाद-युग में देश की तत्कालीन*

स्वातंत्र्य-चेतना का पूरा प्रभाव देखा जाता है। प्राचीन गौरव की अभिव्यक्ति तथा रहस्यात्मक दार्शनिकता इसी स्वातंत्र्य और सांस्कृतिक चेतना का परिणाम है।'' [19] इसके अतिरिक्त उन्होंने छायावाद में अभिव्यक्त वैयक्तिकता, भाव-प्रवणता आदि के साथ-साथ उसकी प्रगीत-पद्धति के वैशिष्ट्य को उद्घाटित किया। यह तद्युगीन युवा आलोचनात्मक विवेक का प्रमाण है।

छायावादी काव्यधारा का अपने वैशिष्ट्य एवं काव्य-सौष्ठव के अत्यंत महत्तम तक पहुँचकर उसका पर्यवसान हुआ। उसके पर्यवसान के कारणों की पड़ताल डॉ. देवराज ने अत्यंत निर्वैयक्तिक एवं वस्तुवादी आलेचना दृष्टि से किया। उन्होंने अपने अध्ययन में छायावाद के महत्व एवं वैशिष्ट्य को उद्घाटित किया; वहीं वह 'छायावाद के पतन' को एक तथ्य मानकर चलते हैं। डॉ. देवराज की छायावाद संबंधी आलोचना कई अर्थों में अपने पूर्ववर्ती आलोचकों से भिन्न है। पं. मुकुटधर पांडेय, आचार्य रामचंद्र शुक्ल व नंददुलारे वाजपेयी जैसे विद्वान आलोचकों ने छायावाद का संबंध रहस्यवाद, रहस्यभावना अथवा आध्यात्मिकता से जोड़ा था। परंतु डॉ. देवराज के मत से छायावाद में रहस्यवाद को जोड़कर देखना *''काव्यात्मक अभिव्यक्ति की भंगी या शैली मात्र है।''* [20] यही बात उन्होंने महादेवी वर्मा के मूल्यांकन के संदर्भ में कही है-*''समीक्षक की दृष्टि में उनकी रहस्यवादी दृष्टि उनकी अनुभूति और शिल्प को प्रभावित करने वाली एक भंगी मात्र है।''* [21]

'छायावाद के पतन का कारण उसका विषय' था इस मत का डॉ. देवराज ने जमकर विरोध किया है। उनके अनुसार उसके पतन का मूल कारण छायावाद की विषय-वस्तु न होकर उसके शिल्प की कमजोरी है। ज्ञातव्य है कि 'छायावाद का पतन' पुस्तक में छायावाद के अवसान के कारणों का उल्लेख किया गया है। विरोधाभास की स्थिति यह है कि छायावाद की विशेषताएँ ही यहाँ पतन के कारणों के रूप में उल्लिखित हैं।

डॉ. देवराज के मत से छायावाद की काव्य-शैली में शब्दों, चित्रों और अलंकारों का मोह है। यहाँ शब्द-मोह का प्रयोग वे आवश्यकता से अधिक शब्दों के प्रयोग के अर्थ में करते हैं। *''छायावादियों का शब्द-मोह उनके गद्य और पद्य दोनों रचनाओं से प्रकट होता है।''* [22] छायावादी कवियों के गीतों काव्य-रचनाओं में 'केंद्रापगामी व्यंजना प्रवृत्तियाँ' मिलती हैं, अर्थात उसकी रचनाओं से किसी केंद्रीय भाव के अनुक्रम का अभाव मिलता है। यह अभाव उसी प्रकार का है कि जब किसी पैराग्राफमें कई तरह की बातें हों, पर उसमें केंद्रीय तथ्य क्या है वही पता नहीं चल पाए। डॉ. देवराज के मतानुसार यह प्रवृत्ति यह भी स्पष्ट करती है कि छायावादी कवियों का मुख्य ध्येय अनुभूति को व्यक्त करना नहीं है, शब्दों, चित्रों का अलंकारों की आकर्षक प्रस्तुति करना है। इसी कारण छायावादी कविता का आशय दुरूह बन जाता है।

तीसरा कारण है कविता में 'विचारगत और रागात्मक असामंजस्य'। डॉ. देवराज के मत में कविता में रसानुभूति तथा रागात्मक सामंजस्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वहीं विचारगत सामंजस्य का भी होना अत्यावश्यक है। यहाँ डॉ. देवराज छायावाद के पतन के कारणों की तलाश साहित्य के बाहर से नहीं, बल्कि भीतर से करते हैं। इसे कविता का मूल्यांकन साहित्यिक मानदंडों पर करने का सफल प्रयास कहा जा सकता है। आजकल इसकी बहुत चर्चा हो रही है कि आलोचना का आधार काव्यकृति या रचना ही होनी चाहिए। इस प्रकार की आलोचना का सर्वप्रथम महत्वपूर्ण प्रयत्न डॉ. देवराज के यहाँ ही मिलता है।

'छायावाद के पतन' के बाद सबसे महत्वपूर्ण पुस्तक जो आईं, वे हैं नामवर सिंह की पुस्तक 'छायावाद' (1955 ई.) व 'कविता के नए प्रतिमान' (1968 ई.)। इन तीनों कृतियों को एक-दूसरे के साथ रखकर देखें तो छायावाद संबंधी अनेक अर्थ छवियों एवं उसके विभिन्न आयामों पर प्रकाश पड़ता है।

नामवर सिंह की 'छायावाद' (1955 ई.) पुस्तक मुख्यत: ''छायावाद की काव्यगत विशेषताओं को स्पष्ट करते हुए छाया-चित्रों में निहित सामाजिक सत्य का उद्घाटन करने के लिए लिखा गया है।''[23] हिंदी आलोचना में जब छायावाद के पतन की घोषणाएँ हो रही थीं, उस समय उसके वैशिष्ट्य एवं उसमें निहित सामाजिक तथ्यों आदि को ढूँढ़ने का काम नामवर सिंह की आलोचना की

महत्ता को स्पष्ट करता है। छायावाद की चर्चित प्रवृत्तियाँ जैसे-स्वच्छंद कल्पना, वैयक्तिक्ता, स्वानुभूति, प्रकृति का मानवीकरण आदि पहले की कविताओं में भी मिलती हैं। फिर उनमें और छायावाद में मूलभूत अंतर क्या हैं? यह पुस्तक इस प्रश्न का उत्तर देने की कोशिश करती है। इस पुस्तक की पद्धति यह है कि *''सामाजिक सत्य कविता से खोज निकालने का प्रयास किया गया है, ऊपर से आरोपित करके देखने का प्रयास नहीं किया गया है।''*[24]

नामवर सिंह की आलोच्यकृति 'छायावाद' अत्यंत भाव-प्रवण शैली में लिखी गई 'आलोचना-कृति' है। इसकी भावप्रवण शैली का पता इस कृति के अध्यायों के शीर्षक ही दे देते हैं, जो छायावादी कविताओं की प्रसिद्ध पंक्तियाँ ही हैं। इस पुस्तक में छायावादी काव्य में निहित वैशिष्ट्य का निरूपण किया गया है। इन विशेषताओं को तत्कालीन सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक संदर्भों से मिलाकर देखने का प्रयास किया गया है, तत्पश्चात निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं।

नामवर जी छायावाद के अर्थ-विस्तार के विषय में स्पष्ट करते हैं कि ''छायावादी कविताओं में राष्ट्रीय जागरण की काव्यात्मक अभिव्यक्ति का पर्याप्त आभास मिलता है। इस जागरण में जिस तरह क्रमश: विकास होता गया, इसकी काव्यात्मक अभिव्यक्ति भी विकसित होती गई और उसके इसके फलस्वरूप छायावाद संज्ञा का भी अर्थ-विस्तार होता गया।'' वह स्पष्ट करते हैं कि *''छायावाद नामकरण जिन कविताओं के आधार पर हुआ था वैसी ही कविताएँ अगले वर्षों में नहीं होती रहीं।''*[25]

छायावाद की आलोचना में एक नया मोड़ तब आता है, जब नामवर सिंह की पुरस्कृत पुस्तक 'कविता के नए प्रतिमान' (1968 ई.) प्रकाशित होती है। इस पुस्तक के लेखक नामवर सिंह, 'छायावाद' (1955 ई.) नामक पुस्तक के रचनाकार से एकदम अलग दिखाई पड़ते हैं।

यह पुस्तक 'कविता के मूल्यांकन का आधार कविता और उसकी भाषा ही हो सकती है' आदि रूपवादी विचारों के इर्द-गिर्द घूमती है। हालाँकि इसमें कविता की 'स्वायत्तता' की बात नहीं है, लेकिन 'सापेक्ष स्वतंत्रता' पर जोर स्पष्ट है। नामवर सिंह 'छायावाद' नामक कृति में जिस भाव प्रबलता या भावावेश व स्वानुभूति की बात करते हैं, उसका विरोध 'छायावादी संस्कार' कहकर 'कविता के नए प्रतिमान' कृति में करते हैं। इस पुस्तक में नामवर जी का विचार 'रागात्मकता' से अधिक 'रागात्मक संबंध' से संपृक्त हो जाता है। उनका विचार है कि सिर्फ अनुभूति की बात करते हुए हम छायावादी संस्कारों से मुक्त नहीं हो सकते हैं। यहाँ ''उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती 'छायावादी-संस्कार' हैं।'' यह छायावादी संस्कार भाववादी या रोमानी दृष्टि ही है। इस छायावादी संस्कार से उस समय के प्रख्यात आलोचक आचार्य शुक्ल भी नहीं बच पाए थे। *नामवर सिंह के मतानुसार शुक्ल जी की आलोचना-दृष्टि निर्माण में छायावादी संस्कार का प्रबल योगदान है।*[26]

''हिंदी आलोचना में एक अरसे से काव्य-भाषा के आधार पर संपूर्ण काव्य-कृति के मूल्यांकन की इस विधि की उपेक्षा होती आ रही है।''[27] इसका सबसे ज्यादा शिकार छायावादी काव्य ही रहा है, क्योंकि छायावादी कविता के शिल्प व लाक्षणिकता की सराहना तो की गई, लेकिन उसके कथ्य को नगण्य ठहराया गया। इस संदर्भ में डॉ. नामवर सिंह का मत है-*''आचार्य शुक्ल जैसे समर्थ आलोचक भी इस युगनिर्मित सीमा का अतिक्रमण नहीं कर सके। उन्होंने छायावादी काव्य की भाषागत लाक्षणिक मूर्तिमत्ता की प्रशंसा की, किंतु उसके भावपक्ष को प्राय: मूल्यहीन माना।''*[28]

यह बात तर्कसंगत है कि-*''छायावाद के समर्थन में जो आलोचना पैदा हुई, उसमें छायावादी कथ्य के बखान का प्रयास ही अधिक है।...किंतु इस कथ्य को प्राप्त करने के लिए जो विधि अपनाई गई, वह अनजाने ही छायावादी कविता के लिए घातक सिद्ध हुई।...छायावाद के इन समर्थक आलोचकों का ख्याल था कि कविता के अंदर मिलने वाले ब्योरे सजावट भर हैं, जिनकी चर्चा अलग से भी की जा सकती है। उनके सामने मुख्य समस्या प्रत्येक कविता का बोधगम्य कथ्य ढूँढ़ने की थी, क्योंकि उसे प्राय: अस्पष्ट और दुर्बोध समझा जा रहा था। चुनौती और दबाव की हड़बड़ी में शायद सबसे आसान तरीका यही था।''*[29] किंतु ऐसा नहीं है यदि नामवर जी ने डॉ. देवराज की

आलोचना पर गंभीरता से ध्यान दिया होता तो यह अवश्य पता चलता कि-'कृति के कथ्य पर दिए गए प्रत्येक निर्णय को कथन-संबंधी निर्णयों की संगति' व आलोचना का 'एकमात्र अवलंब उस कविता की भाषा है' जैसे जिन निष्कर्षों पर वे सन 1968 ई. में पहुँचे हैं, उन पर कोई बीस-इक्कीस वर्ष पहले डॉ. देवराज पहुँच चुके थे। डॉ. देवराज न सिर्फ काव्य-भाषा के आधार पर छायावाद के पतन कारणों का अन्वेषण करते हैं, बल्कि छायावादी कविता की दुर्बोधता के क्या कारण हैं उसकी ओर भी इसी माध्यम से संकेत करते हैं। यह अलग बात है कि डॉ. देवराज के इन काव्यालोचना-पद्धति एवं निष्कर्षों पर नामवर सिंह कोई विचार नहीं प्रकट करते हैं।

हिंदी आलोचना में छायावाद के संदर्भ में इस पर भी जमकर बहस हुई है कि 'छायावाद' काव्यधारा तक सीमित है अथवा साहित्य के अन्य रूपों तक उसका प्रसार देखा जाए। छायावाद पर जब पहले-पहल चर्चा की शुरुआत हुई तब उसका संबंध 'कविता' से जोड़कर ही देखा गया था। पं. मुकुटधर पांडेय की लेखमाला से इस बात का स्पष्ट पता लगता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल भी 'छायावाद' को अपने साहित्य के इतिहास-ग्रंथ में तृतीय उत्थान की काव्यगत प्रवृत्तियों के अंतर्गत चर्चा करते हुए उसे 'कविता' तक ही सीमित करते हुए चलते हैं। किंतु डॉ. नामवर सिंह का स्पष्ट विचार है कि-*''यों तो छायावाद संज्ञा कविता के लिए ही प्रयुक्त होती है, तथापि यह एक व्यापक जीवन-दृष्टि थी। इसकी अभिव्यक्ति कविता के ही क्षेत्र में सबसे अधिक हुई। परंतु कहानी, उपन्यास, नाटक यहाँ तक कि आलोचना भी इससे काफी प्रभावित हुई।''*[30]

छायावाद का सम्यक पर्यालोचन करने हेतु कविता के अतिरिक्त अन्य साहित्य-रूपों का सर्वाधिक उपयोग डॉ. रामविलास शर्मा ने किया। छायावाद के अध्ययन के लिए तद्युगीन कवियों की कविताएँ, उपन्यास नाटक, संस्मरण, जीवनी, आत्मकथ्य तथा निबंध व अन्य अकाल्पनिक गद्य आदि सबका उपयोग उन्होंने किया है। इस प्रकार रामविलास जी ने छायावाद के अध्ययन को विस्तार देने का काम किया। डॉ. रामविलास शर्मा ने छायावाद के जिस स्वरूप की चर्चा की है, वह इनसे पूर्व के सभी आलोचकों से कुछ भिन्न आधार पर खड़ी है। डॉ. शर्मा छायावादी स्वरूप के संदर्भ में उसकी प्रारंभिक रचनाओं को कुछ विशेष महत्व देते हुए नहीं दिखते हैं, बल्कि वे छायावाद की परिधि में प्रेमचंद को भी शामिल कर लेते हैं। 'प्रसाद', 'पंत', 'निराला' आदि की गद्य-रचनाओं को भी डॉ. शर्मा छायावाद की कविता तक सीमित नहीं करते हैं, बल्कि उस युग के संपूर्ण साहित्य को छायावाद के रूप में ग्रहण करते हुए दिखाी पड़ते हैं और उसका संबंध हिंदी नवजागरण की व्यापक संकल्पना से जोड़ते हैं। उनका मत है कि-*''छायावादी साहित्य द्विवेदी युग के प्रति विद्रोह का साहित्य माना जाता है। थोड़ी देर के लिए कलात्मक साहित्य छोड़कर छायावादी कवियों की विचारधारा पर ध्यान दीजिए। निराला ने अंग्रेजी राज, जमींदारी प्रथा, किसान आंदोलन, वर्णाश्रम धर्म, नारी की पराधीनता भाषा की समस्या आदि-आदि पर जो कुछ लिखा है, उस पर ध्यान दीजिए तो पता चलेगा कि हिंदी नवजागरण के संदर्भ में निराला का यह लेखन महावीर प्रसाद द्विवेदी के ही कार्य की अगली कड़ी है। इस प्रकार छायावादी चिंतन सर्वत्र द्विवेदी युग का विरोधी नहीं उसका अनुवर्ती है।''*[31]

डॉ. शर्मा के अनुसार *''छायावाद साम्राज्य-विरोधी चेतना के निखार का साहित्य है।''*[32] इसके अतिरिक्त उनकी मान्यता है कि छायावाद का गांधीवाद से कोई संबंध नहीं है, जिसे कभी शांतिप्रिय द्विवेदी ने 'गांधीवाद का साहित्यिक संस्करण कहा था।' रामविलास शर्मा लिखते हैं कि-*''छायावादी साहित्य की साम्राज्यविरोधी चेतना सन 30 के बाद और निखरती है। इसका एक लक्षण यह है कि छायावादी कवि किसान जीवन को आधार बनाकर नया साहित्य रचते हैं। जो साहित्य सन 30 के पहले भी गांधीवाद का अनुयायी नहीं था, वह सन 30 के बाद उससे अधिक दूर हट जाता है।''*[33]

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि हिंदी साहित्य के इतिहास में छायावाद वह काव्यधारा रही है, जिसने न केवल हिंदी काव्यधारा को समृद्ध किया है, बल्कि उस पर हुई साहित्यिक बहसों ने हिंदी आलोचना को भी समृद्ध किया। हिंदी के लगभग सभी आलोचकों ने इस काव्यधारा पर अपने विचार और अध्ययन प्रस्तुत किए हैं। मुकुटधर

पांडेय, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, आचार्य नंददुलारे वाजपेयी, डॉ. देवराज, डॉ. नामवर सिंह, डॉ. रामविलास शर्मा के साथ-साथ छायावादी कवियों ने भी छायावाद संबंधी बहसों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। आरंभ में छायावाद को जहाँ आध्यात्मिकता, रहस्यवाद एवं काव्यशैली मात्र के सीमित अर्थ में ग्रहण किया गया था, वहीं आगे चलकर उसे राष्ट्रीय जागरण, हिंदी नवजागरण तथा साम्राज्यवाद विरोधी काव्य के व्यापक संदर्भों में रखकर व्याख्यायित किया जाने लगा। वस्तुत: छायावाद संबंधी होने वाली बहसों से छायावाद की अर्थ-व्यंजना एवं अर्थगांभीर्य का निरंतर विस्तार होता हुआ दिखाई पड़ता है। आशा है भविष्य में उसके निहितार्थों के अन्य गवाक्ष खुलेंगे। ❑

संदर्भ :

1. निर्मला, जैन; हिंदी आलोचना की बीसवीं सदी, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली-दूसरी आवृत्ति-2006, पृ. 11
2. वही, पृ. 30
3. वाजपेयी, अशोक; कविता का गल्प, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली-1997, पृ. 108
4. नवल, नंदकिशोर; छायावाद और पं. मुकुटधर पांडेय-आलोचना (त्रैमासिक पत्रिका) जुलाई-सितंबर-1972, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 79
5. वही, पृ. 85
6. वही, पृ. 84
7. शुक्ल, रामचंद्र; हिंदी साहित्य का इतिहास, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम लोकभारती संस्करण-2002, पृ. 456
8. वही, पृ. 456
9. वही, पृ. 447
10. वही, पृ. 446-47
11. द्विवेदी, हजारी प्रसाद; हिंदी साहित्य: उद्भव और विकास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पाँचवीं आवृत्ति-2003, पृ. 242
12. शुक्ल, रामचंद्र; हिंदी साहित्य का इतिहास, पृ. 447
13. वही, पृ. 448
14. द्विवेदी, हजारी प्रसाद; हिंदी साहित्य: उद्भव और विकास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पाँचवीं आवृत्ति-2003, पृ. 242
15. शुक्ल, रामचंद्र; हिंदी साहित्य का इतिहास-देखें, आधुनिक काल: प्रकरण-04, काव्यखंड: नई धारा: तृतीय उत्थान, पृ. 444-445
16. नंददुलारे वाजपेयी, सं. उदयभानु सिंह, छायावाद, पृ. 33
17. वही, पृ. 34
18. वही, पृ. 35
19. वही, पृ. 35
20. डॉ. देवराज; छायावाद: उत्थान, पतन, पुनर्मूल्यांकन, कल्पकार प्रकाशन, लखनऊ-1975, पृ. 21
21. वही, पृ. 18
22. वही, पृ. 86
23. सिंह, नामवर; छायावाद; राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, सातवीं आवृत्ति-2006, पृ. 152
24. देखें, वही, भूमिका
25. देखें, वही, भूमिका, 'जागो फिर एक बार', जिसके आगे राह नहीं शीर्षक अध्याय
26. सिंह, नामवर, कविता के नए प्रतिमान, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पाँचवीं आवृत्ति-2002, पृ. आरंभ से पृ. 55 तक देखें
27. वही, पृ. 102
28. वही, पृ. 102
29. वही, पृ. 102
30. सिंह, नामवर; आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद-1998, पृ. 35-36
31. शर्मा, रामविलास; महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, तीसरा छात्र संस्करण, 2018, पृ.18
32. शर्मा, रामविलास; निराला की साहित्य साधना, भाग-3, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, आवृत्ति-2005, पृ. 553
33. वही, पृ. 558

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

जिन्हें पहली पंक्ति में जगह नहीं मिली

डॉ. अरविन्द कुमार यादव

सहायक आचार्य
हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग
जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय,
सांबा-181143 (जम्मू एवं कश्मीर)
9425157244
kumar.arbind15@gmail.com

समकालीन हिंदी कविता अपनी परिधि एवं परिवेश में सृजित है, उसी परिधि एवं परिवेश की उपज अनिल मिश्र और उनका काव्य संग्रह 'भूखे पेट की रात लंबी होगी' (लेबर चौराहा) है, जो तद्जनित परिस्थितियों, मानवीय संवेदनाओं, संघर्षों के तमाम प्रश्नों से अनुस्यूत है। 'भूखे पेट की रात लंबी होगी 'लेबर चौराहा' कविता संग्रह के संदर्भ में अमिताभ राय कहते हैं कि *'यह जितना अभिधात्मक पदबंध है, उतना ही लाक्षणिक! अभिधात्मकता और लाक्षणिकता कविता की भवता की अनिवार्यता है। भूखे पेट की रात की लंबाई प्रसंगों और संदर्भों पर निर्भर करेगी। अमीरी और गरीबी के लिए इसके मायने अलग-अलग होंगे, वैसे ही अल्पसंख्यक या बहुसंख्यक के लिए...ऐसे अनेक द्वित्वों का संदर्भ प्रस्तुत किया जा सकता है। किंतु, इनकी कविताओं की खासियत यह है कि ये अनेक द्वित्वों को कविता में सहज ही उभारती हैं पर साथ सदैव कमजोर, वंचित, विपक्ष या अल्पसंख्यक के होती हैं। कविता में यह कवि की गहरी अंतर्दृष्टि के कारण निर्मित होता है। गहरी अंतर्दृष्टि के बावजूद कवि ने अपनी पक्षधरता छुपायी नहीं है। जीवन के रोजमर्रापन का संदर्भ इन कविताओं के संभव होने का कारण है। त्याज्य और स्वीकार्य सबको कवि की गहरी संवेदना प्राप्त हुई है। चाहे घर का कबाड़ बेचने का ही संदर्भ क्यों न हो! जिन संदर्भों से हम प्रायः तटस्थ होते हैं या दिखने की कोशिश करते हैं, कवि अनिल मिश्र प्रायः वहीं सक्रिय होते हैं। कहने की बात नहीं है कि यह सूक्ष्म अवलोकन के द्वारा ही संभव हो सका है। इस प्रक्रिया में और इस प्रक्रिया द्वारा वे आस्था के जीवन को प्रस्तावित करते हैं, उसका साक्षात्कार करते हैं। बड़े सत्यों और बृहत् लक्षणों के संधान में कई बार जीवन के लघु सत्य और लक्षण छुट जाते हैं, दृष्टि के ओझल हो जाते हैं। पर कवि अनिल मिश्र के संदर्भ में यह नहीं कह सकते। लक्ष्य उनका बृहत् है और संदर्भ सामान्यता से निर्मित हैं। राजनीतिक समझ और चेतना के बिना ऐसा होना संभव नहीं होता! सरसरी तौर से देखने पर इन कविताओं में राजनीतिक अंतर्दृष्टि का अभाव दिखाई देता है। वह ठोस या प्रत्यक्ष नहीं, पर उसकी उपस्थिति कविताओं में प्रसंग निर्मित करती है। राजनितिक व्यवहार इन कविताओं में तरल अंतः सलिला की तरह है। इस कारण ही इन कविताओं में समाज की समानांतर गतियाँ हैं। ये समानांतर गतियाँ इनकी काव्य-चेतना का आधार हैं। चूँकि इनकी कविताओं में*

रोजमर्रापन का सौंदर्य है, इसलिए यह कहने की आवश्यकता नहीं कि इन कविताओं के विषय विविध हैं। इसमें बहुत से किरदार हैं। मानव समाज के भीतर से भी और बाहर से भी, प्रकृति से भी। प्रकृति अभिधा में भी है और मनुष्य की प्रकृति के वाच्यार्थ रूप में भी। इन कविताओं में दूसरे अर्थ में प्रकृति बहुत है।'[1]

अनिल मिश्र के काव्य-संग्रह 'भूखे पेट की रात लंबी होगी (लेबर चौराहा)' में जीवनानुभूति, समाज की वास्तविक तस्वीर, नए समाज की संकल्पना, संयुक्त परिवार की संकल्पना, मानवीय संवेदना, आत्मीयता एवं संबंधों में जीवंतता, प्रेम की प्रगाढ़ता, संवेदनाओं का क्षरण, ग्रामीण जीवन एवं संस्कृति, मिथक और भारतीय संस्कृति, उद्योगपतियों का व्यवहार एवं श्रम संस्कृति, राजनीति का चरित्र एवं सत्ता की निरंकुशता, नगरीय जीवनबोध, प्रकृति, मौसम एवं ऋतु, जल संकट एवं रेगिस्तान का चित्रण, वृद्ध, किन्नर, अल्पसंख्यक, आदिवासी संस्कृति, किसानी जीवन एवं संस्कृति, स्त्री जीवन, बेरोजगारी की पीड़ा, विस्थापन, बाजारवाद, संचार-संस्कृति, आधुनिकता एवं आतंकवाद जैसे तमाम प्रश्नों से हमें रूबरू करता है।

अनिल मिश्र समाजबोध एवं जीवनानुभूति के कवि हैं, इनकी कविताएँ अमानवीयता, मानवीय मूल्यों में गिरावट, व्यक्ति का दोहरा चरित्र, समाज की वास्तविक तस्वीर, वंचित समाज की दारुण दास्तां, समाज में पनपती विसंगतियाँ, व्यक्ति एवं समाज में घुटन, तनाव एवं संशय से अनुस्यूत हैं, जिसमें मानव इतिहास के क्रूरता का ब्यौरा, सत्ता की निरंकुशता, समाज एवं व्यक्तियों के बीच पनप रही विद्वेष की भावना, गरीब-वंचित समाज के प्रति अमीरों, पूँजीपतियों, उद्योगपतियों एवं मिल मालिकों के दोयम दर्जे का व्यवहार, भूख से त्रस्त वंचित-गरीब समाज के लोग, जलाहत भरी जिंदगी का कटु यथार्थ है। समाज के पूँजीपतियों, सामंतवादी समाज के लोग एवं अमीर व्यक्ति कचरा घरों में एकत्रित हुए जूठन पर कुत्तों की तरह अपना अधिकार जमाते हुए गरीब-वंचित लोगों से अमानवीय व्यवहार करते हुए ये लोग अनेक रूपों में अपना किरदार की भूमिका निभाते हैं। गरीब बाप अपने संतानों की इच्छाओं एवं सपनों को पूरा नहीं कर पाते हुए बेबसी का जीनव



भोगने के लिए अभिशप्त है। उसे विश्वास है कि तीरथराज के कमंडल से निकलती हुई रोशनी गरीब-वंचित समाज के लोगों के जीवन के स्याहपन को समाप्त कर उनके जीवन को सुखमय बनाने में मदद करेगी, लेकिन शाम होते ही इनके सपने गुब्बारे की तरह फूटकर बिखर जाते हैं। ये लोग फुटपाथों पर अपने मैले-कुचैले बिस्तरों को बिछाकर किसी तरह रात गुजारते हैं। यही वजह है कि इनके भूखे पेट की रात इतनी लंबी हो गई है कि इंतजार करते हुए इनका इहलीला समाप्त हो जाता है। वंचित-गरीब व्यक्ति जीवन का गुजर-बसर करने के लिए अथक परिश्रम करते हुए अपने दारुण भरे जीवन के उत्तरकांड का इतिहास लिखता है। भाप के इंजन के दहकते अंगारों की तरह जीवन भर लड़ता-जूझता रहता है। कवि कहता है कि मैंने बचपन में व्याकरण की किताब का अध्ययन करते हुए यह पाया एक से अधिक वर्णों के शब्द की निर्मिति होती है। तो मेरे मस्तिष्क में बार-बार यह प्रश्न कौंधता

रहा है कि सभ्य समाज से क्यों वंचित समाज की बस्तियों को निकालकर दक्षिण की ओर बसाया जाता रहा है। समाज रूपी व्याकरण एवं उसके कार्याशाला के विषय में विचार करते हुए कवि ने यह पाया कि अपनी श्रेष्ठता एवं समाज में अपने वर्चस्व को स्थापित करने के लिए उन्होंने अपनी सुविधानुसार परिभाषाओं को निरंतर रचते-गढ़ते रहे हैं। व्यक्ति एवं समाज आज स्वार्थी होता जा रहा है कि वह घर में बैठकर उब रहा होता है, लेकिन वर्चस्ववादी लोगों के विरुद्ध आवाज नहीं उठता है। वह अपने मुँह में दही जमाकर शांति से बैठा रहता है। वर्चस्ववादी समाज के लोगों द्वारा वंचित-गरीब समाज पर किए गए दुष्कर्मों को भुलाकर वंचित-गरीब समाज के व्यक्ति अपनी अस्तित्व को बचाए रखने की यथासंभव कोशिश करते हैं। व्यक्ति उनकी घुड़कियों से गरदन की ओर बढ़ते हाथों से दूसरे के रौंदे जाने पर निस्तब्ध रहते हैं। समाज में भेड़िए रूपी वर्चस्ववादी लोगों ने बकरी के बच्चे रूपी निसहाय, बेबस एवं लाचार जनता को कुचलते हुए कहती है कि यह प्रकृति का दस्तूर है। प्रकृति में ईश्वर का रूप निहित होता है। प्रकृति रूपी खूंखार भेड़िए के प्रति वंचित-गरीब लोग उसके विरुद्ध प्रतिरोध करने में असमर्थ एवं मजबूर हैं। वह इस समाज के लोगों के साथ सरेआम चौराहों पर दुष्कर्म करते हैं, क्योंकि चुप्पियाँ अँधेरे की तरह होती हैं। वह न कुछ करती हैं और न दूसरों को कुछ करने देती हैं। यही वजह है कि कमजोर तबके के लोग वर्चस्ववादी शक्ति के आगे घुटने टेक देते हैं। किसी जाँच समिति में शामिल होकर अपने आक्रोश के सारे हथियार को दफन कर देते हैं। कवि इस स्थिति को देखते हुए कहता है कि वंचित, गरीब एवं कमजोर समाज इसलिए हारा हुआ महसूस करता है कि उसके समाज के लोग अपने स्वार्थ में समाज को होम करते जा रहे हैं। जब उनका असली चेहरा कमजोर समाज के समक्ष आता है तो धरती भी उनके दुष्कर्मों एवं स्वार्थीपन को देखकर फटने को तैयार नहीं होती है, जिसमें वह अपना कलंकित चेहरा छिपा सकें। ऐसे लोगों के जीवन पर प्रतिबंध लगाया जाना ही समाज की वास्तविक तस्वीर है। साथ ही समाज एवं व्यक्ति घड़ी के समय की टिक-टिक के साथ परिवर्तित होता रहता है। घंटाघरों में निवास करने वाली मानसिक बीमार जनता पतंगों की तरह बदलते समय के साथ अपने को बदलती रहती है। समाज के लोगों के मन-मस्तिष्क में आकाश एवं पहाड़ की तरह व्याप्त सामाजिक विद्रूपता एवं वैमनस्यता को समाप्त करती हुई नदी की स्वच्छ धारा रूपी जीवन की तरह वर्तमान पीढ़ियाँ अतीत के दास्ताँ को भुलाकर एक स्वस्थ समाज की स्थापना करने में अपनी अहम भूमिका निर्वहन कर रही है। 'शब्द और संधि-पत्र' कविता से जीवनानुभूति एवं नए समाज की संकल्पना का नमूना प्रस्तुत है-

''कितनी रातों के बाद आयी है ये सुबह
अपनी-अपनी टाई ठीक करते
बैठ गये हैं शब्द मेज के चारों ओर
पीछे छोड़ आए हैं चीखती घाटियाँ
जले घर
इस हाल तक पहुँचने के रास्ते में
नागफनियों के जंगल थे
काँटों की खरोंच के निशान लिये
दर्द भी आया है उनके साथ
संधि-पत्र पर बैठते समय
इस बात का ध्यान रखा कि
किसी तरह फिर से फूलों की खेती हो
अंगारा थोड़ा ठंडा हो जाए
और वज्र हो जाए थोड़ा मुलायम
कौन ऊपर होगा कौन नीचे
कौन किसके साथ
ऐसी तमाम तलवारों को म्यानों में रख कर
आपस में गले मिल रहे हैं शब्द।''[2]

अनिल की कविताएँ संयुक्त परिवार की संकल्पना का तानाबाना गढ़ती है, जिसमें भाई-बहन, पति-पत्नी, माता-पिता, बाप-बेटी, देवर-भाभी, फुआ एवं बाबा-आजी का प्रेम, सौहार्द, संबंधों की जीवंतता एवं रिश्तों की अहमियत है। माता-पिता घर-परिवार की धुरी होते हैं। यही कारण है कि घर-परिवार के सदस्यों में आत्मीयता का भाव ही परिवार को एक सूत्र में पिरोकर रखता है। देश-दुनिया की हालातों को देखकर माताएँ अपने बच्चों के प्रति चिंतित रहती हैं। माँ प्यार भरी उलाहना देती हुई

कहती है कि तुम सब कब तक सोते रहोगे। माँ अपने बच्चों के टूटते सपनों को देखकर आहत है। वह सपनों को साकार करने की उन्हें ढाँढ़स देती हुई अथक परिश्रम करती है। एक पिता के लिए दुनिया में सबसे खूबसूरत मेरी बेटी की मुस्कुराना है, बेटी का हृदय निष्कलुष है तथा झरने की राग की तरह बेटी की हँसी पिता-पुत्री के पारिवारिक सबंधों का चित्रण है। 'मेरे बाबा' कविता में बाबा सुबह होते परिवार के सभी सदस्यों को जागने की हाँक लगाते हुए कहते हैं कि घर-परिवार समूचे सदस्यों अपने दायित्व को निभाने की नसीहत देते हैं। घर-परिवार के लोगों को डाँटते हुए उन्हें अपने समीप बैठकर समाज एवं देश-दुनिया के उदाहरणों द्वारा परिवार को परिवार समझने की सीख देते हुए दादी के चिल्लाने एवं नाराज होने पर भी सई नदी को तैरकर उस पार जाकर वहाँ से वस्तु को लाकर घर-परिवार के सदस्यों देना ही पारिवारिक एकजुटता की नसीहत है। मुघुना फुआ का अपने भाई के घर-परिवार के सदस्यों के साथ मिल-जुलकर रहना संयुक्त परिवार की अवधारणा है। 'आँगन' कविता से संयुक्त परिवार की संकल्पना का नमूना प्रस्तुत है-

''पीढ़ियों का एक साथ बैठाते हुए
हमेशा ऐसा लगा
मैंने युगों के अंतराल को पाट दिया है
मेरे जीवन में कोई अर्द्धविराम नहीं है
सोने या बैठने का कमरा नहीं
किसी घर का फेफड़ा होता हूँ
मैं बनता हूँ ईंट और सीमेंट की दीवारों से
दुनिया की कच्ची समझ से
मैं बनता हूँ दरअसल
अपने पिता को दिए जा रहे
बच्ची के सबसे मासूम चुंबन से
मेरे पास आना घुटन भरे बंद कमरों से
खुद अपने को आँगन में बदलने के लिए।''[3]

अनिल मिश्र की कविताएँ मानवीयता, संबंधों की जीवंतता, आत्मीयता, अपनों से बिछुड़ने की छटपटाहट, रिश्ते-नाते एवं प्रेम की प्रगाढ़ता की कहानी कहती हैं, जिसमें समाज की विसंगतियों को देखकर संवेदनशील व्यक्ति का हृदय द्रवित हो जाता है। वह जीव-जंतु एवं पक्षियों से सीखते हुए कहता है कि जिस प्रकार पक्षी रात्रि को गुजारने के लिए घोंसलों का निर्माण करती हैं। उसी प्रकार मैं/व्यक्ति गरीब-वंचित समाज के लोग के गुजर-बसर करने के लिए घर का निर्माण करता है। मैंने अपनी आँखों में पानी को बचाकर रखा है। जहाँ समाज पर मंडराते चील-कौवों की भांति हिंसक एवं परभक्षी मानसिकता वाले व्यक्तियों से शोषित, वंचित एवं गरीब जनता को बचाए रखने का कर्तव्य ही मनुष्यता है। कवि कहता है कि घर-परिवार, पड़ोसी एवं जीवन के सफर में बनते रिश्ते-नातों में विश्वास ही आत्मीयता की परिभाषा है। व्यक्ति अपनों से दूर होते जाने की छटपटाहट को देखते हुए उससे पुन: मिलने का आसार भले ही बहुत कम नजर आता है। परंतु उसके हृदय रूपी खाली कोष्ठक में संबंधों एवं रिश्तों में आत्मीयता के अनमोल धन के आने की संभावना सदैव बनी रहती है। उसके हृदय में अपनों के बिछुड़ जाने वाले ऋण की संभावना नाम मात्र की रहती है। एक-दूसरे के प्रति हृदय के किसी कोने में मद्धिम ज्योति की तरह जीवन भर जलती हुई संबंधों में आत्मीयता की आस को बनाए रखने की छटपटाहट उनमें हमेशा बनी रहती है। भौतिकतावादी दौर में बहुत तीव्र गति से संबंधों में बिखराव देखने को मिलता है। इनकी कविताओं में बाबा का घर-परिवार के लोगों को दयानत डाँटना और उनको अपने पास बैठाकर जीवन में संबंधों की अहमियत को समझना आत्मीयता का द्योतक है। घर-परिवार का गुजर-बसर करने के लिए व्यक्ति या परिवार का सदस्य जैसे बेटा परदेश चला जाता है। वहाँ से माँ से फोन करता है। माँ बेटे को घर-परिवार का हाल-समाचार बताते हुए कहती है कि मुलुवा सायन हो गई है। उसका अगले वर्ष हाथ पीले करना है । दमा मेरे जीव का जंजाल बन गया है। जब परदेश से घर को लौटना तो बेटा परताप सुंघनी जरुर लेते अना। मैं देख रही हूँ कि परदेश से जो गाँव में आ रहे हैं वह सुटुक्की हो गए हैं। बेटा परताप को खाने-पीने एवं अपने स्वास्थ का ध्यान रखने की हिदायत देती हुई माँ कहती है कि मर्द को मुसई होना शोभा नहीं देता है। शहर जोगिनों का डेरा है। बेटा कदम फूँक-फूँककर रखना। माँ बेटा का चिंता करती हुई लोकमाता उजरी देवी से उसके

सुख-शांति के लिए कमाना करती है। माँ का बेटे के सुखमय जीवन व्यतीत करने की आकांक्षा रखना ही संबंधों एवं रिश्तों की आत्मीयता का जीवंत प्रमाण है। 'डायलिसिस' कविता में देवर-भाभी के रिश्तों में प्रेम की प्रगाढ़ता दृष्टिगोचर होती है। भाभी की दोनों किडनी खराब हो गई है। देवर रोज भाभी का हाल-समाचार लेने के लिए अस्पताल जाता है। भाभी मरीजों के बीच बिस्तरों पड़ी देवर को देखर फफक पड़ती है। अस्पताल के विशाल कक्ष की चीकट-चुप्पी में वह अपनी स्थिति को बयां करती है। आत्मीयता की छटपटाहट एवं संबंधों की प्रगाढ़ता की बानगी 'मेंड़ों पर घास' कविता में देखा जा सकता है-

''तुमने कहा था जिंदगी बहुत छोटी है
हम अवश्य पहुँचेंगे एक-दूसरे के सुख-दुख में
लाख अकाज होता हो चाहे अपना
तुम्हारे दुख को अपना वस्त्र समझ कर पहन लेंगे
इस तरह कि तुम्हारा था ही नहीं
इस तरह हम भाग्य को उसके मुँह पर ही ललकारेंगे।''[4]

अनिल की कविताएँ श्रम संस्कृति एवं मेहनतकश लोगों के जीवन से संपृक्त हैं जिसमें पूँजीपतियों, मिल मालिकों एवं उद्योगपतियों के दोयम दर्जे के व्यवहार, श्रमिक एवं मेहनतकश लोगों के शोषण एवं कामगार के जीवन का यथार्थ है। 'परदेश की नौकरी' कविता में कामगार की इच्छा है कि उसे रोज दिहाड़ी मिलती रहे, जिससे वह अपने घर-परिवार का गुजर-बसर करता रहे। 'वरली सी फेस की एक शाम' कविता में मछुआरे मछलियों को हबर-हबर बटोरकर हुए जहाज की भाँति अपनी पीठ पर लादकर बोरी बंदर में लोगों के बीच बेचकर उनसे प्राप्त पैसों से खाद्य पदार्थों का इंतजाम करते हुए प्याज, हरी मिर्च एवं सूखी रोटी द्वारा लोगों की क्षुधा तृप्ति करते हैं। 'नींद के लिए नींद (पहरेदार)' कविता में कवि कहता है कि मेहनतकश एवं श्रमिक घर-परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी नींद को गिरवी रख देते हैं। मेहनतकश लोग बाहर/परदेश जाकर काम-धंधा करके घर को लौटते समय अपने मेहनत से कमाए हुए धन को सिरहाने लगाकर अगोरते हैं, जिससे इनके धन कोई लेकर भाग न जाए। इस धन से ये लोग अपने घर-परिवार की जरूरतों की आपूर्ति करते हैं। इलाहबाद का लेबर कामगारों के जीवन का रंगमंच है। कामगार जीवन का गुजर-बसर करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं। मोची जूतों की मरम्मत करते हुए तात्कालिक समय की नब्ज को समझता हुआ तिजहरी बेला में हठयोग की मुद्रा में रिक्शा वाले सीट पर पैर टिकाए हुए सुस्ताते हैं। क्षुधा की तृप्ति के लिए रात-दिन काम करते हुए मजदूर धन के अभाव में सड़कों के किनारे गमछा बिछाकर रात गुजारते हैं। सेठ-साहुकार के वफादार लोग लेबर चौराहे में एकत्रित हुए कामगारों को अपनी बड़ी-बड़ी योजनाओं का हवाला देते हुए चीनी-नमक की तरह मेहनतकश लोगों के श्रम का मोलभाव करते हुए उनके साथ छल करते हैं। इस संदर्भ में 'भूखे पेट की रात लंबी होगी (लेबर चौराहा) कविता से मेहनतकश लोग के जीवन के यथार्थ को देख सकते हैं-

''यह चौराहा है या इसे एक रंगमंच कहें
दिनभर यहाँ किनारे बैठा एक मोची होगा
जो जूतों की मरम्मत करते-करते
समय की मरम्मत करने लगेगा
तिजहरी कहीं उस तरफ अपने पैर सिट पर रख कर
सुस्ताते रिक्शा चालक हठयोग करेंगे
और मजदूर गमछा बिछा कर सो जाएँगे फुटपाथ पर
भूखे पेट की रात लंबी होगी।''[5]

अनिल मिश्र की कविताएँ मिथक एवं भारतीय संस्कृति की वकालत करती हैं जिसमें तुलसी, दूब, अक्षत, अर्घ, देवी-देवताओं से मनौती, पेड़ में धागे बाँधना, संतों-महात्माओं की वाणियाँ के साथ वेद-पुराण एवं धार्मिक ग्रंथ हैं। कवि कहता है कि सेवा निवृत्ति के समय धार्मिक ग्रंथों को प्रदान कर लोग व्यक्ति को धर्म से संपृक्त करते हुए अयोध्याकांड-लंकाकांड के साथ जीवन के उत्तरकांड को समझने की नसीहत देते हैं। घर-परिवार के किसी व्यक्ति को सुल्तानपुर मुकदमे की पैरवी करने जाना होता है तो घर की मालकिन एक भरा जल-पात्र घर की डेहरी पर रख देती है। घर की बुजुर्ग दादी-अम्मा बच्चों से कहती है कि जाकर देख आओ रास्ता में कोई अपशकुन तो नहीं हैं। बच्चे बताते हैं कि डगर साफ है। व्यक्ति शुभ

कार्य के लिए प्रस्थान करता है। व्यक्ति गाढ़े दिनों में ईश्वर से विनती करते हुए 'दीन दयाल विरिदु संभारी हरंहु नाथ मम संकट भारी' जैसी पंक्तियों को बुदबुदाता रहता है। सभ्यता को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए ऋषि-मुनि सुभाषित वाणियों में मंत्रों का उच्चारण करते हुए यज्ञ-हवन करते हैं। यह कैसी विडम्बना है कि हविश-प्रेमी जीभ निकाले हुए खड़े हैं कि मैं इस कार्य के लिए हजारों के बीच चुना गया हूँ। दमित वासना से उत्कंठित व्यक्ति स्वर्ग पहुँचने के लिए पशुबलि देते हुए शांति की साँस लेता है। काशी में पंचकोशी की परिक्रमा करते हुए व्यक्ति अपने कंधों पर काँवर रूपी श्रद्धा को रखकर घर-परिवार के सुखमय जीवन को व्यतीत करने के लिए ईश्वर से वरदान माँगता है। वह आवारा बादल की तरह आँख मिचकाते हुए अपने दुख-तकलीफों के साथ जीवन में किए गए अनैतिक कार्यों के अनुभवों का पश्चाताप करते हुए वह रामनामी लपेटे हुए मंदिर की चौखट रोज पर आरती करने एवं दीपक प्रज्वलित करने पहुँच जाता है। वह मंदिर से लौटते हुए जले हाथ लिए तिरस्कार भरे घावों के साथ एक और घाव का इलाज समझकर देवता के समक्ष यह भरोसा लिए हुए बैठ जाता है कि जीवन में सब कुछ अच्छा हो जाएगा। यही गाँव-घरों में प्रचलित मान्यता भारतीय संस्कृति की प्रमाण है। 'खाली जगह' कविता से मिथक एवं भारतीय संस्कृति का नमूना प्रस्तुत है-

''अपनी पहली संतान होने पर
बरगद के पेड़ में धागे बाँधते समय
माँगी गयी तुम्हारी मेरी मनौतियाँ हैं
बेहद ऊसम भरी रात में
पस्त पड़े हौसलों को
अपनी बाँहों का सहारा देकर उठाती
सुबह के सूरज की किरणें हैं
भविष्य में वहाँ अँधेरे और प्रकाश की
बनी पगडंडी पर
चला आ रहा है रूठा मनु
एक श्रद्धा सी लगाने वाली स्त्री
पोटली में रखे बीजों को
छितरा रही है दासों दिशाओं में
लेकिन उससे भी ज्यादा हैं बाँसुरी के स्वर।''[6]

अनिल मिश्र की कविताएँ ग्रामीण जीवनबोध एवं संस्कृति से लैस हैं। विरासत, परंपरा एवं गँवई जीवन शैली में गाँव अपनी कहानी कहता है, जिसमें पास-पड़ोसियों की आत्मीयता, खेत-खलिहान, खेतों में लहलहाती फसलें, लोक देवी-देवता, लोकसंगीत, लोकगाथा, लोक-परंपराओं, लोकभाषा-शैली एवं चौपाल पर देश-दुनिया के स्थितियों का व्यौरा एवं बदलते परिदृश्य का चित्रण है। सुबह की पहली किरण गाँव के नैरंतर्य जीवन शैली को रेखांकित करती हुई कँटीली झाडियाँ भूखी बकरियों के क्षुधा की तृप्ति के लिए अपनी टहनियों को झुका देती हैं। गाएँ थान में दूध ली हुई अपने बछड़ों के लिए सुबह होने की राह अगोर रही हैं। गाँव के बच्चे आपस में क्षणिक लड़ाई करते हुए लड़ाई को भुलाकर निश्चित भाव से बैठकर प्यार से गुट्टी खेलते हैं। गाँव की दलित-उपेक्षित स्त्री मुघुना की राष्ट्रपति की भाँति आम के बगीचे की रखवाली के लिए नियुक्ति की जाती है, जिसे गाँव के बच्चे प्यार से फुआ कहकर पुकारते हैं। हवाएँ, पेड़-पौधे एवं जीव-जंतुओं ने अपनी-अपनी आवाज में मुघुना फुआ का ताजपोशी करते हुए स्वागत किया। सुबह की पहली किरण फुआ को आम में पियराई उतर आई की सूचना देने धमक पड़ी। फुआ अपनी कुटिया में बैठकर सजल स्नेह भाव से गाँव से नर-नारियों एवं बच्चों को आते हुए देखकर कहती है कि आप लोग एक-दो आम खा सकते हैं और बच्चों के प्रति अधिक स्नेह होने के कारण उन्हें एक-दो के अतरिक्त आम खाने की अनुमति देती है। प्रतीकात्मक शैली में कहा जा सकता है कि गाँव का सेंवार अपनी अदम्य इच्छा की आपूर्ति के लिए मनुष्य का शरीर धारण करके फसलों के अतिरिक्त खर-पतवार की फुनगियों पर तड़के सुबह की ठंडी-ठंडी ओस की बूँदों के साथ फसली लोक संगीत को गाते हुए गाँव की हवा-मिट्टी से दोस्ती का नाता जोड़ लेता है। वह गाँव की स्थितियों एवं ग्रामीणवासियों के बत्तर जीवन को देखकर उसके मौन में शेर की दहाड़ सुनाई पड़ती है। कवि कहता है कि मुझे खबर मिली की घर के आँगन में लगे छोटे-छोटे बिरवे वृक्ष का रूप धारण कर लिए हैं। गाँव एवं घर-परिवार के बुजुर्ग अपनी दालान के झरोखों को खोलकर पेड़ की डालियों पर खिलते फूलों

को देखर प्रसन्नता की मुद्रा में सुबह होते उन्हें निहारने लगते हैं। घास काटने आती लड़कियाँ अधपकी बेरियों का रस पान करते हुए हाथ पीले करने योग्य हो गई हैं। उनकी अँगुलियों के पोरों में चुभते बेरियों के काँटों ने उन्हें जीवन के दुख-दर्द से लड़ने-जूझने का हिम्मत प्रदान करते हैं। पक्षियों द्वारा पेड़ों पर निर्मित घोसलों में उनके जन्मे नवजात बच्चों को आसमान में उड़ते हुए देखकर गाँव के बच्चे अपने सपनों को साकार करने के लिए तूफानों की भाँति कठिन से कठिन परिस्थितियों से टकराने की हौसला रखते हैं। पक्षियों के बच्चों की तरह घर-गाँव के लोग कहीं-कहीं मुझसे टकरा जाते हैं। गाँव के बुजुर्गों से बहुत पहले सुना था कि जीवन एवं दुनिया बहुत छोटी होती है। व्यक्ति किसी न किसी मोड़ पर मिल जाता है। गाँव के लोग अपनी लोक धुनों में इसे निरंतर गाते रहते हैं। गाँव में झाड़ियों के बीच गँवई डगर के किनारे मिट्टी से निर्मित घर ऐसा प्रतीत हो रहा है, जो सावधान यात्री की तरह अपनी उम्र की ढलान की ओर बढ़ता जा रहा है। बारिश के दिनों में घर भीगे बैल की तरह सहमा हुआ आसमान की तरफ से अपनी आँखें चुराते हुए वरुण एवं पवन देव के गुंडों के आतंक से बेबस दिखाई दे रहे हैं, जिसमें घर-परिवार के लोग एकत्रित होकर अपनी जान बचाते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। ये लोग अपने मेहमानों का स्वागत गुड़, पानी एवं मौसमी आहारों द्वारा करते हैं। 'पुश्तैनी कच्चा मकान' कविता से ग्रामीण जीवनबोध एवं संस्कृति का नमूना देखा जा सकता है-

''ग्रीष्म में तपती दोपहर सा
जब भी आ धमकता सुबह-सुबह
वसूलने मालगुजारी
तहसीलदार का चपरासी
दौड़ कर अंदर से लाते हम
उसके लिए गुड़ और पानी
इधर-उधर झाँकते
करने लगता घर
दुर्गा सप्तशती का पाठ
वैशाख और जेठ में
महुए की लपसी
सावन में बनते ठोकवे उसी के
काट देते काठ के दिन
काले पहाड़ सी भादों की रातों में
पकती घनी नींद की कोदो
और नीम के गिरते फलों के बीच
देश और दुनिया की
बड़ी-बड़ी बातों के रस में डूबा।''[7]

अनिल की कविताएँ ऋतु, मौसम एवं प्रकृति से साबद्ध हैं, जिसमें बारिश के दिनों में घरों का दुबके रहना, ग्रीष्म में तपती दोपहर सी सुबह, जाड़े की ठिठुरन मौसमों की याद दिलाते हुए वैशाख-जेठ की तपिश एवं सावन-भादों माह में पहाड़ सी घनघोर काली रात्रि द्वारा बारहमासा एवं ऋतुओं का चित्रण है। तेज हवाओं में फसलें एक-दूसरे के गले मिल रही हैं। मनुष्यों की तरह फूल आपस में प्यार कर रहे हैं। सूरज की किरणे सोने की तरह प्रतीत हो रही हैं। चाँद लोगों को शीतलता प्रदान कर रहा है। पेड़ मनुष्य की भाँति मुर्च्छित पड़े हैं। वृक्षों के फूल पीली धूप में अपनी आभा बिखेर रहे हैं। मानव की तरह अँधेरी रात को काटते हुए चाँद-तारे घरों की छतों पर बैठकर सुबह होने की बाट निहार रहे हैं। ऋतुएँ पिचकारियों से निकल रहे रंगों के फूलों के समान मुलायम दिशाओं के बसन पर अपनी छाप अंकित कर रही हैं। गर्मी के दिनों में गाँव की छोटी सी पहाड़ी से टकराकर हवाओं के साथ आसमान ड्रैगन की मुँह की तरह रात भर आग उगलता रहता है। चाँदनी रात में हरित प्रदेश हवाओं के साथ मदमस्त होकर झूम रहा है। शाम एक सवारी की तरह गतिशील है। ठंडी-ठंडी हवाएँ समुद्र की लहरों के छीटों द्वारा दिन भर से सूख रहे मनुष्य के मुख की तरह पत्थरों को सींचते हुए उनके ऊपर बादल की चादर ओढ़ा रहे हैं, जिसे देखकर सूरज को पछतावा हो रहा है। शाम का रंग गाढ़ा होता जा रहा जिससे धरती आसमान के जोड़े रात रूपी मेहमान को रंगभूमि के नियम-कायदे की कहानी सुना रहे हैं। अपने घरों से एक-एक करके मनुष्य रूपी तारे बाहर निकल रहे हैं। अनमना चाँद अपनी दालान के ओसारे में बैठे करघे पर चाँदनी को बुन रहा है। जलचर अथाह जल राशि में तपस्या कर रहे हैं। समुद्र किनारों को छोड़कर दूर चला

गया है, जिसमें असंख्य जलचर जीव-जंतु तड़प रहे हैं। सूरज शाम में समुद्र से बहुतेरे रंगों को ग्रहण करके चालाक मनुष्य की तरह जाकर कहीं छिप गया है। नारियल के वृक्षों के झुरमुटों से समुद्र में उठ रही लहरों की आवाजें सुनाई दे रही हैं। पेड़ों की बिलकुल स्थिर पत्तियाँ ध्यान मुद्रा में पक्षियों की तरह उड़ रही अपनी स्मृतियों को सजोकर रख रही हैं। धरती के आँचल में कुछ अवकाश को बिताकर बादल अपने देश को लौट रहे हैं। दिशाओं के गालों पर जीवन की उम्मीद की सिंदूरी चमक है। जहाँ धान की सुनहरी बालियाँ अपनी धुन में नृत्य कर रही हैं। कातिक महीने की ओस की बूँदों से नहाई हुई सुबह हवा रूपी स्त्री के सामान पके धानों की ताल पर नाच रही है। बगुले अपनी चोंच में दिन भर की मजदूरी लिए हुए अपने घर की ओर लौट रहे हैं। शरद की सुबह में सूरज का मिजाज नरम हो रहा है। बेलें दरवाजों एवं दीवारों पर अपना संसार बसा रही हैं। गौरैया तिनको को जोड़-जोड़कर अपना नया घोंसला बना रही हैं। 'जब आयी बारिश तो आए' कविता से प्रकृति की बानगी देखी जा सकती है-

''जब आयी बारिश तो आए
उजले बगुले
आवाजों के जंगल आयी
सोंधी-सोंधी खुशबू आयी
मछली आयी मेढक आए
डरी हुई एक चिड़िया आयी
बहुत दूर खेतों तक फैले
डब-डब ताल तलैया आए
घोड़े चढ़ी हवाएँ आयीं
गाते गीत झकोरे आए
उजले आए काले आए
बादल संग टहलते आए
हरे-हरे कल्ले धानों के
किसी बहाने वो भी आयी लट सुलझाती
उजले आभूषण कानों के
धो डाली बूँदों ने शिकवे
कुछ अब के कुछ पिछले।''[8]

अनिल की कविताएँ रेगिस्तान एवं जल संकट की समस्या को उठाती हैं। इनकी कविताओं में थार के मरुस्थल में चल रही हवाओं द्वारा खड़ी फसलों, खिले फूलों, घर के दरवाजों, चूल्हे, बर्तनों, सूरज-चाँद एवं रेत के ऊपर रेत के कण गिरने का चित्रण है। मरुस्थल के आसमान में रेत के बादल उड़ने लगे हैं, जिसे देखकर यहाँ के निवासियों के समक्ष दुख का पहाड़ टूट पड़ता है। मौत उनके सामने चमकती हुई दिखाई पड़ रही है। यहाँ निवास कर रहे पशु-पक्षियों के झुंडों में से कुरजों के झुंड सूखती झील को देखकर दूसरे देश को पलायन कर रहे हैं। साँप बिलों से निकलकर टीलों पर फन फैलाए हुए नृत्य कर रहे हैं। कालबेलिया स्त्रियों के नृत्य को देखते हुए यहाँ के लोगों के मन में मृत्यु का भय उत्पन्न हो रहा है। ज्वार-बाजरे की फसल ललहाती हुई रात दिन नाच रही है। यहाँ लोग जल की समस्या को देखकर अपना जी को छोटा करते हुए कह रहे हैं कि तालाबों पर पीतल-मिट्टी के घड़े भविष्य में नाचते हुए दिखाई रहे हैं। रेगिस्तान का कहे जाने वाला जहाज जल के अभाव में अपने दम तोड़ रहे हैं। रेगिस्तान में उड़ते गुबार को देखकर कलाकार की मूँछें नाचती हुई नर्तकी की सिर पर जलती दिए की लौ थार के नाचने की घोषणा कर रही है। धरती रेत के कणों को खींचकर अपने उजड़े आँचल में सुला रही है। यहाँ के लोग हवा के तेज झोंकों की व्यथा से उजड़ जाने के भय से आपस में रिश्ता नहीं होते हुए भी एक-दूसरे के शरीर को पकड़कर दिन रात सिसकते रहते हैं। मरू प्रदेश में लोगों की साँसों का चलते रहना ही जीवन का उद्यम है। थार के मरुस्थल क्षेत्र में बढ़ते हुए यह देखने को मिल रहा है कि पेड़ों की डालें, पशुओं के गले एवं गड्ढे की आँत में पानी को बचाए रखने के लिए जगह-जगह भयंकर लड़ाइयाँ हो रही हैं। सरेआम दिन-दहाड़े चिड़िया रूपी मनुष्यों को मौत के फरमान सुनाए जा रहे हैं। पश्चिम की हवाएँ घुड़सवार के दस्ते की तरह हाथ में लहराती हुई तलवारों द्वारा यहाँ के हरियाली के वंशजों के सिर को काट रही हैं। इस दृश्य को देखकर मेरे मन में डर बैठ गया है। एक लोकगायक की अवधारणा है कि मरुस्थल केवल संगीत से डरता है। अपराजित मरुस्थल के सिने पर सूर्यास्त होते ही खेजड़ी

छम-छम करके नृत्य करने लगती है। रेगिस्तान में वृक्षों की टहनियों पर खिलते हुए फूल इतना दिखाई नहीं पड़ते हैं। दूसरे क्षेत्रों के समान यहाँ बसंत दिखाई नहीं पड़ता है। परंतु रंगरेज घाघरे-चोली को बड़े चटकीले रंगों से रंगता है। यह ऊँटों की धरती है। गोडवान बड़ी बेसब्री से नंदन-कानन वन के समान हरियाली को खोजते रहते हैं। आसमान में काल को पराजित करके चाँद ड्योढ़ी के रास्ते घीरे-धीरे उतरते हुए बेफिकर होकर भेड़ के साथ बची-खुची घास को चरता हुआ दूर तक निकल जाता है। यहाँ प्रकृति भी पचास डिग्री तापमान को देखकर असमंजस की मुद्रा में रहती है। ठोस वस्तुएँ द्रव में परिवर्तित होकर हवा के साथ वाष्प बनकर उड़ने लगती हैं। मरुस्थल के करीब आते-जाते मुसाफिरों के मुफलिसी के दिन दुभर हो जाते हैं। 'खेजड़ी' कविता से जल संकट और रेगिस्तान के दृश्य को देखा जा सकता है-

''देखा मैंने घूम-घूम कर
बचा नहीं है किसी कुएँ में
होंठ भिगोने तक को पानी
लौट रही हैं घर की बहुएँ
खाली घट लेकर पनघट से
तीखी किरणों के हमले में
सुख गयीं हैं सेवण धामण
भट्टी बनकर धधक रही है
सूखी धरती थार-थार कर
झोर झपट कर मार दिये हैं
मौसम के नाजुक चिड़ियों को
अपनी कातर आँखों से
ऊँटों-भेड़ों भूखे-प्यासों की सेना को जगा रही है
मैंने पूरी कोशिश की कि दो-चार दिन के लिए ही सही
अपने को रेगिस्तान का मौलिक बाशिंदा समझूँ
और रेगिस्तान मुझे अपना ले थोड़े दिनों के लिए
लेकिन लू के थपेड़े पस्त कर देते थे सारा हौसला
पंद्रह मिनट पानी न मिले तो कुम्हला जाता हूँ
जैसे उड़ जाएँगे प्राण पखेरू किसी भी क्षण।''[१]

अनिल की कविताएँ राजनीति का चरित्र, नेताओं के काले कारनामे एवं सत्ता की निरंकुशता से सांगोपांगावित हैं। कवि कहता है कि किसी भाषा के व्याकरण में संज्ञाएँ अधिष्ठ होकर सत्ताधीश एवं सत्ता विमर्श को तय करती हैं। राजा रूपी नेता का हरेक स्थान पर दिखाई देता है तो उसके प्रभाव एवं रहस्य में उत्तरोत्तर गिरावट होता रहता है। वह संज्ञाओं रूपी नेता एवं अधिकारियों की अनुपस्थिति में समूचा अकारथ कार्य को संपादित करता है। उसके कारनामों को देखकर भीड़ एकत्रित नहीं होती है। समाज एवं जनता अब उसका गुणगान नहीं कर रही है। लोग उसके कार्यों से असंतुष्ट होकर तालियाँ नहीं बजा रहे हैं। सत्ताधीश एवं नौकरशाह जनता की गालियों को सुनकर राजनिष्ठा का धर्म निभाते हुए सर्वनाम की तरह कार्य कर रहा है। उनके पास फूलों के रंग, महक, बदसूरत चेहरा एवं रंगमंच सजाते लोग हैं। राजा और उनके कारिंदों का गुणगान करने वाली साँझबाती के दिए की तरह अंधभक्त जनता है। लोगों के घरों को कथित तौर पर रोशन करने वाले एवं इतिहास से टपकते जनता के रक्त के पीछे बहुत हद तक जिम्मेदार बहरूपिया नेताओं का वास्तविक चरित्र है। नेताओं द्वारा किए गए चोरी, डकैती, हत्या एवं बलात्कार के प्रति जनता अपनी आवाज बुलंद करती है तो सरकारें नेताओं द्वारा किए गए काले कारनामे को देखकर उन्हें सारे इल्जामों से बरी करने में अपनी ताकत झोंक देती है। सत्ता किसी भी सरकार की रहे वे हरेक स्थिति में सुरक्षित रहते हैं। सता के वर्चस्व से किसी भी देश का कोई न्यायालय अछूता नहीं है कि जहाँ कसूरवार न्यायालय स्वयं जाकर गुनाह की फरियाद करे। संसद से सारे कानून निरस्त कर दिए गए हैं। वह निष्कलुष नागरिको के लिए अब अर्थहीन हो गए हैं। नेता एवं सरकारें संविधान के नियमों एवं जनता के प्रदत्त अधिकारों को कुचल रही हैं। ये लोग जनता के अधिकार एवं विकास के लिए झूठी योजनाएँ बनाकर समाधान ढूँढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि समाधान फाइलों में बनकर शीत निद्रा में निश्चिंत होकर सो रहा है। मंत्री-अधिकारी झूठे दिखावा करते हुए लोगों से घूम-घूमकर पूछ रहे हैं कि क्या आपने समाधान को देखा है। यही चुनाव ही लोकतंत्र की असली समस्या है, जिससे नेता एवं सरकारें घबराई हुई हैं। 'चुनाव के दृश्य' कविता से नेताओं के चरित्र एवं चुनावी राजनीति का असली

चेहरा प्रस्तुत है-

''नेता आए परेता आए
पैर छुए गले लगाया
मंत्री जोर-जोर हँसे
संतरी मंद-मंद मुसकाया
सांसदी लड़ रहे माननीय के
स्वागत में बिना अन्न-जल के
बैठा था पूरा गाँव
प्रसाद के लड्डुओं की तरह एक थाल में
गरीबी, शिक्षा और विकास के
जोरदार भाषण के बाद
लोग ताक रहे हैं
एक-दूसरे का मुँह।''[10]

अनिल की कविताएँ उत्तर सदी के विमर्शों का तानाबान बुनती हैं, जिसमें भौतिकतावाद, बदलते जीवन शैली एवं एकल परिवार की अवधारणा द्वारा घर-परिवार के बूढ़े बुजुर्ग उपेक्षित एवं निस्सहाय महसूस कर रहे हैं। उनकी तकलीफों-दुखों को देखकर नई पीढ़ी उनको नजर अंदाज कर रही है। ये लोग प्यार को पाने के लिए कुसुम चाची की दुकान पर दुखते माथा एवं खरासते गले को लिए हुए पँहुचकर अपने उम्र के बुजुर्गों के साथ अपनी अनुभूतियों को साँझा कर रहे हैं। ये स्थितियाँ वृद्ध विमर्श का द्योतन कराती हैं। 'वरली सी फेस की एक शाम' कविता के बहाने कवि कहता है कि समाज के लोग क्रूर एवं निर्दयी होते जा रहे हैं। स्त्री-पुरुष लिंग के इतर पैदा हुई संतानों को घर-परिवार एवं समाज के लोग इन्हें उपेक्षित की दृष्टि से देखते हुए अपनों के बीच से बाहर कर रहे हैं। इस संतान को समाज किन्नर के नाम से संबोधित करता है। सभ्य कहे जाने वाले समाज के स्त्री-पुरुषों लोगों को किन्नरों को समाज अपने जीवन में हस्तक्षेप करने के लिए पाबंदी लगा रखी है, जिसे सभ्य समाज के लोग नाबालिक समझकर इन्हें अपने समाज ने उपेक्षित, बाहर एवं दूर कर रखा है। व्यक्ति कामयाबी प्राप्त करने के लिए किन्नर समाज के लोगों से अपने सिर पर हाथ रखवाकर उनका आशीर्वाद ग्रहण करते हुए क्या इस समाज के लोगों को शर्म नहीं आती है। किन्नर अपना गुजर-बसर करने के लिए तालियाँ चटकते हुए स्त्री-पुरुषों से कुछ कहे बिना अपने जीवन के पथ पर अग्रसर होते रहते हैं। यही प्रश्न किन्नर विमर्श को द्योतित करते हैं। उद्योगपति कंपनियों को स्थापित करने के लिए जंगलों एवं पहाड़ों को काटते जा रहे हैं। पहाड़ी के पेड़ से अचानक किसी दिन आवाज आती है। लाख चाहते हुए भी मेरा भू-स्खलन अब नहीं रुक सकता है, क्योंकि मेरे नीचे गहरी खाई बनती जा रही है। मेरे शिलाखंड निराधार होते जा रहे हैं। यही पर्यावरणीय चिंतन है। कालबेलिया स्त्रियाँ लोक धुनों पर नृत्य करती हुई संगीत को गाती रहती हैं। बंजारों के मंदिरों में फूल, अक्षत, रोली एवं सजदे में लोग शीश नहीं झुकाते हैं। इनके मंदिरों में केवल टेसू के फूल चढ़ते हैं। इनकी आँखों के कोने से निकली हुई प्रकृति के प्रति लगाव ही आदिवासी संस्कृति एवं चिंतन का बोधक है। किसान भिनसारे जागकर खेतों की सिंचाई करते हुए गेहूँ, चना, धान एवं सरसों की फसलों की निराई-गुड़ाई करता है। लोगों का कहना है कि आजादी की लड़ाई में इनका योगदान नहीं रहा है। इनमें फिल्मों की तरह नायकत्व ढूँढ़ने वाले जरुर निराश होंगे। उन्हें पता नहीं हैं कि ये अपनी लाठी से दस लोगों को एक साथ परास्त करते हुए मिट्टी में दफना दिया था। ये मेड़ों पर उगते जिद्दी मोथे की हरी घास की तरह सदैव चेहरे पर मुस्कान लिए हुए लोग के क्षुधा की तृप्ति करते हैं। यह आजादी की लड़ाई से कम महत्वपूर्ण कार्य नहीं है। पलिहर के खेतों बोए गए बीजों को अँखुआते एवं सुनहरी धान की नृत्य करती बालियाँ को देखकर किसान का हृदय अह्लादित होता है। जब अहंकारी घमासान ठंड के दिनों में उनके घरों की हांडियों एवं अन्न रखने वाले वर्तनों में अनाज खत्म हो जाते हैं तो घर-परिवार का भरण-पोषण करना उनके लिए दूभर हो जाता है। 'मौसम' कविता से किसान के जीवन की पीढ़ा को देखा जा सकता है-

''उमस में पसीने से तर
थक कर चूर हो गया किसान
एक कान बंद करके बिरहा गाता है
खेत के दुख हवा में फेंकता
बहुत देर तक देखता रहता है
ऊपर से गुजर रहे बादलों की ओर।''[11]

इनकी कविताएँ स्त्री जीवन के मुद्दों को रेखांकित करती हैं। दलित-उपेक्षित स्त्री मुधुना फुआ अपने पेट-पर्दा को चलने के लिए बगीचे को अगोरती है। मुधुना को विधवा होने के कारण मंगल कार्यों से वंचित रहना पड़ता है, जिसकी पीड़ा उसे निरंतर सालती रहती है। यही वजह है कि इस प्रश्न का जबाब वह कुएँ, तालाब एवं चाँद-तारे से पूछती रहती है। कामगार स्त्रियाँ अपनी कमर में डलिया को बाँधे हुए पहाड़ों से जड़ी-बूटियों एवं बहुमूल्य पदार्थों को एकत्रित करके उन्हें बेचकर घर-परिवार का भरण-पोषण करती हैं। दफ्तरों एवं अन्य क्षेत्रों में काम करने वाली स्त्री के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। समाज में उनकी अस्मत को कुचला जा रहा है। आँचल से बेटी के पसीना को पोछती हुई माँ कहती है कि घूम रहे भेड़िए के रूप में मनुष्यों की बात को अनसुना करके अपनी निगाह को नीचे करके राह पर चलती रहने का सलाह देती हुई विषधारी मनुष्यों, आदमखोरों एवं वहशी इरादे वाले लोगों से बेटी की अस्मिता को समाज में बचाए रखने का डर निरंतर माँ को सताता रहता है। 'नया फैशन' कविता से स्त्री जीवन के दंश को देख सकते हैं-

''कॉलेज के लिए निकलते समय
लड़की की स्मृति में
विष की पिचकारी मारते
साँप आते हैं
कुछ आदमखोर जानवर आते हैं
जिनके नुकीले दाँतों में खून लगे हैं
और जिनके पंजों में बहशी इरादे हैं
एसिड फेंक कर जला दिये गये चेहरे वाली
अखबार में छपी
एक लड़की की तस्वीर आती है।'' [12]

अनिल मिश्र की कविताएँ रोजगार की तलाश, नौकरी के लिए स्थानांतरण एवं विस्थापन का जीवन एवं संस्कृति को चित्रित करती हैं। युवा नौकरी के लिए देवी-देवताओं से विनती कर रहा है। फिर भी उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। युवा पीढ़ी रोजगार के लिए प्रधानमंत्री के ट्वीट एवं घोषणा का इंतजार कर रही है। सरकारें सिर्फ स्टैण्डर्ड एवं पुअर्स की रेटिंग में लगी हुई युवाओं के कैरियर के साथ धोखाधड़ी कर रही हैं। रोजगार की तलाश में अपने सपनों को साकार करने के लिए भटकते हुए युवा शहरों की ओर पलायन करते जा रहे हैं। 'नया मकान और पहचान' कविता में कवि का स्वयं की नौकरी के दौरान बदलते घरों से विस्थापित जीवन की अनुभूति है। कवि का पिछले घरों में व्यतीत किए गए दिनों की स्मृतियों का एलबम एवं विस्थापित होने की पीड़ा है। नए मकान में पहुँचते ही सामानों को उचित स्थान पर रखते हुए नए घर में परिचित होने का अहसास है। 'मैं घर हूँ बहुत घरों का' कविता में कवि एक घर को छोड़कर नए घर एवं शहर में नौकरी के लिए विस्थापित होते हुए शरीर में उपस्थित मांस-मज्जे की तरह उसके हृदय में कई घर बस जा रहे हैं। साथ ही ऑफिस लौटते हुए कवि देखता है कि दीवारें और छत बच्चों के साथ छू-सत्ता एवं गेंद खेल रही हैं। तीन पत्तियों वाला पौधा शिशु की तरह मुस्कुराते हुए मुझे ताक रहा है। दूब की फुनगी सूरज को दिए गए अरघ की तरह चमक रही है। यही वजह है कि कवि का नौकरी में घर-शहर से विस्थापित होने की पीड़ा साफ झलकती है। 'फुलगेन' कविता से रोजगार की तलाश एवं विस्थापित जीवन की बानगी देखी जा सकती है-

''एक गली से दूसरी
दूसरी से तीसरी
फिर ढूँढ़ने लगा पहली
दाखिल हुआ था जिससे
भूल गया मैं खोज रहा था
इसीपुर गाँव से आया
रोजगार की तलाश में एक युवक
या अँधेरी सुरंग के अँधवलय में छिपता
अपना ही कोई चेहरा।'' [13]

अनिल की कविताएँ संचार-क्रांति, बाजारवाद, भौतिकतावाद, बदलते जीवन शैली, शहरी जीवन एवं संस्कृति के साथ यांत्रिकता से आधुनिकता की प्रवृत्तियों को उजागर करती हैं। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया सूचनाओं को व्यक्तियों के बीच परोस रहा है। मोबाइल लोगों को आपस में जोड़ रहा है। सुल्तानपुर चांदा वाले फुलगेन इसीपुर गाँव से शहर आए युवक को मोबाइल

द्वारा सूचना संप्रेषित करने की बात करते हैं। यही संचार-क्रांति है। शहरों में किसी तरह की दुर्घटना होने पर यांत्रिक मशीने यथास्थान पर पहुँच के लिए अपनी आवाज को महाशोर में बदलती हुई आगे बढ़ती रहती हैं। बम्बई शहर के हजारों-हजार दीवाने मनोरंजन एवं मन बहलाने के लिए शाम में जूही-चौपाटी जाते हैं। ये लोग बिनाका गीतमाला के नगमों पर थिरकते हुए 'ये है बॉम्बे, ये है बॉम्बे, ये है बॉम्बे मेरी जान' गीत को गाते हुए झूमते रहते हैं। मैं लकुट-कमरिया लिए हुए गाँव से दिल्ली, मुंबई या किसी और शहर को चला जाता हूँ तो मुझे शहर गमलों के रंग की तरह अपने रंग में रंग देता है। शहर के लोगों की सुबह चाय से प्रारंभ होती है। कॉलोनी में निवास करने वाले लोग अपनी सुख-सुविधा को ध्यान में रखते हुए कॉलोनी के पहरेदार की सीटी की आवाज एवं उसका गली में गश्त लगते रहने से निश्चिंत मुद्रा में रात्रि गुजरते हैं। यह बदलते जीवन शैली एवं शहरी जीवन एवं संस्कृति का अनूठा उदहारण है। व्यक्ति दुकानदार से घर के लिए राशन, बच्चों के जरूरत की सामान एवं अन्य वस्तुओं को खरीदते हुए मोलभाव करता है। बाजारबाद वस्तुओं को अपनी आवश्यकतानुसार रच गढ़ रहा है। मिट्टी से निर्मित गमले में गुलाब बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज करता हुआ लोगों के घरों में सजावट की जरुरत की वस्तु बनता जा रहा है। भौतिकवादी दौर में बाजारवाद लोगों पर इस कदर हावी होता जा रहा है कि घरों में पड़ी वस्तुओं को लोग पहले इस तरह स्पर्श करते थे कि वस्तुओं पर खरोंच न आ जाए। बाजारवाद एवं समय की माँग को ध्यान में रखते हुए लोग घर की पुरानी वस्तुओं को रद्दी समझकर उसे कबाड़ी को कम दामों में सुपूर्द कर देते हैं। 'रद्दी' कविता से आधुनिकता एवं बाजारवाद का नमूना देख सकते हैं-

''इस व्यावहारिक संसार में
आखिर छोड़नी होती है पुरानी वस्तुओं को
नयी वस्तुओं के लिए जगह
ओल्ड आर्डर चेंजेथ यिल्डिंग प्लेस टू न्यू
दिल का पता नहीं
तो अब हम उन्हें
सुविधा के लिए रद्दी कहेंगे।''[14]

अनिल की कविताएँ जीवन में तनाव एवं संशय के साथ आतंकवाद से जुड़ मुद्दों की पड़ताल करती हैं। बस या ट्रेन में यात्रा करते समय बगल वाली सीट पर बैठा अनजान यात्री जब मुझसे मेरा नाम पूछता है तो अचानक मेरे शरीर में डर-सी सिहरन दौड़ जाती है। उसके शब्द काँच की किर्चियों से ज्यादा नुकीले होते हुए समय के गर्भ में सीधे गढ़ जाते हैं, जिससे भविष्य में खून-खराबा होने की आशंका बनी रहती है। बहेलिए रूपी आंतकवादी भोली-भाली चिड़िया रूपी जनता को अपनी जाल में फँसाता जा रहा है। वे अखबारों की नजरों से अपने को ओझल रखते हुए उसके आत्मघाती पदार्थों के दरकने से जनता में दहशत का माहौल बनता जा रहा है। आतंकवादियों के युद्ध के नगाड़ों की ध्वनि एवं खूनी नारों की आवाज से जनता की आत्मा लहुलुहान हो रही है। ये लोग अनेक किरदार भूमिका को अदा करते हुए लोगों की जान ले रहे हैं। शक्तिशाली देश कमजोर देशों पर अपना अधिपत्य स्थापित करने के लिए एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। जहाँ जनता खून से लथपथ है। उसके चिथड़े हवा में उड़ रहे हैं। 'अच्छा है सबकुछ नहीं जानते हम' कविता से जीवन में संशय एवं आतंकवाद का मजमून प्रस्तुत है-

''हजारों येजदी लड़कियाँ
बन चुकी हैं बंधक
आईएसआईएस लड़कों की
मौसम के बदलते तेवर से
आधी दुनिया में
बर्फ जैम चुकी है।''[15]

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि अनिल की कविताएँ संवेदनाओं का क्षरण, सामाजिक विद्रूपतता, व्यक्ति एवं समाज में फैलती वैमनस्ता, गरीब-वंचित समाज की जलाहत भरी जिंदगी के साथ दूसरे दुखों में सरीख होते लोगों द्वारा नए समाज की संकल्पना प्रस्तुत करती हैं। प्रेम, सौहार्द, भाईचारे, संबधों की जीवंतता एवं घर-परिवार के सदस्यों में आत्मीयता के भाव को रेखांकित करती हुई इनकी कविताएँ संयुक्त परिवार की अवधारणा का जीवंत उदाहरण पेश करती हुई अपनों से बिछुड़ने की पीड़ा, पड़ोसियों के संबंधों में विश्वास एवं

प्रेम की प्रगाढ़ता द्वारा रिश्ते-नातों का तानाबाना बुनती हुई उद्योगपतियों का श्रमिकों के प्रति क्रूर व्यवहार, श्रमिकों के बदहाली की जिंदगी एवं घर-परिवार का भरण-पोषण करने के लिए अथक परिश्रम करते कामगारों द्वारा श्रम संस्कृति को रेखांकित करती हैं। साथ ही अक्षत, दूब, अर्घ, साँझा संस्कृति एवं संतों-महात्माओं की वाणियों द्वारा भारतीय संस्कृति को स्पष्ट करती हुई लहलहाती फसलों का आकर्षण, गाय का अपने बछड़े के लिए रंभाने, गाँव के चौपाल में लोगों की बतकही, लोक गीत एवं परंपराओं द्वारा ग्रामीण जीवन एवं संस्कृति को गढ़ती हुई समुद्र के लहरों के गर्जन, चाँदनी रात में हरित प्रदेश का झुमना, चाँद का बादल की चादर को ओढ़कर जाड़े की रात गुजारने द्वारा प्रकृति का चित्रण को रेखांकित करती हैं। गला को सींचने के लिए जल का अभाव, हवा के साथ रेतों का उड़ियाना, ठोस पदार्थों का हवा में भाँप बनकर उड़ने एवं थार में लोगों का जीवन दुभर होने द्वारा जल संकट की समस्या एवं रेगिस्तान की स्थिति को अंकित करती हुई सरकार की योजनाओं के झूठे आँकड़े, संसद द्वारा जनता के अधिकारों के कानूनों को निरस्त करने एवं नेताओं के काले कारनामे एवं दोहरे चरित्र द्वारा राजनीति को चित्रित करती हैं। समकालीन विमर्श के तमाम प्रश्नों एवं मुद्दों को अंकित करती हुई बेरोजगारी का दंश, युवाओं का गाँव से शहर, देश-विदेश की ओर पलायन द्वारा विस्थापन की संस्कृति को उजागर करती हैं। साथ ही संचार-माध्यम, बाजारवाद, लोगों के बदलते जीवन शैली एवं फिल्मी गीतों के तराने द्वारा आधुनिकता को रेखांकित करती हुई कमजोर देशों पर अधिपत्य जमाने, खूनी नारों की आवाज से जनता की लहूलुहान होती आत्माएँ एवं लोगों में दहशत का माहौल द्वारा आंतकवाद के मुद्दों को परोसती हुई इनकी कविताएँ वेद-पुराण एवं धार्मिक ग्रंथों में लोक जीवन एवं संस्कृति से जुड़े मुद्दों को दरकिनार करते हुए इन्हें पहली पंक्ति में स्थान नहीं दिए जाने की कहानी ही जिन्हें पहली पंक्ति में जगह नहीं मिली की महाख्यान रचती हैं। ❑

संदर्भ सूची :

1. अनिल मिश्र : भूखे पेट की रात लंबी होगी (लेबर चौराहा), फ्लैप से
2. वही, पृ. 82
3. वही, पृ. 89-90
4. वही, पृ. 34
5. वही, पृ. 10
6. वही, पृ. 20-21
7. वही, पृ. 92-93
8. वही, पृ. 131
9. वही, पृ. 36-37
10. वही, पृ. 45-46
11. वही, पृ. 150
12. वही, पृ. 111-112
13. वही, पृ. 120
14. वही, पृ. 146-147
15. वही, पृ. 105

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विवेचन

समकालीन दलित कविता में दलित जीवन संघर्ष

डॉ. प्रीति के.

एसोसिएट प्रोफेसर एवं
हिंदी विभागाध्यक्ष
कण्णूर विश्वविद्यालय
केरल-670567
8289918100
preethamandeep@gmail.com

दलित कविताओं के मूल में सामाजिक भेदभावजनित पीड़ा और हर प्रकार की वंचनाएँ हैं। लेकिन वे केवल इस तक सीमित नहीं हैं। दलित कविताओं में शोषण-उत्पीड़न से मुक्ति के स्वर भी हैं । समकालीन हिंदी दलित कविता अपनी यातनाओं के अतीत के साथ अपने समसामयिक जीवन और परिवेश के साथ गहराई के साथ जुड़ी हुई है, जिससे उसकी प्रासंगिकता अधिक है।

दलित साहित्य का दायरा बहुत विस्तृत है। यह सिर्फ एक दलित या शूद्र का साहित्य नहीं है, दलित साहित्य अपने आप में बेहद व्यापक अर्थ रखता है। दलित शब्द के भीतर छिपा गूढ़ अर्थ, जिस भाव की व्याख्या करता है, वह एक पहचान है उन लोगों की ,जो सदियों से दबे ,कुचले, प्रताड़ित, उपेक्षित लोग हैं, जिन्होंने जीवन के हर क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता, दृढ़ता और मौलिकता सिद्ध की है। इस देश के निर्माण में अपना जीवन स्वाहा किया है। किंतु सत्ता और उसके इर्द-गिर्द बिखरे स्वार्थी तत्वों ने उन्हें कभी भी स्वीकार नहीं किया। भारतीय सामाजिक सांस्कृतिक व्यवस्था में दलित वर्ग को अब तक तमाम सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक अधिकारों से वंचित किया गया है। हिंदी दलित कविता इसी व्यवस्था के प्रति, दलित समाज की वेदना को अपने विद्रोह द्वारा प्रकट करती है। साथ ही अपने सुंदर सकारात्मक भविष्य की कल्पना रखती है। समकालीन दलित कविता परंपरागत तिरस्कार तथा अपमान की बेड़ियों को तोड़कर स्वयं को समृद्ध, सशक्त तथा संपन्न बनाने का आग्रह कर रही है -

प्रचलित परिपाटी से हटकर
मैं भागती हूँ— सब ओर एक साथ
विद्रोहिणी बन चीखती हूँ
गूँजती है आवाज सब दिशाओं में—
मुझे अनंत असीम दिगंत चाहिए
छत का खुला आसमान नहीं
आसमान की खुली छत चाहिए!
मुझे अनंत आसमान चाहिए! [1]

समकालीन दलित काव्य परंपरा के अंतर्गत अनेक कवियों ने अपनी रचना से दलित काव्य जगत को समृद्ध किया है। इन रचनाकारों की कविताओं में युगीन

सरोकारों का निरूपण मिलता है। दलित कविता जाति विशेष से उठकर अपने सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति कर नजर आती है। विगत लगभग पच्चास वर्षों में दलित रचनाकारों की जो पीढ़ी तैयार हुई है, वह अपने समाज के दर्द और अनुभव का इतिहास रचकर दलितों की उन्नति के लिए समाज में वांछित परिवर्तन लाना लक्ष्य करता है। भारत की सभी भाषाओं में दलित जीवन का एक ही इतिहास है। पीड़ा का दंश एक-सा है, वैचारिक जमीन एक है, परिप्रेक्ष्य एक है। बस भाषा का तेवर भिन्न हैं। सभी के प्रेरणा स्रोत डॉ. अंबेडकर ही हैं। समकालीन हिंदी दलित कविता का आंदोलन चेतना के स्तर पर बहुत गहराई से जुड़ा है, जिसकी जड़ में सदियों का अन्याय, अत्याचार और शोषण का इतिहास है। वह वर्ण-व्यवस्था के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक वर्चस्व के खिलाफ प्रतिरोधात्मकता का अपना नया मोर्चा निर्मित कर अपने उज्ज्वल भविष्य की महत्वाकांक्षा करती है।

सभी मनुष्य जन्म से स्वतंत्र, समान गरिमा तथा अधिकारों से युक्त है। फिर दलित लोगों को सभी क्षेत्र में असमानता भोगना उनकी नियति बन गई है। इस असमानता का अंत कर दलितों की पहचान बनाने का आग्रह यहाँ मिलता है –

''यह सब नहीं चलेगा / अब हर क्षेत्र में होगी / समान रूप से हिस्सेदारी /शासन-प्रशासन से लेकर / मैला ढोने, जूती गाँठने /और झाड़ू लगाने तक के काम में भी /बाँटनी होगी समानता।''[2]

दलित शोषण आज भी जारी है । प्रतिदिन ऐसी घटनाएँ घट रही हैं। सवर्ण जातियाँ आज भी दलितों को भयभीत रखने के लिए अमानवीय अत्याचार करती हैं। कहीं उन्हें जिंदा जलाया जाता है तो कहीं उनकी बस्तियों में आग लगा दी जाती है। कानून और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था सवर्णों की मदद करती है। यह अनुभव सुशीला टाकभौरे की कविता की पृष्ठभूमि है। अपनी कविताओं से वे व्यवस्था पर चोट कर रही हैं। सामाजिक परिवर्तन और सामाजिक न्याय की पूर्ति करके एक मंगलमय भविष्य की कामना उनका लक्ष्य है। उनके प्रसिद्ध कविता संग्रह हैं- 'स्वाति बूँद और खारे मोती' (1992), 'यह तुम भी जानो' (1994), 'तुमने उसे कब पहचाना' (1995), 'हमारे हिस्से का सूरज' (2005) आदि । उगते अंकुर की तरह जियो कविता की पंक्तियाँ यहाँ उल्लेखनीय हैं। यातना से विद्रोह तक और विद्रोह से भविष्य के स्वर्णिम स्वप्न तक पहुँचाने की प्रेरणा इसमें निहित है-

''स्वयं को पहचानो
चक्की में पिसते अन्न की तरह नहीं /उगते अंकुर की तरह जियो
धरती और आकाश सबका है /हवा प्रकाश किसके वश का है
फिर इन सब पर भी /क्यों नहीं अपना हक जताओ
सुविधाओं से समझौता करके /कभी न सर झुकाओ
अपना ही हक माँगो/नयी पहचान बनाओ
धरती पर पग रखने से पहले /अपनी धरती बनाओ।''[3]

सुशीला टाकभौरे की इन कविताओं की सृजन भूमि है -जातीय उत्पीड़न तथा स्त्री जीवन का दोहरा अभिशाप। उनकी कविता 'तेरे अन्याय से तंग आकर' में वह पूरे दलित स्त्री वर्ग को अपने सपनों को पूरा करने के लिए सबला बनकर स्वयं अपने अस्तित्व और अधिकार खोजने की सलाह दे रही हैं-

''अबला पर शासन किया तुमने
उसके जीवन-मृत्यु पर अधिकार
तेरे अन्याय से तंग आकर
खोज रही है
अब यह सबला
अपना अस्तित्व
अपना अधिकार।'' [4]

ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविता 'नया इतिहास रचेंगी' दलित समाज के प्रति सदियों से अपनाए गए घृणित रवैये को बेपर्दा करती है। दलित के शोषण के दो मुख्य कारण हैं- गरीबी और अशिक्षा। समकालीन दलित कविता व्यापक परिवर्तनकारी उद्देश्यों को लेकर चल रही है। वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन कर नए इतिहास का निर्माण करना चाहती है-

''मेरी पीढ़ी ने अपने सीने पर
खोद दिया है संघर्ष

जहाँ आँसुओं का सैलाब नहीं
विद्रोह की चिंगारी फूटेगी
जलती झोपड़ी से उठते धुएं में
तनी मुट्ठियाँ
तुम्हारे तहखानों में
नया इतिहास रचेंगी।''[5]

यह जाति एवं वर्ण व्यवस्था सवर्ण समाज की सुनियोजित एवं सुखाकांक्षी तथा सुविधाप्रद सामाजिक व्यवस्था है, जिसके तहत उच्च वर्गों को निम्न जातियों के उत्पीड़न के अधिकार स्वत: प्राप्ता हैं। कवि राजेश कुमार रवि अपनी कविता 'हमको मिला जियावनहारा' में ऐसी असमानता के प्रति आक्रोश व्यक्त कर इससे मुक्ति की आकांक्षा रखते हैं–

''असमानताओं के दुराग्रही अन्धकार में
अग्नि-लपटों से बबकते
बाबासाहेब का कहा / लिखा
हर शब्द है ऐसे
किन्तु फिर भी यह
हमारी आंखें नहीं चौंधियाता है
हां, शोषण से मुक्ति की
हमें राह अवश्य दिखाता है..... ''[6]

दलित साहित्य के प्रेरणास्त्रोत एवं कांतिकारी विचारक बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की मानवतावादी, समाजवादी विचारधारा ने दलित साहित्य को एक नई दिशा प्रदान की तथा इस विचारधारा ने दलित समाज में विद्रोह, क्रांति और संघर्ष की ज्वाला प्रज्ज्वलित कर दी, जिसके फलस्वरूप दलित समाज अब सिर्फ भोगे हुए सत्य को ही नहीं, बल्कि मनुवादी वर्ण व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए संघर्षरत है। इस संदर्भ में कवि विश्वप्रताप भारती अपनी कविता 'मुझे इंतजार है उस दिन का' के माध्यम से बता रहे हैं कि एक दिन सभी दलित अपनी गुलामी की जंजीरें तोड़कर अपने अधिकार के लिए, सवर्णों से संघर्ष कर आगे बढ़ेंगे–

''रोज-रोज / नीच अछूत / सुन-सुनकर मैं निश्चल
पत्थर सा / हो गया हूँ / अत्याचार सह के / सिर झुकाए

/ गुलामी की जंजीरों से बंधा हूँ। मुरझा गई है / मेरे प्राणों की ज्योति / लेकिन फिर भी जला रहा हूँ / क्योंकि / मुझे इंतजार है उस दिन का जिस दिन मैं / अपनी सिसकियों से अपने अन्दर की चिंगारी को / भड़कने पर मजबूर कर दूँगा। और फिर / उन गुलामी की जंजीरों को तोड़कर उस पाखंड से लडूंगा / जो आदर्शों के / विभिन्न रूपों का चोला पहनकर / तमाशाई बनकर / तथाकथित धर्म की किताबों में सजा है / जिसके कारण मेरी शानो- शौकत में / धब्बा लगा है।''[7]

कवि ओमप्रकाश वाल्मीकि उस दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जब समानता का अधिकार न सिर्फ कानूनी तौर पर, बल्कि वास्तविक रूप में लागू हो जाएगा, छूत-अछूत का भेदभाव समाज से मिट जाएगा और सभी मानव समान हो जाएँगे। कवि ने यहाँ आशावादी दृष्टि से यह बतलाया है कि एक-न-एक दिन उनको अपने अधिकार मिलेंगे तथा वे समर्थ होंगे-

''मेरी माँ ने जने सब अछूत ही अछूत
तुम्हारी माँ ने सब बामन ही बामन
जबकि प्रजनन क्रिया एक ही जैसी है।
कितने ताज्जुब की बात है
वह दिन कब आएगा
जब बामन नहीं जनेगी बामन
चमार नहीं जनेगी चमार
भंगी नहीं जनेगी भंगी
तब नहीं चुभेंगे
जातीय हीनता दंश''[8]

डॉ. राजवीर सिंह कमल की 'अन्ना हजारे' नामक कविता राष्ट्रीय एकता मजबूत कर, सामाजिक भेदभाव तोड़ने का आह्वान देती है, जिससे दलितों का जीवन सुखमय एवं संतोषप्रद बनता है-

''अब तुम अपनी मुहिम में /
तमाम भ्रष्टाचारों के साथ-साथ /
मानवीय भ्रष्टाचार को भी जोड़ दो /
इन्सानियत को बांटने वाली /
दीवारों को तोड़ दो /जाति, धर्म, भेदभाव भुला
सब एक हो /राष्ट्र एकता हेतु
पूरे आवाम को / एक कड़ी से जोड़ दो।'' [9]

शिक्षा का अभाव दलितों की स्थिति और दयनीय बना देता है। जातिवादी वातावरण उनके शिक्षा हासिल करने में रोड़ा बनता है। श्यौराज सिंह 'बेचैन' की 'लड़की ने डरना छोड़ दिया' कविता में शिक्षा से मिले आत्मविश्वास की झलक दिखाई देती है-

''अक्षर के जादू ने /उस पर असर बड़ा बेजोड़ किया
चुप्प रहना छोड़ दिया /लड़की ने डरना छोड़ दिया
हँसकर पाना सीख लिया/ रोना-पछताना छोड़ दिया/
घुट-घुटकर/ अब नहीं मरेगी, मंच पै चढ़कर बोलेगी
समय और शिक्षा/ ने उसके चिंतन का रुख/मोड़ दिया।''[10]

सवर्णों को दलितों का आरक्षण काँटे की तरह चुभता है। यहाँ कवि ने इस प्रकार की घिनौनी मानसिकता का पर्दाफाश किया है, जहाँ पर वर्णवादी सामाजिक व्यवस्था की सभी सुविधाएँ सवर्णों के लिए आरक्षित हैं, बाकी असुविधाएँ दलितों के हिस्से में। इस अव्यवस्था को तोड़कर एक व्यवस्थित समाज की कल्पना एवं प्रतीक्षा कर रहा है-

सीखना होगा दलितों को भी
कलम का महत्व
हथियार के रूप में उसका प्रयोग
क्योंकि कलम से लिखे जा सकते हैं
परिवर्तन के गीत,
ध्वस्त किए जा सकते हैं अन्याय के किले।''[11]

यहाँ दलित कवि सिर्फ कलम का सिपाही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और जागरण का कार्यकर्ता भी रहा है। अंबेडकर के सपनो को दलितों के जीवन में साकार कर सामाजिक परिवर्तन लाना वह लक्ष्य करता है-

''सदियों से शोषित पीड़ित
दिवा स्वप्नों को
साकार करना चाहते हैं
बाबा साहब के सपनों को
जीवन में यथार्थ करना चाहते हैं।''[12]

अत: समकालीन हिंदी दलित कविता अपनी यातनाओं के अतीत के साथ अपने समसामयिक जीवन और परिवेश के साथ गहराई के साथ जुड़ी हुई है, जिससे उसकी प्रासंगिकता अधिक है। उनके स्वर में सच्ची संवेदना और गहरे दर्द निहित हैं। साथ ही मानवाधिकारों की जोरदार वकालत करती है। अब दलितों ने शिक्षा के माध्यम से अपने हक और अधिकारों को पहचान कर अपने स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लक्ष्य में अन्याय, दमन, शोषण तथा अपमान के खिलाफ आवाज उठाना शुरू कर दिया है। दलित कविता में अभिव्यक्त आक्रोश, संघर्ष, नकार, विद्रोह, अतीत की स्थापित मान्यताओं से है, वर्तमान के छद्म से है, लेकिन मुख्य लक्ष्य जीवन में घृणा की जगह प्रेम, समता, बंधुता, मानवीय मूल्यों का संचार कर समाज में दलितों को सब के साथ समानता प्रदान करना है। दलित कवि अपने सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ रचना कर्म में जुड़कर साहित्य की सृजनात्मकता में मानवीय सरोकारों, संवेदनाओं और स्वतंत्रता, भाईचारे की भावनाओं को स्थापित कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन कर अपने स्वर्णिम भविष्य को साकार करने के लिए नए इतिहास का निर्माण करना चाहते हैं । ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. दलित निर्वाचित कविताएँ, संपादक : कँवल भारती (रचनाकार -सुशीला टाकभौरे), पृष्ठ 142
2. जयप्रकाश कर्दम, गूँगा नही था मैं, पृष्ठ 17
3. सुशीला टाकभौरे, प्रतिनिधि कविताएँ, पृष्ठ 36
4. दलित निर्वाचित कविताएँ, संपादक : कँवल भारती (रचनाकार -सुशीला टाकभौरे), पृष्ठ 145
5. ओमप्रकाश वाल्मीकि, सदियों का संताप, पृष्ठ 49
6. जयप्रकाश कर्दम, दलित साहित्य (वार्षिकी -2013), पृष्ठ 321
7. मोहनदास नैमिशराय (संपादक), बयान, अगस्त 2012, पृष्ठ 29
8. ओमप्रकाश वाल्मीकि, बस्स! बहुत हो चुका, पृष्ठ 103
9. जयप्रकाश कर्दम (संपादक) ,दलित साहित्य (2012),पृष्ठ 420
10. श्यौराज सिंह 'बेचैन', क्रौंच हूँ मैं, पृष्ठ 48
11. जयप्रकाश कर्दम, तिनका तिनका आग, पृष्ठ 30
12. डॉ. सुशीला टाकभौरे, हमारे हिस्से का धूप, पृष्ठ 48

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

द वेल डिगर्स डॉटर : प्रेम, परिवार और परंपरा की एक मार्मिक यात्रा

डॉ. आनंद कुमार सोनी

असिस्टेंट प्रोफेसर
अमिटी विश्वविद्यालय, पटना-801503
9628729204
aksoni@ptn.amity.edu

उत्कर्ष कुमार मिश्रा

ट्रेंड ग्रेजुएट शिक्षक
सर्वोदय विद्यालय
नई दिल्ली-110006
9120969635
utkarsh.mishra.bhu@gmail.com

शोध सार :

मार्सेल पाँइयोल फ्रेंच सिनेमा के लिए एक मील का पत्थर हैं। फ्रेंच सिनेमा को उसकी बुलंदियों तक ले जाने का श्रेय इन्हीं को जाता है। तभी तो उनकी मृत्यु के 50 साल बाद भी उनके उपन्यासों और चलचित्रों को आज भी सराहा जाता है। पाँइयोल समय-समय पर अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज की असंवेदनाओं पर गहरा प्रहार करते रहे हैं। उन्होंने अपने चलचित्र और अपने लेखन के बीच के अंतर को अधिक-से-अधिक कम करने की कोशिश की है।

प्रस्तावना :

सुबह का समय है, सूर्य धरा तथा वृक्षों पर स्वर्ण बिखेर रहा है। नदी का कलकल, पक्षियों की चहचहाहट के साथ मिल कर एक मधुर उन्नाद उत्पन्न कर रहा है।

26 वर्षीय जैक नदी किनारे बैठा मछलियों की प्रतीक्षा कर रहा है तथा प्रकृति के इस सौंदर्य का आनंद ले ही रहा होता है, तभी देखता है कि एक सुंदर युवती सरिता तट पर खड़ी उसे पार करने का प्रयास कर रही है। युवक उसे देख बहुत रोमांचित हो उठता है, उसकी आँखों में चमक आ जाती है, वो चाह कर भी खुद को रोक नहीं पाता है और उसकी सहायतार्थ वहाँ पहुँचता है तथा उसे नदी पार करा देता है।

पर जब हम इसका चलचित्र देखते हैं तो ये दृश्य उपन्यास के अक्षरों की तुलना में धूमिल प्रतीत होता है। यहाँ पर हम वर्णन कर रहे हैं, प्रसिद्ध फ्रांसीसी लेखक 'मार्सेल पाँइयोल' कृत एक बहुचर्चित उपन्यास 'द वेल डिगर्स डॉटर' का। यह उपन्यास मार्सेल ने 1940 में लिखा तथा इस पर एक फिल्म स्वयं के निर्देशन में बनाई। फिर 2011 में डेनियल ऑतोइल के निर्देशन में इसे दोबारा उजागर किया गया।

मार्सेल का ये उपन्यास नायिका के अंतर्द्वंद्व, पिता के संघर्ष तथा समाज के अमानवीय बंधन को सीधे तौर पर उदीप्त करता है। यह एक कालजयी कहानी है,

जो प्रेम, नैतिकता और सामाजिक उपेक्षाओ की पड़ताल करती है। इस उपन्यास का केंद्र पैट्रिसिआ है, जो एक कुआँ खोदने वाले 'पास्कल' की पुत्री है। पास्कल एक विधुर है, जिसकी 5 और पुत्रियाँ होती हैं, परंतु घर की आर्थिक स्थिति संघर्षशील होती है। पास्कल का साथी फेलिप पैट्रिसिआ को पसंद करता है और उसे अपनी जीवन संगिनी बनाना चाहता है।

विशिष्ट शब्द :

पारंपरिक भयादोहन, परंपरा, नायिका, माजेल, प्रेम, संवेदनाएँ।

अध्ययन का उद्देश्य :

प्रस्तुत अध्ययन के कई उद्देश्य हैं, जिसमें उपन्यास और चलचित्र के बीच अंतर , प्रमुख किरदारों का चरित्र चित्रण, पारिवारिक संवेदनाएँ और समाज का उदासीन रवैया और उसके प्रभाव शामिल हैं।

मूल आलेख :

पैट्रिसिआ को एक 26 वर्षीया फ्रांसीसी सेना के विमान चालक 'जैक माजेल' से प्रेम हो जाता है। जैक के पिता शहर के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी होते हैं। दोनों मिलते हैं, साथ में वक्त बिताते हैं और कालांतर में वो जैक से गर्भवती हो जाती है। जैक को इस बात का पता लगे, इससे पहले उसकी सेना की टुकड़ी विश्व युद्ध में भाग लेने हेतु उसे वापस बुला लेती है। जैक सारी स्थिति से अपनी माँ को अवगत कराता है, और एक स्वहस्तलिखित पत्र पैट्रिसिआ को देने को कहता है। उधर फेलिप भी युद्ध में चला जाता है।

जैक की माता पास्कल की सामाजिक और आर्थिक असमानता की वजह से पैट्रिसिआ को कुछ नहीं बताती है और इधर पैट्रिसिआ को लगता है कि जैक उसको जातीय बंधनों के कारण अपनाना नहीं चाहता है। वह अपने इस अंतर्द्वंद्व के मध्य सहायता हेतु अपने पिता को सारी स्थिति से अवगत कराती है। पास्कल पहले तो स्तब्ध रह जाता है, पर अपनी पुत्री के सुरक्षित भविष्य हेतु सपरिवार माजेल परिवार से मिलने पहुँचता है। पहले एक-एक कर माजेल परिवार को अपनी सभी पुत्रियों से मिलवाता है और आखिरी में पैट्रिसिआ को सामने लाता है। वो माजेल परिवार को सारी स्थिति से अवगत करता है। श्रीमती माजेल पास्कल और पैट्रिसिआ को अपमानित करती है।

महोदया माजेल कहती है, ''लेकिन यह पारंपरिक भयादोहन है! किसी शरीफ घर के लड़के को फँसाने के लिए ये एक बहुत ही सरल उपाय है, हमारे साथ, यह काम नहीं करेगा!''[1]

माजेल परिवार पैट्रिसिआ को जैक से गर्भवती मानने से इनकार कर देता है और घर से निकाल देता है। लोक लाज और क्रू समाज के ठेकेदारों के भय से पास्कल अपनी पुत्री को सुदूर अपने एक बहन के पास भेज देता है। जहाँ प्रसव के दौरान वो एक सुंदर बालक को जन्म देती है। एक दिन माजेल परिवार को जैक की मृत्यु का समाचार मिलता है और धीरे-धीरे शहर में जैक की मृत्यु की जनश्रुति होती है, माजेल परिवार बहुत हतोत्साहित हो जाता है।

उधर एक दिन पास्कल अपनी पुत्री (पैट्रिसिआ) से मिलने जाता है। वहाँ वो जैक और पैट्रिसिआ के बच्चे को देखता है। उसके लिए वो पल कुछ रुक-सा जाता है, बच्चे का मासूम चेहरा देखकर वो मोहित हो जाता है, उसका हृदय परिवर्तन हो जाता है। वो पैट्रिसिआ को घर ले आता है। अब उसे किसी भी सामाजिक लांछन की परवाह नहीं है। वो अपने घर में सभी बच्चों के साथ खुश है।

पैट्रिसिआ की खबर मिलते ही माजेल परिवार बच्चे को देखने आता है। वो अपने घर के अंतिम चिराग को अपनाना चाहता है, जिसके लिए वो पास्कल को प्रलोभन भी देता है।

जब श्रीमती माजेल बच्चे को गोद में उठाती हैं तो पूछती हैं, *''लेकिन उसके पिता, क्या आप जानते हैं कि वह मेरा बेटा था?''*[2]

और वो यह भी कहते हैं कि, *''हमारे पास पैसा है... जो अब हम दोनों के लिए पर्याप्त है... हम उसके लिए छोटी-छोटी चीजें खरीद सकते हैं... ''*[3]

पैट्रिसिया कहती है कि ये बच्चा जैक का नहीं है।

वो जैक से कभी मिली ही नहीं। तब जैक की माँ नाटक से पर्दा उठाती है और बताती है की जैक मुझे सब बता कर गया था तथा पैट्रिसिआ लिए एक पत्र भी छोड़ कर गया था।

''ये मैं थी जिसको तुमसे मिलना था। मैं वहाँ गई थी। तुमको देखा था। और वो पत्र, मैंने उसको जला दिया था।''[4]

पर लोक-लाज के भय से उसने पैट्रिसिआ को कुछ नहीं बताया था। पर अब ये बच्चा उनकी आखिरी उम्मीद है, जिसे वो खोना नहीं चाहते हैं। उनकी ये स्वार्थी भावना जानकर पास्कल और क्रोधित हो जाता है और उन्हें जाने को कह देता है।

पैट्रिसिआ एक प्राज्ञ युवती होती है, जो माजेल परिवार के दु:ख को समझती है। वो ये समझती है कि उनके जीवन का ये अंधकार केवल ये बच्चा ही दूर कर सकता है, क्योंकि वो खुद उस दु:ख से गुजर रही होती है। इसलिए वो करुणामयी स्त्री अपने बच्चे को लेकर अक्सर माजेल परिवार के घर में आने-जाने लगती है। पास्कल भी अपनी पुत्री को दूर रखकर वो दर्द महसूस कर चुका होता है, इसलिए वो भी पैट्रिसिआ को माजेल परिवार के पास जाने से नहीं रोकता है। बस अपना ख्याल रखने की हिदायत देता है।

फेलिप युद्ध से वापस आ जाता है। अभी भी वो पैट्रिसिआ से बहुत प्रेम करता है और उसको बच्चे समेत अपनाना चाहता है। पर पैट्रिसिआ अब जान चुकी थी कि उसकी छोटी बहन 'अमांडा' फेलिप को पसंद करती है। और अगर उसने फेलिप से शादी की तो अमांडा का दिल टूट जाएगा। इसलिए वो फेलिप के प्रस्ताव को शालीनता से मना कर देती है। फेलिप पैट्रिसिआ को खुश देखना चाहता है।

एक दिन वो एक सुखद समाचार लेकर आता है कि जैक जीवित है। अपने शहर में देखा गया है। यह सुनकर सभी के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता है और अगले क्षण जैक उनके सामने होता है। पैट्रिसिआ, जैक को देखकर भाविभोर हो जाती है और अपनी भावनाओ पर काबू नहीं कर पाती है। घबराकर वो अपने घर भाग जाती है।

जैक को सारी परिस्थितियों से अवगत कराया जाता है। पिता बनने का एहसास उसके लिए बहुत अलग और भावनात्मक होता है। जैक अपने परिवार के साथ पैट्रिसिआ

के घर जाता है। माजेल परिवार जैक का विवाह पैट्रिसिआ से कराने की अनुमति माँगता है , जिस पर सभी एकमत हाँ बोलते हैं। उसी क्षण फेलिप भी अमांडा से विवाह की इच्छा जताता है।

फेलिप कहता है, *''आपकी राय मे शायद जैसा कि मेरे जीजा आपको परेशान करेगा तो क्या होगा ?''*[5]

''आप जानते हैं, यदि आप हमें आमंत्रित नहीं करेंगे, तो हम आपसे कभी नहीं मिलेंगे। और फिर, अगर आपको मेरी अमांडा से शादी पसंद नहीं है, तो मैं इंतजार करूँगा।''[6]

अमांडा फेलिप को पहले से पसंद भी करती है। सभी जन दोनों की विवाह की सहमति देते है।

इसी के साथ ये उपन्यास एक सुखद मोड़ पर समाप्त हो जाता है।

प्रमुख किरदार :

पैट्रिसिआ : कहानी का मुख्य किरदार पैट्रिसिआ है। सारी घटनाएँ उसी के इर्द गिर्द गढ़ी जाती हैं। यह 18 वर्षीय नायिका है। उपन्यास में इसका दृश्य मिलता है कि बचपन में एक संभ्रांत कुटुंब के विवाहित दंपति पैट्रिसिआ को अपनी दत्तक पुत्री मानकर अपने साथ ले गए थे।

कालांतर में उनकी मृत्यु के पश्चात वह अपने पिता पास्कल के पास वापस आ जाती है। हालाँकि हमें चलचित्र में इस बात का बस एक छोटा-सा जिक्र मिलता है।

पैट्रिसिआ एक प्राज्ञ युवती होती है। 18 वर्ष की हिलोरे मारने वाली उम्र में उसे एक युवक से प्रेम हो जाता है और वो उससे गर्भवती हो जाती है।

वो अपने ऐसे कमजोर हालात में फेलिप से भी विवाह कर सकती है, पर अपनी अनुजा अमांडा की खातिर तटस्थ्य रहती है। माजेल दंपति द्वारा अपमानित होने पर भी वो चुप रहती है।

महोदया माजेल कहती है, *''मुझे डर है कि इन अच्छी बहनों ने तुम्हारे साथ अपना समय बर्बाद नहीं किया, क्योंकि आखिरकार, अगर मैं सही ढंग से समझूँ तो तुम मेरे बेटे के के बच्चे की बिन ब्याही माँ होने का दावा करती हो ?''* [7]

पैट्रिसिआ अपनी गर्दन नीचे ही रखती है और कुछ नहीं कहती है। यहाँ तक कि वो अपने पिता को अत्यधिक अपमान से बचाने की राह पर, प्रसव के दौरान वो अपने दूर की रिश्तेदार के यहाँ चली जाती है। इस संघर्ष में वो अपनी आंतरिक पीड़ा कभी नहीं दिखाती है। अपने मन मष्तिष्क में चल रहे अंतर्द्वंद्व का वो डट कर सामना करती है। समाज की आलोचनाओं का भी वो साहसपूर्वक सामना करने को तत्पर रहती है, जो कि उसका अपने पिता, बहन तथा प्रेमी के प्रति, निरा प्रेम को प्रदर्शित करता है और उसके अदम्य साहस का परिचय देता है। अपमानित होने के बाद भी अपने शिशु को वो उसके दादा-दादी से मिलाने ले जाती है, जो ये दर्शाता है कि वह एक प्रज्ञा युवती है, जो अपने से अधिक अपनों की भावनाओ का सम्मान करती है। वो अपने प्रेम के विरह में रहकर माजेल का जैक के प्रति प्रेम और करुणा समझ रही थी। उम्र में छोटी होने पर भी उसका समर्पण सभी बुद्धिजीवियों पर भारी है।

पास्कल : पास्कल कुआँ खोदकर अपनी जीविका चलाने वाला इंसान है। उसकी 5 पुत्रियाँ होती हैं। कहानी में उसे अपनी आर्थिक स्थिति से जूझता हुआ देखा गया है। यहाँ पर यह दर्शाया गया है कि सामाजिक दबाव और लांछन के चलते वो अपनी प्रिय पुत्री को प्रसव के दौरान ही दूर कहीं अपनी बहन के घर भेज देता है। अपनी पुत्री के प्रति दु:ख, सामाजिक संघर्ष के बीच क्षैतिज में वह अपनी बाकी पुत्रियों के भरण-पोषण के दायित्व का निर्वहन भी करता है। कालांतर में पैट्रिसिआ के अबोध बच्चे को देखकर उसका हृदय द्रवित हो जाता है। वो पैट्रिसिआ को अपने घर बुलाने हेतु सारी सामाजिक दरारों को भर देता है, जो कि दर्शाता है कि परंपरा-नियम एक सभ्यता के लिए होते हैं, परंतु जब परंपराओं और नियमों से मानसिक कुठाराघात होने लगे तो मानव इससे निजात पाने हेतु इसे दरकिनार भी कर देता है। आंतिल का अभिनय इस किरदार में प्राण फूँक देता है।

माजेल परिवार : पास्कल समानांतर माजेल परिवार होता है, जो सामाजिक दिखावे में अपनी जीवन शैली, उच्च एवं जीवन स्तर को स्थिर बनाए रखना चाहता है। इसी भय से वो पैट्रिसिआ को अपना नहीं पाते, पर जैक

की मृत्यु का समाचार उन्हें गहन शोक में डाल देता है। उनके जीवन में अंधकार छा जाता है।

एक दिन जब वो पैट्रिसिआ और जैक के बच्चे को देखते हैं तो उनके अंधकार पूर्ण जीवन में उजाले की एक किरण दिखाई देती है।

उनको इतना मानसिक आघात पहुँच चुका है कि वो उससे उबरने के लिए सारे सामाजिक दबावों से परे पैट्रिसिआ और उसके बच्चे को अपनाने पास्कल के घर तक चले जाते हैं। वो ये बात समझ चुके हैं कि जब परिवार ही नहीं तो ये शान ओ शौकत किस बात की, ये सामाजिक दिखावा किसके लिए?

फेलिप : फेलिप प्रेम और त्याग की मूरत बनाकर हमेशा मदद करता रहता है। वह समझता है कि प्रेम का मतलब खुशी देना और आजाद करना है न कि कोई पाश जो आपको आपकी मनमर्जी के विरुद्ध ही बांध ले। वो पैट्रिसिआ से निश्च्छल प्रेम करता है, यद्यपि वो ये भी जानता है कि पैट्रिसिआ जैक से प्रेम करती है। फिर भी वो पैट्रिसिआ की मदद करता है। जब उसे ज्ञात हुआ कि पैट्रिसिआ जैक के बच्चे की माँ बनाने वाली है और जैक उसको कभी नहीं मिलेगा, तब इस दु:ख की घड़ी में वो पैट्रिसिआ का साथ देने आगे आ जाता है। पैट्रिसिआ से विवाह कर वो बच्चे को अपनाना चाहता है। ये उसकी निश्च्छल प्रेम की भावना को दर्शाता है।

एक दिन वो स्वयं जैक के जीवित होने की खबर देता है ताकि सब खुश हो सकें। फेलिप को अपना प्रेम नहीं मिला। अमांडा फेलिप से प्रेम करती है। अमांडा के इस प्रेम विरह को इसीलिए शायद वो समझता है, और उसके प्रेम का सम्मान करते हुए उसको अपनाने की इजाजत माँगता है।

जैक : जैक एक 26 वर्षीय सीधा, सरल और आकर्षक युवा होता है, जो किसी पुरातन दुखदायी सामाजिक बंधन या आर्थिक जीवन स्तर पर विश्वास नहीं रखता है। तभी तो एक संभ्रांत व्यापारी पुत्र होते हुए भी उसने एक कुआँ खोदने वाले की पुत्री से प्रेम किया और शादी भी करना चाहता है। अपने कर्मों के लिए वो बहुत ही दृढ़ है, इसलिए वो पैट्रिसिआ के बारे में अपनी माँ को बता देता है और अपनी माँ से, एक स्वहस्तलिखित पत्र पैट्रिसिआ को देने के लिए कहता है।

वो सभी को खुश देखना चाहता है। इसलिए सभी की स्वीकृति लेकर विवाह करना चाहता है और अपने बच्चे पर भी सभी को सामान अधिकार देता है।

निष्कर्ष :

इस उपन्यास में मार्सेल ने पारिवारिक रिश्तों की महत्ता तथा प्रेम को बखूबी दर्शाया है। और उजागर किया है एक प्रश्न कि क्या कोई सामाजिक बंधन या दीवार इतनी मजबूत हो सकती है, जो कि पिता को अपनी पुत्री से, माता-पिता को पुत्र से, बच्चे को अपने परिवार से दूर कर अंत:कलह में जीवन जीने हेतु बाध्य कर दे। ऐसी मनोस्थिति के साथ लोग एक सुदृढ़ भविष्य की क्या कल्पना कर पाएँगे।

इस कहानी में सामाजिक मूल्यों का सख्ती से पालन दिखाया गया है और इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि क्या पैट्रिसिआ द्वारा सामना किए गए संघर्ष और चुनौतियाँ अभी भी प्रासंगिक हैं? ❑

*नोट : *1, 2, 3, 4, 5, 6 व 7 किरदारों की वार्ता से अनूदित।*

संदर्भ सूची :

- La fille du puisatier. Marcel Pagnol. Éditions de Fallois.
- https://en.wikipedia.org/wiki/The_Well-Digger%27s_Daughter_(1940_film)
- https://m4uhd.tv/watch-movie-the-well-diggers-daughter-2011-275565.html
- https://www.rogerebert.com/reviews/the-well-diggers-daughter-2012
- Thecrimson.com/article/1958/3/4/the-well-diggers-daughter-pithe-well-diggers/ Taylor & Francis online Marcel Pagnol, Vichy and Classical French Cinema Ginette
- Vincendeau Pages 5-23 | Published online: 03 Jan 2014
- https://www.npr.org/2012/07/19/156732403/a-stubborn-old-soul-stumbling-into-modernity

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

संस्कृति

असम की तिवा जनजाति

डॉ. जोनाली बरुवा

असम विविध रंगी और विविध जनजातीय समूहों की कला-संस्कृति की लीलाभूमि है। इसके पहाड़ों, मैदानों में विस्तारित है इंद्रधनुषी कला संस्कृति का रंग, रूप और गंध। अनेक जनजातियों की अपनी विशिष्ट रीति-नीति भाव-भंगिमा से समृद्ध है असम। अनूठी विशेषताओं से परिपूर्ण प्रत्येक जनजाति की कला-संस्कृति असम के आभूषण स्वरूप हैं। इन आभूषणों से अलंकृत असम वर्षों से आकर्षण का केंद्र रहा है। विभिन्न संस्कृतियों के समन्वय से ही वृहद असमीया जाति गठित है। प्रकृति की रम्य भूमि असम में प्राचीन समय से ही ऑस्ट्रिक, मंगोलीय, अल्पाइन और आर्य जाति के लोगों का आगमन होता रहा है। फलस्वरूप एक विशाल संस्कृति की मिलन भूमि और सांस्कृतिक केंद्र बन गया है असम। अनेकानेक जाति, जनजातियों के अपनी-अपनी विशिष्ट संस्कृतियों से समृद्ध असम में एक लघु भारत का रूप पा चुका है। समन्वय का ऐसा उदाहरण अन्यत्र देखने को नहीं मिलता। आडंबरहीन और उत्कृष्ट कला-संस्कृति की ज्योति बिखेर कर प्राचीन समय से ही असम भूमि में ये जनजातियाँ निवास करती रही हैं। पर्वत मैदान को एक कर, समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण यहाँ देखने को मिलता है।

असम में निवास करने वाली इन्हीं जनजातियों में से एक उल्लेखनीय जनजाति है तिवा जनजाति। बोडो जनजाति के अंतर्गत आने वाली तिवा जनगोष्ठी अपनी अलग भाषा, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से समृद्ध है। असम के मोरीगांव, नगांव, कामरूप कार्बी आंग्लोंग और धेमाजी जिले के अतिरिक्त सदिया जिले में भी तिवा जनजाति के लोग निवास करते हैं। निवास स्थान की भौगोलिकता के आधार पर तिवा लोगों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है, पहाड़ी तिवा और मैदानी तिवा।

विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर
मरिधल महाविद्यालय
धेमाजी, असम-787057
9864108413
jonaliboruah7@gmail.com

कार्बी आंग्लोंग जिले के हामरेन महकमे के आमला और आमरी इलाके में निवास करने वाले लोगों को पहाड़ी तिवा कहा जा सकता है। दूसरी ओर, मैदानी क्षेत्र में निवास करने वाली तिवा जनजाति के लोगों को मैदानी तिवा कहा जा सकता है। पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाली पहाड़ी तिवा जनजाति के लोग ही अपनी मूल भाषा, परंपरा, रीति-नीति, रहन-सहन, खानपान आदि को संरक्षित रखे हुए हैं और आधुनिकता के प्रभाव से पुरानी परंपराएँ बची हुई हैं। इन पहाड़ों में ही तिवा संस्कृति बची हुई है। दूसरी ओर मैदानी तिवा जनजाति के लोग वृहत

असमीया जाति की भाषा, संस्कृति, आचार-व्यवहार को अपनाकर अपना मूल परिचय लगभग खो चुके हैं। इनमें से कई लोगों ने वैष्णव संस्कृति को अपना लिया है और असमीया भाषी समाज के साथ एकाकार हो गए हैं।

तिवा लोगों का प्रव्रजन :

असम के तिवा अथवा लालुंग यहाँ के मूल आदिवासी हैं, लेकिन इतिहास के पन्नों में तिवा जनजाति के बारे में विस्तार से कोई उल्लेख नहीं मिलता। एडवर्ड केट साहब के A History of Assam पुस्तक के द्वितीय संस्करण में लालूंग शब्द का उल्लेख मात्र किया गया है। डॉ. सूर्य कुमार भुयाँ जी ने भी अपने देवधाई असम बुरंजी में महज दो-तीन स्थानों पर ही लालुंग जनजाति का उल्लेख मात्र किया है। देवधाई असम बुरंजी, सातसरी असम बुरंजी आदि में भी तिवा लोगो का सीमित परिचय प्राप्त होता है। तिवा जनजातीय लोगों की उत्पत्ति और निवास स्थान के बारे में अनेक जनश्रुतियाँ प्रचलित हैं। एक प्राचीन मत के अनुसार ये पहले इलाहाबाद के समीप यमुना नदी के तट पर निवास करते थे। किंतु कुछ बुजुर्ग लोगों का कहना है कि आर्य जाति के लोगों ने इन्हें अपने मूल निवास स्थान से इलाहाबाद की ओर खदेड़ दिया था। फिर वो हिमालय के पूर्वी दिशा की ओर चले। एक दीर्घ यात्रा के बाद वे प्रागज्योतिषपुर इलाके में आकर बस गए और स्वशासन की घोषणा करते हुए वहाँ कई वर्षों तक राज किया। पौराणिक शास्त्रों के अनुसार इस जनजाति को किरात कहा जाता था और इस जनजाति के लोग टिकरा के नाम से जाने जाते थे।

राजा नरकासुर ने इन्हें पूर्व की ओर खदेड़ दिया और ये लोग आकर कपिली नदी के तट पर निवास करने लगे। इन्होंने कपिली नदी के तट पर एक राज्य की स्थापना की, जिसे 'त्रिवेग' के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यहाँ के प्रथम राजा का नाम 'प्रत्यार्दन' था। 'त्रिवेग' राज्य की सीमा की कोई प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध नहीं है।

प्रव्रजन के संबंध में तिवा लोगों के बीच प्रचलित जनश्रुति के अनुसार तिवा लोगों के मुख्य उपास्य देवता 'चारिकराई' हैं। ये देवता चार भाई हैं, जिसके कारण इन्हें 'चारिकराई' कहा जाता है। इनका निवास स्थान 'माखा खाजम' या हिमालय पर्वत था। 'चारिकराई' देवता कृषि और गृह निर्माण का काम जानते थे, जबकि आदमी ये काम करना नहीं जानते थे। देवताओं ने एक बार एक सभा का आयोजन किया, जिसमें 'नरमनिष' को भी आमंत्रित किया गया था। 'नरमनिष' को देवताओं द्वारा दो कार्य अर्पित कर दायित्व भार दिए जाने के प्रस्ताव पर 'नरमनिष' ने आपत्ति की, बाद में इन दो कार्यों का प्रशिक्षण मनुष्यों को दिया गया। चार देवताओं को कृषि कर्म के देवताओं के रूप में मान्यता प्रदान की गई और उन्हें पूजा करने के नियम बनाए गए। माखा खाजम के उस स्थान पर की जाने वाली खेती को 'माखा महिहा' अथवा 'जूम' कहा जाने लगा। जू अर्थात ऊँचा स्थान, माखा अर्थात पर्वत, महि अर्थात धान और हा का अर्थ है मिट्टी। इस प्रकार माखा महिहा का अर्थ हुआ पहाड़ी मिट्टी में की जाने वाली धान की खेती। इस तरह कृषि कर्म करते हुए उर्वर भूमि की तलाश में वे मैदानी भागों की ओर आते गए। जहाँ-जहाँ तिवा लोग खेती करते थे, वहाँ-वहाँ वे एक देवस्थान स्थापित करते थे। हिमालय की पहाड़ियों से ये लोग जब दक्षिण की ओर बढ़ रहे थे तो रास्ते में इन्हें एक बड़ी नदी मिली, यह ब्रह्मपुत्र था। ब्रह्मपुत्र को तिवा लोग 'लेउति' कहते थे। तिवा भाषा में 'ले' का अर्थ है लंबा और 'ति' का अर्थ है पानी। यह 'लेउति' शब्द ही कालांतर में 'लुइत' में परिवर्तित हो गया।

अन्य एक जनश्रुति के अनुसार 'तिलाओ' (लुइत) के उत्तरी तट पर तिवा लोगों के हालाली राज्य के प्रतापी राजा रामचंद्र का शासन था। उन्होंने कार्बी कुँवरी चामदै से विवाह किया था। राजा रामचंद्र ने एक दिन स्वप्न में देखा कि लुइत कुँवर उनसे कह रहे हैं कि वे अपनी छोटी रानी चामदै को लुइत को अर्पित कर दे। राजा ने स्वप्न की बात मानने से इनकार कर दिया, जिसके कारण कुछ दिनों में पूरे राज्य में संकट छा गया। खड़ी फसलें नष्ट हो गईं, चारों ओर दुर्भिक्ष और अकाल फैल गया। राजा ने ज्योतिषियों से मंत्रणा की। ज्योतिषियों ने सलाह दी कि छोटी रानी चामदै को लुइत को अर्पित कर दिया जाए। परामर्शानुसार छोटी रानी चामदै को एक 'भूर' में रखकर लुइत में बहा दिया गया। रानी के साथ अनेक प्रजा भी भूर में उठकर चली गईं। ये ही लोग बाद में भूरबांधा, मीकिर गाँव,

बैद्यबाड़ी आदि स्थानों में निवास करने लगे। लुइत कुँवर के सान्निध्य से रानी ने 'आरिमत्त' नामक एक बालक को जन्म दिया। आरिमत्त का पोता 'जंगालबलहू' था, जिसने पितृ हत्या के बाद 'रहा' में अपने राज्य की स्थापना की थी। इन्होंने कछारी राजा की पुत्री से विवाह किया था। लेकिन परवर्ती समय में कछारी राजा के साथ विवाद होने पर युद्ध में जंगालबलहू की मृत्यु हो गई।

दूसरी ओर, हालाली राज्य में हुए दुर्भिक्ष के कारण कई लोगों ने लेउति नदी पार कर कछारी राज्य में प्रवेश किया। वहाँ भी वे लोग अधिक दिन नहीं रुके और दैया उपत्यका की ओर रवाना होकर कपिली और यमुना नदी के तटों में त्रिवेग राज्य स्थापित किया। बाद में आपसी कलह के कारण इनमें से अनेक लोग भागकर जयंतीया राज्य में आ गए और हजारों वर्षों तक वहीं निवास किया। जयंतीया राज्य से अलग-अलग समय में पृथक-पृथक समूहों में ये लोग निकलते गए और उपयोगी स्थान खोजकर अपना निवास स्थान बनाया।

लालुंग नाम की उत्पत्ति :

लालुंग नाम की उत्पत्ति के संबंध में भी अनेक पौराणिक कहानियाँ प्रचलित हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव ने एक ईश्वर की सृष्टि की, जिनका नाम लुंग्लू महादेव रखा गया।

प्रभु लुंगला और जयंती देवी (दुर्गा देवी) के मिलन से तीन कन्याओं का जन्म हुआ। ज्येष्ठ पुत्री ने कार्बी लोगों की सृष्टि की, द्वितीय पुत्री ने कछारी लोगों की और छोटी पुत्री ने लालुंग लोगों की सृष्टि की। एक अन्य जनश्रुति के अनुसार लालुंग लोगों का शासन असुर राज बाली के हाथ में था। बाली प्रभु विष्णु का भक्त था। राजा ने सभी लोगों को उसके धर्म का अनुयायी बनने का आदेश दिया था। लेकिन कुछ लालुंग लोगों को यह स्वीकार्य नहीं था। परिणामस्वरूप राजा ने क्रोधित होकर उन्हें सजा का ऐलान किया। उनके मस्तक में लाल चिह्न बनाकर उन्हें देश निकाला दे दिया गया। मस्तक में लाल चिह्न होने के कारण ही वे बाद में लालुंग कहलाए।

लालुंग लोगों की उत्पत्ति के संबंध में एक और किंवदंती सुनी जाती है। एक बार भगवान शिव नशे में चूर होकर रास्ते में ही निद्रामग्न हो गए। निद्रा के दौरान भगवान शिव के मुँह से लार की बूँदें निकलीं। लार की बूँदों से भगवान शिव ने दो पुरुषों की रचना की। भगवान शिव के लार से निर्मित होने के कारण इन्हें लालुंग कहा गया।

इस कहानी के साथ मिलती-जुलती अन्य एक कहानी भी है। एक बार भगवान शिव और पार्वती मानसरोवर की प्राकृतिक सुंदरता का उपभोग कर रहे थे। मानसरोवर की मनमोहक सुंदरता का उपभोग करते हुए झील के किनारे

ही भगवान शिव सो गए। जागने पर उन्होंने देखा कि जहाँ वे लेटे थे, उस स्थान पर लार की पाँच बूँदें पड़ी हुई हैं। भगवान शिव ने लार की इन पाँच बूँदों से पाँच मानवों की सृष्टि की। लार से जन्म होने के कारण ही इन मानवों का नाम लालुंग पड़ा।

तिवा समाज में प्रचलित एक अन्य जनश्रुति के अनुसार लालुंग शब्द कार्बी लोगों द्वारा दिया हुआ है। इसके अनुसार लांग और लुंग इन दो शब्दों के संयोजन से लालुंग शब्द का गठन हुआ है। इस संदर्भ में एन के श्याम चौधुरी और एम एम दास का कथन उल्लेखनीय है – Lalung is a mikir word, formed of two parts, Lang and Lung, with separate meaning . Lang is water and Lung means to sink it.

ताई आहोम भाषा के शब्दकोश आहोम लैक्सिकन के अनुसार 'लालुंग शब्द ताई भाषा का हो सकता है, ऐसा अनुमान किया जा सकता है। ताई भाषा में लाइ का अर्थ है नीचे की ओर जाना और लुंग का अर्थ है बड़ा दल।

तिवा लोग खुद को तिवा लिविंग कहते हैं। लिविंग का अर्थ है आदमी। यह लिविंग शब्द ही कालांतर में लालुंग में परिवर्तित हो गया होगा, ऐसा माना जा सकता है। इस तरह लालुंग नाम की उत्पत्ति के संबंध में अनेक जनश्रुतियाँ और किंवदंतियाँ प्रचलित हैं।

तिवा नाम की उत्पत्ति के संबंध में भी कई मत प्रचलित हैं। लालुंग लोग अपना परिचय तिवा के रूप में देते हैं। लालुंग शब्द का प्रयोग उनके लिए गैर लालुंग लोगों ने किया है। 'ति' का अर्थ है पानी और 'वा' का अर्थ है श्रेष्ठ। जब लालुंग लोग पहाड़ी से उतर कर ब्रह्मपुत्र नद के किनारे निवास करने लगे, तब वह अपना परिचय तिवा के रूप में देने लगे।

संभवत: तिवा शब्द तिब्बतिया शब्द से आया है। तिब्बतिया लोग वे हैं, जो तिब्बत से आकर असम के विभिन्न स्थानों पर रहने लगे और परवर्ती काल में यह अपना परिचय तिवा के रूप में देने लगे। ऐसा कहा जाता है कि पुराने समय में तिब्बत की झीलों के आसपास के इलाकों में टिफ्रा, तिवा और डिमासा लोग निवास करते थे। कई वर्षों के बाद ये असम की ओर आ गए। स्थानीय लोग टिफ्रा शब्द का सही ढंग से उच्चारण नहीं कर पाते थे, जिसके परिणामस्वरूप यह शब्द तिफ्रा और फिर तिप्रा के रूप में विकसित हुआ।

समय के साथ-साथ तिवा शब्द छूट गया और लिविंग अथवा लिबुंग, लालुंग के रूप में प्रचलित हो गया। डिमासा कछारी लोग अपने मूल नाम से ही जाने जाते रहे। लालुंग और कछारी लोगों के आराध्य देवता महादेव हैं। लालुंग और कछारी समाज के बीच बड़ा ही घनिष्ठ संबंध है।

तिवा समाज जीवन पर एक नजर :

असम के विभिन्न जनजातियों के बीच एक उल्लेखनीय जनजाति है तिवा जनजाति। पूर्वोत्तर भारत की अन्य जनजातियों और जन-गोष्ठियो की तरह ही तिवा लोग भी सहज-सरल जीवन यापन करते हैं। विनम्र स्वभाव के भोले-भाले तिवा लोग घर-आँगन खूब साफ रखते हैं। शांतिप्रिय और सरल तिवा लोग अतिथि परायण होते हैं और अतिथियों की सेवा का आनंद उठाते हैं। भाषा के क्षेत्र में अब अधिकतर तिवा लोगों ने असमीया भाषा को ही अपना लिया है। तथापि अपनी पुरानी परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने का प्रयास भी तिवा समाज में दिखाई देता है। विभिन्न प्राचीन परंपराएँ और लोकाचार आज भी तिवा समाज में दिखाई देते हैं।

तिवा लोग तिब्बत बर्मी गोष्ठी के बोडो परिवार के हैं। घर आदि निर्माण करने की विधि दोनों जनजातियों में एक जैसी है। चामादि या डेकाचांग ही तिवा लोगों के गृह निर्माण पद्धति का प्राचीन नमूना है।

डेकाचांग से ही क्रमागत रूप में उन्नत प्रणाली के घर बनाने की प्रक्रिया विकसित हुई। तिवा समाज के किसी व्यक्ति विशेष के घर निर्माण के दौरान सबसे पहले 'नोवार' अर्थात उपासना स्थल का निर्माण किया जाता है। मुख्य घर के सामने पूर्व-पश्चिम दिशा में पूजा स्थल का निर्माण किया जाता है, जिसे 'बरघर' भी कहा जाता है। इस 'बरघर' का स्थान निर्धारित होने के पश्चात ही अन्य घर बनाने की योजना बनाई जाती है।

तिवा समाज अपनी भाषा, संस्कृति से समृद्ध होकर वृहतर जाति के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तिवा लोग वर्ष की विभिन्न ऋतुओं में विभिन्न प्रकार के उत्सव आदि का पालन करते हैं। विविध रंगी इनके पूजा उत्सव आदि खेती, फसल, धर्मीय आचार-व्यवहार, सामाजिक रीति नीतियों से संपृक्त हैं। तिवा समाज में प्रचलित उन विभिन्न पूजा उत्सव आदि से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अंग है 'चामादि' या 'डेकाचांग'। यहाँ डेकाचांग का अर्थ वह नहीं है, जो साधारणतया इसके नाम से हमारे मस्तिष्क में उभर आता है। तिवा लोगों का डेकाचांग किसी एक गाँव के युवकों द्वारा अपने अवसर विनोदन तथा रात को विश्राम करने के लिए निर्माण किए जाने वाले घर जैसा है। इसी घर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित होते हैं। युवकों द्वारा बनाए जाने के कारण इसे डेकाचांग कहा जाता है। युवाओं के इस डेकाचांग में महिलाओं की कोई भूमिका नहीं होने के कारण यहाँ महिलाएँ नहीं जातीं। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि डेकाचांग में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है।

आमतौर पर गाँव के ठीक बीचो-बीच डेकाचांग का निर्माण किया जाता है। चामादि की देख-रेख के लिए एक समिति भी बनाई जाती है, जिसे तिवा भाषा में 'पांठाई खेल' कहा जाता है। पांठाई खेल के सदस्य चांगदलै, चांगमाजि, सुरुमा, खुरामुल, खुराछा और मुंसिप होते हैं। चामादि निर्माण में कई प्रकार के नीति-नियमों का पालन किया जाता है। इसके निर्माण के लिए पेड़ काटने से लेकर अंत तक कुछ परंपरागत नियमों का कड़ाई से पालन किया जाता है। कार्य समाप्ति के एक सप्ताह बाद रविवार के दिन चबा चामादि में 'चांगतुवा' अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। इस दौरान नृत्य गीत आदि का भी आयोजन किया जाता है। रात के ठीक बारह बजे लामफा राजा के नाम भात, मदिरा, चावल के आटे के साथ मिलाकर बनाया गया मुर्गे का मांस आदि चढ़ाया जाता है। इस दौरान वहाँ उपस्थित सभी लोग मौन रहते हैं, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि उनके चढ़ावे को स्वीकार करने लामफा राजा स्वयं वहाँ पधारते हैं। इस प्रकार चामादि का चांगतुवा अनुष्ठान संपन्न होता है।

चामादि या डेकाचांग की कुछ विशेषताएँ होती हैं। इसके चारों ओर कोई दीवार नहीं होती। चामादि का निर्माण गाँव के ठीक बीचों-बीच अथवा गाँव के एक किनारे पर किया जाता है ताकि वहाँ से गाँव के एक छोर से दूसरी छोर तक आसानी से देखा जा सके।

तिवा लोग विभिन्न ऋतुओं में होने वाली खेती के साथ तालमेल बिठाते हुए तीन मुख्य उत्सवों का पालन करते हैं। उसी प्रकार ये लोग विभिन्न देव-देवियों की उपासना भी करते हैं। खेती का कार्य आरंभ करने के पूर्व जंखंग पूजा का आयोजन किया जाता है। उसके बाद आरकोर अथवा आरकटा उत्सव का पालन किया जाता है और खेत से जंगल आदि काटकर जमीन को कृषि योग्य बनाया जाता है। तृतीय चरण में देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है और रोपाई का काम आरंभ किया जाता है। तिवा लोग ऐसा विश्वास करते हैं कि महादेव ही सृष्टि के आदि किसान हैं और उनके निर्देश से ही चार भाई चारिकराई देवों ने मनुष्यों को कृषिकर्म का ज्ञान दिया था। जंखंग पूजा के दौरान चार भाई चारिकराई की पूजा की जाती है और खेती में प्रयोग होने वाले औजारों के लिए भगवान से स्तुति की जाती है। पूजा समाप्त करने के पश्चात सभी लोग एक साथ मिलकर जंगल आदि काटने और जमीन को फसलोपयोगी बनाने का कार्य करते हैं।

तिवा लोगों का प्रधान उत्सव है बिहू और छग्रा। पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाले तिवा लोग छग्रा उत्सव के अलावा जंखंग, वासि, रावाने फूजा, यांगलि निसावा, लांगखन, मिमावा, वानसुवामिसावा आदि उत्सवों का पालन करते हैं। वर्तमान मैदानी भागों में ये लोकोत्सव धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, लेकिन पहाड़ी तिवा आज भी इन उत्सवों को नियमानुसार पालन करते हुए अपनी पुरानी परंपराओं को अक्षुण्ण रखे हुए हैं।

ऐसा नहीं है कि ये तिवा समाज केवल पूजा उत्सव आदि के क्षेत्र में ही समृद्ध है, बल्कि विभिन्न दंतकथाओं, किंवदंतियों, लोक गीत, पहेली, मंत्र आदि लोक साहित्य के मामले में भी यह समाज समृद्ध है। विभिन्न लोकाचारों के आधार पर लोक गीतों की रचना की गई है। शिशु के जन्म, विवाह आदि पर गाए जाने वाले लोक गीतों के अलावा लोरी, प्रणय गीत आदि भी तिवा समाज में गाए

जाते हैं। तिवा समाज में हारिकुँवरी की भूमिका भी उल्लेखनीय हैं। बरघर का कार्य हारिकुँवरी और बरजेला दोनों के सहयोग से संपन्न किया जाता है। घर के संपूर्ण कार्य का दायित्व बरकुँवरी के जिम्मे ही होता है।

तिवा समाज में लोकाचार के आधार पर अनेक लोक गीतों की रचना हुई है। लालि हिलाली तिवा लोगों का एक प्राचीन गीत है। इस गीत में भी तिवा लोगों के पुराने निवास स्थानों का वर्णन मिलता है। कृषि कर्म से संबंधित विभिन्न लोक गीतों से तिवा लोक साहित्य भरा हुआ है, जो लोक संस्कृति के भंडार को और समृद्ध करता है। तिवा समाज के प्रत्येक क्षेत्र में पौराणिक कहानियाँ लोक साहित्य की श्रीवृद्धि में अपना योगदान देती हैं। तिवा लोगों की उत्पत्ति से आरंभ कर विभिन्न लोकाचारों, लोक उत्सवों के संबंध में रोचक कहानियाँ पाई जाती हैं। लालुंग राज्य 'गोभा' के संबंध में भी अनेक किंवदंतियाँ प्रचलित हैं। यांगलिंग उत्सव, बरत उत्सव, चामादि आदि उत्सवों के मूल में भी अनेक पौराणिक कहानियाँ विद्यमान हैं। तिवार जनजातीय समाज के सांस्कृतिक विस्तार में लोक संस्कृति के अनेक घटक छिपे हुए हैं। तिवा जनजाति के पर्व-उत्सव आदि बहुत व्यापक हैं। यद्यपि इन पर्व-उत्सवों की परंपरा अब शहरों में निवास करने वाले तिवा लोगों में कम होती जा रही है, लेकिन पहाड़ी तिवा लोगों ने अब भी अपनी पुरानी परंपराओं को संरक्षित रखा हुआ है। पूँजीवादी संस्कृति का प्रतिरोध करते हुए एक स्वस्थ सांस्कृतिक धारा का ये लोग प्रतिनिधित्व करते हैं।

कृषिजीवी तिवा लोगों का चावल ही मुख्य आहार है, तथापि पूर्वोत्तर की अन्य जनजातियों की तरह ही ये भी मांस और मछली का सेवन करते हैं और घर में तैयार की जाने वाली मदिरा का प्रयोग मांगलिक कार्यों में किया जाता है। तिवा लोगों द्वारा चावल से तैयार किए जाने वाले इस मदिरा को लाउपानी कहा जाता है। इस लाउपानी के बारे में भी कुछ कहानियाँ प्रचलित हैं। मछली पकड़ने में माहिर तिवा लोग मछली पकड़ने के लिए चेपा, पल, जाकै, जुलुकी, जाल, डिडरा आदि खुद ही तैयार करते हैं। सूखी मछली खाने का चलन भी तिवा समाज में देखा जा सकता है। मसालेदार खाना तथ दूध-चाय आदि का प्रचलन भी अब तिवा समाज में धीरे-धीरे देखा जाने लगा है। असम के अनार्य तथा मंगोलीय जनमानस में महादेव को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। तिवा जनजाति के इष्टदेव हैं 'फा महादेव'। महादेव के अलावा विभिन्न देवी-देवताओं की भी पूजा तिवा समाज में की जाती है। तिवा समाज की एक विशेषता यह है कि वे किसी भी शुभ कार्य के लिए सोम अथवा मंगलवार को शुभ दिन मानते हैं। तिवा लोग विभिन्न देवी-देवताओं को कुछ विशेष नाम देकर धार्मिक नियमों और परंपरा अनुसार उनकी पूजा करते हैं।

तिवा समाज में सामूहिक कुल के इष्ट देवता सूर्य हैं। सौरजगत की शक्ति के मूल केंद्र सूर्य देवता का तिवा समाज में विशेष स्थान है। हिंदू धर्म में उल्लेखित तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं को भी तिवा लोग अपनी भाषा में नामाकरण करते हुए मंत्र जप आदि और बलि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हैं।

यही है विविधरंगी स्वप्न की लीलाभूमि असम, जिसके हृदय में हमेशा जातीय कला और संस्कृति अठखेलियाँ करती रहती हैं। ❑

संदर्भ सूची :

The Lalungs (Tiwas), Dr. G.S. Thakur, Page-2
तिवा समाज, मानेश्वर देउरी, पृष्ठ - 4
The Lalungs (Tiwas), Dr. G.S. Thakur, Page-7
The Lalungs Society, Page-7
तिवा संस्कृतिर जिलिकनि, संपा. मिलेश्वर पातर, पृष्ठ - 12
एनाजरी (प्रतिदिन के सौजन्य से) महेश्वर पातर, 5 मार्च, 2008
तिवा संस्कृतिर जिलिकनि, संपा. मिलेश्वर पातर, पृष्ठ - 131

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विरासत

राभा जनजाति की परंपरागत वेशभूषा और उनका बायरवो उत्सव

डॉ. अखिल चन्द्र कलिता

सहायक अध्यापक, हिंदी विभाग
लामडिंग कॉलेज, लामडिंग
होजाई, असम-782447
9774126252
ackalita1983@gmail.com

सारांश :

वेशभूषा या पोशाक व्यक्ति या समूह की पहनावे की विशिष्ट शैली है। आवरण ही व्यक्ति के दर्जा, लिंग, पेशा, जातीयता, राष्ट्रीयता, गतिविधि या युग को दर्शाता है। भारत विविधता का देश है, लेकिन सिर्फ समावेशी तरीकों से एकता का प्रतीक है। भारत के विभिन्न राज्यों में प्रचलित विभिन्न संस्कृतियों की अलग-अलग पहचान नजर आती है। असम पूर्वोत्तर भारत का एक प्राकृतिक राज्य है। असम भूमि विभिन्न जाति-जनजाति का मिलन स्थल है। असम की विभिन्न जनजातियों में से 'राभा' जनजाति भी एक विशेष संवैधानिक स्वीकृति प्राप्त जाति है। राभा जनजाति मुख्य रूप से असम के कामरूप, ग्वालपाड़ा, धुबड़ी आदि जिलों में बसी है।

राभा जनजाति की भाषा एवं संस्कृति की एक विशेष पहचान है। राभा जाति की अपनी स्वतंत्र भाषा है, संस्कृति है और लोक-संस्कृति की दृष्टि से यह जनजाति अत्यंत समृद्ध है। यह जनजाति अपनी भाषा और संस्कृति के जरिए स्वयं को 'राभा' कहकर परिचय देने में सक्षम हुई है। अपने हाथों से कपड़े बुनकर पहनना राभा जाति की परंपरा है। घर में ही वे कपास के पेड़ लगाते है और उसका धागा तैयार करके फुलाम कपड़े बुनते हैं।

राभा समाज में जो महिला बुनाई-कटाई में अक्षम है, उसे किसी काम के लिए योग्य नहीं माना जाता। पहले जमाने की ओर अगर दृष्टि डालें तो यह भी सुनने को मिलता है कि जिन युवतियों को बुनाई-कटाई नहीं आता था, उन्हें विवाह के योग्य नहीं माना जाता था। वस्त्र के माध्यम से लोक कला का निदर्शन होता है। वस्त्र के क्षेत्र में राभा जनजाति का अपना एक अलग ही अस्तित्व है। वस्त्र एवं वेशभूषा से ही किसी जाति एवं जनजाति का परिचय प्रस्फुटित हो उठता है।

मूल शब्द :

संस्कृति, वेशभूषा, समावेशी, पूर्वोत्तर, जनजाति, फुलाम, समृद्ध, सक्षम, बुनाई, कटाई, प्रस्फुटित।

भूमिका :

मनुष्य की अमूल्य निधि उसकी संस्कृति है। संस्कृति एक ऐसा पर्यावरण है, जिसमें रहकर व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी बनता है। मनुष्य अपने प्राकृतिक पर्यावरण को अपने अनुकूल बनाने की क्षमता अर्जित करता है । सामान्य अर्थ में संस्कृति सीखे हुए व्यवहारों की संपूर्णता है। संस्कृति की अवधारणा इतनी विस्तृत है कि उसे एक वाक्य में परिभाषित करना संभव नहीं है। वास्तव में मानव द्वारा अप्रभावित प्राकृतिक शक्तियों को छोड़कर जितनी भी मानवीय शक्तियाँ हमें चारों ओर से प्रभावित करती हैं, उन सभी की संपूर्णता को हम संस्कृति कहते हैं। संस्कृति एक व्यवस्था है, जिसमें हम जीवन के प्रतिमानों, व्यवहार के तरीकों, अनेकानेक भौतिक एवं अभौतिक प्रतीकों, परंपराओं, विचारों, सामाजिक मूल्यों, मानवीय क्रियाओं और आविष्कारों को शामिल करते हैं। सर्वप्रथम वायु पुराण में धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष विषयक मानवीय घटनाओं को संस्कृति के अंतर्गत समाहित किया गया। इसका तात्पर्य यह हुआ कि मानव जीवन के दिन-प्रतिदिन के आचार-विचार, जीवन शैली तथा कार्य व्यवहार ही संस्कृति कहलाता है । मानव समाज के धार्मिक, दार्शनिक, कलात्मक, नीति विषयक कार्यकलापों, परंपरागत प्रथाओं, खान-पान, रहन-सहन, वेशभूषा, संस्कार इत्यादि के समन्वय को संस्कृति कहा जाता है।

संस्कृति जीवन की विधि है। जो भोजन आप खाते हैं, जो कपड़े आप पहनते हैं, जो भाषा आप बोलते हैं और जिस भगवान की आप पूजा करते हैं, ये सभी संस्कृति के पक्ष हैं। सरल शब्दों में हम कह सकते हैं कि संस्कृति उस विधि का प्रतीक है, जिसमें हम सोचते हैं और कार्य करते हैं। संस्कृति के अंतर्गत रीति-रिवाज, परंपराएँ, पर्व, जीने के तरीके और जीवन के विभिन्न पक्षों पर व्यक्ति विशेष का अपना दृष्टिकोण भी सम्मिलित है।

मूल आलेख :

किसी भी समाज का मनुष्य अपनी सामाजिक स्वीकृति के लिए जो रीति-नीति, उत्सव, जीवन धारण की प्रणाली आदि व्यवस्था पर अपना अस्तित्व स्थापित करता है, वही संस्कृति है। लोक संस्कृति लोक जीवन का हृदय स्पंदन है। लोक संस्कृति या लोक विद्या का अंग्रेजी शब्द है - Folk – Lore । Folk शब्द का कोषीय अर्थ है 'साधारण मनुष्य या जन समूह' और Lore शब्द का अर्थ है 'ज्ञान या तजुर्बा'। अर्थात कोई भी जन समुदाय पारंपरिक रूप से जो भी ज्ञान या तजुर्बा मौखिक रूप से अर्जित करते आया है, उसी को साधारणत: 'Folk – Lore' या 'लोक संस्कृति' कह सकते हैं। किसी भी जनजाति का स्वयं के लोक उत्सव, लोकाचार, सामाजिक रीति-नीति, परंपरागत लोक विश्वास, गीत-पद, प्रवचन, लोकोक्ति इत्यादि समस्तता को लेकर जो संस्कृति का निर्माण होता है, वही लोक संस्कृति है। संस्कृति के द्वारा ही एक समाज का परिचय संभव है। संस्कृति एवं परंपरा ही किसी भी जाति एवं जनजाति को स्वीकृति प्रदान करने में सहायता करती हैं।

असम पूर्वोत्तर भारत का एक प्राकृतिक राज्य है। असम भूमि विभिन्न जाति-जनजाति का मिलन स्थल है। असम की विभिन्न जनजातियों में से 'राभा' जनजाति भी एक विशेष संवैधानिक स्वीकृति प्राप्त जाति है। राभा जनजाति मुख्य रूप से असम के कामरूप, ग्वालपाड़ा, धुबड़ी आदि जिलों में बसी है। राभा जनजाति की भाषा एवं संस्कृति की एक विशेष पहचान है। राभा जाति की अपनी स्वतंत्र भाषा है, संस्कृति है और लोक-संस्कृति की दृष्टि से यह जनजाति अत्यंत समृद्ध है। यह जनजाति अपनी भाषा और संस्कृति के जरिए स्वयं को 'राभा' कहकर परिचय देने में सक्षम हुई है।

'वस्त्र या वेशभूषा' संस्कृति का एक विशेष अंग है। यह मनुष्य के मौलिक प्रयोजन के अंतर्गत शामिल है। असम में स्थित प्रत्येक जनजाति की तरफ अगर हम गौर करें तो यह दृष्टिगोचर होता है कि वे प्राय: तीन स्तरीय वस्त्र धारण करते हैं। तीन स्तरीय वस्त्र का तात्पर्य यह है- जैसे मेखला, चादर और एक आंगोचा। राभा लोगों की भी इसी प्रकार की वेशभूषा परिलक्षित होती है। बुनाई-कटाई करना राभा महिलाओं की एक कला है। इस शिल्प में राभा महिलाएँ अत्यंत निपुण हैं। राभा जनजाति की हर एक महिला बुनाई-कटाई सीखती है। उन्हें यह काम हर हाल में सीखना ही पड़ता है, क्योंकि राभा समाज में बुनाई-

कटाई के काम को जन्मगत और जातिगत कर्तव्य मानते हैं। अपने हाथों से कपड़े बुनकर पहनना राभा जाति की परंपरा है। घर में ही वे कपास के पेड़ लगाते हैं और उससे धागा तैयार करके फुलाम कपड़े बुनते हैं। राभा समाज में जो महिला बुनाई-कटाई में अक्षम है, उसे किसी काम के लिए योग्य नहीं माना जाता। पहले जमाने की ओर अगर दृष्टि डालें तो यह भी सुनने को मिलता है कि जिन युवतियों को बुनाई-कटाई नहीं आता था, उन्हें विवाह के योग्य नहीं माना जाता था।

असम राज्य के अंतर्गत विभिन्न अंचलों में राभा लोग निवास करते हैं। *'राभा जनजाति के अंतर्गत कई भाग परिलक्षित होते हैं। रांगडानि राभा, मायतोरी राभा, कोच राभा, पाति राभा, दाहुरी राभा, टोटला राभा और बिटोलिया राभा नाम से विभिन्न भागों में विभक्त हैं। अलग-अलग भागों में विभक्त होने के बावजूद सार्वभौमिक रूप से उनके कपड़ों के रंग और डिजाइन में समानता नजर आती है। राभा लोगों के कपड़ो में जो डिजाइन परिलक्षित होती है, वह साधारणत: प्राकृतिक फूलों की आकृति होती है। प्राकृतिक लताओं की डिजाइन भी उन लोगों के कपड़ों में मिलती है।'*[1] राभा पोशाक में जो भी डिजाइन अंकित करते हैं उन सभी डिजाइनों के निर्दिष्ट नामांकन भी हैं।

साधारणत: राभा महिलाएँ घर पर ही वस्त्र उत्पादन करना पसंद करती हैं। वे प्राचीन काल में एरी, मूगा, कपास के धागे से वस्त्र बुनते थे। आजकल विभिन्न रूपी धागा बाजार में मिलते हैं और उन्हीं से वे कपड़े बुनते हैं। वर्तमान युग में कम मूल्य में ही भिन्न-भिन्न रंगीन वस्त्रों का प्रचलन बाजार में विद्यमान है।

राभा जनजाति के पुरुष और महिला दोनों ही अलग-अलग वस्त्र धारण करते हैं। दोनों के वस्त्र अति आकर्षक होते हैं। पुरुष और महिला दोनों के वस्त्र का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है:-

पुरुषों के वस्त्र :

(क) पाजाल : यह वस्त्र युवा, बूढ़ा सभी पुरुष के लिए उपयोगी है। इस पोशाक की लंबाई लगभग ढाई मीटर और चौड़ाई लगभग एक मीटर की होती है। पाजाल किसी भी रंग का बुन सकते हैं। लेकिन धर्मीय उत्सव, विवाह उत्सव, श्राध्द आदि में केवल गाढ़ा लाल रंग का पाजाल पहनना अनिवार्य है।

(ख) पाजार : असमीया संस्कृति में फुलाम गामोछा का महत्व जितना है, उतना ही महत्व राभा समाज में पाजार का है। असमीया बिहुवान की तरह ही इस वस्त्र की मर्यादा है। पुरुष लोग पाजार को बिहुवान की तरह ही पहनते हैं। इसकी लंबाई दो मीटर और चौड़ाई लगभग आधा मीटर तक होती है। पाजार से कभी-कभी पुरुष सर पर पगड़ी भी बांधते हैं और काम करते वक्त कमर बंधन के रूप में भी व्यवहार करते हैं।

(ग) बुकचिल : यह पुरुषों का एक विशेष वस्त्र है। वे इस पोशाक को स्वयं घर पर बुनके, सिलाई करके पहनते थे। यह पोशाक पुरुष का अर्द्धवस्त्र स्वरूप है।

महिला के वस्त्र :

(क) रुफान या पातनि : असमीया महिला जिस प्रकार मेखला चादर पहनती हैं, उसी प्रकार का यह एक राभा पोशाक है। रुफान दो तरीकों से पहना जाता है। इसे छाती से लपेट कर भी पहन सकते हैं अथवा कमर में बांधकर भी पहन सकते हैं। लेकिन यह वस्त्र बिना सिलाई के ही पहना जाता है। राभा महिलाएँ विभिन्न रंगों रुफान पहनती हैं, लेकिन विवाह के दिन दुल्हन को केवल लाल रंग का रुफान ही पहनाया जाता है।

(ख) रिफान छाक्काय या छाकवा : इस वस्त्र को राभा महिलाएँ पाँवों तक लंबा करके पहनती हैं। यह चद्दर जैसा है, इसलिए इसे चद्दर की तरह महिलाएँ पहनती हैं।

(ग) रिफान छाब्रा : यह वस्त्र एक छोटा-सा वस्त्र है। इसे राभा युवतियाँ सौंदर्य के लिए कमर में पहनती हैं। यह वस्त्र डिजाइन किया हुआ फूलों से भरा रहता है। देखने में यह वस्त्र बहुत सुंदर है।

(घ) सेमफता : यह वस्त्र राभा युवतियों एवं शादीशुदा महिलाओं का अति प्रिय है। इस वस्त्र को छाती से बांधकर पहना जाता है और यह नीचे पैरों तक फैला रहता है। एक प्रकार से यह एक लंबा मेखला है।

(ङ) यह एक 'रिहा' जैसी चद्दर है। राभा महिलाएँ इसे केवल छाती ढकने के लिए डेढ़ मीटर लंबा और आधा मीटर चौड़ा करके घर पर बुन लेती हैं। इसका इस्तेमाल छाती ढकने के लिए किया जाता है। इस वस्त्र को केवल तीन रंगों में बनाया जाता है-लाल, सफेद और कला/सफेद एक साथ।

(च) खदबांग : यह वस्त्र महिलाएँ माथे पर पहनती हैं। डेढ़ मीटर लंबा और आधा मीटर चौड़ा यह वस्त्र बालों को ढकने में इस्तेमाल किया जाता है।

राभा समाज में विवाह उत्सव का विभिन्न रीति-नीति से पालन किया जाता है। विवाह उत्सव में दुल्हन को राभा जनजाति का ही वस्त्र पहनाया जाता है, यह अनिवार्य है। आजकल राभा पुरुष-महिलाएँ राभा वस्त्रों के अलावा अन्य आधुनिक वस्त्र का भी इस्तेमाल करते हैं। आधुनिक युग के साथ-साथ राभा युवक-युवतियाँ भी आधुनिक वस्त्र को अपना रहे हैं। राभा जनजाति के तमाम वस्त्रों की डिजाइनों को आज आधुनिक पद्धति से जोड़ कर नवीन रूप से लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

'बायखो' उत्सव राभा जनजाति का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। जिस प्रकार असमीया लोगों का 'बिहू' प्रधान उत्सव है, उसी प्रकार राभा जनजाति के लोग भी 'बायखो' उत्सव को जातीय उत्सव मानते हैं। इस उत्सव को बड़े ही उत्साह के साथ राभा लोग मनाते हैं। बायखो उत्सव वसंत ऋतु में मनाया जाता है। कुछ विद्वानों का यह भी मानना है कि बायखो उत्सव से ही बिहू उत्सव का आविर्भाव हुआ। बिहू मूलत: कृषि उत्सव है। *'असम में निवास करने वाली जनजातियाँ प्राचीन काल से ही विभिन्न नामों से कृषि उत्सव का पालन करती आ रही हैं। राभा लोग इस उत्सव को बायखो कहते है, बोडो लोग 'बैशागु', वहीं कार्बियों ने दमाही, नागाओं ने मोवातचू आदि नाम से इस उत्सव का नामांकन किया है। प्राचीन काल से ही जनजातीय लोग*

इस कृषि उत्सव को मानते आ रहे हैं और जब से आहोमों का असम प्रदेश में पदार्पण हुआ, तब से इस उत्सव को बिहू नाम से मनाते आ रहे हैं।'[2] बायखो उत्सव बड़ा ही आकर्षक उत्सव है । इस उत्सव में ज्वलंत अंगारों के ऊपर नृत्य किया जाता है। जो व्यक्ति अंगारों के ऊपर नृत्य करते हैं, उन्हें विभिन्न प्रकार के नीति-नियमों को पालन करना पड़ता है । इस उत्सव में राभा युवक-युवती आनंद विह्वल होकर राभा नृत्य करते हैं। इस नृत्य के जरिए धरती की हरियाली के बारे में भी लोगों तक संदेश पहुँचाया जाता है। राभा समाज के लोग आत्मनिर्भर दिखाई पड़ते हैं। वे लोग बाजार से अधिक सामग्री खरीदने के बजाय हस्तशिल्प पर अधिक निर्भरशील हैं।

मछली पकड़ने की क्रीड़ा राभा जनजाति की लोक परंपरा का एक अंग है। लोक विश्वास के अनुसार प्राचीन काल में 'गोवालपारा' जिले के गाँव में एक बड़ा झील था। इस गाँव का अस्तित्व आज भी विद्यमान है। उस झील में गाँव के सभी पुरुष-स्त्री एक साथ मछली पकड़ने जाते थे। एक दिन की बात है। गाँव के सभी स्त्री-पुरुष 'देवकंगनांग' नामक झील में मछली पकड़ रहे थे। दो लड़कियों को छोड़ कर सब लोगों को मछली मिल रही थी। जिन दो लड़कियों को मछली नहीं मिल रही थी, वे दोनों बहने थीं। उन दोनों बहनों का नाम था थपे और नेचे। उन दोनों के जाल में मछली एक भी नहीं लग रही थी। मछली के बदले एक पत्थर का टुकड़ा बार-बार उनके जाल में आ रहा था । क्रोध के मारे उसी पत्थर के टुकड़े को ही वे घर ले आती हैं । घर में आकर दोनों उदास बैठ जाती हैं। जब उनके बड़े भाई ने उनकी उदासी का कारण पूछा तो उन्होंने झील में घटित घटना को व्याख्या सहित बता दिया। उसके बाद थपे और नेचे ने भाई को वह पत्थर का टुकड़ा दिखाया, जो उन्हें झील में मछली के बदले में मिला ।

बड़े भाई ने जब पत्थर के टुकड़े को देखा तो एक अजीब-सी विशेषता उसमें दिखाई दी। आम पत्थर के टुकड़ों से वह अलग था। पत्थर का टुकड़ा हीरे के टुकड़े जैसा चमक रहा था। पत्थर की चमक देख कर बड़े भाई ने उसे बखोरी (अनाज का भंडार) में संभालकर रख दिया। रात को सपने में दोनों बहनों ने एक देवी को देखा और उन्हें बुलाने लगी। देवी बोली - मैं पत्थर नहीं हूँ, मैं लक्ष्मी देवी हूँ। तुम लोग उस पत्थर के टुकड़े को संभालकर बखोरी में रखो। अगर उस पत्थर के टूकड़े को संभालकर पूजा-अर्चना करके रखोगे तो तुम्हारे घर वालों के साथ-साथ गाँव वालों का भी कल्याण होगा ।

सुबह उठकर जब दोनों बहनें बखोरी को देखने गईं तो वहाँ पर पत्थर का टुकड़ा नहीं था, बखोरी खून से सना था। वह सब देखकर थपे और नेचे का बड़ा भाई सब समझ गया था। दरअसल, वह कोई साधारण पत्थर नहीं था, असल में वह लक्ष्मी देवी का ही प्रतीक था। बड़े भाई ने उस पत्थर को खोज कर निकाला और उसे बहनों को बाँस से निर्मित पात्र में डालकर बखोरी में रखने का परामर्श दिया। इसलिए राभा जनजाति के लोग लक्ष्मी देवी के प्रतीक रूप में एक पत्थर का टुकड़ा बखोरी में रखने में विश्वास करते हैं।

'राभा भाषा में 'बाय' शब्द का अर्थ है देव या देवी, 'खोक' शब्द का अर्थ है पात्र और 'चि' शब्द का अर्थ है खून। इस प्रकार से इसका पूर्ण अर्थ होता है - बायखोकचि या लक्ष्मी देवी। बायखोकचि से ही बायखो नाम पड़ा है।[3] पत्थर के टुकड़े की नेचे और थेपे के घर वाले नीति-नियमानुसार पूजा अर्चना करने लगे और उनकी गृहस्थी के साथ-साथ समस्त गाँव का भी कल्याण होने लगा। इसलिए आज भी राभा समाज में कृषि कर्म के प्रारंभिक काल में बायखो देवी की पूजा करने की परंपरा प्रचलित है।

वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही साथ बायखो उत्सव की तैयारी भी होने लगती है। इस समय प्रकृति का नवीन रूप लोगों में झलकता है। लोग नाच-गाना करके प्रकृति की खुशियों में शामिल हो जाते हैं। 'बायखो उत्सव प्रकृति का उत्सव है। बायखो उत्सव में पुजारी लोग मूल पूजा समाप्त करके एक विशेष प्रकार का नृत्य करते हैं। उस नृत्य को 'बारका नाककाय' नृत्य कहा जाता है। आग जलने के बाद उसके अंगारे बनते हैं, उन अंगारों पर नंगे पैर पूजारी नृत्य करते हैं, उन्हें कठोर नीति-नियम पालन करना पड़ता है। यह नृत्य राभा जाति का विशेष प्रकार का

चमत्कारपूर्ण नृत्य है। अगर नीति-नियम पालन करते समय कुछ भूल हो जाए तो नृत्य करने के समय पाँव जल भी सकते हैं। साधारणत: यह बारका नाककाय नृत्य करने वालों के पाँव जलते नहीं हैं। इसलिए इसे विशेष चमत्कारिक नृत्य कहा गया है।

'छाथार नृत्य और गीत' बायखो उत्सव का अन्य एक आकर्षक बिंदु है, जिसे प्रदर्शन करने के लिए राभा युवक-युवतियों को किसी भी प्रकार के मंच की आवश्यकता नहीं पड़ती हैं। पूर्णिमा की रात्रि युवक-युवतियाँ मुख्य पुरोहित के आँगन में दिन-रात छाथार नृत्य और गीत प्रदर्शन करते हैं। एक समय ऐसा भी था कि सात रात्रि, सात दिन छाथार नृत्य-गीत करके युवक-युवतियाँ अपनी जीवन संगी या संगिनी चुन लेते थे।[4] छाथार नृत्य को प्रदर्शित करने के लिए युवक-युवतियाँ दल में विभाजित होते हैं और सामूहिक रूप से नृत्य करते हैं। छाथार नृत्य बड़े ही मनमोहक होते हैं। युवक युवतियों के लिए और युवतियाँ युवकों के लिए छाथार गाते हैं, नृत्य करते हैं -

काने चोने ढोगोरे चिना नाके छापे
बायखो खादामि छाथार थामो
छारकाय लोगा छागे रे
हुरछाय हुरछाय।[5]

भावार्थ : बायखो उत्सव में साथ-साथ छाथार नृत्य करने के लिए सज-सँवर के घर से निकल आओ।

इस प्रकार बायखो उत्सव में युवक-युवतियाँ स्वत:स्फूर्त भाव से छाथार गीत गाकर नृत्य करते हैं। इन नृत्य और गीतों को संरक्षित करने से राभा लोक संस्कृति और भी अधिक धनी हो जाएगी।

निष्कर्ष : वस्त्र एक अमूल्य संपत्ति है। वस्त्र के माध्यम से लोक कला का निदर्शन होता है। वस्त्र के क्षेत्र में राभा जनजातियों का अपना एक अलग ही अस्तित्व है। वस्त्र एवं वेशभूषा से ही किसी जाति एवं जनजाति का परिचय प्रस्फुटित हो उठता है। वस्त्र देखकर कहे बिना ही हमें किसी भी जाति का परिचय ज्ञात हो जाता है।

बायखो उत्सव के माध्यम से राभा जनजाति के लोग अपने समाज को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास करते हैं। साथ ही साथ राभा जनजाति की भावी पीढ़ी को कला-संस्कृति के प्रति आकर्षित करना इस उत्सव का उद्देश्य है। अगर आने वाली पीढ़ियाँ कला-संस्कृति, लोक-संस्कृति को जीवित नहीं रखेंगी तो राभा संस्कृति काल के चक्र में लुप्त हो जाएगी। इसलिए जातीय उत्सव को जीवित रखने के उद्देश्य से राभा आज तक बायखो उत्सव मानते आ रहे हैं और भविष्य में भी हमेशा मनाया जाता रहेगा। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. दास, नारायण, असमर संस्कृति कोष, असमीया विभाग, प्रागज्योतिष महाविद्यालय, 2009, प्रथम संस्करण, पृ. स. 46
2. राभा, मणि, राभा संस्कृतिर धारा, बांठो लाइब्रेरी, 1975, प्रथम संस्करण, पृ.स.60,61
3. राभा, राजेन, राभा जनजाति, बीना लाइब्रेरी, 1975, प्रथम संस्करण, पृ.स.15
4. हाकासाम, उपेन राभा, राभा लोक संस्कृति, असम प्रकासन परिसद, 2006, प्रथम संस्करण, पृ.स. 56
5. राभा, हेमंत (संपादक), रूपसांगछिनी, छयगाँव, कामरूप, असम, 2015, प्रथम संस्करण, पृ. स.14

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

प्रसंग

गांधी : भाषा-चिंतन

डॉ. प्रकाश कोपार्डे

सह प्रोफेसर, हिंदी विभाग
मानविकी संकाय
हैदराबाद विश्वविद्यालय,
हैदराबाद-500046
7020929831
pkkoparde@uohyd.ac.in

राष्ट्रभाषा हिंदी, हिंदुस्तानी के हिमायती, संरक्षक, समर्थक और विरोधी भी रहे हैं। अर्थात हिंदी के संस्कृतनिष्ठ रूप और उर्दू मिश्रित रूप को लेकर काफी विवाद चला और आज भी उसे देखा जा सकता है। इसी के साथ अनेक भारतीय भाषाओं से उन्नत हुई और होती भाषा को किस नाम से अभिहित किया जाए को लेकर मत-मतांतर है। भारत की आजादी के साथ राष्ट्र संचालन की भाषा कौन-सी हो को लेकर राष्ट्र नायकों की जिरह का प्रतिफल हिंदी है। महात्मा गांधी एक राजनीतिक, स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रपिता- इन रूपों के साथ हमारे लिए भाषाविद भी हैं। उनके अहिंसा, सत्याग्रह, स्वराज जैसे वैचारिक तथा आचरणात्मक मुद्दों के साथ भाषा को लेकर उनका विचार भी राष्ट्र, संघ-राज्य की एकता हेतु अति विशिष्ट है। इस रूप में गांधी को लोक भाषाविद मानना असंगत न होगा।

आदिकाल, मध्यकाल से आजादी तक जो हिंदी विभिन्न महानुभावों द्वारा प्रयुक्त एवं लिखी जाती रही, कई भारतीय बोलियों और विदेशी आक्रांताओं तथा शासकों की भाषा से प्रभावित, स्वीकृतियों को लेकर इस भाषा ने स्वयं को परिमार्जित किया है। इसीलिए गांधी ने हिंदी-उर्दू मिश्रित 'हिंदुस्तानी' को गुजराती होने के बावजूद उसे राष्ट्र-संवाद का माध्यम बनाया। सम्मेलनों, सभाओं तथा विभिन्न मंचों पर स्वतंत्रता के साथ-साथ इस देश की भाषा को लेकर भी उन्होंने अपना स्वतंत्र चिंतन प्रस्तुत किया। जैसे *''सन 1935 में जब सम्मेलन का अध्यक्ष मैं पुन: बना तब हिंदी को पुन: एक बार परिभाषित किया गया। वह यह जो भाषा हिंदू-मुसलमान बोलते हैं और देवनागरी या उर्दू लिपि में लिखी जाती है वह हिंदी है। ऐसी व्यापक परिभाषा बनाने का मेरा उद्देश्य था कि मौलाना शिबली की बेहतरीन उर्दू और पंडित श्यामसुंदर दास की साहित्यिक हिंदी उनका समावेश हिंदी में हो। उसके बाद भारतीय साहित्य परिषद बनी। वह सम्मेलन से जन्मी। मेरी विनती अनुसार हिंदी की जगह हिंदी-हिंदुस्तानी इस शब्द प्रयोग को मान्यता मिली।''*[1] हिंदुस्तानी गांधी के मतानुसार पूरा भारत बोलता है। संस्कृत प्रचुर हिंदी और फारसी से बोझिल उर्दू के गांधी हिमायती नहीं थे। वे महामना पंडित मदनमोहन मालवीय जी तथा बाबू भगवान दास जी के उदाहरण प्रस्तुत कर हिंदी-उर्दू के मिश्रित लोक प्रचलित रूप को सामने रखते थे। प्रेमचंद जिस 'हिन्दुस्तानी' को मानते थे, उसी को गांधी राष्ट्र

की भाषा स्वीकारते हैं। हिंदी-हिंदू की अथवा उर्दू मुसलमानों की इस बहस को गांधी अपने भाषणों से दूर करते थे। इसके लिए उन्होंने एक बार तेज बहादुर सप्रू की उर्दू पंडिती का उदाहरण भी प्रस्तुत किया था। कवि इकबाल की उर्दू के वे हिमायती थे। कुल मिलाकर गांधी राष्ट्र-समाज की भाषा के रूप में 'हिंदुस्तानी' की हामी भरते थे। गांधी राष्ट्र, समाज की भाषा के रूप में हिंदुस्तानी भाषा को स्वीकारते थे ।लोक सहज प्रयुक्त तद्भव शब्द तथा आसान उर्दू के शब्दों से युक्त बोली को वे राष्ट्रभाषा मानते थे। इससे उनका भाषा के प्रति लोक व्यावहारिक दृष्टिकोण भी स्पष्टत: परिलक्षित होता है।

22 जनवरी, 1920 के 'यंग इंडिया' नामक अपने पत्र में मद्रास के नाम एक अपील उन्होंने की थी, जिसमें उन्होंने अनुभव की कसौटी पर राष्ट्र की भाषा कौन-सी हो का जवाब दिया था- *''मैंने सैकड़ों प्रतिनिधियों और हजारों प्रेक्षकों से उसकी चर्चा की है... सभी लोग सेवकों की अपेक्षा में शायद सारे देश में ज्यादा घुमा फिरा हूँ और पढ़े लिखों व अनपढ़ों को मिलाकर सबसे ज्यादा लोगों से मिला हूँ और मैं सोच-समझकर इस नतीजे पर पहुँचा हूँ कि राष्ट्र का कारोबार चलाने के लिए या विचार विनिमय के लिए हिंदुस्तानी को छोड़कर दूसरी कोई भाषा शायद ही राष्ट्रीय माध्यम बन सके...''*[2] गांधी ने अपनी व्यापक अनुभूति को आधार बनाकर ही राष्ट्रभाषा को लेकर अपना मंतव्य मद्रास की जनता के सामने रखा; क्योंकि मद्रास उस समय एक बहुभाषी राज्य था तो संभव था हिंदुस्तानी का विरोध कर सकता था और आगे चलकर हुआ भी वही। विरोध से पूर्व ही मद्रास स्टेट की अपील इस ओर इंगित करती है कि वे भविष्य की आहटों के प्रति सचेत थे। व्यस्तताओं के बीच भी इतनी पैनी पकड़ यह सिद्ध करती है कि वे राष्ट्रीय भाषिक एकता के प्रति गंभीर थे।

सन 1929 में कांग्रेस अधिवेशन में गांधी ने आग्रह के साथ कांग्रेस-कामकाज की भाषा के रूप में 'हिन्दुस्तानी' भाषा प्रयोग का प्रस्ताव पारित करवाया। अर्थात हिंदुस्तानी राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन की भाषा बनी। उस समय कांग्रेस कामकाज की भाषा अंग्रेजी थी। हिंदुस्तानी भाषा प्रयोग के प्रस्ताव ने कांग्रेस की कार्य विधि में गंभीर परिवर्तन लाए। नेहरू अंग्रेजी के पक्षधर थे, जिसके कुपरिणाम आगे चलकर राजभाषा के रूप में हिंदी मात्र अनुवाद की भाषा के रूप में ही दर्ज होती दिखती है। राजभाषा आयोगों ने हिंदी के प्रति जो उदासीनता बरती है, उसमें केंद्र की सत्ता कहीं-न-कहीं शामिल थी। गांधी अगर हिंदी को कामकाज की भाषा नहीं बनाते तो प्रशासनिक स्तर पर हिंदी की अवस्था और भी अधिक बेहाल होती या कांग्रेस की कामकाजी भाषा देश की राजभाषा बन जाती। अर्थात नेहरू और गांधी में देश की भाषा को लेकर मतैक्य नहीं था, यह तथ्य भी सामने आता है।

कांग्रेस द्वारा 'हिंदुस्तानी' को राष्ट्रीय जागरण की भाषा के रूप में मिली स्वीकृति के साथ व्यापक जनाधार प्राप्त हुआ। वहीं से उसे राष्ट्रीय आंदोलन की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा भी मिली। बंगाल तथा दक्षिण में वह संपर्क का अहम सूत्र बनी। हिंदुस्तानी के राष्ट्रभाषा स्वीकार को लेकर गांधी की धारणाओं पर अजय तिवारी प्रकाश डालते हुए लिखते हैं, *''जिस तरह स्वदेशी का लक्ष्य आर्थिक क्षेत्र में हमारी राष्ट्रीयता के विकास की शर्त है, उसी तरह राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी अपनाने का प्रश्न भी राष्ट्रीयता से जुड़ा है। ब्रिटिश वस्तुओं का प्रभुत्व भारत के उद्योग व्यापार के लिए विनाशकारी था ब्रिटिश भाषा का प्रभुत्व भारत की सांस्कृतिक उन्नति के लिए विनाशकारी था।''*[3] इसीलिए गांधी जी ने श्रम का महत्व बरकरार रखते हुए खादी को प्रचारित किया तथा श्रमिकों, सामान्य जनों की भाषा हिंदुस्तानी को राष्ट्रभाषा माना। सीमित लोगों का राज्य अंग्रेजी भाषा स्थापित कर सकती है, किंतु सामान्यों हेतु लोकतांत्रिक स्थापना में जनभाषा ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह धारणा गांधी की थी। यही कारण है कि राष्ट्रीय आंदोलन की भाषा हिंदुस्तानी बनी और आगे चलकर राजभाषा भी बनी।

हिंदुस्तानी का राष्ट्रभाषा बनकर उभरना कोई एकालाप नहीं है, उसका विरोध भी होता रहा। पहला विरोध उर्दू भाषियों ने लिपि और मिश्रित भाषा के रूप में एकता को नकार कर दर्शाया। वहीं दूसरा विरोध दक्षिण की प्रांतीय भाषाओं ने किया, लेकिन गांधी ने अपने पुत्र देवदास गांधी, जमनालाल बजाज जैसे लोगों के सहयोग से दक्षिण

में हिंदुस्तानी आंदोलन की भूमि निर्माण की। हिंदी के विरोधी स्वर पर जो तर्क दिए जाते हैं, उन पर जैनेंद्र लिखते हैं, *''हिंदी हिंदुस्तानी चीज क्या है, हिंदुस्तानी कहकर हम उर्दू के अधिपत्य को तो जाने-अनजाने निमंत्रित नहीं करते हैं। कम-से-कम उर्दू के मेल के खातिर हिंदी की गर्दन पकड़कर उसे भारतीयों के सामने झुकाया तो अवश्य जाता है और वह उर्दू डेढ़-दो प्रांतों को छोड़कर और है कहाँ कि जिसके यह आदमी हिंदी के आगे हिंदुस्तानी पद हटाठ बिठाया जाता है''*[4] -यह विरोधी स्वर आलापते लोगों के स्वर हैं, जिसे जैनेंद्र सुना रहे हैं। उन लोगों का तर्क है कि डेढ़-दो प्रांतों में बोली जाती उर्दू के साथ सामजंस्य बिठाने के लिए हिंदी का हिंदुस्तानी नाम क्यों रखा जाए। ऐसे कुतर्कों को रेखांकित कर जैनेंद्र उनकी खबर लेते हैं। गुजरात के वार्षिक उत्सव में लेखक जैनेंद्र हिंदुस्तानी भाषा का विरोध करने वालों की खबर लेते हैं। साथ ही उनके तर्कों को सिरे से नकारते हुए हिंदुस्तानी को ही वे स्वीकारते हुए दिखाई देते हैं। जैनेंद्र गांधी की हिंदुस्तानी परिभाषा को स्वीकारते हैं। उन सवालों का मानसशास्त्र खंगालते हुए इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि वे धर्मांधी ही हैं, जो उर्दू को इस्लाम से जोड़ते हैं। इन सवालों को लेखक के रूप में वे इतना महत्व नहीं देते। जैनेंद्र की धारणाओं पर विमर्श करना, वर्तमान में अधिक प्रासंगिक लगता है।

मतभेदों से परे होकर एक भाषा के रूप में, राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी या हिंदुस्तानी राष्ट्र संकल्पना पूर्ति की निर्वाहक अवश्य है। लेखक गुलाब राय 'राष्ट्रीयता और उसके उपकरण' निबंध में राष्ट्रभाषा को राष्ट्रीयता का प्रमुख आधार मानते हैं, वे लिखते हैं- *''वह भाषा देश की उपज हो, उसकी जड़ों को भारतीय संस्कृति का पोषण मिला हो, भारत में हिंदी ही ऐसी भाषा है, जिसका संस्कृत द्वारा अन्य भाषाओं से संबंध है और जिसके जीवन रस में भारतीय संस्कृति के तत्व ग्रहण किए हैं।''*[5] जिस संस्कृति संबंध निर्वाह और जड़ों से जुड़ने की बात गुलाब राय करते हैं वही कार्यनिर्वाह हिंदी क्षमता से कर रही है। गांधी स्वयं गुजराती भाषी होते हुए भी हिंदुस्तानी भाषा का पक्ष उसकी इसी वृत्ति के कारण लेते हैं। भारतीय संस्कृति, सभ्यता, परंपराओं पर अंग्रेजी भाषा आघात कर रही थी, इसीलिए महान संस्कृति की संवाहिका संस्कृत से उपजी हिंदी में गांधी समस्त क्षमता पाते हैं। वह जन-मन की भाषा जनतंत्र स्थापना संघर्ष की अगुवाई भी करती है। इन गुणों के कारण इस भाषा को भारत में अपना विशिष्ट स्थान प्राप्त होना अनिवार्य है।

हिंदुस्तानी को गांधी ने न सिर्फ आजादी के आंदोलन की भाषा के रूप में स्वीकारा, बल्कि वे सन 1929 को राष्ट्रीय भाषा के रूप में स्वराज और सुराज्य की भाषा के रूप में उसे मान्यता देते हैं, *''यदि स्वराज्य अंग्रेजी पढ़े भारतवासियों का और केवल उनके लिए है तो संपर्क भाषा अवश्य अंग्रेजी रहेगी यदि वह करोड़ों भूखे लोगों, करोड़ों निरक्षर लोगों, स्त्रियों, सताए हुए अछूतों के लिए है तो संपर्क भाषा केवल हिंदी हो सकती है।''*[6] अर्थात अंग्रेजी अंग्रेज प्रशासन की भाषा है। जब भारत स्वतंत्र होगा, तब उस भाषा को निरस्त कर वहाँ स्वराज्य की भाषा को स्थापित होना होगा। प्रशासन, व्यवस्थाएँ जनता की अपनी भाषा में संचालित होने चाहिए। उनके विचार स्वतंत्रता के 75 सालों के बाद भी स्थापित नहीं हो पाए। नौकरशाहों की अंग्रेजी ने लोकतंत्र को केवल सभागारों, योजनाओं, आयोगों, पारित बिलों तथा चुनाव तक ही सीमित किया है। स्वराज्य की भाषा अभी अपने स्थान के लिए संघर्षरत ही है।

संघ राज्य की स्थापना के बाद भारत में भाषावार प्रांत रचना की गई। गांधी ने पहले से ही भाषावार प्रांत रचना को अपने भाषणों में प्रस्तावित किया था। हर प्रांत की भाषा वहाँ की राज्य भाषा होगी तथा प्रांत संघ से हिंदी में संवाद स्थापित करेंगे। लेकिन स्वतंत्रता के बाद प्रांतीयता का स्वर इतना मुखर हुआ कि राष्ट्रभाषा हिंदी राजभाषा के रूप में स्वीकृत होने के बावजूद तिरस्कृत अथवा अनुवाद-भाषा तक ही सीमित रही। सीता चरण दीक्षित ने भारत में एकता के बाधक तत्व पर यों विवेचन किया है- *''एकता के अभाव के जो थोड़े से विषय उदाहरण के रूप में पिछले अध्याय में बताए जा चुके हैं दुभाषा, क्षेत्र, दल, विचारधारा. संस्था, संगठन, संकुचित स्वास्थ्य आदि इनसे देश की शासन व्यवस्था और उन्नति में बाधा पड़ती है''*[7] जिन बाधाओं को यहाँ चिंतन का आधार बनाया है, उनमें से

कई बिंदु आज भी राष्ट्रीयता हेतु चुनौती हैं। भाषा विवाद और द्वेष को लेकर मराठी-कन्नड़, मराठी-गुजराती, हिंदी-दक्षिण, मराठी-कोंकणी जैसे कई विवाद स्वतंत्रता के बाद सामने आए हैं। इसीलिए गांधीजी हमेशा अपने भाषणों में हिंदी पट्टी के राज्यों के लोगों को दक्षिणी भाषाएँ सीखने तथा दक्षिणी जनता को हिंदी सीखने की सलाह देते थे। हिंदी और प्रांतीय भाषा के झगड़े ने भी अंग्रेजी को अवसर प्राप्त कराए हैं। 'निज भाषा उन्नति को मूल' होने से सामान्य जनता व्यवस्थाओं की भाषा तथा उनसे उदास रहती है। निज भाषा के रूप में प्रांतीय भाषाओं के प्रति आस्था और फिर इसी से राष्ट्रभाषा के प्रति अनुदारता भाव भी पुष्ट होता है। प्रांतीय राजनीति में लोकल भाषा बनाम राष्ट्रभाषा का मसला और ऐसी राजनीतिक सोच ने वर्तमान में भाषा के प्रति हमारी अनुदारता और उदासीनता को नए सिरे से रेखांकित किया है।

अंग्रेजी भाषा का विरोध आखिर क्यों? यह सवाल वर्तमान में किया जा सकता है। इस भाषा को लेकर भी कई स्तरों पर गांधी जी ने चिंतन प्रस्तुत किया है। भाषा संस्कृति की रक्षक तथा संवाहक होती है। अगर व्यवस्थाओं में, संचार साधनों तथा जनसंवाद में अंग्रेजी बैठ जाए तो विलायती संस्कृति भारतीय संस्कृति को हाशिए पर धकेल देगी। गांधी का यह चिंतन तथा चिंता वर्तमान भारत की समस्या बनी है। महात्मा गांधी 'यंग इंडिया' के 5 जुलाई, 1928 के समाचार पत्र में लिखते हैं, *''विदेशी शासन की अनेकानेक बुराइयों में इतिहास में इसे एक सबसे बड़ी बुराई मानेगा कि देश के युवाओं पर विदेशी माध्यम लाद दिया गया। इससे राष्ट्र की ऊर्जा क्षीण हुई है, विद्यार्थी की आयु घट गई है, वह जनसाधारण से दूर हो गए हैं, शिक्षा गैर-जरूरी तौर पर महँगी हो गई है, यदि यही तरीका अभी जारी रखा गया तो भय है कि राष्ट्र आत्मा खो बैठेगा।''*[8] विभाषा सीधे आपकी राष्ट्रीयता, राष्ट्रवादी सोच, संस्कृति पर गहरी चोट करते हैं। शिक्षा जैसे जागरण, निर्माण के क्षेत्र में अंग्रेजी जैसी विभाषा का फैलाव राष्ट्र-विनाश का कारण ही है। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर लगे प्रश्न चिन्हों से यह स्पष्ट होता है कि गांधी के अंग्रेजी भाषा को लेकर विचार कितने प्रासंगिक थे।

अंग्रेजी पेच से निकलने के लिए गांधी जी ने प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षा माध्यम की भाषा को लेकर भी अपने मत समय-समय पर प्रस्तावित किए थे। मातृभाषा में आरंभिक शिक्षा के प्रति वे प्रतिबद्ध थे, वहीं मूलोद्योगी शिक्षा से शिक्षा को रोजगार के साथ भी उन्होंने जोड़ा था। अंग्रेजी ज्ञान की भाषा के रूप में भारतीय छात्र के लिए असंभव है, वहीं अनूदित पारिभाषिक शब्दावली, पदावलियों को भी विसंगत मानते थे। छात्रों की भाषा में पाठ्यक्रम होने की आवश्यकता पर वे जोर देते थे। उनके मतानुसार- *''किंतु मुझे एक बात स्पष्ट रूप से दिखाई देती है कि जितना अंकगणित, बीजगणित, भूमिती, रसायन, खगोल आदि शास्त्र विषय पढ़ने में मुझे चार साल लगे, उतने ही अंग्रेजी के बजाय गुजराती में पढ़ाए होते तो एक ही साल में सहजता से बेमेहनत में पढ़ जाता। विषयों का सहज ज्ञान मुझे होता। मेरा गुजराती भाषा ज्ञान भी बढ़ता। इस ज्ञान का उपयोग मैं मेरे नित्य दैनिक उपक्रमों में भी करता।''*[9] गांधीजी अपना निजी उदाहरण देकर यही सिद्ध करना चाहते हैं कि विभाषा सौ फीसदी ज्ञानार्जन में कारगर नहीं है, इसीलिए वे मातृभाषा को महत्व देते हैं। ज्ञान-विज्ञान जब स्वभाषा में होगा तो व्यावहारिक स्तर पर निजी जीवन की समस्याओं के निपटान में भी वह काम आएगा। उस्मानिया विश्वविद्यालय के भौतिकी के प्रोफेसर अब्दुल हक जी से वैचारिक मतभेद होने के बावजूद गांधीजी उनके उर्दू में भौतिकी पढ़ाने, अनुसंधान कार्य कराने की सफलता को अपने मंतव्यों में खासी जगह देते थे। ज्ञान-विज्ञान की भाषा के रूप में बंगाली भाषा की प्रगति से गांधी जी विशेष प्रभावित थे, ऐसे प्रयासों के प्रति साहसी कदम उठाए जाने की उनकी मंशा थी। लेकिन ज्ञान-विज्ञान के अनुवाद के प्रति कोई विशेष लगाव नहीं था, उनका मानना था जब विज्ञान मातृभाषा में पढ़ाया जाने लगेगा तो पारिभाषिक शब्दों के सहज सुलभ पर्याय अपने आप सामने आ जाएँगे।

इतने गंभीर विवेचन के साथ हिंदुस्तानी तथा मातृभाषा आदि के महत्व को निजी तथा संस्थागत प्रयासों, माध्यमों, मंचों से प्रचारित एवं प्रसारित करते रहे।

जमनालाल बजाज के सहयोग से उन्होंने दक्षिण भारत

हिंदी प्रचार सभा की स्थापना कर सन 1918 में दक्षिण में हिंदी अभियान चलाया। इस संस्था के कार्य के प्रति वे संतुष्ट थे, मद्रास की सभा में वे दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के कार्य पर वक्तव्य देते हैं- *''इस वर्ष सन 1935 में परीक्षार्थी संख्या 42000 है । हिंदी अध्यापन केंद्र 3200 हैं। अब तक 600 अध्यापक प्रशिक्षित हुए हैं। 450 केंद्र स्थापित हुए हैं। सन1931 से स्नातक परीक्षा उपाधि आरंभ हुई है। अब तक की 100 स्नातक उपाधि प्राप्त है। सभा द्वारा 70 पुस्तकें प्रकाशित की गई हैं, जिनकी 800000 प्रतियाँ बिकी हैं। 17 साल पूर्व हिंदी अध्ययन-अध्यापन की सुविधा वाला एक भी हाई स्कूल नहीं था। अब 70 हाई स्कूलों में शिक्षा की सुविधा है।''*[10] न सिर्फ एकाध आंदोलन खड़ा करके गांधी मुक्त होते थे, बल्कि वे उस आंदोलन का सूक्ष्मता से संचालन भी करते थे। उपर्युक्त सभा में दिया ब्योरा सभा तथा उसके कार्य के प्रति उनका लगाव प्रदर्शित करता है। वर्तमान नेताओं ने भाषा को एक मसला बनाया है, जिसे वे राजनीति के लिए हल नहीं करना चाहते। 'भाषा की रात' यह धूमिल की कविता इसी समस्याओं की ओर संकेत करती है।

गांधीजी दक्षिण में संस्थाओं, व्यक्तियों के माध्यम से संपर्क भाषा हिंदी को राष्ट्रभाषा हिंदी बनाने के अभियान में जुटे थे। वहीं स्वराज्य, व्यवस्थाएँ और उनके संचालन के प्रारूप पर भी वे समय-समय पर चिंतन प्रस्तुत करते रहे। व्यवस्थाओं में कौन-सी भाषा प्रयुक्त हो, को लेकर भी लिखते हैं- *''प्रांतीय भाषाओं का स्तर तथा व्यावहारिक महत्व को बढ़ाने हेतु कोर्ट के कामकाज अपनी-अपनी राज्य भाषाओं में संपन्न हो यह मेरी इच्छा है। प्रांतीय विधानसभाओं की कार्यविधि उन्हीं की प्रांतीय भाषा अथवा जो भाषाएँ होंगी उनमें संपन्न हो। विधायकों से मेरा कहना है कि अगर उन्होंने ठानी तो 1 महीने के अंदर में अपने राज्य की भाषा वे सही समझ पाएँगे।''*[11] राज्य अपनी प्रांतीय भाषाओं में कार्य निर्वाह करें तथा केंद्र, केंद्र-राज्य व्यवहार हेतु हिंदी को प्रयुक्त करें। इसकी स्पष्टता गांधी स्वयं करते हैं, राज्य और स्वराज्य की व्यवस्थाओं पर गांधी का यह चिंतन जनकेंद्री था। स्वराज्य और स्वराज्य की व्यवस्थाओं पर जो चिंतन गांधी ने प्रस्तुत किया है, वह जमीनी जुड़ाव है। इसीलिए भाषा के रूप में प्रांतीय भाषा तथा राष्ट्रभाषा ऐसे दो सशक्त विकल्प गांधी राज्य और राष्ट्र संचालन हेतु रखते हैं।

मातृभाषा की अहमियत के कारण गांधीजी नागरिकता निर्माण में उसकी महत्ता को जानते थे। प्रांतीय भाषाओं की विविधता को भी वे एक श्रेष्ठ उपलब्धि स्वीकारते हैं। इसीलिए भाषावार प्रांत रचना के पक्षधर थे; किंतु भाषावार प्रांत रचना से भारत में कई समस्याओं ने अपना घर बनाया। 'स्वराज्य की समस्याएँ' इस निबंध में गांधीवादी चिंतक सीता चरण दीक्षित भाषावार प्रांत रचना के यथार्थ को हमारे सामने रखते हैं, *''वास्तव में भाषाई प्रदेशों की निर्माण कि जो माँगें की गईं इनमें दावा तो किया गया अपनी-अपनी संस्कृति संबंधी आकांक्षाओं का, परंतु असली कारण यह था कि वे दूसरी भाषाएँ बोलने वालों के साथ रहना नहीं चाहते थे उनसे अलग होना चाहते थे, अर्थात एक प्रकार के प्रेम के बदले दूसरे प्रकार का द्वेष इन माँगों की तह में था।''*[12] यह एक जमीनी यथार्थ था, किंतु गांधीजी की सोच मातृभाषा से सहज विकास था। संस्कृति वैविध्य की सुरक्षा की पहल थी, उनके विचारों का मूल। यही वजह है कि वर्तमान भारत में बहुभाषिकता जहाँ एक ओर अभिमान है, वहीं दूसरी ओर द्वेष की जड़ बनकर राष्ट्रीयता को चुनौती दे रही है। प्रांतीय नेताओं का केंद्र भाषा ही बनी है। दक्षिण भारत में हिंदी विरोध के पीछे यही शक्ति क्रियाशील है। एक यथार्थ यह है कि दक्षिण में क्षेत्रीय दल और कुछ भाषावादी संगठन हिंदी के विरोधी हैं। दक्षिण की सामान्य जनता तो एक चलताऊ हिंदी का प्रयोग अपनी यात्राओं में सफाई से करती दिखती है। बीते सालों में दक्षिण से जो लेखक, अनुवादक उभरकर राष्ट्र-पटल पर आए हैं, वे सिद्ध करते हैं कि दक्षिण में हिंदी का विरोध केवल एक सियासी मामला है।

क्षेत्रीय भाषा अस्मिता आगे चलकर एक मसला बन सकती है, इसका एहसास गांधीजी को था। इसीलिए उत्तर और दक्षिण के लोगों से हमेशा आवाहन करते रहते थे कि कुछ लोग गुट बनाकर या स्वतंत्र रूप से एक-दूसरे की भाषाएँ सीखें। लेकिन गांधीजी के इस विचार की उपेक्षा ही अधिक हुई। गुजरात में संपन्न एक सम्मेलन में हिंदी के श्रेष्ठ रचनाकार जैनेंद्र ने इसी ओर संकेत किया था-

''अधिकांश यहाँ पर गुजराती हैं, लेकिन मैं गुजराती नहीं जानता। फिर भी हिंदी में भाषण करना शर्म की बात नहीं है तो इसलिए कि सूरत हिंदुस्तान राष्ट्र का हिस्सा है। पर आपके और मेरे दोनों के लिए प्रसन्नता की बात होती है अगर मैं गुजराती भी बोल सकता। आप अगर हिंदी सीखने लग जाते हैं तो क्या मुझ पर रंज नहीं चढ़ता कि मैं आपकी भाषा सीखूँ।''[13] जिस बात का एहसास यहाँ पर जैनेंद्र खुद कर रहे हैं और करा रहे हैं, उसी को गांधी जी ने कहा था। भाषाओं के बीच आपसदारी, समझदारी होनी चाहिए। इस भाषा विविधता के प्रति नागरिकों को आकर्षित होना चाहिए। संस्कृति तथा लोक की समझ से ही राष्ट्रभाव में श्रीवृद्धि संभव है। अन्य भारतीय भाषाओं के प्रति आदर भाव के साथ उन्हें पढ़ने की पहल राष्ट्र की एकता का परम आवश्यक कर्तव्य है। जब तक समस्त भाषाओं, लोक, संस्कृति, त्योहारों के बीच एक स्वस्थ आदान-प्रदान संभव नहीं है, तब तक हम भारतीय नहीं हो सकते हैं। इसीलिए आपसी आदान-प्रदान ही राष्ट्र के मानचित्र को पूर्ण कर सकता है।

गांधीजी मात्र स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि वह सभी दृष्टि से श्रेष्ठ राष्ट्र नायक हैं, राष्ट्रपिता हैं। इस आजाद राष्ट्र को स्वराज्य और रामराज्य बनाने हेतु जो-जो आवश्यक था; उन सब पर यात्रा, शोध, संवाद आदि के माध्यम से उन्होंने निष्कर्ष रूप विचार प्रस्तुत किए, जिसे हम 'गांधी दर्शन' कहते हैं।

शिक्षा में मातृभाषा का महत्व प्रांतीय व्यवस्थाओं में मातृभाषा की आवश्यकता तथा उसके द्वारा पोषित, संरक्षित, संक्रमित, कला व संस्कृति को जीवित रखने की पहल उन्हें समाजशास्त्री बनाती है। हिंदी-उर्दू की मिश्रित सहज साधन प्रचलित 'हिंदुस्तानी' की स्थापना उन्हें भारत का 'पहला लोकभाषाविद' ठहराती है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रभाषा की आवश्यकता, दक्षिण में हिंदी को लेकर स्वयं तथा पुत्र देवदास गांधी के साथ काम करना, सभी कार्य पालिकाओं में हिंदुस्तानी की आवश्यकता को प्रस्तुत करना- वह भी स्वराज्य से पूर्व यह सब, गांधी के युग-दृष्टा होने के प्रमाण हैं। इसीलिए वे राष्ट्रपिता हैं। हिंदी, हिंदुत्व और उर्दू मुसलमान जैसे दुराग्रहों को भी सिरे से खारिज करते दिखते हैं।

राष्ट्रीयता, शिक्षा, कार्यपालिका संचालन, मातृभाषा का महत्व, आदान-प्रदान जैसे गंभीर मामलों पर गांधी एक व्यस्त राजनेता होने के बावजूद रचनात्मक निष्कर्ष प्रदान करते रहे, यह उनकी बड़ी उपलब्धि है । इसी कारण गांधी के समस्त विचार वर्तमान भारत में अपनी प्रासंगिकता को सदैव रेखांकित करते हैं। ❑

संदर्भ सूची :

1. ग. वि. अकोलकर, मराठी अनुवादक, गांधी विचार दर्शन, खंड अट्ठारह, भाषा संस्कृति व कला, गांधी वांग्मय प्रकाशन समिति, पुणे, प्रथम संस्करण 1963, पृष्ठ क्रमांक 45
2. भोलानाथ तिवारी, राजभाषा हिंदी, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण 2017, पृष्ठ क्रमांक 34
3. मधुसूदन आनंद (संपादक), नया ज्ञानोदय, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 1सितंबर 2019 पृष्ठ क्रमांक 70
4. जैनेंद्र, साहित्य का श्रेय और प्रेय, पूर्वोदय प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण 1996, पृष्ठ क्रमांक 18
5. गुलाब राय, राष्ट्रीयता, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 1996, पृष्ठ क्रमांक 18
6. महात्मा गांधी, थॉट्स ऑन नेशनल लैंग्वेज, नवजीवन पब्लिकेशन हाउस, अहमदाबाद, संस्करण 1956, पृष्ठ क्रमांक 31
7. सीता चरण दीक्षित, भारत एक है, गांधी शत वार्षिक प्रकाशन, राजपाल एंड संस दिल्ली, प्रथम संस्करण 1967, पृष्ठ क्रमांक 95
8. वही, पृष्ठ क्रमांक 29
9. ग. वि. अकोलकर (मराठी-अनुवादक), गांधी विचार दर्शन, खंड 11, शिक्षण विचार, गांधी वांग्मय प्रकाशन समिति, पुणे, संस्करण 1962, पृष्ठ क्रमांक 86
10. ग. वि. अकोलकर (मराठी-अनुवादक), गांधी विचार दर्शन, खंड 18 , भाषा संस्कृति व कला, गांधी वांग्मय प्रकाशन समिति पुणे, प्रथम संस्करण 1963, पृष्ठ क्रमांक 86
11. ग. वि. अकोलकर (मराठी-अनुवादक), गांधी विचार दर्शन, खंड 11, शिक्षण विचार, गांधी वांग्मय प्रकाशन समिति, पुणे, संस्करण 1962, पृष्ठ क्रमांक 89
12. सीता चरण दीक्षित, भारत एक है, गांधी सत वार्षिक प्रकाशन, राजपाल एंड संस दिल्ली, प्रथम संस्करण 1967, पृष्ठ क्रमांक 87-88
13. जैनेंद्र, साहित्य का श्रेय और प्रेय, पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली, प्रथम संस्करण जनवरी 1961, पृष्ठ क्रमांक 94

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

मंथन

वेदों में पर्यावरण संरक्षण : एक समीक्षात्मक अध्ययन

डॉ. निलाक्षी मिलि मेदक

सहायक अध्यापिका, संस्कृत विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी-1
7099808909
nilakshimili1981@gmail.com

शोध-सार :

संपूर्ण जगत का निर्माण पृथ्वी वायु, अग्नि, आकाश और जल-इन पाँच महाभूतों से हुआ है। अत: प्रकृति में दिखाई देने वाले समस्त पदार्थ भी इन पाँच महाभूतों से ही निर्मित हैं। आधुनिक समय में जिसे पर्यावरण या पारिस्थितिकी या पारिवेशिकी कहा जाता है, उसे ही प्राचीन ग्रंथों में प्रकृति का नाम दिया गया है। प्रकृति के उत्पादन जैसे जल, वायु, मृदा, पादप तथा विभिन्न प्राणी यहाँ तक कि स्वयं मानव भी पर्यावरण का एक अंश है। अतएव जीव जगत और प्रकृति का परस्पर अभिन्न सबंध भी है। प्राकृतिक शुद्धता पर ही पर्यावरण की शुद्धता निर्भर होती है। अत: अपने आसपास विद्यमान जगत एवं जीवन के आधारभूत पंच महाभूतों को शुद्ध बनाए रखना एवं उन्हें दूषित न होने देना मानव जीवन का परम कर्तव्य है। इसी कारण प्राकृतिक उपादानों के संरक्षण के विषय में वैदिक साहित्य में विस्तार से प्रकाश डाला गया है।

बीज शब्द :

पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण एवं वेद, वृक्ष संरक्षण, वायु संरक्षण, भूमि संरक्षण, जल संरक्षण ।

प्रस्तावना :

पर्यावरण शब्द 'परि' और 'आवरण' से मिलकर वना है। पर्यावरण शब्द का अर्थ है- चारों ओर से आवरण।

परित: आव्रियन्ते आच्छाद्यन्ते जलादीनि पंचतत्वानि विचांरा: वा यस्मिन् तत् पर्यावरणम् अर्थात् जिसमें चारों ओर से आकाश, जल, वायु, आदि पंचतत्व अथवा सामाजिक, नैतिक आदि विषयों से संबंधित विचार आवृत्त रहते हैं, उसे पर्यावरण कहते हैं। प्रकृति का निर्माण मूलत: पंच तत्वों से मिलकर हुआ है। ये तत्व हैं- क्षिति (पृथ्वी), जल, अग्नि (पावक), आकाश एवं वायु। सामान्य रूप से हरी-भरी प्रकृति मानव का पर्यावरण है तथा इससे मानव का अविभाज्य संबंध है। अत:

पशु-पक्षी आदि जीव-जंतुओं से समृद्ध और शस्यश्यामला पृथ्वी, सूर्य और उसकी किरणें समुद्र, आकाश, बादल और बिजली से युक्त, अंतरिक्ष आदि, जिससे मानव व्याप्त है वह उनका पर्यावरण है। आकाश, जल, वायु, भूमि और अग्नि पर्यावरण के प्रमुख घटक हैं। इन घटकों के पारस्परिक व्यवहार द्वारा प्रकृति का निरंतर संतुलन बना रहता है। यदि कोई भी घटक सीमा के बाहर निरंतर उपयोग में आता है तो पर्यावरण में असंतुलन होने लगता है; इसी प्राकृतिक असंतुलन का नाम प्रदूषण है।

जगत उत्पत्ति काल से ही पर्यावरण-संरक्षण का प्रादुर्भाव हुआ। संरक्षण का अर्थ है- उत्तरदायित्व या जिम्मेदारी के साथ किसी की देखभाल करना या निगरानी करना। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से 'संरक्षण' शब्द की व्युत्पत्ति 'रक्ष' धातु में 'सम्' उपसर्ग पूर्वक 'ल्युट' प्रत्यय के संयोग से हुई है। इसका अर्थ है प्ररक्ष्ण, संधारण, उत्तरदायित्व तथा निगरानी।

मानव द्वारा सर्वप्रथम श्वास लेकर छोड़ते समय तथा मल-मूत्र एवं पसीने का त्याग करते ही प्रदूषण का आरंभ हुआ। प्रदूषण की अवधारणा आज की हो सकती है, किंतु इसकी स्थिति प्रकृति के गर्भ से ही है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रकृति एवं मानव के बीच संतुलन आवश्वक है। प्रकृति प्रति क्षण मानव के हित-संपादन में तत्पर है। अत: मानव को भी इसके शुद्ध स्वरूप को सुरक्षित रखना चाहिए। लेकिन आज मानव स्वार्थांधतावश प्रकृति के शुद्ध स्वरूप को विकृत कर रहा है। चाहे वह भूमि, जल, वायु या आकाश हो या प्रकृति के अन्य उपादान। अतएव आज पर्यावरण प्रदूषण का विकट संकट से मानव त्रस्त है।

वैदिक ऋषि मानव एवं प्रकृति के इस संतुलन के प्रति पूर्णत: सजग थे। इसलिए वैदिक साहित्य में पर्यावरण की शुद्धि के लिए जल, वायु, भूमि, वृक्ष, वनस्पति आदि प्राकृतिक तत्वों को अत्यंत आदर भाव से माता-माता के समान कहा गया है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए अनेक मंत्र वैदिक साहित्य में उपलब्ध है। प्राकृतिक पर्यावरण के साथ ही वैदिक ऋषियों ने मानसिक या बौद्धिक पर्यावरण की शुद्धि के लिए पर्याप्त संदेश दिया है।

जल संरक्षण : पर्यावरण की शुद्धि के लिए जल अत्यंत महत्वपूर्ण है। जल जीवन के लिए अति आवश्यक है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। ऋग्वेद में कहा गया है कि शुद्ध जल में अमृत एवं औषधि का निवास रहता है —

अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजम।[1]

इसलिए अथर्ववेद में कामना की गई है कि हमारे लिए शुद्ध जल प्रवाहित हो-

शुद्धा न आपस्तन्वे क्षरन्तु।[2]

ऋग्वेद में कहा गया है कि मनुष्य को चाहिए कि सब सुखों को देने वाला, प्राणों को धारण करने वाला एवं माता के समान, पालन-पोषण करने वाला जो जल है, उससे शुचिता को प्राप्त कर, जल का शोधन करने के पश्चात ही; उसका उपयोग करना चाहिए, जिसमे देह को सुंदर वर्ण; रोगमुक्त देह प्राप्त कर, अनवरत उपक्रम सहित, धार्मिक अनुष्ठान करते हुए अपने पुरुषार्थ से आनंद की प्राप्ति हो सके।

आपो अस्मात् मातर : शुन्धयन्तु घृतेन नो घृतप्व: पुनन्तु।
विश्वं हि रिप्रं प्रवहन्ति देवी रुदिदाभ्य : शुचिरा पूत एमि।[3]

जल संरक्षण के विषय में कहा गया है कि शुद्ध जल लंबी आयु और स्वास्थ देता है। जल में औषधियों के गुण और धर्म हैं। —

आपश्च विश्वभेषजी:।[4]

ऋग्वेद के प्रभम मंडल में कहा गया है -

अप्सु में सोमो अब्रवीदर्न्तविश्वानि भेषजा।
अग्निं च विश्वशंभुवमापश्च विश्वभेषजी:।।[5]

अर्थात जल में औषधियों के गुण और धर्म हैं। प्राय: सभी रोगों की चिकित्सा में जल के अमृत गुण प्रभाव दिखाते हैं। सबके लिए सुखदायी अग्नि भी जल में रहता है। जल में ओषधियाँ समाविष्ट हैं।

ऋग्वेद के तृतीय मंडल के तैंतीसवें सूक्त के निम्नलिखित मंत्र में जल संरक्षण के महत्व को प्रतिपादित किया गया है-

उद्व ऊर्मिः शम्या हन्त्वापो योक्त्राणि मुञ्चत।
मा दुष्कृतौ व्येनसाध्यौ थूनमारताम्।।[6]

विपाट् और शुतुद्री नदियों को पार करने की इच्छा से इस मंत्र में ऋषि विश्वामित्र ने उनसे प्रार्थना की है, हे नदियो ! तुम लोगों के ऐश्वर्य को बढ़ाती रहो और स्वयं भी वेग से बहती रहो। प्रवाहयुक्त तुम्हारी लहरें यज्ञस्तंभ से टकराती रहें अर्थात तुम्हारे किनारे पर सदा यज्ञ होते रहें। तुम्हारे किनारे सदा अच्छी खेती करते रहें। तुम अहन्या (हिंसा-रहित) रहो अर्थात नदी के जल का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए; क्योंकि जल का दुरुपयोग ही नदियों की हिंसा है। मंत्र का संदेश है कि जल के समुचित उपयोग में जनसमृद्धि निहित है।

तेत्तिरीय आरण्यक के निम्नलिखित वाक्य में जल संरक्षण का महत्वपूर्ण सूत्र है-

नाप्सु मूत्रपूरीषं कुर्यात् ।।[7]

पृथ्वी पर नदी, तालाब, वापी, कूप आदि अनेक रूपों में जलस्रोत उपलब्ध हैं, जिनसे प्राणी अपनी प्यास बुझाते हैं और स्नान आदि क्रियाएँ संपादित करते हैं। इनमें मलमूत्र का त्याग कदापि नहीं करना चाहिए। गंदे पदार्थों से जलस्रोतों को बचाना जल संरक्षण का मूलभूत सिद्धांत है।

वायु-संरक्षण : वायु का पर्यावरण से सीधा संबंध है। वायु ही श्वास-प्रश्वास की क्रिया द्वारा जीवन की आधारशिला है। ऋग्वेद में वायु को विश्वभेषज (World Physician) कहा गया है और प्रार्थना की गई है कि वह दूषित-वायु को दूर करे तथा शुद्ध वायु-भेषज-वात (Medicated Air)को प्रवाहित करे-

आ वात वाहि भेषजं वि वात वाहि यद्रप:।
त्वं हि विश्वभेषजो देवानां दूत ईयसे।।[8]

जीवनदायक वायु के मूल स्रोत वृक्ष एवं वन हैं। पर्यावरण की रक्षा के लिए वनस्पति एवं वृक्षारोपण को आवश्यक मानते हुए ऋग्वेद के एक मंत्र में वनस्पति आरोपण का स्पष्ट आदेश दिया गया है-

वनस्पतिं वन आस्थापयध्वम्।[9]

वायु सजीव जगत के लिए आवश्यक तत्व है। भोजन एवं जल के बिना मनुष्य कुछ दिनों तक जीवित रह सकता है, किंतु वायु के बिना प्राणी कुछ क्षण भी जीवित नहीं रह सकता। ऋग्वेद के दशम मंडल के निम्नलिखित मंत्र में शुद्ध वायु की उपादेयता प्रतिपादित है-

वात आ वातु भेषजं शंभु मयोभु नो दे।
प्राण आयूँषि तारिषत्।।[10]

शुद्ध वायु आरोग्यता प्रदान कर आयु की वृद्धि करता है। वह हृदय-रोग को दूर करने में मुख्य औषधि का कार्य करता है। शुद्ध वायु हमारे जीवन के लिए औषधि के समान है। प्राणयाम द्वारा शुद्ध वायु के सेवन की विधि पातञ्जल योगसूत्र में वर्णित है। अशुद्ध वायु स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अशुद्ध वायु शुद्धता की अपेक्षा रखता है। वायु शोधन के उपायों में यज्ञ का प्रमुख स्थान है। वेद ने प्रत्येक गृहस्थ को वायु को शुद्ध एवं स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया है- प्रत्येक गृहस्थ को यज्ञ करना चाहिए। यज्ञ क्रिया के द्वारा प्रयुक्त शाकल्य (घृत, जड़ी, बूटियाँ, औषिधियाँ तिल आदि) से प्रचुर मात्रा मे ऐसी गैसें निकलती हैं, जो वायुमंडल में फैली प्रदूषित वायु को दूर कर शुद्ध भेषज वायु का प्रसार करती है। वायु में अनेकों प्रकार की गैस हैं। वेद में गैसों के परिभाषी का नाम इस प्रकार हैं-

हाईड्रोजन	- नारद वायु
कार्बनडाई ऑक्साइड	- रुद्ध नीलकंठ वायु
नाईट्रोजन	- रूप ज्योति
ऑक्सीजन	- सोम वायु

इनमें सबसे महत्वपूर्ण ऑक्सीजन गैस है। वायुमंडल में जब ऑक्सीजन की कमी होती है तभी वायुमंडल प्रदूषित होता है। इसलिए वेद में शुद्ध वायु को भी देवता कहकर प्रणाम किया गया है कि आप शुद्ध रूप से प्रवाहित होकर हमारा कल्याण करें।

वृक्ष संरक्षण : वृक्ष मानव के लिए स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रमुख घटक के रूप में माने जाते हैं। वृक्ष जीवनदायक एवं स्वास्थ्यप्रद वायु ऑक्सीजन छोड़ते हैं तथा जीवन के लिए हानिकारक वायु को ग्रहण कर लेते हैं। वृक्षों के इस महत्व को ध्यान में रखते हुए वेदमंत्रों मे वृक्षों और वनों को नमस्कार किया गया है-

नमो वृक्षेभ्य:[11]
वनानां पतये नम:[12]
ओषधीनां पतये नम:[13]
वृक्षाणां पतये नम:[14]
अरण्यानां पतये नम:[15]

वायु के शुद्धीकरण एवं पर्यावरण के बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए वृक्षों का संरक्षण एवं संवर्द्धन अत्यंत आवश्यक है। यजुर्वेद में प्रार्थना की गई है कि किसी भी परिस्थिति में पृथ्वी पर उगने वाली वनस्पतियों की जड़ों को नष्ट नहीं करें।

पृथ्वी देवयजन्योषध्यास्ते मूलं मा हिंसिषं व्रजं गच्छ गोष्ठानं।
वर्षतु ते द्यौर्बधान देव सवित: परमस्यां पृथिव्यां शतेन
पाशैर्योऽ स्मान्द्वेष्टि यं त वयं द्विष्मस्तमतो मा मौक् ।।[16]

इस मंत्र में पृथ्वी पर होने वाली वनस्पतियों की सुरक्षा की अभिलाषा वर्णित है।

पृथ्वी पर होने वाली औषधियों एवं वनस्पतियों के प्रति

श्रद्धा-भावना वृक्ष-संरक्षण का मूल सिद्धांत है। यज्ञ के निमित्त अथवा पशु ओं के भोजन के लिए भी वृक्षों के कुछ हिस्से को ही काटें। कभी भी उसका समूल उच्छेद न करें। वृक्ष-संरक्षण के विषय में मनुस्मृति में भी कहा गया है :-

इन्धनार्थमशुष्कानां द्रुमाणामवपातनम्।
आत्मार्थं च क्रियारम्भो निन्दितान्नादनं तथा॥[17]

अपने ईंधन के लिए हरे पेड़ को काटना महा उपपातक है। अतएव वृक्षों का संरक्षण आवश्यक है।

अथर्ववेद (6.106.1) में कहा गया है कि आस-पास के वातावरण और वायु को शुद्ध रखने के लिए हर व्यक्ति अपने घरों के आने-जाने के मार्ग पर दूर्बा घास उगाए और वहाँ कमलों वाला मनोहारी ताल भी हो-

आयने ते परायणे दूर्वा रोहन्तु पुष्पिणी:।
उत्सो वा तत्र जायतां ह्रदो वा पुण्डरीकवान्।।[18]

भूमि संरक्षण : प्रदूषण निवारण तथा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सर्वाधिक उपयोगी वृक्षों, वनस्पतियों एवं औषधियों को उत्पन्न करने वाली पृथ्वी ही है। पंच महाभूतों में भूमि हमारा मुख्य आश्रय स्थल है। जन्म से मृत्यु पर्यंत मनुष्य का संबंध भूमि से रहता है। अतएव भूमि संरक्षण वैदिक ऋषियों के पर्यावरण चिंतन का विशेष पक्ष है। अथर्ववेद संहिता के बारहवें कांड के प्रथम सूक्त भूमि सूक्त में पृथ्वी के स्वरूप, गुण और महिमा का सुंदर चित्रण हुआ है। यह सूक्त मातृभूमि का वैदिक गीत माना जाता है, जिसमें प्रथम बार पृथ्वी को माता और स्वयं को उसका पुत्र कहा गया है-

माता भूमि: पुत्रो अहं पृथिव्या:[19]

ऋग्वेद के मंत्र में कहा गया है कि परमात्मा द्वारा मनुष्य को दिए गए उपहारों में से एक पृथ्वी है। इस पृथ्वी में अक्षय धन का भंडार है। इस अक्षय भंडार की रक्षा द्युलोक, वृक्ष-वनस्पतियाँ, जल, नदियाँ वन और जल के स्रोत करते हैं। इसका अभिप्राय है कि पृथ्वी के अंदर जो रत्न, मणि, खनिज, पेट्रोल, कोयला, तेल आदि पदार्थ हैं, उनकी सुरक्षा के लिए वृक्ष-वनस्पतियाँ आदि पदार्थ हैं। यदि हम पृथ्वी के रक्षक तत्वों को नष्ट करते हैं तो भूमि के अंदर विद्यमान खनिजों पर दुष्प्रभाव पड़ेगा-

पूर्वीरस्य निष्षिधो मर्त्येषु
पुरू वसूनि पृथ्वी विभर्ति।
इन्द्राय द्याव औषधिरूतापो
रयिं रक्षन्ति जीरयो वनानि।।[20]

ऋग्वेद और अथर्ववेद में भूमि के चारों और स्थित ओजोन परत का उल्लेख है। ऋग्वेद में ओजोन की परत को स्थविर परत कहा है। अथर्ववेद में पृथ्वी को गर्भस्थ शिशु मानते हुए उसकी रक्षा के लिए प्रार्थना की है-

महत तदुल्बं स्थविरं तदासीद् ।
येनाविष्टित: प्रविवेषिथाप:।।[21]

तस्योत जायमानस्य उल्ब आसीद् हिरण्यय।।[22]

ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली लघु पराबैंगनी किरणों का अवशोषण कर लेती है और पृथ्वी के पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं को भस्म होने से बचाती है।

अथर्ववेद में पर्यावरण के महत्व का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है-

सर्वो वै तत्र जीवति गौरष्व: परूष: पशु:।
यत्रेदं ब्रह्मा क्रियते परिधिर्जीवनाय कम् ।।[23]

जहाँ पर्यावरण शुद्ध रहता है, वहाँ मनुष्य, पक्षी-पशु आदि सभी सुखपूर्वक जीवित रहते हैं।

पृथ्वी न केवल मनुष्यों और अन्य प्राणियों को निवास प्रदान कर उन्हें धारण करती है, अपितु उनके भरण-पोषण के लिए अन्न और जल भी देती है। वह बिना भेदभाव के सबकी आवश्यकता की पूर्ति करती है। सब प्रकार से भूमि के अंगों और तत्वों का संरक्षण करना एक आवश्यक मानवीय दायित्व है। भूमि संरक्षण के प्रति वैदिक ऋषियों के सुक्ष्म चिंतन के दिग्दर्शन निम्नलिखित मंत्र में मिलते हैं-

यस्यां वृक्षा वानस्पत्या ध्रुवास्तिष्ठन्ति विश्वहा
पृथ्वी विश्वधायसं धृतामच्छावदामसि।[24]

जिस भूमि पर फल-फूल, पत्र आदि से हमारा उपकार करने के लिए विविध वृक्ष एवं वनस्पतियाँ उत्पन्न होते हैं और दृढ़ता से स्थिर होकर रहते हैं, वह भूमि सदा हमारे लिए वंदनीय और प्रशंसनीय है। जो भूमि हमारे पूर्वजों

द्वारा सुरक्षित रखी गई है, हम भी उसको सावधानीपूर्वक सुरक्षित रखें और उसकी स्तुति करें।

निष्कर्षत:

ऋग्वेद, यजुर्वेद, और अथर्ववेद में धर्म पर आधारित पर्यावरण संरक्षण से संबंधित निर्देश दिया गया है और समाज प्राचीन काल से ही उसे स्वीकार करता आ रहा है।

हम कह सकते हैं कि वेदों के अंतर्गत, कर्मकांड के अंतर्गत जो पारलौकिक एवं प्रचुर अत्यधिक सुख की प्राप्ति के लिए यज्ञ अनुष्ठान कराए जाते हैं, वह केवल परलोक प्राप्ति के लिए ही सीमित नहीं है, बल्कि वातावरण शुद्धि हेतु भी किए जाते थे। वेदों में विभिन्न मंत्रों के माध्यम से मानव को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया है।

वर्तमान समाज में भी पर्यावरण संरक्षण के अनेकों उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन जरूरत है समाज में रहने वाले हम सभी अपने पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षण के लिए एक प्रण लें कि इसकी रक्षा करेंगे, क्योंकि वेदों में उपाय है, परंतु उन उपायों पर अमल करके ही हम अपने पर्यावरण और स्वयं को बचा सकेंगे। ❑

सदंर्भ सूची :

1. ऋग्वेद 1/23/19, अथर्व 1/4/4
2. अथर्ववेद 12/1/30,
3. ऋग्वेद 10/17/10
4. ,, 1/23/20
5. ,, 1/23/20
6. ,, 3/33/3
7. तैत्तिरीय आरण्यक 1/26/7
8. ऋग्वेद 10/137/3
9. ,, 10/101/11
10. ,, 10/186/1
11. यजुर्वेद 16/17
12. ,, 16/18
13. यजुर्वेद 16/19
14. ,, 16/18
15. ,, 16/20
16. ,, 1/25
17. मनु 11/64
18. अथर्ववेद 6/106/1
19. ,, 12/1/12
20. ,, 4/13/3
21. ऋग्वेद 10/186/3
22. ,, 6/37/3
23. ,, 3/51/5
24. अथर्ववेद 12/1/27

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

संस्कृति

असमीया संस्कृति : परंपरा और परिवर्तन

(असम की बिहू परम्परा के आधार पर)

डॉ. कणिमा पाठक

सहायक अध्यापक, असमीया विभाग
जागीरोड महाविद्यालय
जागीरोड, असम-782410
08471925469
kanimapathak6@gmail.com

प्रस्तावना :

किसी भी एक जन-समुदाय के जीवन की समग्र कृतियाँ ही संस्कृति है। किसी जन-समुदाय या मानव द्वारा सृजित आचार अथवा किसी समाज के रीति-रीवाज उससे जुड़े हुए सभी परंपरा, रीति-रिवाज आदि को ही संस्कृति कहा गया है। संस्कृति उस समाज के व्यक्तियों को प्रभावित करती है, फलस्वरूप उस समाज के व्यक्तियों के लिए उपयुक्त और ग्रहण योग्य विभिन्न आचर-व्यापारों का जन्म इसी के गर्भ में होता है । इस प्रकार के रीति-रिवाज ही परवर्ती समय में परंपरागत एक निजी रूप ले लेते हैं और एक समय में इसका परिवर्तन भी होता है। असमीया संस्कृति भी इससे अलग नहीं है ।

'असमीया संस्कृति' शब्द का अर्थ विशाल है, क्योंकि असमीया संस्कृति आर्य और अनार्य दोनों जनगोष्ठियों के उपादान का मिश्रित रूप है। इसलिए असमीया संस्कृति को 'समन्वय संस्कृति' भी कहा गया है। असम में विभिन्न प्रकार के लोग निवास करते हैं। जैसे -बोडो, मिसिंग, राभा, गारो, तिवा, कछारी, देउरी, डिमासा, हाजोंग इत्यादि। इसके अलावा यहाँ ब्राह्मण, कायस्थ, कलिता, कोच, केउट, हीरा, राजवंशी इत्यादि लोगों का निवास स्थल भी है असम। असम में विभिन्न जाति-संप्रदाय के लोगों के एक साथ रहने के कारण उन लोगों के बीच पारस्परिक प्रभाव भी कुछ मिलता-जुलता नजर आता है। इसलिए यहाँ एक समुदाय की संस्कृति में दूसरे समुदाय के रीति-रिवाज, भाषा, खान-पान आदि अविच्छिन्न रूप से विद्यमान होते हैं। 'असमीया संस्कृति' असस्म के विभिन्न जाति-समुदायों के लोगों के सम्मिश्रण का फल है।

इसलिए 'असमीया संस्कृति' को असम की समन्वय संस्कृति कहा गया है । असमीया संस्कृति को चार भागों में विभाजित किया जाता है। जैसे-

(1) मौखिकी लोक विद्या अथवा लोक संस्कृति (Verbal-Art, oral literature),

(2) सामाजिक लोक प्रथा अथवा लोकाचार (Social folk custom),

(3) भौतिक संस्कृति (Material culture) और

(4) लोकपरिवेश्य कला (Performing folk Arts)।

मौखिक लोक विद्या में लोक-कविता, लोक-कथा, लोक-कहानी, लोकोक्ति, लोक-गीत, लोक-भाषा इत्यादि को रखा गया है। असम के लोगों के बीच अनेक लोक-कविता, लोक-गीत, लोक-काहानी आदि प्रचलित हैं, जिनसे असमीया संस्कृति का भंडार समृद्ध हुआ है।

सामाजिक लोक प्रथा अथवा लोकाचार के अंतर्गत असम के विभिन्न उत्सव-पर्व, खेल-कूद, लोक-धर्म, सामाजिक रीति-रीवाज आदि को रखा गया है। प्राचीन कल से चले आ रहे आर्यों-अनार्यों के बीच इन उत्सवों, अनुष्ठानों और इसमें निहित सभी रीति-रीवाजों को ही एक साथ संस्कृति कहा गया है। जिनमें से प्रमुख हैं—बिहू, बैसागु, बिसु, भठेली, बायखो, पचोति, रंकेर, छाग्राम-छावा, फारकाण्टि, आदि। इन उत्सव-अनुष्ठानों में जिन-जिन नृत्य, गीत, नाट, भाओना आदि का परिवेशन किया जाता है; उनको ही लोक कला अथवा लोक-परिवेश्व कला कहा जाता है। इसमें भौतिक संस्कृति में जीवन से जुड़ीं सभी चीजों को लिया जाता है, जैसे — घर, बर्तन, अलंकार, स्थापत्य-विद्या, पाक-प्रणाली, चित्रकला आदि।

असम में निवास करने वाली सभी जाति-जनगोष्ठियों की अपनी निजी संस्कृति है, फिर भी वे लोग सार्वजनीन 'असमीया संस्कृति' को ही अधिकतर स्वीकार करते हैं। इस अध्ययन में सिर्फ असम के आर्य तथा अनार्य (ब्राह्मण, कायस्थ, कलिता, केउट, कोच, हीरा, आदि) की संस्कृति तथा सार्वजनीन 'असमीया संस्कृति' के बारे में विचार-विमर्श किया गया है। असम की जाति-जनगोष्ठियाँ विभिन्न रूप में स्वतंत्र तरीके से 'असमीया संस्कृति' के विभिन्न नियमों का ही पालन करती हैं और उसे अपना मानती हैं।

असमीया संस्कृति में सामाजिक लोक प्रथा अथवा लोकाचार (Social folk custom) के अंतर्गत असम के 'बिहू संस्कृति' के बारे में आलोचना की गई है। असम के अनार्य, वर्ण हिंदू तथा आर्य लोगों के बीच मनाए जाने वाले बिहू की परंपरा के परिवर्तित रूपों पर विचार करना आवश्यक है। असल में संस्कृति परिवर्तनशील है। ठीक उसी प्रकार असम की 'बिहू संस्कृति' भी समय के साथ कुछ नए रीति-रीवाजों, आचार-व्यवहारों, परिस्थितियों और भूमंडलीकरण (globalization) के प्रभाव स्वरूप का परिवर्तित होती जा रही है । इसके कई कारण हैं और जिसका अध्ययन बहुत ही आवश्यक है।

असमीया 'बिहू' में परंपरा का परिवर्तित रूप :

असम में निवास करने वाले सभी जाति-समुदायों के लिए 'बिहू' सबसे प्रमुख और प्रधान उत्सवों में से एक है। बिहू असम के सभी लोग एक साथ मनाते हैं। असमीया जाति के प्राण 'बिहू' में आर्य, आर्यभिन्न, द्रविड़, ऑस्टिक इत्यादि विभिन्न संस्कृति के उपादानों का सम्मिश्रित रुप विराजमान है । बिहू मुलत: असम के कृषि और ग्राम्य जीवन से संबंधित उत्सव है। ग्राम्य तथा लोक-जीवन से जुड़े रिवाज, कर्म, खेतों में मंगल कामना के लिए किए गए विभिन्न लोकाचारों को एक साथ 'बिहू संस्कृति' कहा जाता है । इन सभी लोकाचारों में असमीया जाति के सभी रीति-रीवाज, परंपरा तथा असमीया संस्कृति प्राय: सभी मूल्यवान संपद बिहू के साथ जुड़े हुए होते हैं। असमीया समाज जीवन के साथ जुड़े सभी कर्मों और सुख-दुख, हँसी-उल्लास, उमंग, खेती से जुड़े लोगों के कर्ममय जीवन, लोक समाज के समग्र रूप, आवेग-अनुभूति सब बिहू

गीत अथवा बिहू नाम के जरिए प्रतिफलित होते हैं। असम के विभिन्न जन-समुदायों में बिहू के अलग-अलग नाम हैं, फिर भी बिहू मूलत: कृषि से जुड़ा उत्सव होने के नाते सभी जाति-जनगोष्ठियों में इसे समान रूप से मनाया जाता है। 'बिहू' शब्द का अर्थ आनंदवाचक है। विद्वानों का कहना है कि 'बिहू' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के शब्द 'विषुवण' शब्द से हुआ है। ऐतरेय- ब्राह्मण और अथर्ववेद के अनुसार 'विषुवण' शब्द यज्ञ आदि करने के एक विशेष दिन का नाम है। हिमालय के आस पास रहने वाला खचर समाज भी 'बिहू' उत्सव मनाता है। असमीया जाति की आयु रेखा स्वरूप बिहू मूलत: तीन हैं - (1) बोहाग बिहू अथवा रंगाली बिहू, (2) माघ बिहू अथवा भोगाली बिहू और 3) काति बिहू अथवा कंगाली बिहू।

असम के कृषिजीवी लोगों के कृषि से जुड़े हुए जीवन, कृषि के साथ संपर्क स्थापित करते हुए खेतों में बीज (अनाज) लगाने से पहले, अनाज होने के समय, अनाज होने के बाद इत्यादि विभिन्न समय के विशेष निर्धारित दिनों में विभिन्न प्रकार के नियम, रीति-रीवाज, लोकाचार के जरिए उन तीनों बिहू के मध्यम से असम में बिहू मनाया जाता है। वर्तमान समय में भूमंडलीकरण (Globalization), आधुनिकीकरण (Modernization), नगरीकरण (Urbanization) आदि विभिन्न कारणों से पूर्व निर्धारित बिहू-संस्कृति में परिवर्तन और शिथिलता नजर आते दिख रहे हैं। असमीया के तीनों बिहुओं में नजर आता हुआ पारंपरिक रूप और इसके परिवर्तन के बारे में यहाँ विचार-विमर्श किया गया है।

बोहाग बिहू वैशाख महीने में मनाया जाता है। खेतों में बीज लगाने से पहले खेतों की मिट्टी उर्बर तथा खेतों की प्रजनन क्षमता बृद्धि करने के लिए युवा खेतों में नाच-गान (बिहू नृत्य, बिहू गीत) करते हैं; भगवान को प्रार्थना करते हैं। इस बिहू में खेतों का काम आरंभ करने से पहले खेतों में जरूरी सभी चीजें, जैसे- बैल-गाय, हल, नांगल, कुदाल, इत्यादि को नहालाते-धोते हैं। इन सभी लोकाचार, रीति-रिवाजों से अति आनंद के साथ असमीया लोग बोहाग बिहू का पालन करते हैं। इसलिए इस बिहू का दुसरा नाम रंगाली बिहू (रंगाली शब्द का अर्थ आनंद का रंग है) भी है। रंगाली बिहू चैत महीने की संक्रांति से बोहाग महीने के छह दिन तक मनाये जाते हैं। असमीया समाज उन सात दिनों के लिए अलग-अलग नाम का प्रयोग करते हैं। जैसे- गरु बिहू (चैत बहाग की संक्रांति के दिन), गोसाईं बिहू (पहला बोहाग), मानुह बिहू (2 बहाग), कुटुम बिहू (3 बोहाग), सेनेही बिहु (4 बोहाग), सेरा बिहू (5 बोहाग), सात बिहू (6 बोहाग)। बैशाख महीने की 1 तारिख को असमीया लोग विभिन्न प्रकार की बीमारी से बचने के लिए 101 सागों से व्यंजन बना उसका उपभोग करते हैं। यह भी एक नियम ही है बिहू का। असमीया लोग सभी शुभ काम बैशाख महीने में करना पसंद करते हैं। बोहाग बिहू के लिए गाँव की महिलाएँ कई दिन पहले से तैयारी करती हैं। कपड़ा बुनती हैं (गामोछा, बिहुवान), तिल-नारियल का लड्डू-पीठा, चावल की गुड़ाई से बनाए गए भिन्न प्रकार के पीठा आदि बनाती हैं। वर्तमान समय में बिहू परंपरा में थोड़ा-बहुत परिवर्तन होता हुआ देखा जाता है। जैसे- पहले बिहू-नृत्य सिर्फ खेतीबारी आथवा किसी जंगल के बड़े वृक्ष के नीचे किया जाता था। इसके बाद घर-घर में जाकर और फिर अब स्टेज पर भी बिहू-नृत्य किए जाते हैं, लेकिन जब से बिहू स्टेज पर आ गया है (1951 में गुवाहाटी के लताशील मंच पर पहला बिहू-नृत्य हुआ था) तब से बिहू नृत्य के बारे में जो अश्लीलता का भाव था, वह दूर हो गया ।'हुचरी' (बोहाग बिहू में गाँव घर-घर में साल-भर के लिए आशीर्वाद स्वरूप गाए जाने वाले गीत हैं) में पहले पुरुष ही भाग लिया करते थे; अब महिलाएँ भी इसमें भाग लेती हैं। पहले में बिहू नृत्य-गीत केवल गाँव में होते थे; अब शहरों में भी होते हैं। बिहू के शहर-नगरों में प्रविष्ट होने से इसकी पूर्व-परंपरा में परिवर्तन होना स्वाभाविक-सी बात है। बिहू में पहले जैसी सरलता और अकृतिमता नहीं रही है। विभिन्न कारणों में अब पीठा, गामोछा (बिहुवान) बाहर से लाए जाते हैं ।स्टेज बिहू का प्रसारण होने के कारण वर्तमान पीढ़ी सिर्फ स्टेज पर होने वाले बिहू को ही 'बिहू सस्कृति' समझने लगी है। गाँव में भी पहले जैसा आनंद-उल्लास नहीं रहा है ।

'माघ बिहू' पौष और माघ महीने की संक्रांति के दिन मनाया जाता है। इस बिहू में बहुत ढेर सारे खान-पान का प्रबंध किया जाता है; इसलिए इस बिहू को 'भोगाली बिहू'

कहा जाता है। माघ बिहू के पहले दिन गाँव के लोग एक साथ मिलकर खाना खाते हैं, 'भेलाघर' (मेजीघर) बनाते हैं, सुबह उस मेजीघर को जला दिया जाता है। माघ-बिहू में मेजी घर बनाने का कुछ नियम होते हैं। जैसे - मेजी घर सिर्फ ऊँचा करके धान के सूखे हुए पत्ते (नरा, खेर), लकड़ी, बाँस आदि से बनाया जाता है। वर्तमान समय में माघ-बिहू में शहर-नगरों में भी छोटे-छोटे मेजीघर लकड़ियों से बनाए जाते हैं। गाँव में आजकल तरह-तरह की थीम के साथ मेजघीर बनाते हुए नजर आते हैं। जैसे - टाइटैनिक जहाज, हाथी, चिड़िया, अट्टालिका, गेंडा आदि।

'काति बिहू' आश्विन और कार्तिक महीने की संक्रांति के दिन मनाया जाता है। इस बिहू के समय में न खेतों से धान उपजते हैं और न ही लोगों के पास भोजन करने के लिए अनाज रहता है। एक तरह से कहा जा सकता है कि गाँव के कृषिजीवी लोग इस समय बहुत ही अभाव में रहते हैं। इसलिए इस बिहू का दूसरा नाम कंगाली-बिहू (अभाव का बिहू) भी है । खेतों की उर्वरता के लिए मंगल कामना करते हुए गाँव के लोग खेतों में दीया जला कर लक्ष्मी माता की पूजा करते हैं। घर में तुलसी के पेड़ लगाते हैं और शाम को उस तुलसी के नीचे धूप-द्वीप से लक्ष्मी माता की आरती करने की परंपरा है। आजकल शहरों और नगरों में भी काति-बिहू मनाया जाता है। शहर के लोग काति-बिहू में भी दीपावली जैसे बहुत सारे दीये जला कर इस उत्सव का पालन करते हैं। पहले सिर्फ मिट्टी के दीये में सरसों का तेल डालकर उसे जलाया जाता था, लेकिन आजकल मिट्टी के दीये के साथ-साथ कृत्रिम दीये (बिजली दीया) भी जलाते हैं। इस तरह काति-बिहू में भी पूर्व से चली आ रही परंपरा में परिवर्तन साफ नजर आता है।

उपसंहार :

संस्कृति स्वयंक्रिय है, उसी तरह बिहू भी स्वयंक्रिय है। विभिन्न कारणों से गाँव के लोग नौकरी की तलाश में, काम की तलाश में शहरों में जाते रहे हैं। गाँव से अधिक से अधिक लोगों के शहरों में अग्रसर होने के कारण पूर्व परंपरागत कृषिजीवी, श्रमजीवी लोगों की संस्कृति भी परवर्तित होती रही है। बिहू संस्कृति में नगरीकरण होने के कारण पूर्व बिहू-संस्कृति तथा रीति-रिवाजों में भी शिथिलता आ गई है। यह भूमंडलीकरण का ही भी प्रभाव है। गाँव में भी आजकल पहले के रीति-रिवाजों में परिवर्तन की धारा बहने लगी है। बिहू केवल नृत्य-गीत नहीं है। पहले जिस उद्देश्य से गाँव में, कृषिजीवी समाज में बिहू उत्सव को मनाया जाते था, वही उद्देश्य सांप्रतिक बिहू में नहीं दिखती, शहर-नगर में मनाए जाने वाले बिहू में सिर्फ कृत्रिमता ही अधिक है। बिहू परंपरा के बारे में जानने के लिए नव-पीढ़ी को गाँव में मनाए जाने वाले पूर्व बिहू परंपरा के बारे अध्ययन करना जरूरी है। असमीया संस्कृति के बारे में विस्तारित अध्ययन के लिए इन सभी विषयों पर भी अध्ययन आवश्यक है। ❑

संदर्भ ग्रंथ-सूची :

गगै, मृणाल कुमार (सम्पा.) : बिहु संस्कृतिर तात्पर्य, प्रथम प्रकाश, गुवाहाटी : बी.एल.जे प्रकाशण, 2012.

गगै, लीला : असमर संस्कृति, 9म संस्करण, डिब्रूगढ़, वनलता, 2012.

नाथ, स्वपनज्योति (सम्पा.) : लोक-संस्कृति आरु विश्यायन, प्रथम प्रकाश, नगांव, खागरिजान महाविद्यालय, 2012.

बरदलै, निर्मलप्रभा : असमर लोकसंस्कृति, तृतीय सस्करण, गूवाहाटी : वीणा लाइब्रेरी, 2011.

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

हिंदी उपन्यास एवं आत्मकथा में दिव्यांग विमर्श का परीक्षण

वैशाली सिंघल

शोधार्थी, हिंदी विभाग
एम.जे.पी. रुहेलखंड विश्वविद्यालय,
बरेली (उ.प्र.)
(3के, हाउस नंबर : 33ए, राकेश मार्ग, नेहरू नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश पिन-201001)
8851422094
vaishalisinghal072@gmail.com

शोध सार :

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया की लगभग 15 फीसदी आबादी किसी-न-किसी रूप में दिव्यांगता के साथ जीवन यापन करने पर विवश है। हिंदी साहित्य में सर्वप्रथम कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी द्वारा दिव्यांग पात्रों को प्रस्थापित किया गया। यद्यपि उनके कथा साहित्य में दिव्यांग विमर्श के बीज विद्यमान रहे हैं, परंतु एक संपूर्ण विमर्श के रूप में इसका प्रस्फुटन 21वीं सदी में ही प्रतिष्ठित हुआ है। दिव्यांग विमर्श ऐसा नव विमर्श है, जो किसी भी लिंग जाति समुदाय से रहित है। दिव्यांगता किसी भी मनुष्य को जन्मत: अथवा जन्म पश्चात हो सकती है। परंतु आवश्यकता है समतामूलक सामाजिक दृष्टिकोण विकसित करने की। इक्कीसवीं सदी के दूसरे दशक की पूर्णता के पश्चात भी सकलांग और दिव्यांग के मध्य का भेदभाव जारी है। दिव्यांग विमर्श इसी मानसिकता को समाप्त कर दिव्यांगों में नवीन चेतना का स्फूरण करना चाहता है। दिव्यांगों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना ही इसका परमोद्देश्य है।

बीज शब्द :

दिव्यांग, आत्मकथा, समाज, सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर

प्रस्तावना :

हिंदी साहित्य की प्रारंभ से पूर्ण परिक्रमा करें तो सर्वप्रथम आदिकाल (सामान्यत: संवत् 1050-1375 तक) जो कि वीरगाथा काल के नाम से हिंदी साहित्य के इतिहास में सुरक्षित है, आविर्भाव हुआ। इस काल में पृथ्वीराज चौहान रासो, बिसलदेव रासो, परमाल रासो, आदि रासो काव्य के साथ-साथ धार्मिक साहित्य यथा सिद्ध साहित्य, जैन साहित्य, बौद्ध साहित्य आदि का प्रादुर्भाव हुआ। तत्पश्चात हिंदी साहित्य की प्रवृत्ति में परिवर्तन हुआ और भक्तिकाल का सूत्रपात हुआ। यह काल हिंदी साहित्य में 'स्वर्णयुग' नाम से प्रतिष्ठापित है। हिंदी साहित्य के इस काल में भक्ति आंदोलन की प्रमुखता रही परिणामस्वरूप रामभक्ति शाखा, कृष्णभक्ति शाखा, संत मत, सूफी मत आदि मत एवं संप्रदायों का प्रचार-प्रसार हुआ। कबीरदास, तुलसीदास, सूरदास, मालिक मोहम्मद जायसी जैसे सुप्रसिद्ध साहित्यकार इसी युग के अमूल्य रत्न हैं। समय की करवट के साथ हिंदी साहित्य में रीतिकाल का प्रवेश

हुआ और उसमें लक्षण ग्रंथ, काव्यशास्त्र, नायिका भेद आदि शास्त्रीय विषयों का प्रणयन हुआ। राष्ट्रवादी कवि भूषण भी इसी युग की देन हैं। समय की अविरल सरिता में बल पड़ा और हिंदी साहित्य में आधुनिक काल का शुभारंभ हुआ। यह काल अनेक दृष्टियों से संक्रमण का काल है। चाहे राजनीतिक परिस्थिति हो या सामाजिक परिस्थिति, आर्थिक हो या सांस्कृतिक परिस्थिति-सभी में संक्रमण की स्थिति परिलक्षित हुई। एक और विदेशी ताकतें और दूसरी ओर राष्ट्रवादी स्वाधीनता आंदोलन से परस्पर संघर्ष हुआ। ऐसे दौर में हिंदी साहित्य में विविध प्रवृत्तियों एवं विधाओं का सृजन हुआ, जिससे हिंदी साहित्य रूपी वृक्ष में नव पुष्प एवं पुष्पांड पल्लवित हुए। यह आधुनिक काल ही है, जिसमें अनेक विमर्शों का भी जन्म हुआ। हिंदी साहित्य में मुख्यत: स्त्री विमर्श, दलित विमर्श और आदिवासी विमर्श ने अपना अमूल्य स्थान ग्रहण किया तथा अन्य कुछ विमर्श जैसे अल्पसंख्यक विमर्श, बाल विमर्श, वृद्ध विमर्श आदि भी प्रस्फुटित हुए।

मूल आलेख :

वर्तमान इक्कीसवीं सदी में हिंदी साहित्य में एक नव अभिनव विमर्श - दिव्यांग विमर्श का सूत्रपात हो रहा है, जो किसी भी लिंग, जाति, समुदाय, या देश से विलग विशुद्ध मानतवादी विमर्श है। कोई भी मनुष्य जन्म से अथवा जीवन पर्यंत किसी दुर्घटना, रोग अथवा विकार से जीवन की किसी भी दशा में दिव्यांगता को प्राप्त हो सकता है। अत: दिव्यांगों के भीतर आत्मविश्वास जगाना एवं, उनके समग्र विकास हेतु जनता शासन और समाज सेवी संस्थाओं में सामंजस्य स्थापित करना तथा सकलांगों की मानसिकता में परिवर्तन लाना ही इस विमर्श का उद्देश्य है। ना केवल भारत देश में, अपितु संपूर्ण विश्व में दिव्यांगों की संख्या लगभग 10 फीसदी है, परंतु विडंबना की बात है कि आज भी यह समुदाय दूसरों की सहायता, दया और सहानुभूति पर आश्रित है। दिव्यांग विमर्श का ध्येय है कि वह उन्हें सबल, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाए। अतएव वक्त की मांग है कि दिव्यांग विमर्श की यथेष्ट श्रीवृद्धि हो।

हिंदी साहित्य की विविध विधाओं में दिव्यांग विमर्श का पल्लवन हो रहा है। चाहें उपन्यास हो या कहानियाँ, कविताएँ हो या निबंध, आत्मकथा हो या नाटक-सिनेमा हिंदी साहित्य की समुचित विधाओं में यह विमर्श प्राण प्रतिष्ठित हो रहा हैं। हिंदी साहित्य के कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी ने प्रथमत: समाज के हाशिए के वर्गों को अपने साहित्य में केंद्रस्थ किया -यथा स्त्री, दलित, किसान, दिव्यांग आदि पात्रों को अपनी कहानियों और उपन्यासों में नायक बनाया। उनके उपन्यासों में दिव्यांग पात्र प्रचुरता से प्रणीत हुए हैं तथा कहानियाँ भी दिव्यांग चेतना से सराबोर हैं। प्रेमचंद जी का उपन्यास 'रंगभूमि' और कहानी 'पत्नी से पति' दिव्यांग विमर्श की पूर्व पीठिका के रूप में प्रतिष्ठित है। 'रंगभूमि' उपन्यास में, *''बनारस के समीपस्थ पांडेपुर ग्राम का निवासी सूरदास कृशकाय, सीधा-साधा नित्य प्रति भिक्षार्जन के लिए लाठी टेकते हुए निकलता।...वह गरीब व दलित है। भारतवर्ष में अंधे आदमियों के लिए न नाम की जरूरत है, न काम की। सूरदास उनका बना-बनाया नाम है और भीख माँगना बना-बनाया काम।.. बाह्य दृष्टि बंद और अंतर्दृष्टि खुली हुई।''* [1] इस प्रकार सर्वप्रथम प्रेमचंद जी ने अपने उपन्यास रंगभूमि में दिव्यांग चरित्र सूरदास को इस उपन्यास का नायक बनाया, जो कर्म व आचरण में सकलांगों से भी आगे निकल जाता है। और अपने अस्तित्व की रक्षा करते हुए सत्य, अहिंसा और नैतिकता के द्वारा संघर्ष कर वह एक मिसाल कायम करता है। प्रेमचंद जी ने इस अंधे दिव्यांग चरित्र को नायक बनाकर निश्चित रूप से दिव्यांग विमर्श के बीज बोए थे। प्रेमचंद जी के अतिरिक्त स्त्री लेखिका शिवानी जी का उपन्यास 'कृष्णवेणी' कुष्ठ रोग से पीड़ित दिव्यांग चरित्र की व्यथा कथा है। डॉक्टर साताप्पा शामराव सावंत के अनुसार *''इस उपन्यास में एक विकलांग प्रेमी की त्रासदी का चित्रण किया गया है। उसका प्रेमी कुष्ठ रोग से विकलांग होने के कारण उसे अपना घर-बार छोड़ना पड़ता है। भास्करन के कोढ़ग्रस्त होने पर शिवानी द्वारा प्रस्तुत किया गया वर्णन पाठकों के मन में कोढ़ग्रस्त रोगियों के बारे में दया भाव का निर्माण करने में सहायक बनता है।''* [2] शिवानी जी ऐसी प्रथम स्त्री लेखिका हैं, जिन्होंने दिव्यांगों के प्राय: समग्र प्रमुख दिव्यांग स्वरूपों पर आधारित उपन्यास एवं कहानियों का यशस्वी लेखा-जोखा किया है। उनका एक अन्य लघु उपन्यास 'करिए छिमा' भी कुष्ठ रोग पीड़ित दिव्यांगों पर

आधारित है। आधुनिक हिंदी उपन्यासकार अमृतलाल नागर ने कवि सूरदास की जीवनी पर आधारित 'खंजन नयन' उपन्यास लिखकर दिव्यांग विमर्श में एक अतुलनीय महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भक्ति कालीन कृष्ण भक्ति शाखा के सुप्रसिद्ध कवि सूरदास जी जो कि जन्मत: अंधे थे, ऐसे दिव्यांग चरित्र के अवतरण से लेकर निर्वाण तक की व्यथा-कथा को इस उपन्यास में बड़े मनोयोग से अभिव्यक्त किया गया है। नारी विमर्श के लिए समर्पित लेखिका समाज सेवी एवं चिंतक श्रीमती मृदुला सिन्हा जी का उपन्यास 'ज्यों मेहंदी को रंग' दिव्यांगता पर आधारित न केवल उत्कृष्ट उपन्यास है, अपितु उनके प्रिय पुत्र परिमल की दिव्यांगता के कारण भोगा हुआ यथार्थ भी है। लेखिका की कलम साधती है- *''शारीरिक विकलांगों को यह दुनिया सही ढंग से देखती नहीं। शारीरिक अपंग व्यक्ति अपने लिए बेकार होता है, लेकिन ये सांवेगिक अपंग लोग तो दूसरों को बेकार बनाते हैं, सारे समाज को पंगु बना बैठते हैं। सारा समाज पंगु है।''*[3] वास्तव में लेखिका मृदुल जी ने इस वक्तव्य द्वारा समाज की सच्चाई को उजागर किया है। हीनता ग्रंथि के शिकार मानसिक दिव्यांगों की गाथा को लेखक राजेंद्र यादव ने 'अनदेखे अनजाने पुल' नामक उपन्यास में चित्रित किया है। यह उपन्यास निन्नी नामक एक काली कलुटी कुरूप नवयुवती की दुख भरी दास्ताँ है, जो हीन ग्रंथि की शिकार होकर जीवन के प्रत्येक सोपान में असफलता के कारण अवसाद से आच्छन्न रहती है। उसकी मन:स्थिति का निरूपण लेखक द्वारा सफलतापूर्वक किया गया है- *''अपनी कुरूपता को वह दूर नहीं कर सकी। दूसरों को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सकी, जिससे वह हताशा का अनुभव करने लगी। अपनी मनोवृत्तियों का उदात्तीकरण न कर सकी मगर वह हीनत्व-ग्रंथि की ओर खिंच गई, जिससे जीवन भर वह परेशान रही।''*[4] इनके अतिरिक्त स्त्री चिंतक लेखिका मृदुला गर्ग का 'अनित्य', चित्रा मुद्गल का 'आवां', वाल्मीकि त्रिपाठी का 'विकलांग', राजेंद्र कुमार रस्तोगी का 'अंधे की आंख' आदि उपन्यास दिव्यांग विमर्श के प्रादर्श प्रमाण हैं।

आत्मकथा शब्द 'आत्म' और 'कथा' दो पदों से मिल कर बना है, जिसका शाब्दिक अर्थ है अपनी जीवन कहानी। आत्मकथा शब्द को परिभाषित करते हुए डॉक्टर विनय कुमार पाठक बताते हैं- *''आत्मकथा लेखक के अपने जीवन से संबद्ध वर्णन है। आत्मकथा के द्वारा अपने बीते हुए जीवन का सिंहावलोकन और एक व्यापक पृष्ठभूमि में अपने जीवन का महत्व दिखलाया जाना संभव है।''*[5] हिंदी साहित्य में बनारसी दास जैन द्वारा लिखित 'अर्द्ध कथा' हिंदी की पहली आत्मकथात्मक कृति है तथा यह कृति पूर्णतया पद्य में लिखित है। हिंदी साहित्य में रमणिका गुप्ता की 'हादसे', मैत्रेयी पुष्पा की 'कस्तूरी कुंडल बसै', प्रभा खेतान की 'अन्या से अनन्या' आदि अनेक आत्मकथाओं का सृजन हुआ है। दिव्यांग विमर्श में दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा सृजित आत्मकथाओं में लेखक ललित कुमार द्वारा रचित 'विटामिन जिंदगी' आत्मकथा का अभूतपूर्व महत्व है। यह आत्मकथा लेखक ललित कुमार जी की है, जो कि चार वर्ष की अवस्था में ही पोलियो के प्रहार से पस्त हो जाते हैं। यह कथा उस अबोध अनजान बालक की है, जिसने पोलियो से ग्रस्त होते हुए भी जीवन में अतुलनीय सफलता अर्जित की। आत्मकथा में अभिव्यंजित हैं -*''लोग एक बार ही चलना सीखते हैं लेकिन हम जानते हैं कि ललित को जीवन में कई बार चलना सीखना पड़ा। सभी बच्चों की तरह वह भी बचपन में चलना और दौड़ना सीख चुके थे। लेकिन पोलियो ने उनके पैरों की सारी शक्ति छीन ली। इसके बावजूद उन्होंने लड़खड़ाते हुए फिर चलना सीखा। एक बच्चे का शक्तिहीन पैरों पर चलना और चलते जाना अचंभे में डालने वाला*

था।''[6] लेखक ललित का जीवन दुर्गम पीड़ाओं से भरा था। परंतु लेखक की जिजीविषा अदम्य थी। वह जीवन की सभी परेशानियों को चुनौती बतौर स्वीकार करता और आगे बढ़ता जाता। जीवन जीने की यह ललक और उत्साह सकलांगों को भी प्रेरणास्फूर्त करने में सक्षम हैं –*''ललित, तुम्हें स्कूल कॉलेज की परीक्षाओं में कितने अंक मिले यह महत्वपूर्ण नहीं हैं, महत्वपूर्ण यह है कि जीवन की परीक्षाओं में तुम अव्वल रहे हो। तुम देखना कि विदेशी विश्वविद्यालय तुम्हारे संघर्ष को अहमियत देंगे। एक कमजोर सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि में पोलियो जैसी बीमारी का सामना करते हुए आज तुम खुद को इस स्थिति में ले आए हो कि स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सको तो यह अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। तुम आवेदन करो, लोग न तुम्हारे संघर्ष को महत्व देंगे, बल्कि तुमसे प्रेरणा भी लेंगे। पश्चिमी देशों में सच्ची कोशिशों को बहुत महत्व दिया जाता है।''*[7] इस प्रकार लेखक विश्व की सर्वश्रेष्ठ मेडिकल रिसर्च काउंसिल की ह्यूमन जेनेटिक्स यूनिट में कार्य आरंभ करता है, जो यूरोपीय संघ की एक उल्लेखनीय परियोजना से जुड़ी थी। इसमें लेखक ललित जी की केंद्रीय भूमिका थी। ऐसे अद्भुत लेखक को विकलांगों के हितार्थ कार्य करने हेतु रोल मॉडल का पुरस्कार भी 3 दिसंबर 2018 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति जी की अनुपस्थिति में उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा प्रदान किया गया। लेखक ललित की यह आत्मकथा उनके जीवन संघर्ष एवं उद्देश्यों को पूर्ण प्रतिष्ठित करती है तथा यह सकलांगों के दयापूर्ण व्यवहार पर चोट कर उन्हें अपनी मानसिकता में परिवर्तन करने हेतु विवश करती है। निश्चित रूप से दिव्यांग विमर्श की यह आत्मकथा न केवल लेखक की ही आत्मकथा है, अपितु यह उन सभी दिव्यांगों का प्रतिनिधित्व करती है, जो दिव्यांग होते हुए भी जीवन में अनेक संघर्षों से जूझने के पश्चात सफलता के शिखर को प्राप्त करते हैं।

निष्कर्ष :

यह निर्विवाद सत्य है कि साहित्य ही समाज का दर्पण है। समाज की प्रत्येक समस्या, विचार-विमर्श, उपेक्षित अथवा तिरस्कृत पात्र साहित्य में यथोचित स्थान ग्रहण करते हैं। इन उपेक्षित पात्रों को न्याय दिलाना ही साहित्य का उद्देश्य है। आज पूरे देश में विभिन्न प्रकार के लगभग 12 करोड़ दिव्यांग मौजूद हैं। उनकी शिक्षा, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता के लिए पृथक मंत्रालय की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे में उन दिव्यांगों को केंद्र में रख कर साहित्य सृजन करना समय की आवश्यकता है। हिंदी साहित्य में दिव्यांग विमर्श अधुनातन विमर्श है, जो हिंदी साहित्य के विशाल वृक्ष में एक नवीन शाखा का विस्तार करता है। सर्वप्रथम कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी द्वारा हिंदी साहित्य में हाशिए के पात्रों को स्थान मिला। दिव्यांग चरित्रों को भी सर्वप्रथम प्रेमचंद जी ने अपने उपन्यास 'रंगभूमि' में प्रतिष्ठित किया। तत्पश्चात समकालीन लेखकों ने इस धारा को सींचा और 21वीं सदी में यह एक विमर्श के रूप में अवतरित हुआ। दिव्यांगों ने अपनी व्यथा और विकलता को विस्मृत कर अपनी ऊर्जा शक्ति से समाज का मार्गदर्शन किया है। और यह दिव्यांग विभूतियाँ आदिकाल से लेकर आधुनिक युग पर्यंत अधिष्ठित हैं। समय की माँग है कि दिव्यांगों का उत्थान कर एक समतापूर्ण समाज स्थापित किया जाए। तथा इन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बनाया जाए। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. विनय कुमार पाठक, 'विकलांग-विमर्श : दशा और दिशा', प्रथम संस्करण, 2021, पृ संख्या 81
2. डॉ. सुरेश माहेश्वरी, 'विकलांग-विमर्श का वैश्विक परिदृश्य', प्रथम संस्करण, 2014, पृ संख्या 531
3. मृदुला सिन्हा, 'ज्यों मेहंदी को रंग', प्रभात प्रकाशन, 2016, पृ संख्या 32
4. विनय कुमार पाठक, 'विकलांग-विमर्श : दशा और दिशा', प्रथम संस्करण, 2021, पृ संख्या 107
5. विनय कुमार पाठक, 'विकलांग-विमर्श : दशा और दिशा', प्रथम संस्करण, 2021, पृ संख्या 191
6. ललित कुमार, 'विटामिन जिंदगी', हिंद युग्म, 2022, पृ संख्या 9
7. वही, पृ संख्या 233

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

संस्कृति

पूर्वोत्तर भारत की कार्बी जनजाति के लोक गीत : एक विवेचन



लोंगबिर इंग्ती

सहायक अध्यापक
हिंदी विभाग
आनंदराम ढेकियाल फुकन महाविद्यालय
नगांव (असम)-782002
919026330529
Longbirengtiofficial@gmail.com

भूमिका :

पूर्वोत्तर भारत की विशेषता इसकी विविधता है, जिसके परिणामस्वरूप पूरे क्षेत्र में अलग-अलग रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ अलग-अलग समाजों का निर्माण हुआ है। यदि भारत को अपनी विविध विशिष्टताओं के संदर्भ में दुनिया के एक छोटे प्रतिनिधित्व के रूप में देखा जा सकता है तो इस प्रतिष्ठित राष्ट्र के पूर्वोत्तरी भाग को इसकी सभी अनूठी विशेषताओं को समाहित करते हुए, पूरे ग्रह के सबसे छोटे अवतार के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में आठ छोटे प्रांत हैं - असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम, जिन्हें सामूहिक रूप से 'पूर्वोत्तर' के रूप में जाना जाता है। उत्तर-पूर्व भारत, जो प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है, लंबे समय से नेग्रिटो, ऑस्ट्रियाई, किरात-मंगोल, द्रविड़, आर्य आदि विभिन्न मानव जातियों के लिए रुचि का स्थान रहा है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विभिन्न जनजातियाँ और उप-जनजातियाँ निवास करती हैं, जिनमें अभी भी इन जातियों और प्रजातियों के अवशेष दिखाई देते हैं। असम राज्य में पहाड़ियों और घाटियों में रहने वाली उल्लेखनीय जनजातियों में बोडो-कछारी, लालुंग, कार्बी, मिस्सिंग, डिमासा, राभा, तिवा, रेंगमा, मिजो, जिमी नगा, देउरी (सुतिया), सोनोवाल कछारी, डिमासा-कछारी, मेच, मोरान, गारो, इत्यादि हैं।

बीज शब्द : लोक साहित्य, लोक विश्वास, लोक गीत, मौखिक परंपरा, लोक जीवन और उसकी संवेदना।

शोध पद्धति : यह शोध पत्र मुख्यत: दो स्रोतों पर आधारित है। सबसे पहले, कार्बी जनजाति के लोक-साहित्य-संस्कृति में गहराई से उतरने वाली संदर्भ पुस्तकों से परामर्श लिया गया है। दूसरे, यह पेपर असम में जनजातीय लोगों के सेमिनारों के दौरान किए गए ऐतिहासिक-सांस्कृतिक अध्ययनों पर आधारित है।

कार्बी लोकगीत :

कार्बी जनजाति, जो पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख जातीय समूहों में से एक है, मुख्य रूप से असम के कार्बी आंग्लोंग जिले में पाई जाती है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के भीतर अकादमिक चर्चाओं में यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि कार्बी

तिब्बती-बर्मन भाषाई परिवार का हिस्सा हैं और सबसे लंबे समय से असम में रह रहे हैं। गैर-कार्बी समुदाय के व्यक्तियों को अतीत में आमतौर पर 'मिकिर' के रूप में जाना जाता था, फिर भी आधुनिक कार्बी बुद्धिजीवी अब 'अर्लेंग' शब्द को अपनाना पसंद करते हैं, जो उनकी मूल कार्बी भाषा में 'पुरुषों' को दर्शाता है। कार्बी लोक साहित्य की समृद्धि गद्य और पद्य दोनों विधाओं में देखी जा सकती है। सदियों से कार्बी लोक साहित्य लिखित लिपि की कमी के कारण मौखिक रूप से प्रसारित किया जाता रहा है। कार्बी मौखिक परंपरा में अभिव्यंजक रूपों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, लेकिन आधुनिकता के प्रभाव के कारण सांस्कृतिक प्रथाएँ या तो सह-प्रभावित हो गई हैं या विलुप्त हो गई हैं। हालाँकि, अब रोमन लिपि को अपनाने और इसे लिखित रूप में संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्बी जनजाति के लोग अपने संगीत प्रेम और उत्सवी स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। आमतौर पर यह माना जाता है कि उनके प्रत्येक पारंपरिक समारोह या अनुष्ठान में एक लोक गीत, एक लोक नृत्य और एक लोक वाद्ययंत्र बजाना शामिल होता है। इसलिए, लोक गीत कार्बी लोगों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो उन्हें संगीत के माध्यम से अपने पूर्वजों से विरासत में मिली परंपराओं और लोक मान्यताओं को व्यक्त करने में सक्षम बनाते हैं।

कार्बियों के जीवन में संगीत का बहुत महत्व है, क्योंकि यह उनके समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उनके पास विभिन्न अवसरों के लिए गाने हैं, जिनकी सूची नीचे दी गई है।

बाल गीत यानी ओसो केपाडोक अलून : ओएसओ केपाडोक अलुन यह एक लोरी है, जिसमें तीन खंड हैं, (1) तू-वा-ए-ए-अ अलुन, (2) अलादुंग लाडुंग अलुन और (3) कुर्दीदी अलुन। कार्बी बाल गीत कोमल धुनों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। लोरियों का उद्देश्य रोते हुए बच्चों को सुलाना है। कार्बी में लोरी भी हैं, जिन्हें तुआ-ए या ओसो पाडोक अलुन के नाम से जाना जाता है। इन लोरियों को आमतौर पर बच्चे की माँ, बहन, दादी-नानी या नौकरानी गाती है। लोरियों की धुन में मिठास होती है, जिसे सुनकर बच्चे सो जाते है। कार्बी बाल गीत संरचना में 6 तथा 4 पंक्तियों या लंबी-लंबी पंक्तियों के बंद वाले होते हैं। इनमें दो-दो पंक्तियों में तुकबंदी होती है। एक उदाहरण देखें-

ओह ! चिक्लो पेन चिक्लोसो
नंग्सो अर्नी पोंतान्ग्लो
पपोन अलिंग पपोन नंग
मम केलोक पफिन दमनंग।

अर्थात - ओह! चाँद-तारे, तेरे बेटे को सूरज ने छीन लिया। उसे ले जाया जाए ताकि वह स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सके।

कार्बी समाज में बच्चों को सोने से पहले सांत्वना देने के लिए लोरी गाई जाती है। कार्बी भाषा में विभिन्न प्रकार की लोरियाँ हैं। इन लोरियों में मुख्य रूप से माँ द्वारा अपने बच्चे को कहे गए कल्पनाशील शब्द शामिल होते हैं। ये गाने मातृ भावनाओं और स्नेह से भरे हुए हैं, जैसे बच्चा मासूम होता है। ओस की बूँद से होकर गुजरने वाली सूर्य की किरणों से बनने वाले सुंदर रंगों के समान माँ की रमणीय कल्पना इन लोरियों के माध्यम से व्यक्त होती है। ऐसा प्रतीत होता है कि कार्बी माँ बच्चे की उम्र के अनुसार लोरी की रचना करती है। रचना में समय, प्रयुक्त भाषा और प्रकृति-संबंधी चित्रण सभी माँ द्वारा किए गए इस निष्कर्ष का समर्थन करते हैं। कार्बी समाज में महिला रसोई से लेकर झूम खेत तक हर काम के लिए जिम्मेदार होती है। व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद वह बच्चे के पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी उठाती हैं। वह झूम खेत और घर में झोपड़ी में कपड़े का पालना बनाती है और बच्चे को सुलाने में मदद करने के लिए कई गाने गाती है। हालाँकि, इन गानों में ज्यादा प्रकृति नहीं है। चूँकि बच्चा अभी दुनिया से परिचित नहीं है, इसलिए उसका ध्यान गानों की धुन पर है। माँ की आवाज की धुन बच्चे के लिए एक सुखद एहसास पैदा करती है और उसे सो जाने में मदद करती है।

प्रेम गीत : प्राचीन काल में सुंदर संगीत रचनाओं के निर्माण के माध्यम से पुरुषों और महिलाओं के बीच प्रेम की अभिव्यक्ति को बेहद नाजुक तरीके से व्यक्त किया जाता था। कभी-कभी ये गाने लड़कों और लड़कियों के

बीच संवाद के रूप में भी प्रकट होते हैं, जिससे उन्हें अपने विचारों को साझा करने और आदान-प्रदान करने की अनुमति मिलती है। 'ओवे अलुन' को 'बोंग-ओई अलुन' के नाम से भी जाना जाता है। 'बोंग-ओई अलुन' में से कुछ हैं- बोंग-ओई मिर टाम्पे, बोंग-ओई मिर सेंगलोंग, बोंग-ओई मिर लोरी, बोंग-ओई मिर वानसन, बोंग ओई मिर मांडुंग, बोंग-ओई मिर मावे, बोंग-ओई मिर मारंग आदि। एक जिली अलून गीत का उदाहरण लें :-

निसोके रुप्जिली रंगनो
जिली ने नंग ओसो अको
रोंग्रो नंग्जुई रैप लोंग्लो
हा-इ से से से से से
पंगरुम फुरी अमेक्सो
चोरन के नोरने अदुक्सो
जिरहु केनान्तुं बाप अरवो
लासी ली चोरन केचो

अर्थात - जिली, जब तुम छोटी थी तो हम गाँव में एक साथ खेला करते थे। हमारी गतिविधियों में बाँस के छोटे-छोटे तने इकट्ठा करना, रेत से खाना पकाना और जंगली पत्तियों से करी तैयार करना शामिल था। आइए उन यादों को संजोएँ कि कैसे हमने खेल-खेल में खाना खाने का आनंद लिया।

संस्कार संबंधी लोक गीत : कार्बी जीवन में संस्कार महत्वपूर्ण महत्व रखते हैं, क्योंकि वे संस्कृति के रूप में जाने जाने वाले एकीकृत मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कार्बी समाज में बच्चे के जन्म से लेकर उसके निधन तक कई तरह के अनुष्ठान किए जाते हैं। जबकि भारतीय संस्कृति गर्भाधान, नामकरण, मुंडन, यज्ञोपवीत और गवना पर जोर देती है, ये अनुष्ठान कार्बी समाज में मौजूद नहीं हैं। इसके बजाए कार्बी समुदाय अनुष्ठान गीत गाते हैं, जो जन्म, विवाह और मृत्यु से जुड़े अनुष्ठानों के अनुरूप होते हैं।

चोमांगकन शब्द का उपयोग कार्बियों द्वारा आयोजित मृत्यु समारोह का वर्णन करने के लिए किया जाता है, कार्बी समाज में मृतक के लिए अंतिम संस्कार की परंपरा और प्रथा मौजूद है। यह परंपरा और रिवाज, जिसे 'चोमकन' के नाम से जाना जाता है, जिसे थिरेंग वांग्रेंग द्वारा शुरू किया गया था। मृत्यु अनुष्ठान के एक भाग के रूप में कार्बी समाज में मृतक को उनके स्वर्गीय निवास तक ले जाने के लिए शोक गीत गाने और आहुति देने की प्रथा है, जिसे समुदाय की सबसे महत्वपूर्ण और जटिल रूप से निष्पादित सामाजिक-धार्मिक घटनाओं में से एक माना जाता है। चोमांगकन त्योहारों के दौरान गाए जाने वाले लोक गीत हैं- (i) कापा-एर, (ii) कचारहे, (iii) मुसेरा केहिर, आदि। (i) कापा-एर : यह एक प्रकार का अश्लील अर्थ वाला कामुक गीत है, जिसे चोमकन उत्सव में नृत्य करते समय युवा लड़कों के एक समूह द्वारा गाया जाता है। (ii) कचारहे : अंतिम संस्कार भजन केवल 'लुनसेपी' नामक महिला गायक द्वारा गाया जाता है। गाने में एक जीवंत धुन है और इसे आमतौर पर एक पेशेवर महिला गायक द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, जिसे आमतौर पर 'चारहेपी' कहा जाता है। लुनसेपी ने कचारहे का प्रदर्शन करते समय जुम्बिली एथोन अलुन, डोला सरकु, होंग्वाद अलून का उपयोग किया जाता है। (iii) मुसेरा केहिर : यह कार्बियों के पिछले इतिहास को याद करने की एक महत्वपूर्ण शैली है। इसे चोमकन उत्सव, कारीबियों के मृत्यु अनुष्ठान के दौरान उच्च सम्मान के साथ सुनाया जाता है। असम की अन्य जनजातियों की तरह ही कार्बी जनजाति में भी मृतक की आत्मा से संबंधित कई लोक गीत प्रचलित हैं। कार्बी लोग मृतक के अंतिम संस्कार के दौरान दिवंगत आत्मा की मुक्ति के लिए 'चोमनकन' नामक मृत्यु उत्सव का आयोजन करते हुए ये गीत गाते हैं। कार्बी लोगों का मानना है कि चोमनकन के बिना आत्मा को पाप, ताप और दु:ख से मुक्ति नहीं मिल सकती। इसलिए यह एक दुखद लोक गीत है, जो कार्बी जीवन में महत्व रखता है। निम्नलिखित छंद इस समाज में 'चोमकन' परंपरा के शोक से हैं।

दुर्मि ठावी अन्न
लोंग्सीम अजांग
मुन्जिन कवेतंग
पु जादी पोंतंग
सीम पो मरंग
तिबो ला नेजंग
मुन्जिन कवेतंग

अर्थात- पृथ्वी की किशोरावस्था के दौरान लॉन्ग सिएम के बेटे की अप्रत्याशित रूप से मृत्यु हो गई। उन्होंने अपने पड़ोसियों से अंतिम संस्कार के बारे में सलाह ली और पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया। मृतक को घर के एक कमरे में रखा गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आखिरकार, चिता-चिता का आयोजन किया गया।

विवाह संबधी गीत यानि आदम आसार अलून : आदम आसार अलुन उन गीतों का एक संग्रह है, जो विवाह समारोहों के दौरान प्रस्तुत किए जाते हैं। ये मधुर गीत दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देने के लिए सामूहिक रूप से गाए जाते हैं। आदम आसार अलुन के चार चरणों में थाप केपलंग अलुन, बोंग केपलंग अलुन, थेलु अलुन और अर्नम केहांग अलुन शामिल हैं। कार्बी समाज में परंपराओं और रीति-रिवाजों का मिश्रण है, जिन्हें समाज के पुराने सदस्यों द्वारा मौखिक प्रथाओं के माध्यम से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जीवित रखा जाता है। कार्बी समाज में अधिकांश परंपराओं और रीति-रिवाजों को विवाह समारोहों के दौरान विवाह गीतों और मृत्यु उत्सवों के दौरान अंतिम संस्कार गीतों या मातम के माध्यम से निभाया जाता है। ये गाने एक पुरुष गायक द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, जिसें 'लुनसेपो' के नाम से जाना जाता है और एक महिला गायक द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, जिसे 'चारहेपी' के नाम से जाना जाता है। निम्नलिखित समाज के विवाह गीत के उदहारण हैं:-

सुमफोंग पेन सुम्फी
समे अकाह्त्री
वोहम चेतोंगरी
ला मिरिंग दोंसुरी
जुन्सोक अमन्पी
मार-इक नंग नंग जोरी
पुसी तंग मेजी
तुंग-इ हर्लोंग्बी
जुदेत अलाम्दी

अर्थात - नदी की ऊपरी और निचली धारा पर दो गाँव स्थित थे, अर्थात अकली रोंगसोपी और असीम, एक गैर-कार्बी गाँव। आसिम गाँव नदी की ऊपरी धारा पर स्थित था, जबकि अकलिसो रोंगसोपी गाँव नदी की निचली धारा पर स्थित था। यह नदी ग्रामीणों के लिए पीने के पानी और स्नान का मुख्य स्रोत थी। दुर्भाग्य से असीम गाँव के लोगों ने गंदे कपड़े धोकर और स्नान करके पानी को प्रदूषित कर दिया, जिससे यह पीने के लिए अनुपयुक्त हो गया। नतीजतन, स्वच्छ पेयजल की कमी को लेकर दोनों गाँवों के लोगों के बीच झगड़े होने लगे। वेलोंगबी और हरलोंगबी, जो अकलिसो रोंगसोपी गाँव में युवा प्रमुख और उप प्रमुख के पद पर थे, ने कार्रवाई करने का फैसला किया। उन्होंने हथियारों के भंडार के मालिक लोंगकामार लोंगकी से मुलाकात की और उससे तलवारें और ढालें प्राप्त कीं। वापस लौटते समय उनकी मुलाकात मिरिंगपी नाम की एक बुजुर्ग महिला से हुई। उन्होंने उन्हें युद्ध की इच्छा न करने की सलाह दी और इसके बजाए उन्हें मिरिंग रोंगसोपी गाँव में शादी समारोह में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उनका यह कार्य युवा पीढ़ी के लिए एक आदर्श के रूप में काम करेगा।

त्योहार संबंधी गीत या चोखी अमो अलून : कार्बी लोग पूरे वर्ष विभिन्न त्योहार मनाते हैं, और इन त्योहारों के साथ झूम खेती से जुड़े गीत भी गाए जाते हैं। इन गानों को अलग-अलग श्रेणियों में व्यवस्थित किया गया है, जिनमें हचा केकन अलुन, लुखी केपलांग अलुन, बोटोर केकुर अलुन, रिटनोंग चिंगडी अलुन, हेन-अप अही केकन अलुन और जिर केदम अलुन शामिल हैं। कार्बी समाज में टेरोन रोंगसोपो गाँव को पहला गाँव होने का गौरव प्राप्त है, जहाँ कार्बी ने झूम खेती का अभ्यास शुरू किया था। यह गीत, संगीत और नृत्य का भी केंद्र था। युवा रोन्सिंगपो ने खुद को पीपल के पेड़ के फल के रूप में प्रच्छन्न करके धन की देवी को टेरोन रोंगसोपो गाँव का दौरा करने के लिए लुभाने में कामयाबी हासिल की। नीचे दिए गए छंद लोकी केपलांग के गीत के अंश हैं-

इरी कथार्पी मरंग
इरु बरिठे अफान
होवांग चोहांग अर्नी वांग
ओह! जार ओ मरंग
पिरठे सोकारबी अजांग
पिन्चोंग आदम आसार अजुतंग

अर्थात- कार्बी परंपरा के अनुसार, काथी को धन की देवी माना जाता था। वह स्वर्ग के देवता बैरीथे की बेटी थी, जो स्वर्ग में रहती थी। काथी ने अपने पिता से उसे पृथ्वी पर आने और वहाँ एक विवाह समारोह में भाग लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया। प्रारंभ में उसके पिता बैरिथे जिद्दी थे और उसके अनुरोध को स्वीकार करने में झिझक रहे थे, क्योंकि उन्हें सांसारिक क्षेत्र मंजूर नहीं था, जो लालच और भ्रष्टाचार से भरा था। हालाँकि, लगातार विनती करने के बाद वह आखिरकार मान गए और लोगों के प्रति कोई सहानुभूति न दिखाने की चेतावनी के साथ उन्हें पृथ्वी पर आने की अनुमति दे दी। काथी स्वर्ग से उतरी और खुशी-खुशी समारोह में भाग लिया। हालाँकि, उनकी खुशी कार्बीज के सामने आने वाली विकट परिस्थितियों के कारण धूमिल हो गई, जिनके पास खाने के लिए चावल या सब्जियाँ नहीं थीं। इसके बजाए वे जीविका के लिए 'सिनिंग अंगकोर' और सब्जियों के विकल्प के रूप में 'लॉन्गले अंगकोर' नामक पत्तियों पर निर्भर थे। कार्बियों की दुर्दशा देखकर काथी को बहुत दुख हुआ, जिससे उसने एक बार फिर धरती पर लौटने का संकल्प लिया। अपने दूसरे आगमन में उनका लक्ष्य कार्बियों को खाद्य संसाधनों की कमी से बचाना था।

देवी-देवताओ के गीत या अर्नम अलून : असम की अन्य जनजातियों के समान कार्बी जनजाति धार्मिक अनुष्ठानों को अत्यधिक श्रद्धा के साथ मनाती है। वे अपने देवी-देवताओं को मूर्त प्राणियों के रूप में नहीं देखते हैं, बल्कि नदियों, पहाड़ों, पेड़ों, पौधों और चट्टानों को देवताओं के प्रतिनिधित्व के रूप में कल्पना करके पूजा करते हैं। 'चोजुन' नामक एक विशिष्ट समारोह आयोजित किया जाता है, जिसके दौरान राजा इंद्र और अन्य देवी-देवताओं का सम्मान किया जाता है। इसके अतिरिक्त कार्बी जनजाति की सांस्कृतिक परंपराओं में एक भक्ति लोक गीत को व्यापक रूप से पसंद किया जाता है। कार्बी भक्ति गीतों के विभिन्न रूप हैं, जिन्हें 'अर्नाम अलुन' के नाम से जाना जाता है, जिनमें सर एंथोक अलुन, हेम्फू अलुन, थेकर अलुन, रिसो अर्नम केपलांग अलुन, अर्नाम केथे अलुन, पेंग हेम्फू अलुन शामिल हैं। इन 'अर्नाम अलुन' श्रेणियों का अत्यधिक सम्मान किया जाता है और इन्हें विशिष्ट धार्मिक आयोजनों के दौरान 'लुनसेपो' द्वारा गाया जाता है। कार्बी धर्म के सर्वोच्च देवता हेम्फू, कार्बी लोगों को शैतानों के यादृच्छिक हमले से बचाने के लिए बैरिथे के रूप में स्वर्ग से पृथ्वी पर उतरे। गीत के निम्नलिखित छंद कार्बी समाज में हेम्फू के आगमन को दर्शाते हैं:-

बोरली -इ लिजंग
मेट रु रा -इ राजनग
बंग क्रुन्चिंगसई आलम
ला सोमिंदर अदंग
ला सो सुम्सी अजांग
ली ठिप ठंग कपमम

अर्थात- कार्बियों के जीवन दर्शन के अनुसार, उनका मानना है कि वे हेम्फू द्वारा पृथ्वी पर उसके दूसरे आगमन के दौरान बनाए गए थे। अपने पहले आगमन के दौरान हेम्फू ने कार्बियों केा बनाने से पहले, विभिन्न प्रकार के जानवरों को बनाया, जिनमें मांसाहारी, शाकाहारी और उभयचर जीव शामिल थे। हालाँकि, कार्बी शैतानों का शिकार बन गए, जिससे देवताओं में चिंता पैदा हो गई। बहुत चर्चा के बाद कार्बियों की रक्षा के लिए हेम्फू को लैंगमिंगपो वोहांग के रूप में भेजने का निर्णय लिया गया। बारिथे के आदेश का पालन करते हुए हेम्फू और उसकी बहन रसिंगजा स्वर्ग से उतरे और रेंगसेंगसांग गाँव में बस गए, जो रेंगसांग लैंगसो नदी की ऊपरी धारा पर स्थित है।

ऐतिहासिक गीत : फूरकिमो अलुन उन गीतों को संदर्भित करता है, जो कार्बियों की ऐतिहासिक घटनाओं का वर्णन करते हैं। ये गीत अतीत के कार्यात्मक मिथकों द्वारा समर्थित हैं। कार्बी के ऐतिहासिक गीतों के उदाहरणों में सबिन अलुन, हा-इमु- अलुन, रोंगकिम अलुन, सर केबट अलुन, लुनसे केपलांग अलुन, कुर केपोन अलुन, रुकासेन अलुन, बोर-एत- अलून, हनरी बोंग अलुन और भी बहुत कुछ शामिल हैं। आमतौर पर इस प्रकार के गीत विशेषज्ञ 'लुनसेपो' द्वारा गाए जाते हैं, जो मौखिक रूप से उन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाते हैं।

ई उरति थविजंग
सी कार्बी एवे-लांग
सी सोंगसर ए-जुतांग
पेन सो-कार्बी नंग-प्लांग
ई बंग ई-रू रंग-मुकरंग
बैंग थिप-चेंग सम पेन संग
सी थिप-चेंग सम पेन संग
सी ई-आरयू सम पेन संग

यह गीत कार्बी समुदाय के पाँच मुख्य कुलों के गठन की कहानी बताता है। रंग-मुक्रंग, शीर्ष कार्बी देवताओं में से एक, पहले कार्बी माता-पिता - सुम और सांग बनाता है। समय के साथ सुम और सांग ने एक के बाद एक पाँच भाइयों को जन्म दिया। जोड़े की एक यात्रा के दौरान पहले बच्चे को ली और डू नदियों के देवताओं की देखभाल में छोड़ दिया गया है। इस वजह से पहले जन्मे बच्चे को ली-जांग या ली नदी के पुत्र के रूप में जाना जाता है, जो कार्बियों के ली या इंगती कबीले का निर्माण करता है। दूसरे बेटे के जन्म के कुछ समय बाद उसे भी इसी तरह की स्थिति से गुजरना पड़ा। उसे क्रोन नदी की देखभाल में छोड़ दिया गया है, और नदी देवता ने उसे गोद ले लिया है, जिससे उसे क्रोन-जांग या क्रोन नदी का पुत्र नाम दिया गया है। क्रोन को टेरोन कबीले के नाम से भी जाना जाता है। तीसरे बेटे को भी तुंग नदी देवता ने गोद लिया है। एक बच्चे के रूप में उसे एक बड़े बरगद के पेड़ का लेटेक्स खिलाया जाता है। चौथे बेटे को बड़े समुद्र (तालो-तमन) की देखभाल में छोड़ दिया गया है। लो देवता ने उसे गोद ले लिया और इस प्रकार लो-जांग या क्रो का चौथा कार्बी कबीला बना। पाँचवाँ बेटा, सबसे छोटा, माता-पिता के साथ रहता है और उसे ई-जंग (हमारा-बेटा) कहा जाता है। इस पाँचवें बेटे से समुदाय के रोंगहांग कबीले की उत्पत्ति हुई।

निष्कर्ष :

कार्बी जनजाति असमीया संस्कृति को समृद्ध करने वाली जनजातियों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। वह एक सुसंस्कृत जनजाति है, जिसकी समृद्ध लोक कथाएँ, लोक गीतों से युक्त हैं, जो उनकी पिछली परंपराओं से विरासत में मिली लोक मान्यताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। ये लोक गीत कार्बी जीवन के विभिन्न पहलुओं को कवर करते हैं, जिनमें धर्म, कृषि, जन्म, मृत्यु, बच्चे, बुजुर्ग, पहाड़, घाटियाँ, शराब, पानी, नदियाँ, झरने, बिहू, किंवदंतियाँ, रिश्तेदार, जानवर, खेत, आंगन, पेड़, पौधे शामिल हैं। उनके लोक गीतों में इन पहलुओं का सजीव चित्रण उनके उल्लेख के बिना कार्बी लोक जीवन पर चर्चा करना असंभव बनाता है। प्रसिद्ध कार्बी साहित्यकार रोंग्बोंग तेरांग के अनुसार ये लोक गीत कार्बी लोगों की आत्मा की अभिव्यक्ति हैं। ❑

संदर्भ सूची :

हिंदी :

1. उपाध्याय, डॉ. कृष्णदेव, लोक-साहित्य की भूमिका (चर्थ संस्करण-1986), पृ. 40
2. गुप्ता, रमणिका ,आदिवासी लोक -भाग 1 , पृ. 177
3. पाण्डेय,उदयभानु ,कार्बी कथाएँ , पृ-6
4. उप्रति, डॉ. कुंदनलाल- लोक साहित्य के प्रतिमान-पृ. 63
5. शर्मा, डॉ. चंदना , लोक साहित्य और संस्कृति- पृ.145

अँग्रेजी :

1. Lyall,Sir Charles,The karbis,spectrum publications,1972
2. Teron,Dharamsing ,Karbi studies,vol.3 (Folktales from the fringe)
3. Dhanraju,vulli,Karbi History Past & Present ,mittal publication new delhi ,2020
4. bey,Shri Mondol,The chronicle of karbi Literature,klaret printers,Diphu,karbi anglong,Assam,2021
5. Phukon, Girin, Folk Culture of indigenous communities of northeast india, Dvs Publishers, H.B Road,Panbazar,Guwahati,2017

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

हिंदी नाटक की विकास यात्रा : भारतेंदु युग से अब तक

सिमरन कुमारी

शोधार्थी (पीएच.डी), हिंदी विभाग
राजीव गांधी विश्वविद्यालय,
अरुणाचल प्रदेश-791112
8794394517
simrankumareranasimi@gmail.com

शोध-सार :

साहित्य समाज की छवि है। साहित्य और समाज का अंतर्संबंध होता है, जिसमें समय-समय पर परिवर्तन होता रहता है। इस दौरान साहित्य का सृजन विविध विधाओं में भी संपन्न होता है। इन्हीं विधाओं में नाटक विधा प्रकाश में आया। नाटक हिंदी साहित्य की प्राचीन और संवाद प्रधान विधा है। हिंदी नाटक का स्वरूप भारतेंदु युग में उभर कर आया। भारतेंदु हिंदी नाटक साहित्य के जनक माने जाते हैं। उन्होंने अनुदित और मौलिक नाटकों का सृजन तथा मंचन कर नाट्य लेखन को एक नया रूप प्रदान किया। भारतेंदु युग में हिंदी नाट्य लेखन और मंचन काफी हुआ। परंतु समय के बदलाव के अनुसार समकालीन युग में नाट्य लेखन और मंचन में काफी कमी आई है और बदलाव भी।

बीज-शब्द :

नाटक, अभिनय, रंगमंच, मौलिक, स्वरूप, समस्या, संवाद, भाषा, कथ्य, आस्था, भाव, प्रेम, कुंठा, अनुवाद।

प्रस्तावना :

नाटक शब्द 'नट' धातु से बना है, जिसका सामान्य अर्थ है- 'सात्विक भावों की अभिव्यक्ति'। हिंदी साहित्य जगत में नाटक प्राचीन व मनोरंजक विधा के रूप में प्रकाश में आया। प्राचीन समय में नाटक पद्य के रूप में संस्कृत और प्राकृत भाषाओं में लिखा गया। हिंदी नाटकों का स्वरूप भारतेंदु युग में उभरकर आया। भारतेंदु हरिश्चंद्र का जन्म सन 1850 में हुआ। भारतेंदु हरिश्चंद्र आधुनिक युग और हिंदी नाट्य साहित्य प्रवर्तक रहे। भारतेंदु युग में मौलिक नाटक लिखने का अभाव था, इसलिए भारतेंदु ने संस्कृत, बांगला और अंग्रेजी नाटकों का अनुवाद कर अनुदित नाटक लिखे। तत्पश्चात अनुदित नाटकों की प्रेरणा से मौलिक नाटक लिखने की शुरुआत की। इस तरह उन्होंने सत्रह नाटकों की रचना की। भारतेंदु हरिश्चंद्र 'नाटक' को नौटंकी जैसे शब्द से निकालकर हिंदी साहित्य जगत में लोकप्रिय विधा के रूप में प्रतिष्ठित किया। भारतेंदु नाट्य लेखन के साथ-साथ नाट्य प्रस्तुति के लिए मित्र-मंडली भी तैयार कर नाटक में अभिनय के लिए अपने मित्रों को प्रोत्साहित भी करते थे। नाटक उनका प्रिय विधा था। जीवन के अंतिम

समय तक उन्होंने नाटक की लक्षणा को स्पष्ट करते हुए कहा–*''हमारे जीवन–नाटक का प्रोग्राम नित नया–नया छप रहा है,पहले दिन ज्वर की, दूसरे दिन दर्द की, तीसरे दिन खांसी की सीन हो चुकी है। देखें लास्ट नाइट कब होती है।''*[1] अर्थात नाटक में जीवन की समग्र घटनाएं चित्रित है। नाटक में सामाजिक यथार्थ की अभिव्यक्ति होती है। नाटक में इतिहास और वर्तमान की घटनाएँ वर्णित होती हैं। नाटक लिखा जब भी जाए, पर मंचन वर्तमान में ही होता है। इस कारण उसकी प्रासंगिकता भी हमेशा बनी रहती है।

नाटककार जब भी नाटक लिखता है, दो अवयव से गुजरता हुआ नाट्य का सृजन करता है। पहला 'लेखन' और दूसरा 'मंचन'। वैसे नाटक की सफलता मंचन में ही मानी जाती है। भारतेंदु पूर्व युग में नाटकों की स्थिति काफी अच्छी नहीं थी, क्योंकि उनके पास एक स्थायी मंच या संस्था नहीं था। भारतेंदु पूर्व नाटकों का मंचन गाँवों, नगरों, चौराहों और राजसभाओं में अभिनय किया जाता था। कठपुतलियों के खेल से या संवाद के रूप में नाटक का अभिनय किया जाता था। जैसे–लव–कुश ने अपने माता सीता की समग्र जीवन की व्यथा को पिता राम के समक्ष नाटकीय संवाद के रूप में अभिव्यक्त किया। भारतेंदु युग में हिंदी नाटक के स्वरूप में काफी बदलाव आया। उस समय हमारा देश गुलामी की जंजीरों से जकड़ा हुआ था। भारतेंदु और उनके साथियों ने नाटकों के माध्यम से जन–जन में राष्ट्रीय भावना उत्पन्न करने की पूरी कोशिश की। नाट्य लेखन के साथ–साथ कई नाटकों जैसे अंधेर नगरी, भारत दुर्दशा, जानकी मंगल आदि का मंचन भी खूब किया। भारतेंदु का पहला अभिनीत नाटक 'जानकी मंगल' है। इसके बाद अंधेर नगरी, भारत–दुर्दशा और सत्य हरिश्चंद्र जैसे कई नाटकों का मंचन सफलतापूर्वक हुआ। भारतेंदु के नाटकों में लोक की अभिव्यक्ति होती है। कहा जाता है– नाटक जितना सार्थक, ठोस और रुचिपूर्ण होता है, दर्शकजन को उतना ही आनंद तथा रस की अनुभूति होती है। भारतेंदु और प्रसाद दोनों पारसी रंगमंच से प्रभावित थे। दोनों नाटककार पारसी रंगमच, संवादों में कमी और भारतीय संस्कृति तथा सभ्यता के प्रति विशेष अनुराग की कमी के कारण प्रश्न चिन्ह लगाए। परंतु पारसी रंगमंच को पूरी तरह दोनों नें अस्वीकार नहीं किया, बल्कि पारसी रंगमंच की युक्तियों को परिष्कृत और संस्कारित कर भारतीय सभ्यता और संस्कृति और ऐतिहासिकता से जोड़ते हुए भाषा की गंभीरता को ध्यान में रखकर नाटकों को प्रस्तुत किया। भारतेंदु के नाटक जन–जन में प्रचलित हैं, क्योंकि इनके नाटकों के कथ्य, संवाद और भाषा में सहज–सरल तथा भावपूर्ण दिखाई देते हैं, जिसे आमजन या किसी वर्ग के लोग इनके नाट्य साहित्य को पढ़ और देख सकते हैं। प्रसाद के नाटक के कथ्य ऐतिहासिक, भाषा क्लिष्ट और पात्रों की संख्या काफी होती है, जो मंचन के लिए आसान नहीं होता। फिर भी प्रसाद के सभी नाटकों का मंचन सफलतापूर्वक हुआ। प्रसाद के नाटकों के विषयों को देखते हुए सत्येंद्र कुमार तनेजा का कहना है – *''प्रसाद के नाटक साहित्य की दृष्टि से इसलिए असाधारण पाए गए, क्योंकि उनका विषय फलक इतना बहुआयामी तथा उनका परिप्रेक्ष्य इतना अंतर्मुखी रहा है कि उनकी अनेक संभावनाएँ खुल सकती हैं। प्रसाद के लेखन की असली ताकत उनकी अनुभवपुष्ट तात्विक अंतर्दृष्टि है, जो उनके लेखन की सामयिक अर्थवत्ता की रक्षा करता है। वहीं भारतेंदु के नाटक हर वर्ग के व्यक्ति के हृदय में सहजता से स्थान पा जाते हैं।''*[2] अर्थात भारतेंदु और प्रसाद हिंदी नाट्य साहित्य को एक नया आयाम देते हैं। प्रसाद युग में हिंदी नाटक में गुणात्मक परिवर्तन हुआ। सीधी–सपाट भाषा के स्थान पर लाक्षणिक और अर्थ संपन्न भाषा का प्रयोग होने लगा, जो प्रसाद जी के छायावादी कविता के तत्वावधान में विस्तारित हुआ। इस तरह हिंदी नाटकों का खूब लेखन और मंचन हुआ। प्रसादोत्तर युग आते–आते नाटकों में एक नया परिवर्तन प्रकाश में आया। प्रसादोत्तर युग में नाटकों का विषय ऐतिहासिकता से मुक्त होकर सामाजिक और समस्या–प्रधान नाटक लिखा जाने लगा। कई नाटककार पाश्चात्य नाटककारों इब्सन और बर्नार्ड शॉ से प्रभावित होकर समस्या प्रधान और सामाजिक नाटक लिखने लगे। जैसे उपेन्द्रनाथ अश्क, लक्ष्मीनारायण मिश्र, गोविंद मिश्र आदि समस्या प्रधान नाटककार रहे हैं।

प्रसादोत्तर युग में देश ने स्वतंत्रता की ओर कदम रखा।

आम-जन को अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति तो मिली, परंतु मोहभंग की स्थिति उत्पन्न हुई। मोहभंग के कारण समाज में विभिन्न समस्याएँ उत्पन्न हुईं। जैसे व्यक्ति-व्यक्ति के बीच मतभेद, आतंक-भ्रष्टाचार, एकता के स्थान पर मतभेद जैसी भावना उत्पन्न होने लगी। दूसरी ओर औद्योगिकीकरण, बेरोजगारी, कंपनियों ने अपना हक जमा लिया। इस प्रकार व्यक्ति के भीतर आस्था, प्रेम, स्नेह के स्थान पर अनास्था, कुंठा, एकल, अजनबीपन जैसी भावना उत्पन्न होने लगी। अब इसी परिस्थिति को सम्हालने के लिए समाज में रह रहे लोगों के मन में एकता, समर्पण, भाईचारे जैसी भावना जाग्रत करने के लिए हिंदी नाटककारों ने नाटकों को माध्यम बनाया। नाटककार सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, सुरेंद्र वर्मा, लक्ष्मी नारायण लाल, जगदीश चंद्र माथुर, विष्णु प्रभाकर तथा शंकरशेष जैसे नाटककारों ने सामाजिक, सांस्कृतिक और राजीनीतिक समस्याओं पर अपनी कलम चलाई।

तत्पश्चात नाटक में एक नई धारा का विकास हुआ, जिसे समकालीन युग के नाम से जाना गया। इस युग में प्रमुखत: सामाजिक समस्याओं पर बहस छिड़ी। सामाजिक समस्याओं जैसे- स्त्री की व्यथा, बेरोजगारी, शिक्षा की कमी, यौन शोषण, अंतर्जातीय विवाह, प्रेम-विवाह, दांपत्य समस्या, पारिवारिक विघटन, जातीय-धर्म भेद, नैतिक तथा मानवीय मूल्यों का पतन आदि समस्याएँ उभर कर आईं। सभी समस्याओं को नाटकों के माध्यम से उजागर करने का पूर्ण प्रयास किया गया। वर्तमान में अन्य विधाओं (कविता, कहानी तथा उपन्यास) की तुलना में नाटक कम लिखे जा रहे हैं और मंचन भी कम होता जा रहा है। नाटक के मंचन में कमी इसलिए आई, क्योंकि कुछ हद तक धारावाहिक, फिल्मों और कॉमेडी ने नाटकों का स्थान ले लिया है। इस प्रकार यह कह सकते हैं कि नाट्य लेखन व मंचन में कमी होने के बावजूद नाटक की प्रासंगिकता में कोई कमी नहीं आई। नाटक लोकप्रिय विधा है, जिसके लिखे कम जाने पर भी पूर्ण सफलता मिलती है। नाटक जब भी खेला जाता है, हर बार जीवंत-सा प्रतीत होता है। नाटक ही एक ऐसी विधा है, जो कुल मिलाकर प्रेम, कर्तव्य, राष्ट्रीयता तथा नैतिकता जैसे पुराने आदर्शवादी दायरे से बाहर निकलकर खुली हवा में नए रूप और संदर्भों के साथ अपनी महत्ता को दर्शाती है। नाटक की सफलता दर्शक की प्रतिक्रिया में ही होती है। वर्तमान में नाटक कम लिखे और पढ़े जा रहे हैं। इस पर नाटककार अपनी चिंता को व्यक्त करते हैं। इस संदर्भ में हृषीकेश सुलभ का कहना है-*''नाटक कम लिखे गए, कम लिखे जा रहे हैं, और कम लिखे जाएँगे- यह सत्य है। आप जब नाटककार को रंगमंच की दुनिया में दूसरे दर्जे की भी नागरिकता देने को तैयार नहीं कर रहे हैं तो यह उम्मीद क्यों कि कोई आपके लिए नाटक लिखे? आज बहुत सारे निर्देशक स्वयं नाटक तैयार कर रहे हैं। ये नाटक नहीं हैं। ये प्रस्तुति-आलेख है, जिन्हें उनके अलावा कोई दूसरा निर्देशक छूने को तैयार भी नहीं होता और उस आलेख की मृत्यु हो जाती है। रंगमंच को हिंदी के शब्द जगत के पास विनम्र भाव से जाना होगा। नाटककार को भी तकनीकी रूप से सक्षम होना होगा। उसे भी अपने आलेख में नई रंगभाषा सिरजनी होगी और यह तभी संभव है, जब वह भी विनम्र भाव से रंगमंच की दुनिया में अपनी आवाजाही बनाए। ढेरों नए नाटक रचे जाने की प्रतीक्षा में है।''*[3]

कहने का तात्पर्य है कि अन्य विधाओं की तुलना में नाटक कम लिखे और पढ़े जा रहे हैं। नाटक की रचना करने से पूर्व नाटककारों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पात्रों की कल्पना, समसमायिक कथ्य, सरल संवाद, भाषा में मिठास, निर्देशक, मंचन के लिए प्रकाश योजना, वेशभूषा, रंग-परिकल्पना आदि से गुजरना होता है, तब जाकर एक नाटक का सृजन पूर्ण होता है। कारण यह है कि जब सिनेमा, धारावाहिक, आधुनिक शिक्षा का प्रभाव इतनी तेजी से बढ़ा कि नाट्य लेखन और नाट्य प्रस्तुति कम होने लगी। क्षण भर में तकनीकी के माध्यम से मनोरंजन की हर एक चीज सरलता से उपलब्ध होने लगी है, जिस कारण दर्शक जन सिनेमा और रिल्स की ओर अधिक ध्यान देने लगे हैं। इस तरह नाटक पढ़ने और देखने वालों की संख्या में कम आई। वस्तुत: ऐसा प्रतीत होता है कि नाट्य की पुरानी परंपरा तथा पद्धतियाँ खत्म होने के कगार पर हैं।

प्राचीन समय में नाट्य लेखन की भरमार थी, वर्तमान में नाट्य लेखन कमजोर होता जा रहा है। नाटककार प्रताप

सहगल जी की दृष्टि में नाटकों की स्थिति कमजोर है। उनके आस-पास के माहौल से उनको अनुभव हुआ कि कुछ लोग ऐसे हैं, जो नाटक की महत्ता को नहीं समझ रहे हैं। उस पर प्रताप जी का कहना है – *''नाटक को साहित्य विधा नहीं मान रहे, यह तो उनकी अज्ञानता है। अगर नाटक ही साहित्य नहीं है तो वह साहित्य क्या है। मूल विधा तो हमारी काव्य ही है। नाटक तो अलग हुआ बाद में। नाटक तो मूलतः दृश्य काव्य है। दृश्य काव्य को काव्य कहते हैं तो दृश्य और श्रव्य काव्य हो गया तो दोनों ही साहित्य विधा हैं ही। यह आधुनिक काल में कुछ ऐसे लोग हैं, जो नाटक से परहेज करते हैं और संपादक भी बन जाते हैं। और इस तरह वह नाटक को साहित्य की विधा नहीं मानते, मैं कई लोगों से इस विचार पर लड़ा भी हूँ। और उनके ही पत्रिका में नाटक को प्रतिष्ठा मिली है।''*[4] नाटक हिंदी साहित्य की प्राचीन तथा लोकप्रिय दृश्य-विधा है। वर्तमान में नाटक में कई बदलाव आए। इस बदलाव के साथ-साथ नाट्य लेखन और मंचन पहले की तरह काफी कम हुआ है। वर्तमान में नाटक का स्थान कुछ हद तक फिल्मों और धारावाहिक ने ले लिया। युवा पीढ़ी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की इस कदर शौकीन हो गई है कि उनके लिए क्या सही और क्या गलत ? इसकी पहचान वह भूलते जा रहे हैं। वर्तमान की युवा पीढ़ी को कहा जाए कि नाटक देखने चला जाए तो वह तुरंत मना करेंगे। वहीं दूसरी ओर फिल्म देखने को कहा जाए तो तुरंत जाएँगे। यह सब आधुनिकता का प्रभाव है। आधुनिक युग में बहुत कुछ अच्छा हुआ तो बहुत कुछ बुरा भी।

वर्तमान में नाटक की कमी इसलिए भी है, क्योंकि नाट्य लेखन और मंचन के लिए निर्देशक, निर्माता, रंगशाला, मंडली, दर्शक आदि की जरूरत होती है। अधिकतर लेखक और निर्देशक इसे जुटाने में असमर्थ होते हैं। इस कारण नाट्य लेखन तथा मंचन काफी कम हुआ है। इसके साथ लोगों की रुचि भी कम हो गई है। नाटक देखने और पढ़ने वालों की संख्या में भी कमी आई है। नाटक लोकप्रिय विधा है और लोकप्रिय विधा बनाए रखने के लिए नाटक को खूब पढ़ा और देखा जाना चाहिए।

निष्कर्ष :

नाटक मूलतः एक कला के रूप में चर्चित है। नाटक में जीवन का समग्र भाव अभिव्यक्त होता है। नाटक लिखने और अभिनय करने की कला हर किसी में नहीं होती। प्राचीन समय में नाटकों का जो स्वरूप था, उसमें कई बदलाव आए हैं। नाट्य लेखन और मंच को देखने की एक नई दिशा प्राप्त हुई है। वर्तमान में नाटक कम लिखे जा रहे हैं, इस पर नाटककारों ने अपनी चिंता व्यक्त की है। पाठक कम हो रहे हैं, अधिकांश लोग सिनेमा घरों और धारावाहिक तथा अन्य चीजों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए नाटक को लोकप्रिय बनाने के लिए पाठक और दर्शक को नाटक में रुचि रखनी होगी, तभी नाटक अन्य विधाओं की तरह अधिक लिखा एवं पढ़ा जाएगा। नाटक हिंदी साहित्य की विधा है और चाहे जो हो- नाटक साहित्य में प्रमुख विधा है और रहेगा। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. सं. अजित पुष्कल/हरीशचन्द्र अग्रवाल, 'नाटक के सौ बरस' पृ.108, शिल्पायन प्रकाशन, दिल्ली, 2004
2. डॉ. संगीता, 'इक्कीसवीं सदी के इक्कीस नाटक : एक दृष्टि' पृ. 15, पराग प्रकाशन, कानपुर, 2021
3. सं. राकेश बिहारी, 'पुस्तकनामा' (पत्रिका), पृ. 326, प्रकाशित, 2023
4. https://www.youtube.com/watch?si=xB 6oduM1N1T8Myu&v=erw8Hbbz14s&feature=youtu.be

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

समाज

चित्रा मुद्गल की कहानियों में निम्न वर्ग का आर्थिक संघर्ष

शशि कुमारी

शोधार्थी, हिंदी विभाग
गुरु नानक देव विश्वविद्यालय
अमृतसर, पंजाब, पिन -143005
9797634518, 9149435743
shashikumari1051997@gmail.com

प्रो. (डॉ.) सुधा जितेन्द्र

डीन-भाषा संकाय, हिन्दी-विभाग,
गुरु नानक देव विश्वविद्यालय
अमृतसर (पंजाब)-143005
9814851010

शोध सार :

अन्य वर्गों की भाँति निम्न वर्ग भी समाज का अभिन्न अंग है। समाज को संतुलित गति प्रदान करने में इस वर्ग का विशेष योगदान है। परंतु यह चिंता का विषय है कि समाज में यह वर्ग अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। आर्थिक अभाव, पूँजीवादी व्यवस्था के द्वारा मानसिक, शारीरिक शोषण, घृणा तथा द्वेष आदि सहते हुए यह वर्ग कुंठाग्रस्त होता जा रहा है। यह वर्ग अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक नहीं है। यह वर्ग सिर्फ अपनी रोजी-रोटी की समस्या से मुक्ति पाने में ही उलझा हुआ है।

बीज शब्द : समाज, मार्क्सवाद, उच्च वर्ग, मध्य वर्ग, निम्न वर्ग।

विश्लेषण :

व्यक्तियों के समूह को समाज की संज्ञा दी गई है, जो संस्कृति, परंपराओं, रहन-सहन, जाति एवं रंग भेद के आधार पर एक जैसे हैं अथवा एक दूसरे से भिन्न हैं। समाज रूपी व्यवस्था को परिचालित करने में अर्थ का महत्वपूर्ण स्थान है। अर्थ के आधार पर ही समाज उच्च और निम्न वर्ग में बँटा हुआ है। अर्थ के आधार पर यह वर्गीकरण जर्मन दार्शनिक कार्ल मार्क्स द्वारा प्रस्तुत किया गया। उनके अनुसार समाज में अर्थ के वर्गीकरण का मुख्य आधार उत्पादन प्रणाली है। अर्थात जो व्यक्ति श्रम करते हैं या वस्तुओं का उत्पादन करते हैं, उन्हें उनके श्रम का आधा हिस्सा भी नहीं मिलता। फलस्वरूप पूँजीपति वर्ग और अमीर होता जाता है और श्रम करने वाला व्यक्ति गरीब। अपनी पुस्तक *''कंट्रीब्यूशन टू ए क्रिटिक ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी''* की भूमिका में कार्ल मार्क्स ने समाज का विश्लेषण करते हुए लिखा है, *''व्यक्ति द्वारा विकसित की गई सामाजिक उत्पादन व्यवस्था में, वह कुछ पूर्व निर्धारित संबंधों में रहता है, जो उसकी इच्छा से परे होते हैं। यह संबंध उत्पादन संबंध होते हैं, जो सामाजिक विकास क्रम में लगातार तब्दील होते हैं। इन उत्पादन संबंधों का कुल भोग ही समाज की आर्थिक संरचना का निर्माण करता है। इसी वास्तविक आधारभूमि पर विविध और राजनीतिक अधिरचना का निर्माण होता है और यही सामाजिक चेतना के विभिन्न संस्तरों को अभिव्यक्त करता है।''*[1]

अत: अर्थ के आधार पर संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को मुख्य रूप से तीन भागों

में बाँटा गया है-उच्च वर्ग, मध्य वर्ग, एवं निम्न वर्ग। उच्च वर्ग उन लोगों का समूह है, जो आर्थिक रूप से संपन्न है। आर्थिक संसाधनों पर इन लोगों का अधिकार है। यह वर्ग मध्यम और निम्न वर्ग पर पूरा अधिकार रखता है। मध्य वर्ग वह वर्ग है, जो न अमीर है न गरीब। इसके पश्चात निम्न या सर्वहारा वर्ग है, जो अपने श्रम के आधार पर अपनी आजीविका अर्जित करता है। उच्च और मध्य वर्ग की अपेक्षा यह वर्ग अपने शारीरिक श्रम से अधिक काम करता है।

लोकभारती प्रमाणिक हिंदी कोश में निम्न वर्ग के संदर्भ में लिखा गया है, *''प्रं. (स.) समाज का वह निचला वर्ग या श्रेणी जो बहुत गरीब हो और प्राय: मेहनत मजदूरी या छोटी नौकरी पाकर निर्वाह करता है।''*[2]

इस वर्ग के जीवन की विडंबना यह है कि इतना अधिक शारीरिक श्रम करने के पश्चात भी यह वर्ग अपने काम के अनुसार वेतन प्राप्त नहीं कर पाता। अधिकतर इस वर्ग के हिस्से में उच्च वर्ग की प्रताड़ना, अपमान एवं मारपीट ही आती है।

सामाजिक जीवन के आरंभ में किसी के पास किसी प्रकार की कोई निजी संपत्ति नहीं थी और न ही शोषण की अवधारणा। मनुष्य अपनी आवश्यकताओं के लिए प्रकृति पर निर्भर था। परंतु जैसे-जैसे सभ्यता का विकास होता गया, वैसे-वैसे समाज का वर्गीकरण भी हुआ। दास व्यवस्था, सामंतवाद, पूँजीवाद आदि सभ्यताएँ सामाजिक वर्गीकरण को चित्रित करती हैं। यह वर्गीकरण इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि शोषित वर्ग आरंभ से ही शोषक की चक्की में पिसता रहा है। प्रत्येक युग में यह शोषण की प्रवृत्ति अपने भिन्न-भिन्न रूपों में विद्यमान रही है। साहित्य और समाज अन्योन्याश्रित है, अत: समाज में परिवर्तित होती प्रत्येक दशा और दिशा साहित्य को प्रभावित करती है।

साठोत्तरी दशक की सुप्रसिद्ध महिला कथाकार चित्रा मुद्गल का कथा संसार अपने आप में हिंदी जगत की विराट संपत्ति है। आपने भी समाज में विभिन्न वर्गों की स्थितियों का यथार्थांकन किया है, जिसमें निम्न वर्ग एवं आम जन प्रमुख हैं। आम जन से जुड़ी होने के कारण वह उनके दु:ख दर्दों से भली-भाँति परिचित हैं। शोषण के आधुनिक रूप को उनकी कहानियों के माध्यम से समझा जा सकता है। चित्रा जी की इसी विशेषता के संदर्भ में संगीता शर्मा लिखती हैं, *''वे उन साहित्यकारों में से नहीं हैं, जो जीवन और जगत को दूर-दूर से देखकर कल्पना के सहारे अपना एक समानांतर आभासी विश्व रच लिया करते हैं। इसके विपरीत वे एक ऐसी कथाकार के रूप में जानी जाती हैं, जिनकी दुनिया आभासों और अनुमानों से नहीं, वास्तविकताओं से बनी रची हाड़-मांस की दुनिया है।''*[3]

रेलवे स्टेशनों पर भीख माँगने वाले भिखारियों से लेकर शहरों में बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों में काम करने वाले नौकरों की जीवन दुर्दशा तथा संघर्ष का चित्रण चित्रा मुद्गल ने अपनी कहानियों में किया है।

''मामला आगे बढ़ेगा अभी'' कहानी में मोट्या नामक युवक अपना बचपन और जवानी फ्लैट में रह रहे सक्सेना साहब के घर उनकी गाड़ी धोते हुए बिताता है। महत्वांकाक्षी होने के कारण वह उस घर को अपना घर समझते हुए मालकिन को अपनी माँ के समान समझता है। उसके मात्र एक बार बीमार पड़ने के कारण जब उसे पता चलता है कि वह घर के लिए दूसरे नौकर की तलाश में हैं तो उनके प्रति उसका सारा प्रेम घृणा में परिवर्तित हो जाता है। बीमारी के चलते काम पर न जाने के कारण मालिक उसका वेतन काटता रहता है। मोट्या को यह अनुभव होता है कि किसी के प्रति विशेषकर इस पूँजीपति वर्ग के प्रति जितनी भी ईमानदारी बरती जाए,

यह लोग मात्र काम और पैसे के साथी हैं।

''धक्का मारकर घर से बाहर कर दिया मेरे को। सब समझता मैं, काम का वास्ते काम पर हकाला, सा'ब ने..... ।''[4]

धन के अभाव एवं अपनी आवश्यकताओं को पूरी न करने के कारण लड़ाई-झगड़े से भरा वातावरण निम्न वर्ग की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने का चित्र प्रस्तुत करता है। माता-पिता के आपसी लड़ाई-झगड़े के कारण संतानें दु:ख भोगती हैं और उनका वर्तमान, भविष्य दोनों दलदल में फँसे किसी मनुष्य-सा प्रतीत होता है।

'त्रिशंकु' कहानी में आर्थिक स्थिति से ग्रस्त 'बंडू' की माँ शारीरिक रूप से पति के अत्याचार सहते हुए दुबली-पतली होकर भी लोगों के घरों में झूठे बर्तन साफ करके अपने बच्चों का पेट पालती है। माँ की ऐसी दुर्दशा देखकर बंडू के बाल मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ता है और वह अपनी पढ़ाई छोड़ने का निर्णय कर लेता है।

''पढ़कर करेगा भी क्या? जब तक पढ़-लिखकर हवलदार के माफिक कमान-धमाने के काबिल बनेगा, चौबीसों घंटे मेहनत करती, बूँद-बूँद निचूड़ती माँ जिंदा बचेगी?''[5]

बंडू के समान ही निम्न वर्ग की ऐसी परिस्थितियाँ निम्न वर्गीय बच्चों को शिक्षा से दूर धकेलती हैं। इस कारण ही इस वर्ग के लोग प्रतिदिन आगे बढ़ने की बजाए उसी सीमा तक सीमित रह जाते हैं।

'बेईमान' नामक कहानी में सड़कों पर अखबार बेचने वाला बाल युवक अपने मालिक के अत्याचारों से पीड़ित है। सुबह और शाम ठंड में सिकुड़ते हुए गाड़ियों में अखबार बेचते हुए अधिक पैसा न कमा कर लाने पर उसे प्रतिदिन प्रताड़ना ही मिलती है। उसका मालिक प्राय: उसे संदेह की दृष्टि से देखता है और पैसे न मिलने पर क्रोधित स्वर में कहता है, *''तू भोला नहीं है, छँटा हुआ है, नम्बरी! चाट-चूट आया होगा रुपये।''*[6]

मालिक के सामने लाख सफाई देने के उपरांत भी उसके अत्याचार कम नहीं होते। वह ईमानदारी से काम करता था, परंतु इस घटना के उपरांत पैसे लाकर अपने मालिक को देने की बात मन में ठान लेता है। सीधा-साधा बालक अब बेईमानी के रास्ते पर निकल पड़ता है। लोगों को बेवकूफ बना कर या अखबार देने से पहले ही पैसे लेकर भाग जाना उसका पेशा बन चुका है।

वास्तव में पूँजीपतियों और उनके व्यवहार से प्रताड़ित होकर अधिकतर धरातलों पर निम्न वर्ग बुरे रास्तों की ओर अग्रसर होता है। कहीं-कहीं वह अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों के चलते भी स्वयं के लिए काँटों भरा जीवन का निर्माण कर लेता है। इस सामाजिक व्यवस्था के संदर्भ में प्लेटों का समर्थन करते हुए सोहन राज तातेड़ और सुशील नान्दल अपनी पुस्तक 'समाजशास्त्र नई दिशाएँ' नामक पुस्तक में लिखते हैं, *''मानव उसी तरह से समाज में व्यवहार करता है, जिस तरह से समाज उसे व्यवहार करना सिखाता है।''*[7]

आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण पूँजीपति या उच्च वर्गीय लोग निम्न वर्गीय स्त्रियों का शोषण भी करते हैं। 'केंचुल' कहानी में कमला नामक स्त्री का पति नालायक है, वह प्राय: शराब के नशे में ही डूबा रहता है। ऐसे में कमला मेहनत करके अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है। बानी नामक दुकानदार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता करता है। सहायता के पीछे स्त्रियों के साथ गलत काम करना उसका पेशा बन चुका है। कमला की बेटी 'सरना' के साथ भी उसने ऐसा करने का प्रयास किया था। कमला को उस समय बहुत क्रोध आया था, पर फिर मन में विचार करती है, *''किसके बूते पर लड़े? अपने? एकली अपने? ताकत है लड़ने की? मजाल थी कि बानी की छीछालेदार किए बगैर ही लौट पड़ती? पर लौटती कैसे न! बानी के एहसान जो छाती पर लदे बैठे हैं।''*[8]

अपनी आर्थिक स्थितियों के कारण ही निम्न वर्ग उच्च वर्ग के शोषण की चक्की में निरंतर पिसता चला जाता है।

'जिनावर' कहानी में असलम नामक निम्न वर्गीय पुरुष सरवरी (घोड़ी) के बल पर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। सरवरी का अचानक बीमार पड़ना असलम के परिवार को मानो गतिहीन बना देता है। वह फिर भी

बीमार सरवरी को लेकर प्रतिदिन निकल जाता है। उसके मन में यह अशंका निरंतर बनी रहती है कि, *''कहीं ऐसा न हो कि अशक्त सरवरी बीच सड़क पर चक्कर खाकर बैठ जाए और सवारियाँ धक्का खाएँ भेट के ठेले-सी लुढ़कर रास्ते पर हों।''*[9]

सरवरी की बीमारी से असलम भीतर से टूट जाता है। अपने जीवन से हताश असलम टाँगे पर बैठने वाली स्त्रियों से भी अपमान ही पाता है। एक मुस्लिम महिला से दस रुपए किराया माँगने पर महिला का कथन- ''दस रूपये....लो सुनो इनकी अति!'' से असलमन मन में यही विचार करता है कि यह संसार चाहे कितनी भी उन्नति कर ले, परंतु रहेगा सदैव भूखा ही। अधिक पैसे कमा कर न लाने पर अपनी पत्नी जुबैदा से भी आए दिन असलम की लड़ाई हो जाया करती है। यह छोटी-छोटी परेशानियाँ और धन का अभाव निम्न वर्गीय लोगों को ऐसा सोचने पर मजबूर कर देता है कि समाज में उनका अस्तित्व ही क्या है?

'नीले चौखाने वाला कम्बल' कहानी में टिकैतिन कक्की नामक विधवा निम्न वर्गीय स्त्री की सामाजिक दुर्दशा का चित्रण हुआ है। अपने पति की मृत्यु के पश्चात वह अपने बेटे 'बच्चू' का पालन-पोषण मेहनत-मजदूरी के बल पर करती है। आजीवन कोई भी उसकी सहायता नहीं करता। जब पुत्र जवान होता है तो समाज के उच्च वर्ग द्वारा यह भी सहन नहीं हो पाता।

सामाजिक षड्यंत्रों का शिकार बच्चू मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। टिकैतिन काकी का एकमात्र सहारा उनसे छिन जाता है। भरे कंठ से टिकैतिन काकी कहती है, *''ब्याह, गौना, रौना होना नहीं मोरे बचुआ का, कम-से-कम तेरहीं धूम-धाम से हो। मेहनत-मशकत से जोड़ी पाई-पाई आखिर भी किसकी खातिर?''*[10]

निम्न वर्ग की इन त्रासदियों को उनकी धरातल पर जाकर अनुभव कर उन्हें अभियक्त करना चित्रा मुद्गल को एक विशेष पहचान प्रदान करता है। यह वह वर्ग है, जिनकी कोई विशेष पहचान नहीं है, परंतु इस वर्ग के अभाव में एक सफल समाज की कल्पना करना भी असंभव-सा प्रतीत होता है।

निष्कर्ष :

चित्रा मुद्गल जी समकालीन कहानी की सफल हस्ताक्षर हैं। उनकी कहानियों के पात्र किसी-न-किसी वर्ग का सफल प्रतिनिधित्व करते हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग के दु:ख-चिंताओं को समझना और उन्हें अभिव्यक्त करना, उनके साहित्य की विशेषता है। निम्न वर्गीय पात्र, जिनमें पूँजीपतियों के घरों में काम करने वाले नौकर, रिक्शे वाले, टाँगा चलाने वाले, सड़क पर पड़े भिखारियों, रेलवे स्टेशनों पर अखबार बेचने वाले आदि चरित्रों का जीवंत चित्रण चित्रा जी की कहानियों में हुआ है। आर्थिक विपन्नता से उत्पन्न अमानवीयता, नैतिक मूल्यों का विघटन, उन्होंने अपनी कहानियों में चित्रित किया है। ❑

संदर्भ :

1. उद्धृत अमरकांत, हिंदी आलोचना की पारिभाषिक शब्दावली, दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2016, पृ.278
2. लोकभारती प्रामाणिक हिंदी कोश, रामचन्द्र वर्मा, इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन, 1998, पृ.467
3. संगीता शर्मा, चित्रा मुद्गल की कहानियों में यथार्थ एवं कथाभाषा, दिल्ली : सृजनलोक प्रकाशन, 2019, पृ.5
4. चित्रा मुद्गल, लाक्षाग्रह, दिल्ली : रेमाधव पब्लिकेशंस, 2023, पृ.30
5. चित्रा मुद्गल, लाक्षाग्रह, दिल्ली : रेमाधव पब्लिकेशंस, 2023, पृ.58
6. चित्रा मुद्गल, जगदम्बा बाबू गाँव आ रहे हैं, दिल्ली : रेमाधव पब्लिकेशंस, 2023, पृ.80
7. सोहन राज तातेड़, सुशील नान्दल, समाजशास्त्र: नई दिशाएँ, जयपुर: अनु प्रकाशन, 2018, पृ.13
8. चित्रा मुद्गल, शून्य, दिल्ली : रेमाधव पब्लिकेशंस, 2023, पृ. 18
9. चित्रा मुद्गल, आदि-अनादि भाग-3, दिल्ली : सामयिक प्रकाशन, 2018, पृ.37
10. चित्रा मुद्गल, आदि-अनादि भाग-3, दिल्ली : सामयिक प्रकाशन, 2018, पृ.194

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

'पहरुआ जन' में अभिव्यक्त सामाजिक और वर्ग चेतना

केशव कुमारी

शोधार्थी, हिंदी विभाग
लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय,
फगवाड़ा, पंजाब-144411
9878726391
keshavkumari1985@gmail.com

डॉ. बृजेंद्र कुमार अग्निहोत्री

सहायक प्रोफेसर (हिंदी)
सामाजिक विज्ञान एवं भाषा संकाय
लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय
फगवाड़ा, पंजाब-144411
9918695656

शोध-सार :

मिथिलेश्वर हिंदी साहित्य के एक प्रसिद्ध कथाकार हैं, जो कि सामाजिक पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ साहित्य लिखते हैं। इन्होंने अपनी कहानियों में ग्रामीण जीवन को बखूबी उगेरा है। इनकी कहानी वर्तमान ग्रामीण जीवन के विभिन्न अंतर्विरोधों को उद्घाटित करती है, जिनसे पता चलता है कि आजादी के बाद ग्रामीण जीवन वास्तव में किस हद तक भयावह और जटिल हो गया है। बदलाव के नाम पर हुआ यह है कि आम लोगों के शोषण के तरीके बदल गए हैं। मिथिलेश्वर की प्रमुख कृतियाँ हैं -बाबूजी, मेघना का निर्णय, हरिहर काका, चल खुसरो घर अपने, (कहानी संग्रह) तथा झुनिया, युद्ध-स्थल, प्रेम ना बाड़ी उपजे और अंत नहीं यह, उनके प्रमुख उपन्यास हैं। 'पहरुआ जन' उनके उपन्यासों में से एक उपन्यास है, जो कि हाल ही प्रकाशित हुआ है। इसका प्रकाशन वर्ष 2023 है। यह उपन्यास 21वीं सदी की सामाजिक परिवेश पर आधारित है।

प्रख्यात कथाकार मिथिलेश्वर का उपन्यास 'पहरुआ जन' एक समर्पित समाज सेवक के जीवन संघर्ष की जीवंत कथा व्यक्त करते हुए सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ उनके सक्षम प्रतिकार को न सिर्फ उजागर करता है, बल्कि समाज सेवा और राजनीति के अंतर संबंधों को उद्घाटित करते हुए समाज सेवा के नए मूल्य स्थापित करता है। इस रूप में सर्वथा नए विषय पर नूतन मूल्य की स्थापना का यह उपन्यास भारतीय लोकतंत्र की बेहतरी के लिए अभीष्ट मार्ग प्रशस्त करता है। इसके तहत भारतीय जीवन और समाज की विकृतियों के सामूहिक विरोध की मर्मस्पर्शी कथा पाठकीय मन को न सिर्फ संवेदित करती है, बल्कि विचारों के स्तर पर उन्हें उद्वेलित भी करती है।

बीज-शब्द :

सामाजिक चेतना, वर्ग-संघर्ष, आर्थिक विषमता, विषमतामूलक परिस्थितियाँ।

पहरुआ जन दो शब्दों के मेल से बना है। परुआ + जन । पहरुआ का अर्थ

है- पहरा देने वाला और जन का अर्थ है- लोग। अर्थात 'पहरुआ जन' का शाब्दिक अर्थ है— पहरा देने वाले लोग। ये लोग न तो सत्तासीन हैं और न ही सत्ताहीन हैं। ये उन आम लोगों का समूह है, जो इन दोनों की गतिविधियों पर नजर रखता है ताकि सत्ता से जुड़े लोग सही से अपना काम कर सकें और विरोधी पक्ष के लोग उनके काम में कोई रुकावट न पैदा कर सकें। ये लोग बिना किसी लालच और स्वयंहित के समाज के विकास के लिए कार्यरत रहते हैं। 'पहरुआ जन' उपन्यास प्रोफेसर ज्ञानेश गौतम समाज सुधारक के जीवन परआधारित है, जो कि सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ उपन्यास में संघर्ष करते नजर आते हैं। उपन्यास की कथावस्तु सात भागों में विभक्त है। हर भाग किसी-न-किसी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक अथवा सांप्रदायिक विसंगति पर आधारित है। जैसे-जैसे प्रोफेसर ज्ञानेश गौतम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं, वैसे-वैसे कथा वस्तु भी आगे बढ़ती है। और उनके जीवन के हर पड़ाव पर एक नई कथा उनके जीवन के साथ जुड़ती है। उपन्यास में हम देखते हैं कि जहाँ प्रोफेसर गौतम गायब हो जाते हैं, वहीं पर उपन्यास का अंत हो जाता है। लेकिन हम अंत में देखते हैं कि उपन्यास का अंत होते हुए भी उपन्यास में एक नई चेतना की शुरुआत होती है, जिसे प्रोफेसर ज्ञानेश ने नाम दिया था 'पहरुआ जन'।

सामाजिक चेतना, शोषण, वर्ग-संघर्ष, असमानता, भेदभाव, आर्थिक विषमताएँ, बाल विवाह, वैवाहिक समस्याएँ, छुआछूत, विधवा समस्या आदि विषमतामूलक परिस्थितियों के प्रतिक्रया स्वरूप मस्तिष्क में विकसित होकर क्रांतिकारी रूप में प्रदर्शित करती है, जिसे मानव मन में मानवतावादी भावना का संचार होता है तथा व्यक्ति नैतिक कार्य करने के लिए प्रेरित होता है। अत: सामाजिक चेतना का कार्य समाज सुधार और उसका उद्धार करना है। प्राचीन काल में स्त्रियों की स्थिति सुदृढ़ थी, परिवार तथा समाज में उन्हें सम्मान प्राप्त था। उसे देवी सहधर्मिणी, अर्द्धांगिनी माना जाता था। कोई भी धार्मिक अनुष्ठान होता तो पुरुषों के बराबर स्त्रियों की भी सहभागिता रहती थी। यद्यपि उस समय भी अरूंधती, लोपामुद्रा और अनुसूइया आदि नारियाँ देवी रूप में प्रतिष्ठित थीं। मध्य काल में स्त्रियों की स्थिति में अधिक गिरावट आई और महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया तथा बहुत सारी कुप्रथाओं ने अपने पाँव पसार लिए। जैसे- शिक्षा से वंचित कर दिया, पर्दा प्रथा, सती प्रथा, बाल विवाह जैसी वीभत्स प्रथाओं ने स्त्रियों की मन:स्थिति को झकझोर कर रख दिया। इसके बावजूद स्त्रियाँ अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करती हुई दिखाई पड़ती हैं। आज भारतीय समाज में स्त्री अपने अपराजेय जीवन शक्ति के बल पर सदियों के बंधन तोड़कर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रही हैं और बहुत से सम्मानित पदों को सुशोभित कर रही हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में स्त्रियों की दशा में बहुत परिवर्तन दिखलाई नही पड़ता। यहाँ हमें स्त्रियों की समानता का झूठा व्यवहार ही समझ आता है। स्त्रियों की मन:स्थिति का उनके पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक दशा का सही ज्ञान मिथिलेश्वर की कहानियों और उपन्यासों में दिखाई पड़ता है। मिथिलेश्वर बिहार के ग्रामीण परिवेश के कहानीकार हैं। इसी कारण से इन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से ग्रामीण परिवेश में लंबे-लंबे घूँघट काढ़कर घर की चहारदीवारी में घुटने वाली स्त्रियों को साहित्य के केंद्र में लाने का सफल प्रयास किया है। मिथिलेश्वर की रचनाओं में हाशिए पर जीने वाली भारतीय ग्रामीण स्त्रियों का यथार्थ चित्र दिखाई पड़ता है। इनके नारी पात्रों में संघर्ष करती हुई, सुनयना, राधिया नरेश बहू, बुधनी सावित्री दीदी, झुनिया इत्यादि दिखाई पड़ती हैं। स्त्रियाँ अनेक कारणों से सदियों से शोषण और उत्पीड़न का शिकार होती रही हैं। ऐसी कुछ रचनाएँ - सावित्री दीदी, थोड़ी देर बाद तिरिया जन्म, रात शांता, झुनिया नाम की एक लड़की और संगीता बनर्जी में

स्त्रियों के शोषण और उत्पीडन् का यथार्थ चित्र उकेरा गया है। मिथिलेश्वर जैसे गंभीर, सूक्ष्मदर्शी और अंतर्दृष्टि संपन्न लेखक स्त्रियों की दशा और उनके टूटते हुए सपनों को अनुमानित कर समाज के समक्ष चुनौती के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

प्राचीन काल से ही सामाजिक परंपराओं के नाम पर महिलाओं के साथ अन्याय होता आया है। आज भी ऐसी गलत परंपराएँ, वह रिवाज हमारे सभ्य समाज में मौजूद हैं, जो महिलाओं के उत्पीड़न में सहायक हैं। भारतीय संस्कृति इस बात की पक्षधर रही है कि जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। लेकिन यह सब खोखले वादे सिद्ध होते रहे हैं, महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाया गया कानून तो असरदार है, लेकिन उसे लागू करने वाली व्यवस्था बेकार साबित होती रही है। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा व अपराध से उनका मानसिक व शारीरिक शोषण होता है और उनका भावी व्यक्तित्व का विकास रुक जाता है। जब किसी महिला के साथ कोई अनहोनी घटना होती है तो उसका सारा जीवन एक कलंक बनकर रह जाता है और उसे घुट-घुट कर जीने को मजबूर होना पड़ता है। बलात्कार हमारे समाज की एक ऐसी समस्या है, जो संपूर्ण विश्व में एक नासूर की तरह फैली हुई है। प्राचीन समय में तो यह समस्या उतनी गंभीर नहीं थी, परंतु पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव बढ़ने से भारत में भी दिन -प्रतिदिन यह एक गंभीर समस्या बनकर उभर रही है। हमारे देश में एक दशक पहले हर चार घंटे में सात बलात्कार होते थे, जो बढ़कर दोगुना हो चुके हैं। पिछले दशक में महिलाओं के विरुद्ध अपराध पर प्रस्तुत की गई एक रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में हर 40 मिनट में एक बलात्कार होता है। इसमें आयु के हिसाब से बलात्कार की सर्वाधिक शिकार महिलाएँ 16 से 30 वर्ष के आयु समूह की हैं। निर्धन कन्याओं को तो ग्रामीण परिवेश में भी इस समस्या का सामना करना पड़ता है, जबकि कामकाजी महिलाएँ बाहर जाने से भी डरती हैं और वह पूरे समाज पर आश्रित होकर रह जाती हैं। घर में भी अपने पारिवारिक सदस्य पास पड़ोस या रिश्तेदारों के द्वारा भी महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएँ होती रहती हैं। 'पहरुआ जन' उपन्यास में हम देखते हैं कि 'जगराम' की बेटी 'कुमकुम' को 'हरी कोठी' से संबंध रखने वाला 'मितांशु' अपहरण कर लेता है, तथा अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार करता है। वह अपने जुर्म को छुपाने के लिए 'कुमकुम' की बहुत ही बेरहमी से हत्या करके उसकी लाश को 'कृषि फार्म' के किनारे फेंक देता है, जिसके बारे में ज्ञानेश गौतम को फोन पर मैसेज के द्वारा संदेश आता है, यथा- *''इसी वक्त उनके फोन पर यह मैसेज आया — 'स्कूल से लौटते हुए कल जो लड़की गायब हो गई थी, अभी उसका शव मिला है। सामूहिक रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई है। इस घटना को लेकर शहर के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है।*



शहर में उबाल आ गया है। स्थिति बवाल की बन गई है।''[1] मितांशु एक संपन्न परिवार के उच्च वर्ग से संबंध रखता था। उसके परिवार वाले सभी दिल्ली में रहते थे। उसके परिवार में कुछ राजनीतिक थे, तो कुछ ऊँचे पदों पर आसीन थे। वह यहाँ पर पढ़ाई करने के लिए 'हरी कोठी' में रहता था। परंतु वह पढ़ाई करने की बजाय बाकी सभी अन्य असामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित रहता था। उसकी गुंडागर्दी और असामाजिक गतिविधियों से शहर के लोग बहुत परेशान रहते थे। कुमकुम के बलात्कार और हत्या से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा था। मितांशु के इस दुष्कर्म से लोगों में एक तरह की अपने परिवार और समाज के प्रति असुरक्षा की भावना पैदा हो गई थी। उन्हें लगता था यदि बलात्कार जैसे दुष्कर्म को यहीं पर रोका ना गया तो अपराधियों का इसी तरह मनोबल बढ़ता रहेगा और इस तरह का अपराध शहर और समाज में बढ़ता रहेगा, जो कि समाज के लिए एक खतरा है। ज्ञानेश के कथन के समर्थन में पूरी भीड़ तालिया से गूँज उठी। कुछ लोग बोल भी उठे- ''हां सर, हां, सर। उन गुंडों की गिरफ्तारी तक यहाँ से हमें नहीं हटना।'' भीड़ की इस सहमति से अवगत हो अब वह अपनी मुख्य बात पर आ गए- *''हमारी प्यारी बच्ची कुमकुम तो अब वापस नहीं आ सकती। उसके साथ न्याय का अब यही तकाजा है कि उसके अपराधियों की गिरफ्तारी शीघ्र हो और उन्हें कठोर से कठोर सजा मिले। इस संबंध में अभी-अभी जिला प्रशासन से मेरी बात हुई है। हमारे इस अहिंसक धरना आंदोलन के बीच वे आड़े ना आकर हमें पूरा सहयोग करेंगे। यह समय की माँग है कि ऐसी घटनाओं पर जनता की ऐसी मुहिम के साथ जिला प्रशासन को भी खड़े रहना है, तभी अपराधियों का मनोबल टूटेगा, तभी वह पकड़ में आएँगे या आत्मसमर्पण करेंगे। इस धरनास्थल से यह हमारा शंखनाद है कि अपने समाज में हम ऐसी दरिंदगी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।''*[2]

उपन्यास में हम देखते हैं कि कैसे निम्न वर्ग का व्यक्ति जब अपने अधिकारों के प्रति सजग होता है तो तो वह 'व्यक्ति चेतना' ना होकर एक 'वर्ग चेतना' या आंदोलन का रूप ले लेता है। वह आंदोलन जो अपने हक और इंसाफ के लिए दिल्ली तक की सरकार को हिलाने का बल रखता है, जिसके आगे अपराधी की पहुँच भी काम नहीं आती है और वह हार कर उस जन आंदोलन के सामने अपने घुटने टेक देता है। कुमकुम के बलात्कार के इंसाफ के लिए जो जन आंदोलन शुरू हुआ था, उसके आगे मितांशु की पहुँच काम नहीं आती है और वह जन आंदोलन से डर कर आत्मसमर्पण करने के लिए तैयार हो जाता है। यहाँ हम देखते हैं कि जब एक वर्ग चेतना जागृत होती है तो वह किसी भी समाज में फैली अपहरण और बलात्कार जैसी असामाजिक बुराइयों को जड़ से उखाड़ कर फेंकने का बल रखती है।

कुमकुम की घटना के बाद ज्ञानेश गौतम की प्रसिद्धि दिनों दिन बढ़ती जाती है, जो युवा वर्ग को बहुत प्रभावित करती है। इस घटना के बाद रोज ही कोई ना कोई ज्ञानेश गौतम से मिलने आता और सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ लड़ने के लिए कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करता। ज्ञानेश गौतम के व्यक्तित्व ने युवाओं को काफी प्रभावित किया, जिससे उनमें समाज सेवा की चेतना जागृत हुई। वह चेतना उनमें पहले से थी, परंतु माहौल के अभाव में वह निष्क्रिय बने हुए थे, द्रष्टव्य है- *''उस धरना-आंदोलन की समाप्ति के एक सप्ताह बीतते-बीतते ज्ञानेश से मिलने वाले लोगों में उत्साही युवाओं का एक ऐसा वर्ग उनसे जुड़ता चला गया, जो उनके नेतृत्व से बेहद प्रभावित था, जिनके मन में उनके नेतृत्व ने समाज सेवा की भावना जागृत कर दी थी। वैसे उनके अंदर ऐसी चेतना पहले से थी। ऐसे आदर्श और विश्वास के वे समर्थक थे, लेकिन माहौल के अभाव में निष्क्रिय बने हुए थे।''*[3]

मिथिलेश्वर गौरैयापुर की बस्ती द्वारा हमारे सामने उस वर्ग को प्रस्तुत कर रहे हैं, जो कि हमारे समाज के एक उपेक्षित, वंचित, विपन्न और पीड़ित लोग हैं, जिनको न सिर्फ आवास मुहैया कराने की जरूरत है, अपितु सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं को भी उन तक पहुँचाने की जरूरत है, क्योंकि कई बार शिक्षा के अभाव में सरकार द्वारा बनाई गई योजनाएँ उन तक पहुँच नहीं पाती हैं। सरकार के विस्तार और निर्माण कार्य से उन गरीबों का घर और परिवार उजड़ रहा था। उन्होंने अधिकारियों के सामने बहुत हाथ पैर जोड़े, परंतु उन्होंने एक नहीं सुनी। इस तरह वह अपनी गुहार लेकर प्रोफेसर ज्ञानेश गौतम के पास जाते हैं ताकि वह अपने घर-परिवार को उजड़ने से बचा सकें, क्योंकि उन गरीबों के पास उस बस्ती के सिवा और कोई ठिकाना नहीं होता है। उपन्यास में हम देखते हैं कि प्रोफेसर ज्ञानेश गौतम 'गौरैयापुर' के लोगों में जागृत हुई चेतना का समर्थन करते हुए अधिकारियों से मिलने उनकी बस्ती में जाते हैं और उनके सामने ऐसा प्रस्ताव रखते हैं कि यदि सरकार को विस्तार और निर्माण का कार्य करना है तो इन गरीबों को वहाँ से हटाने से पहले इनके रहने का एक सुरक्षित स्थान उनके लिए मुहैया करवाया जाना चाहिए। चूँकि प्रोफेसर ज्ञानेश गौतम एक जाने-माने प्रसिद्ध समाज सुधारक हैं इसीलिए सरकार को उनकी बात मानकर उन गरीबों के लिए एक नया स्थान मुहैया करवाना पड़ता है और जब तक इसकी व्यवस्था नहीं होती है उनको एक महीने तक वहीं पर रहने की इजाजत दी जाती है ताकि इस बीच सरकार को उनके लिए एक सुरक्षित स्थान का इंतजाम करने का समय मिल सके।

निष्कर्ष रूप में हम यह कह सकते हैं कि व्यक्ति की चेतना ही उसे लोक- कल्याण के कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। चेतना व्यक्ति को जागरूक बनाती है और समाज में रहकर व्यक्ति को सामाजिक नियमों के अनुसारआचार-व्यवहार करने के लिए बाधित करती है, क्योंकि जो व्यक्ति समाज के नियमों के अनुसार अपना जीवन यापन करता है, वही सच्चे अर्थों में ही सामाजिक प्राणी है। चेतना कभी रुकती नहीं है, बस उसके रूप बदलते जाते हैं। व्यक्ति की चेतना वर्ग चेतना में बदलती है और वर्ग चेतना एक जन आंदोलन का रूप ले लेती है। हम देखते हैं कि जन आंदोलन के सामने समाज की कोई भी बुराई टिक नहीं पाती। ❑

संदर्भ :

1. मिथिलेश्वर, पहरुआ जन, दिल्ली, सतसाहित्य प्रकाशन, 2023, पृष्ठ- 20
2. मिथिलेश्वर, पहरुआ जन, दिल्ली, सतसाहित्य प्रकाशन, 2023, पृष्ठ 36
3. मिथिलेश्वर, पहरुआ जन, दिल्ली, सतसाहित्य प्रकाशन, 2023, पृष्ठ 50

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

अवलोकन

मामोनी रायसम गोस्वामी के उपन्यास 'दँताल हातिर उये खोवा हाओदा' में वर्णित गिरिबाला का जीवन-संघर्ष

दीपिका दास

शोधार्थी, हिंदी विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी, उ.प्र.-221005
8724969917
deepika87249@gmail.com

साहित्य समाज के प्रतिरोध एवं संघर्ष की दास्तान है। साहित्य चाहे जिस काल खंड, परिस्थिति का हो, उसमें समाज के समस्त पहलुओं का रूपांकन होता है। संघर्ष किसी भी स्तर पर और किसी भी रूप में हो सकता है। यह एक सामाजिक-मानसिक द्वंद्व है, जो कई बार मानव-मन में भावनात्मक परिवर्तन को जन्म देता है। सामाजिक परिवर्तन संवेदनशील साहित्यकारों को सदैव् आंदोलित करते रहे हैं। साहित्यकार का यही आंतरिक द्वंद्व साहित्य के रूप में प्रकट होता है। विगत दशकों में असमीया साहित्य में भी स्त्री उपन्यासकारों ने बदलते हुए जीवन-संदर्भ में स्त्री की बदली हुई मानसिकता तथा पितृसत्ता से संघर्ष को विशेष स्थान दिया है। इसी क्रम में प्रमुख हस्ताक्षर के रूप में मामोनी रायसम गोस्वामी उपाख्य इंदिरा गोस्वामी का विशेष स्थान है। जन-कल्याण, शोषण के प्रति विद्रोह एवं संघर्ष, स्त्री-अस्मिता तथा समता हेतु युद्धरत आम स्त्री आदि इनके उपन्यास का मुख्य उपजीव्य रहा है।

भारतीय साहित्य में नारी की स्थिति और भारतीय उपन्यास :

इतिहास साक्षी है, वैदिक काल के पश्चात् हर समाज, धर्म, जाति, वर्ग तथा कालखंड में स्त्री विवशतापूर्ण जीवन जीने को अभिशप्त रही है। पहले हमारे यहाँ मातृसत्तात्मक समाज था। परिवार और समाज के केंद्र में स्त्रियाँ होती थीं। धीरे-धीरे समाज में पितृसत्ता ने अपना स्थान स्थापित कर लिया। पितृसत्तात्मक व्यवस्था में स्त्रियाँ सदैव शोषित और उत्पीड़ित रही हैं। पुरुष उसके महत्त्व को कमतर करता गया। उसके आत्मिक और मानसिक विकास के सारे रास्ते बंद कर दिए गए। सामाजिक रीति-नियमों से बँधकर वे एक यंत्रणामय जीवन जीने को विवश हो गईं। इसी समय स्त्रीवाद उभरकर सामने आया। *'स्त्रीवादी साहित्य स्त्री-पुरुष दोनों का लिखा हो सकता है। यह एक ऐसा साहित्य है, जो स्त्री के हितों एवं स्त्रीवादी राजनीति का पक्षधर होता है।'*[1] *'नारीवाद एक ऐसा विचार है, जो कि पुरुष और स्त्री के मध्य असमानता को स्वीकार कर नारी के सबलीकरण की प्रक्रिया को बौद्धिक एवं क्रियात्मक रूप से प्रस्तुत करता है। नारीवाद एक विचारधारा भी है और एक आन्दोलन भी नारीवाद के सिद्धांत के अंतर्गत मूल्यरूप से समानता व्*

सबलीकरण के माध्यम से महिलाओं व् पुरुषों के मध्य व्याप्त असमानता को नकारना है।'[2]

उपन्यास 'दँताल हातिर उये खोवा हाओदा' (1988) तब लिखा जा रहा था जब पश्चिम में स्त्रीवादी आन्दोलन अपनी प्रारंभिक अवस्था में था। तत्कालीन असमीया समाज में स्त्री की अवस्था अत्यंत दयनीय थी। सामाजिक परंपराओं ने स्त्रियों को बुरी तरह जकड़ रखा था। उस समय मामोनी रायसम गोस्वामी जी ने अपनी लेखनी के माध्यम से स्त्री-मुक्ति की चेतना पैदा की। उन्होंने स्त्री-जीवन के सूक्ष्मातिसूक्ष्म पहलुओं का विश्लेषण करते हुए स्त्री अस्मिता एवं उसके द्वारा किए जा रहे संघर्ष को भी दर्शाया है। अस्मिता के सन्दर्भ में रोहिणी अग्रवाल लिखती है – *'स्त्री की अस्मिता की लड़ाई आधी दुनिया को मनुष्य का दर्जा दिलाने की लड़ाई है।'*[3] वहीं स्त्री के ऊपर हो रहे इस अत्याचार के संदर्भ में मामोनी रायसम गोस्वामी लिखती हैं – *'नारिये तार विरुद्धे निजेई युद्ध कोरीब लागिब। पुरुषे एइटू कोईसे बुली मानी लोई तेऊलोके बही थाकिले नहब। आई डू नोट लाइक देट। मई हेइटुके कोईसू जे नारिये भितोरुआ शक्तिटो आनिब परा नाइ आजीलोईके। किमान परसेंट आमार शिक्षित आसे। धरा 40 शतांशर अधिक। मोई भाबू हेईखिनिरे बहुखिनी महिला आगुवाई निबो पारिम। तेऊलोके निजे करप्ट हइसे, नीजे शोषित हइसे, तेऊलोके नीजेउ कोरा नाइ, आनको कोरिबले दिया नाइ। मई दोषटू एकमात्र महिलाक दिउ। तेऊलुके नीजे किय उलाई आहिब परा नाइ।'*[4] अर्थात् स्त्रियों को स्वयं इन परिस्थितियों से लड़ना होगा। पुरुषों ने जो कह दिया उसपर विचार किये बगैर उसे स्वीकार लेना अनुचित है। 40 प्रतिशत शिक्षित महिलाएं भी यदि आगे बढ़ने की इच्छा रखे तो वें अन्य को भी आगे बाधा सकती हैं, किंतु वे स्वयं भ्रष्ट हैं, शोषित है, इसकी एकमात्र दोषी वे स्वयं है।

भारतीय परिवार एवं समाज में स्त्री को सदैव अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ा है। संपूर्ण उपन्यास में गिरिबाला को भी समाज में पल रहे रक्षणशील ब्राह्मण रीति-नियमों के विरुद्ध, अपनी स्वतंत्रता, अस्मिता एवं अधिकार हेतु संघर्ष करती है। कुछ स्थानों पर उसका संघर्ष मौन रूप में मुखरित हुआ है तो वहीं दूसरी ओर

उसका यही संघर्ष प्रतिरोध के रूप में प्रस्फुटित हो उठा है।

'दँताल हातिर उये खोवा हाओदा' उपन्यास की प्रमुख स्त्री पात्र गिरिबाला सत्रिया परिवेश में पली-बढ़ी अत्यंत शांत एवं सौम्य प्रवृत्ति स्त्री है। अत्यंत कम आयु में ही उसका विवाह लाटू गोसाई से हो जाता है। विवाहोपरांत उसे यह ज्ञात होता है कि उसका पति लंपट एवं व्यभिचारी है। इसी कारण वह सदैव पति के प्रेम और सान्निध्य से वंचित रही। इसके स्थान पर उसे मिला केवल अवहेलना और अनादर। तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों के कारण उसे एक आदर्श भारतीय नारी की तरह इन सभी कष्टों को सहना पड़ा। लंपट पति की कर्कश ध्वनि सुनकर उसके मन में रोष उत्पन्न होता था, किंतु उसे प्रकट करने में गिरिबाला असमर्थ होती थी। धीरे-धीरे परिस्थितियाँ बदतर होती चली गईं। पति की मृत्यु के बाद तो जैसे गिरिबाला के सब्र का बाँध टूट-सा गया और एक लंबे समय तक परंपरागत समाज के रीति-नियमों की बलि चढ़ती आई

गिरिबाला एकाएक अपनी अस्मिता, इच्छा, आकांक्षाओं के प्रति सजग हो उठी। अचानक उसका रोष विस्फोटित हो उठा। उसने समाज के नियमों के जंजीर से बंधकर जीना पसंद नहीं किया।

दरअसल विवाह से पूर्व गिरिबाला को अपने जीवन में किसी भी प्रकार की जटिल परिस्थिति का सामना नहीं करना पड़ा था। विवाह के पश्चात् के कष्टों को भी वह किसी से साझा न कर सकी। ऐसी परिस्थिति में उसकी मुलाकात होती है क्रिस्तान संयासी मार्क से। गिरिबाला मार्क से अपने दु:ख-दर्द, वेदना आदि की अभिव्यक्ति अत्यंत सहजता के साथ करने लगी। व्यक्ति जिस समाज से घिरा होता है, उसकी रूढ़ियों, खोखली मान्यताओं और परंपराओं के प्रति उसके मन में विरोध होना स्वाभाविक है, बशर्ते कि उसे विरोध करने का अवसर मिले। मार्क के सम्मुख गिरिबाला को पूर्ण अवसर मिला था अपनी इच्छा, आकांक्षा के साथ प्रतिरोध को भी व्यक्त करने का। उसके मन में अपने पति एवं ससुराल के प्रति अत्यंत घृणा का भाव है। वह मार्क से कहती है –*'ताते जावा अरु ससानक जावा एके कथा। मई जियाई जियाई गारात हुमब नरु साहब।'*[5] अर्थात् वहाँ जाना और श्मशान में जाना एक समान है। मैं जीते-जी गड्ढे में नहीं गिर सकती साहब। सामाजिक मान्यता है कि एक विधवा अपनी ससुराल से विरक्त नहीं रह सकती। पति की मृत्यु के पश्चात् यही एकमात्र वह स्थान होता है, जहाँ से उसे मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। किंतु गिरिबाला का अपने मायके में रहना उन सामाजिक रूढ़ियों के बंधन के प्रति विद्रोह को ही दर्शाता है।

यौन-शुचिता और स्त्री :

किसी व्यक्ति के साथ अत्यधिक समय व्यतीत करने से मनुष्य के अंदर उस व्यक्ति के प्रति आकर्षण का भाव पैदा होना अत्यंत स्वाभाविक है। यही स्थिति गिरिबाला और मार्क के बीच उत्पन्न होने लगी थी। गिरिबाला को वैवाहिक जीवन का सुख प्राप्त न हो सका था। फलत: उसके मन की दमित यौन-इच्छाएँ पुन: जाग्रत होने लगी थीं। स्त्री की यौन-इच्छाओं को लेखिका ने पाप की श्रेणी से बाहर रखा है। लंपट पति के मुख से उसके शरीर के लिए निकले कटु वचन *'कुनु रस नाइ'*[6] अर्थात् कोई रस नहीं है, उसे सदैव कचोटते थे। इसी के प्रतिरोध-स्वरूप गिरिबाला अपने शरीर के सारे वस्त्र त्याग, नग्न अवस्था में मार्क के शयन-कक्ष में प्रवेश करती है और स्वयं को समर्पित करती हुई उससे कहती है – *'मई दुर्गा निइबा सरू गोसानिर दरे बाचि थाकिब नोवारू'*[7] अर्थात् मैं दुर्गा या सरू गोसानी की तरह नहीं बच सकती। गिरिबाला द्वारा उठाया गया यह कदम उस लंबे मानसिक संघर्ष का परिणाम है, जो विवाह के तुरंत बाद प्रारंभ हो गया था। गिरिबाला की तरह अनेकों ऐसी स्त्रियाँ हैं, जिन्हें विवाह के पश्चात् दांपत्य सुख की प्राप्ति नहीं होती। उन्हें अपनी यौन-इच्छाओं को यों ही दबा देना पड़ता है। इसका एकमात्र कारण है पुरुष का परस्त्रीगमन। खोखली सामाजिक व्यवस्था में स्त्रियों के हजारों नियम-कायदे बतला दिए जाते हैं, परंतु पुरुष विवाह के पश्चात् भी यदि अवैध-यौन संबंध रखता है तो उसपर कोई प्रश्न-चिह्न खड़ा नहीं करता। इस प्रकार की खोखली सामाजिक विचारधारा के प्रति गिरिबाला का संघर्ष अंत में प्रतिरोध के रूप में मुखरित होता है। हालाँकि ऐसी परिस्थिति में भी संयासी मार्क गिरिबाला को स्पर्श तक नहीं करता और उसकी पवित्रता चिर बनी रही है।

अतार्किक रूढ़ मान्यताओं का विरोध :

भारतीय समाज में आरंभ से ही विधवा स्त्रियाँ एकाकीपूर्ण जीवन जीने को अभिशप्त रही हैं। समाज की खोखली मान्यताओं ने उनकी सभी इच्छाओं को सदैव कुचला है। अपने पति की मृत्यु के पश्चात् जब गिरिबाला अपने घर अर्थात् मायके आती है, तब समाज की अन्य सुहागिन स्त्रियों का जत्था उसके सम्मुख आ खड़ा होता है। यह उपस्थिति गिरिबाला के प्रति सहानुभूति व्यक्त करने हेतु कतई न थी; बल्कि वे महिलाएँ उसे और अधिक आहत करने के लिए इकट्ठा हुई थीं। कुछ समय वहीं खड़े होने के बाद वे महिलाएँ गिरिबाला से कहती है – *'नुसूबी! नुसूबी! एइमात्र बारी हुआ तिरी ऐ सीरत सिन्दूर पिन्धा तिरिहात नुसूबी! नुसूबी!'*[8] अर्थात् तुम अभी-अभी विधवा हुई हो, सुहागिन औरतों को मत छूओ! मत छूओ! इस घटना ने गिरिबाला के मन में न केवल समाज के प्रति अत्यधिक घृणा की भावना पैदा की; बल्कि उसके युवा-मन में विद्रोह की भावना को भी जन्म दे दिया। समाज के

प्रचलित नियमों के अनुसार विधवाओं के लिए मांसाहारी भोजन करना निषिद्ध माना गया है। मान्यता यह है कि ऐसा करने से वह पाप की भागीदार होगी, लेकिन गिरिबाला एक दिन दादा जी के श्राद्ध के भोज में मांस खाकर इस परंपरागत रीति को खारिज करती है। मांस खाने के बाद वह मार्क से कहती है – *'साउसुन साहब। मोर पाप ज्ञान नहय। हेइदिना भुजर मांस खाई करा परासितर पिशोतु मोर कुनु पापबोध हुआ नाइ।'*[9] अर्थात् देखिए न साहब, मुझे कोई पाप का ज्ञान नहीं हो रहा। उस दिन भोज में मांस खाने के बाद भी मुझे किसी पाप का बोध नहीं हो रहा। गिरिबाला द्वारा उठाया गया यह कदम इस बात का साक्ष्य है कि वह उस वैधव्य बंधन की विरोधी है। गिरिबाला समाज के हर उस नियम के विरुद्ध है, जिसने उसे और उसकी तरह अनेकों स्त्रियों को एकाकीपूर्ण जीवन जीने को विवश कर दिया है।

समाज सदैव से पाप-पुण्य की व्याख्या स्वयं और अपने अनुरूप करता आया है। गिरिबाला के लंपट पति के लिए समाज ने कोई पाप-पुण्य की व्यवस्था नहीं की थी। जिस पुरुष ने अपने जीवनकाल में गिरिबाला को सम्मान नहीं दे सका, सदैव उसे उपेक्षित समझकर उसका, उसके सतीत्व का और उसके शरीर का तिरस्कार करता रहा, आज समाज उसी स्त्री से यह उम्मीद रखता है कि वह उस पति की मृत्यु के पश्चात् उसकी पूजा करे। समाज का यह कहना है कि विधवा स्त्री के लिए उसका पति ही देवता होता है। किंतु गिरिबाला उस लंपट की पूजा नहीं करती – *'आजिकाली मोर एकु अरु भाल नालागे। दुर्गाये कोय मोइ मोर पतिबंगरार गहेर खरमत फूल-तुलसी नेदाउ। मई पापी! आजिकाली मोर हातेदी ताइ साह पानिऊ नखाय।'*[10] अर्थात् आजकल उसे कुछ अच्छा नहीं लगता। दुर्गा कहती है कि गिरिबाला पापी है, क्योंकि वह अपने पति की पूजा नहीं करती। इसी कारण वह उसके हाथ का कुछ खाती-पीती तक नहीं। यहाँ गिरिबाला का पूजा न करना उस रु?िवादी मान्यता का विरोध है, जिसका कोई अर्थ नहीं।

स्त्री की अग्नि परीक्षा का नैरंतर्य :

समाज की एक विशेष परंपरा है, जो स्त्री-पुरुष के बीच एक मर्यादित दूरी बनाए रखने की बात करता है। यही निश्चित दूरी आज स्त्री के लिए चिंता का विषय बन गया है। समाज का यह पौराणिक गुण रहा है कि वह घटनाओं और परिस्थितियों को अपने मानस-पटल पर अपने अनुसार रचता-गढ़ता रहा है। यह वही समाज है, जिसने त्रेता युग में माता सीता से दोबारा अग्निपरीक्षा की माँग की थी। ठीक ऐसा ही गिरिबाला के साथ भी किया गया। गाँव के कुछ लोगों ने गिरिबाला को मार्क के आलिंगन में पाया था। गिरिबाला से या मार्क से किसी भी तरह के प्रश्न किए बगैर गिरिबाला के लिए दंड-स्वरूप प्रायश्चित् की व्यवस्था करवा दी। उनके अनुसार विधवा स्त्री का किसी पर पुरुष से संबंध स्थापित करना पाप है। गिरिबाला ने ऐसा किया है, इसीलिए उसे प्रायश्चित् के तौर पर जलते हुए मेजी (बाँस, पुआल एवं लकड़ी से बनाया गया ऊँचा गुंबज) में प्रवेश कर कुछ समय रुककर बाहर निकलना होगा। इससे वह पुन: पवित्र हो जाएगी। समाज को क्या पता था कि विवाह के पूर्व से अभी तक उसे किसी पुरुष ने छुआ तक नहीं था। उसने किसी भी प्रकार का कोई तर्क या सफाई देने से बेहतर आत्महत्या करना समझा। उसके द्वारा उठाया गया यह कदम समाज की खोखली मानसिकता, रूढ़िवादी विचारधारा और परंपरागत रीति-नियमों के विरुद्ध प्रतिरोध का स्वरूप था। उसने ऐसी समाज-व्यवस्था में रहकर कष्टप्रद जीवन जीने से उचित जलते मेजी में आत्मदाह कर मुक्ति पाने को समझा। उसने समाज के अन्य लोगों से कहा कि – *'जुई लगे दियार पस्ताकत मई बाहिर हई जाम दि, लगे दि'*[11] अर्थात् आग लगा दो, आग लगा देने के कुछ समय बाद मैं बाहर आ जाऊँगी। लेकिन ऐसा न हुआ। एक सुंदर जीवन का स्वप्न देखनेवाली गिरिबाला ने उस भीषण अग्नि में बैठकर अपने प्राण त्याग दिए। इस अग्नि में गिरिबाला ने समाज के सभी दुर्विचारों को भी जलाकर भस्म कर देना चाह। उस समय पूरा समाज चीखता रहा, अग्नि से बाहर निकल आने की प्रार्थना करता रहा, लेकिन गिरिबाला जलती रही, समाज की सभी रूढ़ियों को अपने साथ लेकर। इस स्थिति में करने लायक कुछ न था। आस-पास चारों ओर फैली रही केवल ग्लानि और देह के जलने की बू।

निष्कर्ष :

संघर्ष मानव-जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। जब मनुष्य के मन की इच्छा के विरुद्ध उसकी आकांक्षा आदि का दमन किया जाता है, तब संघर्ष आरम्भ हो जाता है। उपन्यास में समाज और पुरुष ने स्त्री, उसके मन, आत्मा और स्वाभिमान को ठेस पहुँचाया है। समाज के विभिन्न रूढ़िवादी नीति-नियमों ने स्त्री को सदैव प्रताड़ित किया है। इन्हीं सामाजिक और पारिवारिक खोखली विचारधारा, नियम-कायदे से संघर्ष करती हुई अपनी अस्मिता की रक्षा करती है उपन्यास की प्रमुख पात्र गिरिबाला। लेखिका स्वयं एक विधवा थी। उन्होंने वैधव्य जीवन, सामाजिक मान्यताओं को नजदीक से अनुभव किया था। लेखिका ने अपने जीवन में जिस एकाकीपन को महसूस किया, उसे गिरिबाला के माध्यम से इस उपन्यास में अभिव्यक्त किया है। पुरुषतांत्रिक सत्ता ने गिरिबाला को बाँधने की खूब कोशिश की, परंतु वह समाज के सभी रूढ़िवादी रीति-नीति को सिरे से नकारती रही। उपन्यास में उसके द्वारा की गई आत्महत्या भी सामाजिक विचारधारा और नियमों का प्रतिरोध ही है। आरंभिक अवस्था से संघर्ष करती गिरिबाला ने अंतत: स्वयं के लिए सामाजिक बंधन की अपेक्षा मुक्ति को अधिक श्रेयस्कर समझा। ❑

संदर्भ सूची :

1. चतुर्वेदी, जगदीश्वर, स्त्रीवादी साहित्य विमर्श, अनामिका पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 2000, पृष्ठ - 06
2. कुमार, दुष्यंत, स्त्रियाँ : पर्दे से प्रजातंत्र तक, पृष्ठ - 15
3. कस्तवार, रेखा, स्त्री चिंतन की चुनौतियाँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृष्ठ - 24
4. भराली, हेमंत कुमार, मामोनी रायसम गोस्वमीर रचना समग्र, बनलता प्रकाशन, डिब्रुगढ़, 2011, पृष्ठ - 572
5. गोस्वामी, मामोनी रायसम, दँताल हातिर उये खोवा हाओदा, स्टूडेंट्स स्टोर्स, गुवाहाटी, 2010, पृष्ठ - 219
6. वही, पृष्ठ - 139
7. वही, पृष्ठ - 99
8. वही, पृष्ठ - 27
9. वही, पृष्ठ -139
10. वही, पृष्ठ - 139
11. वही, पृष्ठ - 207

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विवेचन

शरद जोशी के हास्य-व्यंग्यात्मक साहित्य की भाषा-शैली

'हिंदी के किसी भी दूसरे व्यंग्यकार ने भाषा के शैलीय उपकरणों का इतना अधिक और बढ़-चढ़कर उपयोग नहीं किया था। शब्दों के पारखी शरद जोशी की व्यंग्य भाषा में स्वीकृत शब्द निरंतर अभिव्यक्ति की प्राचीर पर लटके अर्थ गुच्छों को शैलीय प्रभाव देते हैं'- **शशि मिश्र**

अर्जुन पासवान

शोधार्थी, हिंदी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी-1
6000399409
apaswan885@gmail.com

भूमिका :

भाषा मानव को ईश्वर का सबसे कीमती उपहार है। भाषा के जरिए हम अपने विचारों, भावों को अभिव्यक्त एवं संप्रेषित करते हैं। भाषा के जरिए ही साहित्य की भी अभिव्यक्ति संभव होती है। साहित्यकार अपनी स्वतंत्र विधा व शैली के अनुरूप भाषा का चयन करता है और उसे अपनी अभिव्यक्ति का साधन बनाता है। शरद जोशी के हास्य व्यंग्य साहित्य में उन्होंने अपनी भाषा शैली को लेकर अनेक प्रयोग किए। उनकी हास्य व्यंग्यात्मक भाषा का चयन और उसकी मिठास अन्य साहित्यकारों से भिन्न है। उनका मोह किसी भी विशेष भाषा-स्तर से बँधा नहीं है, बल्कि वे हमेशा सहजता से अर्थ संप्रेषित करने के पक्षधर रहें। उन्होंने अनेक भाषाओं के शब्दों को सहज रूप से प्रयुक्त करते हुए अपनी अनूठी शैली से हिंदी साहित्य को समृद्ध किया, जो उनकी भाषा पर असाधारण अधिकार का परिचायक रहा है। *''शरद जोशी ने हिंदी व्यंग्य भाषा को किसी भी व्यंग्यकार की तुलना में अधिक समृद्ध किया। शब्दों को अपनी उँगलियों पर नचाने की जैसी चेष्टा और शक्ति शरद जोशी में थी। वे भाषा का जैसा महीन और मारक इस्तेमाल करते हैं यह उनके वश की बात है।''*[1]

कुंजी शब्द :

साहित्य, हास्य-व्यंग्य, भाषा-शैली, संवाद, समाज, राजनीति, प्रभावशीलता।

शोध का उद्देश्य :

हिंदी के सर्वोत्तम हास्य व्यंग्यकारों में शरद जोशी अद्वितीय हैं, इन्होंने अपनी कथ्य और शिल्प दोनों की ही दृष्टि से हिंदी व्यंग्य-साहित्य को समृद्ध और प्रभावशाली बनाया है। इनके व्यंग्य साहित्य में तत्कालीन संपूर्ण युग का दर्शन होता है। इस कारण इन्हें युग-प्रवर्तक व्यंग्यकार माना जाता है और व्यंग्य का पर्याय के रूप में माना जाता है। व्यंग्य लेखन में भाषा शैली का विशेष महत्त्व होता है। दरअसल में भाषा शैली की विशिष्टता से ही व्यंग्य अपना प्रभाव दिखाता है। शब्दों का चुनाव

तथा उसका प्रयोग बड़ी ही सोच समझ के साथ करना एक कला होता है। इस कला के अच्छे कलाकार रहे हैं और चतुराई से की गई वाक्य रचना भी उनकी भाषा शैली की विशेषता रही है।

शरद जोशी ने अपने हास्य व्यंग्य साहित्य में प्रयुक्त भाषिक प्रयोग में तत्सम, तद्भव,देशज,विदेशज शब्दों का प्रयोग किया है। उन्होंने मूलत: कहानी व निबंधों को ही अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया है। अपनी रचनाओं में इनमें इन्होंने वर्णात्मक, फैंटेसी, मिथकीय, संवादात्मक आदि शैली का सफल और सार्थक प्रयोग किया है। अत: उनके हास्य व्यंग्य-साहित्य की भाषा शैली की छटा उनकी रचनाओं में कैसे फैली हुई हैं, जिसके कारण उनकी रचनाओं की आकर्षणियता एवं प्रासंगिकता आज भी बनी हुई हैं, इसके बारे में जानकारी हासिल कर सकेंगे।

हास्य-व्यंग्य भाषा :

हास्य-व्यंग्य की संपूर्ण ताकत उसकी भाषा-शैली पर निर्भर करती है। इनकी भाषा बिना किसी लागलपेट या झमेले में न पड़कर कथ्य के सशक्त अभिव्यक्ति पर अपना ध्यान केंद्रित रखती है। विसंगतियों का पर्दाफाश करना इनका प्रमुख लक्ष्य है। उनकी भाषा सदैव सत्य के प्रति प्रतिबद्ध रहा। वह विसंगतियों से भरे समाज में परिवर्तन लाना चाहता है अपनी इसी परिवर्तनवादी प्रवृत्ति के कारण भाषा में अमूलाग्र परिवर्तन करके शब्दों के अर्थ और अर्थ के परंपरागत स्वभाव को बदल डालता है। अत: यह भाषा शब्दों के अस्त्रों से संपन्न होती है और उन शब्द रूपी अस्त्रों का वह प्रसंगानुकूल एवं आवश्यकतानुसार चयन करता है। इस प्रकार जीवन एवं जगत् में दिखाई देने वाली विषमताओं, विसंगतियों की सही पकड़ को संप्रेषित करने वाली भाषा ही व्यंग्य भाषा बनकर सामने आयी है।

इसी व्यंग्य भाषा के संदर्भ में डॉ. श्यामसुंदर घोष जी कहते है कि *'व्यंग्य में भाषा का छलछद्म या बनाव श्रृंगार नहीं चल सकता। वहाँ छैल छबीली, घूँघटवाली, लाजवंती भाषा का कोई काम नहीं है। व्यंग्य भाषा तो छप्पन छुरी वाली होनी चाहिए। इसलिए व्यंग्य भाषा सामान्य साहित्यिक भाषा से ज्यादा चुस्त, दुरुस्त, नुकीली-फुर्तीली और चीरने-*

फाड़नेवाली होनी चाहिए। उसके शब्द ऐसे हो, जिन्हें कोशों में न ढूँढ़ना पड़े। व्यंग्यकार अपनी भाषा गली-कूचों और चौक-नुक्कड़ से ले, पर उन्हें इस प्रकार अपने काम लाए कि उसका उद्देश्य ठीक-ठाक सधें। व्यंग्य भाषा का स्वरूप चाहे जितना मामूली और सस्ता हो, लेकिन उसके अंदर एक गहरा अनुशासन और सोद्देश्यता होती है।'[2] इस प्रकार व्यंग्य की भाषा तीखी, नुकीली और धारदार होती हैं, जो साद्देश्यपूर्ण हो।

डॉ. आशा पांडेय इस संदर्भ में कहती हैं कि *'व्यंग्य भाषा सजने-सँवरने तक रुकती नहीं,वह सीधे शब्दों में भी अपनी बात कह जाती है, तो देखी सजने सरकारने तक भी अपनाती है। व्यंग्य की भाषा सीधी सरल हैरे देखी और कुटिल भी। वह सहलाती है, तो घातक प्रहार भी करती है।'*[3] इस प्रकार देखा जाय तो यह भाषा सामान्य भाषा से बिल्कुल अलग होती है। जहाँ सामान्य भाषा बहिर्मुखी होती है,वहीं व्यंग्य भाषा अंतर्मुखी। सामान्य भाषा के सुनिश्चित अर्थ होना अनिवार्य है, जबकि व्यंग्य भाषा को

अर्थ की सुनिश्चितता स्वीकार्य नहीं होती।

शरद जोशी के व्यंग्य-साहित्य में भाषा के विविध रूप :

शरद जोशी के हास्य व्यंग्यात्मक रचनाओं की भाषा शैली अपनी विशेषताओं से परिपूर्ण हैं। उन्हें भाषा शैली का विशेष ज्ञान था। वे अनेकानेक भाषा शैली के प्रयोग में प्रवीण थे। यहीं कारण रहा कि वे बेहद सहज रूप से पाठकों के समीप पहुँच सके। उनकी हास्य व्यंग्य साहित्य की भाषा को निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर देखा जा सकता है :-

विशिष्ट शब्द-समूह : संसार के प्रत्येक भाषाओं की अपनी अपनी विशिष्ट शब्द-संपदा है। हिंदी के निजी तदभव शब्द समूह के अतिरिक्त तत्सम, अरबी, फारसी, तुर्की तथा अंग्रेजी भाषा के शब्द आदि भाषा के शब्दों का हिंदी रचनाकार आवश्कतानुसार तथा प्रसंगानुकूल प्रयोग करता है। हास्य व्यंग्य के सशक्त संप्रेषण के लिए शरद जोशी ने अपनी रचनाओं में प्रसंगानुकूल इन शब्दों का प्रयोग किया है- *'विशेषकर बंबई बहुभाषी नगर होने के कारण वहाँ हिंदी में अनेक भाषा के मिश्रित शब्द होने से हिंदी भाषा का विकृत रूप हो गया है। ऐसे काम चलाऊ भाषा को लेकर व्यंग्य करना शरद जोशी का वैशिष्ट्य है।'*[4]

शरद जोशी की व्यंग्य रचनाओं का समग्रता से अध्ययन करने के बाद स्पष्ट होता है कि उन्होंने व्यंग्य भाषा में हिंदी शब्दों का प्रयोग व्यंग्य में अभिव्यंजकता लाने के उद्देश्य से किया है। शरद जोशी ने व्यंग्य की सशक्त अभिव्यक्ति के लिए सभी प्रकार के शब्दों को आधार बनाया है। जैसे :

अंग्रेजी शब्द : शरद जोशी के व्यंग्य भाषा में अंग्रेजी शब्दों के प्रयोग के संबंध में दो कोटियाँ निर्धारित की जा सकती हैं। पहली कोटि उन शब्दों की है जो हिंदी के दैनिक प्रयोग में खप चुके हैं। जैसे: ब्लैक, लंच, रिपोर्ट, टाईम, ड्यूटी, ऑफिसर, ट्रक, स्टेशन, फाइल, कैंटीन, क्वार्टर, टेंडर, स्टाप, वेटर, एडजस्ट, मेमों, प्रोजेक्ट, इंजीनियर, इंस्पेक्टर, प्लॉट, कॉलोनी, डेवलपमेंट, लाइसेंस, फार्म, पॉलिटिक्स, करप्शन, फॉर्मेलिटी, डिप्टी डायरेक्टर आदि। शरद जोशी के अंग्रेजी शब्दों में दूसरी कोटि उन विशिष्ट शब्दों की है, जो हिंदी में कम प्रचलित हैं। ऐसे अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग शरद जोशी ने किसी पात्र का मजाक उड़ाने, दूसरों पर प्रभाव जमाने और किसी पात्र अथवा विसंगति को व्यंग्यात्मक रूप देने के लिए किया है। जैसे : *'इधर डिप्टी डायरेक्टर रामकरण जैन की पत्नी ने अपने पति से झुककर कहा हमें तो यह खेल 'सायको' जैसा लगे।'*[5]

- यहाँ सायको जैसे शब्द प्रयोग द्वारा शरद जोशी ने सशक्त अभिव्यक्ति की है।

इसी तरह एक अन्य उदाहरण देखे तो वे कहते हैं कि *'एक बात मैं बोलती दुमको, के दीवाली मनाना माँगता पर ये कैकर्स बहुत डेंजरस। कबी-कबी तो क्या होता कि आक्खा बॉडी जल जाता। यू नो फायर होता ना उसमें तो, किसी को टच करेंगा तो वो जलेगा। कबी भी कोई क्रेकर बर्न करेगा तो डैडी को बोली, ममी को बोलो कि हमको ये क्रेकर बर्न करना माँगता तो वो तुमको हेल्प करेगा।'*[6] यहाँ क्रेकर्स, डेंजरेस, बॉडी, यू नो फायर, टच, डैडी, ममी, हेल्प जैसे अंग्रेजी शब्दों द्वारा सशक्त अभिव्यक्ति हुई है। शरद जोशी ने केवल अंग्रेजी शब्दों का ही नहीं व्यंग्य के सशक्त सम्प्रेषण के लिए कहीं-कहीं अंग्रेजी वाक्यों का प्रयोग भी किया है : *'नेक्स्ट आयटम ऑफ द प्रोग्राम 'डेमोक्रेसी इन इंडिया' भारत में प्रजातंत्र।'*[7]

अरबी-फारसी शब्द : शरद जोशी ने अपने हास्य व्यंग्य साहित्य में अंग्रेजी के अतिरिक्त अरबी-फारसी शब्दों का भी प्रयोग भरपूर किया। उन्होंने आवश्यकतानुसार जिन अरबी-फारसी शब्दों का प्रयोग किया है। इन शब्दों को हिंदी से अलग कर पाना अत्यंत कठिन है। जैसे :

अरबी शब्द : साहबान, मुल्क, शराफत, वक्त, वालिद, जनाजा, जाहिल, हुक्म, फर्ज, बेवकूफ, दिक्कत। फिक्र, इबारत, मददगार, मुसाफिर, दर्जे, नकाबपोश, कमीज, औलाद, वाकिफ, दफ्तर, बहस, मुआयना, हुक्म, मरीज, इंतजार, इंकार।

फारसी शब्द : खुराक, बदबू, खामोश, बदमाश, तलाशी, बेवफाई, रकीब, चुगद, खस्ता।

जोशी ने अरबी-फारसी शब्दों का प्रयोग परिवेशगत विषमताओं, विडंबनाओं के चित्रण के लिए किया। व्यंग्य के प्रभावी संप्रेषण के लिए जहाँ आवश्यकता पड़ी वहाँ

उन्होंने अरबी-फारसी शब्दों का प्रयोग मुक्त हृदय से किया।

अभिजात्य शब्द : शरद जोशी ने अरबी-फारसी शब्दों के साथ-साथ अभिजात्य शब्दों का प्रयोग भी किया है। आज की गद्य या पद्य रचनाओं में अभिजात्य शब्दों का प्रयोग करने की प्रवृत्ति क्रमश: बढ़ती जा रही है। अभिजात्य शब्दों के प्रयोग से रचनाएँ गरिमामय बन जाती है। उन्होंने अभिजात्य शब्दों का प्रयोग जानबूझकर नहीं किया बल्कि इसका प्रयोग द्वारा केवल हास्य व्यंग्य को संप्रेषणीय बनाने का उनका प्रयत्न रहा है। शरद जोशी ने संस्कृतनिष्ठ, शिष्ट शब्दों को रखकर ऐसी भंगिमा दी है, जिससे व्यंग्य की प्रहार क्षमता में वृद्धि हुई है। जैसे :

'देश के आर्थिक नंदन-कानन में कैसी क्यारियाँ पनपी-सँवरी हैं भ्रष्टाचार की दिन-दूनी रात चौगुनी।' [8]
यहाँ नंदन कानन का कोशगत अर्थ है इंद्र का उद्यान नंदन-कानन जैसे संस्कृतनिष्ठ शब्दों द्वारा देश में पनप रहे भ्रष्टाचार पर तीखा व्यंग्य किया है।

'त्वमेह तोपं, त्वमेह बन्दूकम्, मम चमचा त्वमेह।
ओ मेज कॉफी हाउस की, केवल तेरे सहारे मैं साहित्यकार बना हुआ हूँ।' [9]

इस प्रकार अभिजात्य संस्कृतनिष्ठ शब्दों द्वारा व्यंग्य को संप्रेषणीय एवं प्रभावी बनाने की प्रवृत्ति शरद जोशी के व्यंग्य भाषा में मिलती है।

'वादों का श्रीगणेश हरिजनों से होता है और निर्णय और क्रियाओं की इतिश्री बनियों पर होती है।' [10] इस प्रकार यथावकाश संस्कृतनिष्ठ शब्दों का प्रयोग भी उनकी रचनाओं में प्राप्त होता है।

अपशब्द : शरद जोशी की व्यंग्य भाषा में एक और अभिजात्य संस्कृतनिष्ठ शब्दों का प्रयोग मिलता है तो दूसरी ओर अपशब्दों का प्रयोग भी दिखाई देता है। वैसे जब शरद जोशी ने अनुभव किया कि शिष्ट शब्द व्यंग्य की अभिव्यक्ति करने में असमर्थ हैं तो वहाँ उन्होंने परिस्थित्यरूप अशिष्ट/अपशब्दों का भी प्रयोग किया है, सामान्यत: कोई भी रचनाकार शिष्ट साहित्य में अशिष्ट शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहता, लेकिन जब विसंगतियाँ इस प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग करने के लिए विवश कर देती हैं, तब जोशीजी ने स्थान-स्थान पर आवश्यकता के अनुरूप अपशब्दों का प्रयोग किया है। निम्नलिखित उदाहरण दृष्टव्य है-

'प्रत्येक दल स्वर्गवासी होना चाहेगा और वामपंथी दल इसलिए स्वर्ग से नाराज होंगे कि यह धार्मिक सी चीज साली उतरी ही क्यों?' [11]

'नवाब: अबे चिन्तको, उल्लू के पठ्ठो, जरा सी बात सोचने में इतना वक्त लगा रहे हो।' [12]

इस प्रकार शरद जोशी की कई रचनाओं में अपशब्दों का प्रयोग मिलता है। अपशब्द के संदर्भ में डॉ. श्यामसुंदर घोष कहते हैं-*'व्यंग्य भाषा में ग्राम्य शब्द के प्रयोगों, स्लैगों और गालियों का भी एक निश्चित अनुपात है, क्योंकि इसके बिना उसका काम नहीं चलता। गाली आखिर क्या? यह भाषा में हमारा क्रोध, घृणा, वैर जुगुप्सा ही तो है। इसलिए गालियों का एक-एक शब्द सामान्य भाषा के शब्दों से ज्यादा कारगर और व्यंजक होता है।'* [13]

जोशी जी की 'अंधों का हाथी' नाटक में उन्होंने अपशब्दों का अधिक मात्रा में प्रयोग किया। निम्नलिखित पंक्तियाँ दृष्टव्य है।

'अंधा 1- उल्लू के पठ्ठे।
अंधा 2- मूर्ख नासमझ
अंधा 1- गुंडे
अंधा 2- बदमाश, धोखेबाज।' [14]

नवनिर्मित शब्द : नवनिर्मित शब्दों के संदर्भ में शरद जोशी 'तलाश कुछ शब्दों की' नामक रचना में वे लिखते हैं-'कई बार उपयुक्त शब्द न मिलने से बड़ी कठिनाई होती है। तब मजबूरी में आकर एक नया शब्द गढ़ना पड़ता है। जैसे आप खाना-खाने बैठे और एक कौर मुँह में रख आप क्रोध से पत्नी की ओर देखते हैं और कहते हैं, 'यह खाना है? इसे खाना कहते हैं?' और आप मुँह का कौर थूक देते हैं। पत्नी कहती है 'मैं क्या करूँ आज नौकर नहीं आया। अब जैसा बना है वैसा खा लो। लाओ गरम कर दूँ' आदि। मगर प्रश्न यह नहीं है। प्रश्न शब्द का है। पति की परेशानी है- उपयुक्त शब्द का अभाव अर्थात् उस भोजन अथवा चखाने के लिए जो कदापि सुस्वादु नहीं है, कौन सा शब्द दिया जाए? फिर वह अपने बुद्धि-कोश से एक शब्द लाता है भूसा मैं 'भूसा' नहीं खाऊँगा।' [15] इस तरह

शरद जोशी ने अपनी रचनाओं में विशिष्ट उद्देश्य की पूर्ति के लिए नए शब्दों का निर्माण किया है। जैसे-*'कत्थकिए चले गए, सितारिए चले गए, प्रोफेसरों एडीटरों को मौका मिल गया।'*[16]

खंजरसम- शब्द कलम के लिए प्रयुक्त हुआ है।

बिल्लोसना- सोने के पहले के उपक्रम के लिए यह शब्द प्रयोग हुआ है।

स्नानिन- स्नान करने के लिए

चौहराया- शब्द का प्रयोग चार बार कहने के लिए किया है।

कम-से-कम शब्दों में अधिक-से-अधिक अर्थ की प्रस्तुति ही उनके नवनिर्मित व्यंग्य शब्दों का वैशिष्ट्य है।

शरद जोशी के व्यंग्य साहित्य में मुहावरे तथा कहावतें :

मुहावरों के प्रयोग से भाषा प्रवाहपूर्ण बनती हैं। शरद जोशी ने भी अपनी व्यंग्य भाषा में मुहावरों का प्रयोग अनेक स्थानों पर किया है, जिसके कारण व्यंग्य की अभिव्यक्ति सशक्त बन गई है। *'स्वातंत्र्योत्तर हिंदी व्यंग्यकारों में भी यही उपक्रम दिखाई देता है। अपनी भाषा को नई अर्थवत्ता और ताजगी प्रदान करने के लिए व्यंग्यकारों ने लोकजीवन में प्रचलित भाषा व्यवहारों को स्वीकार किया है।'*[17] संक्षेप में कहा जा सकता है कि गहरी चोट तथा मार्मिक व्यंजना करना मुहावरों के माध्यम से ही संभव है, क्योंकि अन्य रूप से अर्थबोध कराने के लिए जहाँ बहुत अधिक शब्दों का अपव्यय करना पड़ता है। 'नावक के तीर' के समान अत्यंत संक्षेप में गंभीर घाव करने की क्षमता मुहावरों में विद्यमान रहती है। अत: शरद जोशी ने अपनी रचनाओं में इसका खुलकर प्रयोग किया है। इतना ही नहीं शरद जोशी ने जहाँ मुहावरों को ईमानदारी से अपनाया है और उसे नई अर्थवत्ता प्रदान की है।

स्थितिगत विसंगतियों के संदर्भ में विशेषकर राजनीतिक स्थितियों पर प्रहार उन्होंने पारंपरिक मुहावरों का अपने अंदाज में प्रयुक्त किया है। वहीं दूसरी और अपने दोनों नाटकों में भी उन्होंने स्थान-स्थान पर मुहावरों का प्रयोग किया है। शरद जोशी ने यथावकाश नवीन मुहावरों का प्रयोग कर अपने लोकभाषा ज्ञान का परिचय तो दिया ही है। तो दूसरी ओर नवीन मुहावरों का प्रयोग कर व्यंग्य भाषा को संस्कारित करने का कार्य भी किया है। उदाहरण दृष्टव्य हैं-*'बटुआ काँपना, 'डिनर से खिचड़ी पर आना', 'मुस्कराने की मुसीबत', 'अपनी जन्मपत्री पर आप जूता मारना।'*[18]

कहावतें (लोकोक्तियाँ) :

मुहावरों के समान लोकोक्तियाँ भी व्यंग्य भाषा का महत्त्वपूर्ण उपकरण हैं।

शरद जोशी की व्यंग्यात्मक सूक्तियाँ : शरद जोशी ने अपनी व्यंग्य भाषा में मुहावरे/कहावतों के साथ-साथ सूक्तियों का प्रयोग भी किया है। उनकी व्यंग्य भाषा में प्रयुक्त सूक्तियों को देखने के पूर्व सूक्तियों का अर्थ जानना आवश्यक है। सूक्ति का कोशगत अर्थ है *'उत्तम उक्ति या कथन, सुंदर पद या वाक्य आदि।'*[19]

जोशी जी के कुछ सूक्तियाँ इस प्रकार हैं-'छुरी काटे का समाजवाद सरासर धोखा है।'[20]

शरद जोशी ने 'एक था गधा उर्फ अलादाद खाँ' नाटक में कुछ स्थान पर सूक्तियों का प्रयोग किया है। नाटक में एक प्रसंग में अलादाद खाँ नामक शरीफ आदमी मरने के लिए तैयार नहीं होता तब चिंतक 1 और चिंतक 2 इन दोनों के संवादों के माध्यम से सूक्ति शैली का प्रयोग किया है।

'**चिंतक-1 :** व्यक्ति का जीवन राष्ट्र के लिए होता है, राष्ट्र व्यक्ति के लिए नहीं।

चिंतक-2 : पूर्ण समर्पण और तन-मन-धन से सब कुछ भूलकर की गई सेवा मनुष्य को महान बना देती है।'[21]

इस प्रकार की व्यंग्य से परिपूर्ण सूक्तियाँ राजनीतिक क्षेत्र में व्याप्त विसंगतियों को रेखांकित करती हैं। समाजवाद का नाम लेकर गरीबों का शोषण करने वालों का पर्दाफाश इस व्यंग्यात्मक सूक्ति द्वारा जोशीजी ने किया है। शरद जोशी जी भी कभी बड़े मजे के साथ नये सूत्र वाक्य भी बना लेते हैं। जैसे-

1. हर घंटी जो सुनाई देती है पोस्टमैन की नहीं होती।
2. जिन लिफाफों में चेक नहीं है वे खाली ही भले।

इस प्रकार व्यंग्ययात्मक सूक्तियाँ थोड़े में बहुत कुछ कह देने की क्षमता रखती है। शरद जोशी ने इन सूक्तियों

का प्रयोग विविध क्षेत्रों में व्याप्त विसंगतियों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करने के लिए किया है।

शरद जोशी के व्यंग्य-साहित्य की शैली :

जोशीजी के व्यंग्य निबंधों में विविध प्रकार की शैलियों का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। शैली विविधता जोशीजी की अपनी विशेषता थी। जोशीजी के समग्र लेखन में इसका प्रमाण भी मिल जाता है। शरद जोशी की शैली विविधता के संदर्भ में डॉ. बालेंदुशेखर तिवारी ने लिखा है-*'शरद जोशी ने सूत्र शैली, पत्र शैली, डायरी शैली, संस्मरण,जीवनी, आत्मकथा, साक्षात्कार आँखों देखा हाल आदि कई रूप शैलियों का सजग इस्तेमाल करते हुए उन्होंने अंतत: यही साबित किया है कि व्यंग्य असमर्थ का अस्त्र नहीं है। व्यंग्य भाषा को वैविध्य प्रदान करते हुए उन्होंने व्यंग्य लेखन को भाषा-शैली की जमीन दी है।'*[22]

1. आत्मकथन शैली : जब लेखक किसी रचना के प्रमुख पात्र या पात्री का स्थान ग्रहण करके प्रथम पुरुष की ओर से कथा का वर्णन करता है तब उस शैली को आत्मकथन शैली कहा जाता है। शरद जोशी द्वारा लिखित व्यंग्य नाटक 'एक था गधा उर्फ अलादाद खाँ' में आत्मकथन शैली का प्रयोग किया है, यहाँ शरद जोशी द्वारा लिखित नाटक का अंश दृष्टव्य है-*'जब कोतवाल अलादाद खाँ से कहता है कि तुम्हारी हमें सख्त तलाश थी। तब अलादाद घबरा जाता है और कहता है कि क्या किया है मैंने जो पुलिस मुझे तलाश करेगी, यह कहकर शरीफ अलादाद खाँ नामक आदमी अपनी खुद की जानकारी देता है।'*[23]

2. संवादात्मक शैली : इस शैली को नाटकीय शैली भी कहा जाता है। शरद जोशी ने अपनी व्यंग्यात्मक रचनाओं में चमत्कार एवं कलात्मकता लाने के लिए इस शैली का प्रयोग किया है। संवाद के कारण ही रचनाओं में रोचकता आती है। जैसे-

'अबे तेरे खेत में इल्ली है?
नहीं है हुजूर।
अबे थी ना, वो कहाँ गई।'[24]

यहाँ शरद जोशी ने भारतीय किसानों का शोषण करने वाले नौकरशाही पर तीव्र व्यंग्याघात किये हैं। भारतीय किसान तथा खेती की सेवा करने के लिए कृषि अधिकारी होते हैं।

3. तिलस्मी शैली : शरद जोशी अपने व्यंग्य लेखन में विविध शैलियों का प्रयोग करने में सबसे आगे हैं। जिस प्रकार व्यंग्यकार सामाजिक शैली का प्रयोग करते हैं और उसमें नैतिक शिक्षा, समाज सुधार, आदर्श तथा पश्चिमी सभ्यता की कटु आलोचना होती है। उसी प्रकार तिलस्मी शैली में किसी घटना का चित्रण चमत्कार पूर्ण पद्धति से किया जाता है। शरद जोशी की तिलस्म नामक रचना इसी शैली पर आधारित है। तिलस्म का उदाहरण दृष्टव्य है-*'वह नौजवान शायद यही का रहने वाला है या इस बस्ती में कई बार आ-जा चुका है, इसलिए वह सीधा एक खास मकान की तरफ बढ़ता है। मकान क्या, इसे छोटा-मोटा तिलस्म कहिए आइए देखें, यह शख्स इसमें क्यों जा रहा है और कैसे जाता है।'*[25]

4. फंतासी (फैंटेसी) शैली : शरद जोशी ने इसी फंतासी शैली का बखूबी से प्रयोग कर व्यंग्य रचनाएँ लिखी हैं, उनमें से महत्त्वपूर्ण हैं - 'अतृप्त आत्माओं की रेल यात्रा', 'अमरता के अहसास की भयावनी रात', 'एक नाजुक सवाल पर भूतप्रेतों से बातचीत' आदि व्यंग्य रचनाएँ फंतासी शैली में लिखी हुई उत्कृष्ट रचनाएँ हैं। उदाहरण दृष्टव्य हैं - पटरी पर बैठे प्रेतों के एक झुंड को भगाने के लिए रेल ने लंबी सीटी दी और गति तेज कर दी। किसी ने कहा, 'भगवान भास्कर उदित हुए।' खिड़कियाँ खुलने लगी और आत्माओं ने बाहर झाँकना शुरू किया। 'आह, कैसा सुंदर दृश्य है।' एक कवि की आत्मा ने कहा *'यदि पहले दिखा होता तो हमने कोई कविता गा दी होती।'*[26]

शरद जोशी ने व्यंग्य में पौराणिक और ऐतिहासिक मिथकों का प्रयोग कर अभिव्यक्ति का तीखा और मार्मिक संसार रचा है। 'यमदूत और नर्स', 'बुद्ध के दाँत', 'मुद्रिका रहस्य', 'नया मेघदूत' आदि अनेक निबंध, फैंटेसी के अद्‌भुत उदाहरण हैं, जिनमें उन्होंने पुराण कथाओं, पौराणिक प्रसंगों, पात्रों के माध्यम से वर्तमान विसंगतियों पर सीधे-सीधे प्रहार किया है।

तुलनात्मक शैली : शरद जोशी ने अपनी सृजन प्रक्रिया में कई रचनाओं में इस शैली का प्रयोग किया है।

शरद जोशी कृत रचना 'पास के बहाने कविता' और 'कर्म पर बहस' नामक रचना इस शैली का उत्कृष्ट उदाहरण है।

समीक्षा शैली : व्यंग्यकार शरद जोशी ने भी समीक्षा शैली का प्रयोग कर व्यंग्य रचनाएँ लिखी हैं। शरद जोशी द्वारा इस शैली में लिखी हुई रचना है 'मेघदूत की पुस्तक समीक्षा' यह रचना समीक्षा शैली की उत्कृष्ट रचना मानी जाती है। इस रचना के माध्यम से एक अच्छे समीक्षक होने का प्रमाण जोशी जी ने दिया है।

जासूसी शैली : शरद जोशी ने व्यंग्य विधा में विविध शैलियों का प्रयोग कर व्यंग्य को प्रतिष्ठा दिलाने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। उनकी अनेक शैलियों में जासूसी शैली में लिखी हुई रचनाएँ प्राप्त होती हैं। इस तथ्य को शरद जोशी ने मुद्रिका रहस्य रचना में बड़े ही पैने ढंग से प्रस्तुत किया है।

'महाकवि कालिदास ने जब 'अभिज्ञान शाकुंतल' की रचना की तो प्रतिस्पर्धा के रूप में एक जासूसी पुस्तक लिखी गई, मुद्रिका रहस्य उर्फ किस्सा कुमारी शकुंतला का। इसने बिक्री के सभी पुराने रिकार्ड तोड़ दिए। भोजपत्र पर जितनी नकलें तैयार होतीं, शाम को बिक जातीं। दिनभर दरबार में बैठे कालिदास की कविताओं का गुणगान करने वाले दरबारी भी जब घर लौटते तो फुटपाथ से ऐसी एक जासूसी पोथी खरीद लेते और वस्त्रों में छिपाये घर ले आते।'[27]

सामान्य शैली : शैली के विभिन्न प्रकारों में सामान्य शैली का भी अपना एक विशिष्ट महत्त्व है। शरद जोशी ने 'वर्जीनिया वुल्फ से डरते हैं', 'कह दूँ लिखि कागद कोरे', और 'जीप पर सवार इल्लियाँ' आदि रचनाओं में सामान्य शैली का प्रयोग किया है। यहाँ 'वर्जीनिया वुल्फ से डरते हैं' व्यंग्य रचना का एक अंश प्रस्तुत है-

.. हुआ यों कि एक पहले दोपहर एकाएक सचिवालय में यह अफवाह फैल गई कि कतिपय प्रमुख सचिवों के परिवार 'वर्जीनिया वुल्फ' देखने जा रहे हैं। 'अपना साहब जा रहा है विथ फेमिली!'

सचिवालय से यह खबर छनकर हेड ऑफ दि डिपार्टमेंट्स के दफ्तरों में पहुँच गई कि सचिवालय में सब लोग कल दिखाए जाने वाले किसी अंग्रेजी सिनेमा की बात कर रहे हैं।

इतिवृत्तात्मक शैली : यह सर्वाधिक प्रचलित शैली है। इसमें घटनाओं का प्रभावशाली ढंग से वर्णन करने के लिए स्थान रहता है। शरद जोशी ने 'एक था गधा उर्फ अलादाद खाँ' नामक नाटक में इसी शैली का पात्रों के संवादों के माध्यम से वर्णन किया है।

इस प्रकार शरद जोशी ने अपनी समग्र रचनाओं में विभिन्न शैलियों का बखूबी के साथ प्रयोग किया है। उपर्युक्त शैलियों के अतिरिक्त अन्य शैलियों का प्रयोग भी शरद जोशी ने किया है, लेकिन स्थानाभाव के कारण उनका विस्तृत विवेचन नहीं कर पा रहे हैं। उनकी अन्य शैलियों में प्रमुख हैं।

शरद जोशी ने पंचतंत्र शैली में (चुनाव,एक मुर्गाबीत)-ऐयारी शैली में (मुद्रिका रहस्य) आदि विभिन्न शैलियों में रचना की हैं। इस प्रकार ये सभी मिलकर उनकी रचनाओं को आकर्षित करने में सामर्थ्य रहें हैं।

निष्कर्ष :

शरद जोशी ने अपनी समग्र रचनाओं में विविध शैलियों का प्रयोग कर भाषा का लोक संस्कार तो किया ही है उसे विविध शैलियों से सजाया भी है। शरद जोशी के व्यंग्य की रोचकता, पैनापन, संयत भाषा शैली, व्यंग्य शिल्प आदि से प्रभावित होकर व्यंग्य समीक्षक डॉ. बालेंदुशेखर तिवारी जी ने लिखा है-*'इतना निस्संदिग्ध है कि शरद जोशी ने हिंदी व्यंग्य विधि को शिल्प की सर्वाधिक कलात्मकता प्रदान की है। उनके व्यंग्य शिल्प ने रचना विधान ही नहीं, अभिव्यंजना की दिशा में भी नये गवाक्षों को खोला है।'* [28] शरद जोशी के हास्य व्यंग्य निबंध, व्यंग्य नाटक, कविता तथा पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित रचनाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि उन्होंने अपनी विशिष्ट शैली द्वारा व्यंग्य विधा को नया आयाम देकर उदात्त बनाया है। हास्य व्यंग्य विषय के अनुरूप शब्द चयन में शरद जोशी प्रवीण रहें हैं। उन्होंने अपनी हास्य व्यंग्यों में अंग्रेजी, जूर्द, फारसी, संस्कृत तथा आँचलिक व देशज शब्दों से लेकर असाहित्यिक तथा हल्की गालियों तक का प्रयोग किया। उनका उद्देश्य केवल कथ्य को प्रभावशाली बनाना रहा। इसके लिए उन्होंने जगह जगह पर सार्थक प्रयास किया जो सराहनीय रहा हैं। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. शरद जोशी : एक यात्रा, सं. शशि मिश्र, पृ.162
2. व्यंग्य विवेचन, डॉ. श्याम सुंदर घोष, पृ. 43, 44
3. शरद जोशी : एक यात्रा, सं. शशि मिश्र, पृ.162
4. व्यंग्य विवेचन, डॉ. श्याम सुंदर घोष, पृ. 43, 44
5. हिंदी व्यंग्य साहित्य की भाषा, डॉ. आशा पाण्डे पृ. 10
6. स्वातंत्र्योत्तर हिंदी व्यंग्य, डॉ. बापू देसाई, पृ. 88
7. हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे, शरद जोशी, पृ. 21
8. हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे, शरद जोशी, पृ. 28
9. हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे, शरद जोशी, पृ. 26
10. हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे, शरद जोशी, पृ. 7
11. शरद जोशी, पृ. 196
12. वही, पृ. 07
13. जीप पर सवार इल्लियाँ, शरद जोशी, पृ. 81
14. दो व्यंग्य नाटक, शरद जोशी, पृ. 15
15. व्यंग्य क्या व्यंग्य क्यों, श्याम सुंदर घोष, पृ. 120
16. दो व्यंग्य नाटक, शरद जोशी, पृ. 108
17. झरता नीम : शाश्वत थीम,शरद जोशी, पृ. 64
18. यथासंभव, शरद जोशी, पृ. 74
19. स्वातंत्र्योत्तर हिंदी गद्य में व्यंग्य, डॉ. हरिशंकर दुबे, पृ. 270
20. शरद जोशी का व्यंग्य साहित्य, डॉ सूर्यकांत शिन्दे, पृ. 168
21. संक्षिप्त हिंदी शब्द सागर, सं. रामचंद्र वर्मा, पृ. 1001
22. जीप पर सवार इल्लियाँ, शरद जोशी, पृ. 7
23. शरद जोशी : एक यात्रा, सं. शशि मिश्र, पृ. 83
24. दो व्यंग्य नाटक, शरद जोशी, पृ. 66
25. तिलस्म, शरद जोशी, पृ. 7
26. साहित्यशास्त्र, नरसिंहप्रसाद दुबे/रघुसुभे, पृ. 26
27. तिलस्म, शरद जोरी, पृ. 45
28. हिंदी का स्वातंत्र्योत्तर हास्य-व्यंग्य, बालेंदुशेखर तिवारी, पृ. 207

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

विमर्श

विवेकी राय और महिम बोरा की कहानियों में चित्रित स्वातंत्र्योत्तर ग्राम्य जीवन का यथार्थ

देबी देबांगना
शोधार्थी, हिंदी विभाग
मणिपुर विश्वविद्यालय,
इम्फाल-795003
8876636151
Debanganatezu.1996@gmail.com

प्रो. एच. सुवदनी देवी
आचार्य, हिंदी विभाग
मणिपुर विश्वविद्यालय
इम्फाल-795003
9774452826
hsubadani.devi@gmail.com

सारांश :

भारत को गहराई से जानना है तो यहाँ के गाँवों के बारे में जानना अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद भारत के गाँव तीव्रता से शहरोन्मूखी हो रहे हैं। इसी बदलते परिवेश के साथ साहित्य भी निरंतर प्रवाहमान है। समाज में हो रहे इस परिवर्तन को एवं विभिन्न घटनाओं को साहित्यकार अपने साहित्य में चित्रित करता है। उनकी आभिव्यक्ति करने की शैली उस समय के समाज को प्रतिनिधित्व करती है। यह अभिव्यक्ति समाज के सापेक्ष होती है, इसी कारण साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। किसी समाज को अगर गंभीर रूप से जानना है तो उस समाज के साहित्य को पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। गतिशील मानवजीवन के साथ समाज एवं साहित्य भी बदलता रहता है। कथा साहित्य वर्तमान युग की एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण विधा है।

बीज शब्द :

यथार्थता, स्वतंत्रता, ग्राम्यजीवन, व्यंग्य, विसंगति, शोषण, दहेज, बेरोजगारी, नौकरी, अंधविश्वास, ओझा, तंत्र-मंत्र आदि।

विश्लेषण :

साहित्य मानव जीवन का एक अभिन्न अंग है। संगीत, नृत्य, कला, शिल्प के साथ ही साथ साहित्य भी मानव जीवन के संगी की तरह चलता रहता है। साहित्य सार्थक, रसात्मक, हितकारक, रमणीय अर्थ का प्रतिपादक व सुंदर, आकर्षक, आनंद की अनुभूति के साथ हृदय के श्रेष्ठतम क्षण की संवेदना की अभिव्यक्ति है। किसी समाज को अगर गंभीर रूप से जानना है तो उस समाज के साहित्य को पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। साहित्य की शुरूआत सबसे पहले पद्य के रूप में हुई, परंतु जब उसने चिंतन, विवेक, तर्क को अपने में समेटकर उद्‌भासित किया तो उसे 'गद्य' के रूप में स्वीकृति मिली। 'गद्य' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के 'गद्' धातु में 'यत' प्रत्यय जोड़ने से हुई, जिसका अर्थ 'बोलना' अथवा 'बताना' होता है। गद्य सहज एवं सरल होने के कारण सामान्यजन के वार्तालाप एवं व्यावहारिक जीवन में विचारों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण माध्यम बना। अत: आधुनिक युग को 'गद्य युग' के नाम से जाना जाता है।

साहित्य वस्तुत: जनमानस की भावनाओं की ही अभिव्यक्ति होता है। इस संदर्भ में प्रतिष्ठित साहित्येतिहासकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल की पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं – *''जबकि प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्रवृत्ति का संक्षिप्त प्रतिबिंब होता है, तब यह जरूरी है कि जनता की चित्रवृत्ति में परिवर्तन के साथ-साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है।''*[1] अर्थात् साहित्य के बिना मनुष्य का जीवन अपूर्ण है। साहित्य ही ऐसा एक शक्तिशाली माध्यम है, जो अपनी सहजता एवं सरलता के कारण मनुष्य के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। जीवन और जगत स्वंय एक कहानी है, जो निरन्तर मानव जीवन के साथ चलती रहती है। साहित्य अपने समय और सामाजिक परिस्थिति के साथ उत्पन्न होता है, जो उस कालखंड को प्रतिफलित करता है।

भारतीय कथा साहित्य में ग्राम जीवन का चित्रण प्रेमचंद के कथा साहित्य में सबसे अधिक दिखता है। हिंदी साहित्य में प्रेमचंद के बाद फणीश्वर नाथ रेणु, नागार्जुन, शिवप्रसाद सिंह, मार्कंडेय और विवेकी राय के कथा साहित्य में स्वतंत्रता के पूर्व एवं स्वतंत्र भारत के 'गाँव' का चित्रण देखने को मिलता है। सन् 1945 के आस-पास विवेकी राय की पहली कहानी 'पाकिस्तान' प्रकाशित हुई। हिंदी साहित्य की विविध विधाओं में लेखन कार्य करने वाले विवेकी राय बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। हिंदी एवं भोजपुरी दोनों भाषाओं में कविता, कहानी, उपन्यास, ललित निबंध, समीक्षा, व्यंग्य, रेखाचित्र, फीचर आदि सभी विधाओं में उनका लेखन परिपूर्ण है। उनके कथा साहित्य में – 'जीवन परिधि', 'नई कोयल', 'गूंगा जहाज', 'बेटे की बिक्री', 'विवेकी राय की श्रेष्ठ कहानियाँ' आदि प्रमुख हैं। साहित्य में उनकी सृजनात्मक सेवाओं के लिए अनेक साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्थाओं ने उन्हें सम्मानित एवं पुरष्कृत किया है। उनके उपन्यास 'सोनामाटी' पर 'प्रेमचंद पुरस्कार' (1987 ई.), साहित्य भूषण सम्मान (1994 ई.) मिले हैं। विद्वानों के अनुसार असमीया गद्य साहित्य का प्रारंभ 'अरुणोदय' पत्रिका के माध्यम से हुआ है। लक्ष्मीनाथ बेजबरुवा को असमीया कथा-साहित्य का जनक माना जाता है। उसी समय शरत चंद्र गोस्वामी, नकुल चंद्र भूञा, सूर्य कुमार भूञा, दण्डीनाथ कलिता, मित्रदेव महंत, हलिराम

डेका आदि ने अपना योगदान दिया। 'जोनाकी' पत्रिका के प्रकाशन के कारण इसे 'जोनाकी युग' (1889 ई.) नाम से नामांकित किया गया। परवर्ती समय में 'आवाहन' पत्रिका के साथ 'आवाहन युग' (1929 ई.) और 'रामधेनु' पत्रिका के साथ 'रामधेनु युग' (1951 ई.) का प्रारंभ हुआ। यह युग यथार्थवादी दृष्टिकोण के साथ आरंभ हुआ, जहाँ स्वाधीनता के समय तथा स्वाधीनता के बाद की परिवेश को साहित्य में चित्रित किया गया। इस युग के प्रतिष्ठित कहानीकार थे – सैयद अब्दुल मालिक, वीरेंद्र कुमार भट्टाचार्य, योगेश दास, सौरभ कुमार चलिहा, भवेंद्र नाथ शइकिया, होमेन बरगोहाईं, महिम बोरा आदि।

सन् 1945-46 के आस-पास महिम बोरा ने असमीया साहित्य में अपना लेखन कार्य आरंभ किया था। 'बरदोईचिला' पत्रिका में उनकी पहली कहानी प्रकाशित हुई थी। असमीया कहानी, कविता, उपन्यास, हास्य-व्यंग्य

साहित्य, बाल साहित्य, अनुवाद साहित्य, संपादन पुस्तक, रेडियो नाटक आदि सभी विधाओं में अपना योगदान दिया था। सन् 2011 ई. में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री, 'एधानी माहिर हाही' उपन्यास के लिए सन् 2001 ई. में साहित्य अकादमी, 1966 ई. में कहानियों का संग्रह 'गल्प समग्र' के लिए छगनलाल जैन पुरस्कार, 2007 ई. में साहित्याचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

विविधता से परिपूर्ण भारतवर्ष को समझने के लिए भारत के ग्रामीण परिवेश को समझना आवश्यक है। भारतीय संस्कृति ग्रामीण परिवेश के माध्यम से ही प्रतिफलित होती हैं। वैभव सिंह ने ग्राम के संदर्भ में लिखा है-*''लोकतंत्र की सफलता की कसौटी यह मानी जाती है कि लोकतंत्र देश के सबसे कमजोर वर्ग के लिए क्या कर पा रहा है। पर इसके उलट गाँवों में उच्चवर्गीय समाज की सफलता इस पर टिकी होती है कि वह कमजोर वर्ग का किस सीमा पर दमन कर पा रहा है।''*[2] अर्थात् लोकतंत्र तभी सफल होगा, जब वह सभी वर्ग के लोगों को एक साथ लेकर आगे बढ़ेगा। विवेकी राय और महिम बोरा के साहित्य लेखन ग्रामीण जीवन से जुड़ा हुआ है, जिनमें आंचलिकता के साथ भारतीय ग्रामीण जीवन का चित्रण हुआ है। स्वातंत्र्योत्तर भारत के बदलते हुए भारतीय गाँव की सामाजिक जटिलताओं को दोनों कहानीकारों ने अपनी कहानियों में चित्रित किया है। उनके साहित्य में जहाँ एक ओर ग्रामीण जीवन के दुख और पीड़ा से ग्रसित लोग हैं, वही दूसरी ओर सुखद और उल्लास से परिपूर्ण लोक जीवन भी दिखाई देता है।

ग्रामीण जीवन की यथार्थता पर चर्चा करने से पहले हमें इसके अर्थ को समझना आवश्यक है। यथार्थ शब्द का प्रयोग 'सत्य' एवं 'वास्तविकता' के अर्थ में प्रयोग किया जाता है। यथार्थ वह विचारधारा है, जो भौतिक जगत को सत्य मानती है। अर्थात् हमारे ज्ञानेंद्रियों द्वारा जिसे हम प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं, वही सहज अर्थ में यथार्थ है। साहित्य में यथार्थ का होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि किसी भी समाज की वास्तविक छवि हम यथार्थ के माध्यम से जान सकते हैं। भारतीय समाज की यथार्थता उसके गावों में निहित हैं। शहरी जीवन में कृत्रिमता व्यापक रूप में मिलती है। आजादी के बाद भारतीय ग्राम्य जीवन में जो बदलाव आया उसका यथार्थ चित्रण विवेकी राय और महिम बोरा की कहानियों में देखने को मिलता है।

विवेकी राय एवं महिम बोरा ने ग्रामीण समस्याओं को अपनी-अपनी कहानियों के माध्यम से उजागर किया है। उनकी कहानियों में ग्रामीण जीवन की यथार्थता छुपी हुई है। परंपरागत ग्रामीण जीवन के साथ ही नये-पुराने मूल्यों के बीच के संघर्ष के कारण ग्रामीण जीवन में आने वाले बदलावों को भी दोनों कहानीकारों ने अपनी-अपनी कहानियों में उजागर किया। भारतीय ग्रामीण जीवन की वास्तविक चित्र को दोनों कहानीकारों ने अपनी-अपनी कहानियों में प्रतिफलित किया है। दोनों साहित्यकारों की कहानियाँ स्वतंत्रता से पहले एवं स्वतंत्रता के बाद के समय की ग्रामीण परिस्थितियों को दर्शाती हैं।

ग्रामीण जीवन पर चर्चा करते समय हम वहाँ होने वाले भ्रष्टाचार को इंकार नहीं कर सकते हैं। भारतीय जन-जीवन में भ्रष्टाचार एक साधारण-सी वस्तु की तरह बन गई है। गाँव हो अथवा शहर, लोगों के मन में भ्रष्टाचार ऐसे समाहित हो गया है कि यह वर्तमान समय में एक आम बात बन गई है। इसी बात को प्रतीकात्मक रूप में व्यंग्यात्मक शैली में विवेकी राय ने अपनी कहानी 'दादुर धुनि चहुँ ओर' एवं महिम बोरा ने 'हेरा पोवा नट एटा' कहानी में दिखाया है। 'दादुर धुनि चहुँ ओर' कहानी में विवेकी राय ने मेंढक की सभा के माध्यम से समाज में चल रहे भ्रष्टाचार को दिखाया है। *''वह-वह चारा फेंका कि फिर मन फिर जाय् समझी। कौन क्रांति करेगा?''*[3] मेंढक क्रांति की बात करते हैं परंतु भारतीय ग्रामीण समाज की सच्चाई यह है कि कुछ पैसों के लिए क्रांति करने वाले कुछ लोग बिक भी जाते हैं। बड़े-बड़े अफसरों द्वारा साधारण लोगों को अज्ञान समझकर उनके हक को छीन लिया जाता हैं। *''जब-जब इस प्रकार की कमेटी, कमीशन, आयोग, शिष्टमण्डल और प्रतिनिधिमण्डल आदि की घटा देश के ऊपर छा जाती है और सरकारी पैसे की बौछार खुलकर होने लगती है तो चारों ओर रामायण की चौपाई सुनाई पड़ने लगती है... ।''*[4] मेंढकमण्डली सभा के माध्यम से हमारे कार्यालयों में चल रहे भ्रष्टाचारों का व्यांग्यात्मक चित्रण किया गया

है। इसी प्रकार महिम बोरा की कहानी 'हेरा पोवा नट एटा' के माध्यम से यमराज के पास जाने वाले भोगराम मास्टर के माध्यम से कार्यालयों में अफसरों द्वारा किए जाने वाले भ्रष्टाचारों का वर्णन है। *''यमर देशतो तेनेह'ले घाँचर व्यवस्था चले? किंतु कण्डाक्टर ककाईदेउ, बध लागे, किबा एटा करि मोक खालाच दिब नोवारेने? अंतत: मोर मानुहजनीर कथा भावि।''*[5] अर्थात यमराज के देश में भी भ्रष्टाचार है? परंतु कंडक्टर भैया मेरी पत्नी के बारे में सोचकर क्या आप मुझे यहा से जाने दे सकते हैं? वह आश्चर्यचंकित हो जाता है, क्योंकि यमलोक में भी दुर्नीति है। कहानी में आगे बताया गया कि अगर यमराज के पास से किसी को अपने प्राण वापस लेने होते हैं, तब चित्रगुप्त को कुछ पैसा रिश्वत के रूप में देना पड़ता है, तभी वह वापस जाने देंगे। इसी संदर्भ में वे एक जगह और लिखते हैं *''चित्रगुप्तर उचरते एटा प्रकाण्ड केछ-बक्स। ताते बोले माननि अरिहणा आदि दिब लागे। एक कथात घाँच।''*[6] अर्थात् चित्रगुप्त के पास एक बड़ी-सी पेटी है और उसी में पैसा डालना पड़ता है, जो साधारण रूप से कहा जाए तो रिश्वत है। इन पंक्तियों के जरिए लेखक ने व्यंग्य रूप से देश में चल रहे भ्रष्टाचार को दिखाया है। यहा लेखकों ने मेंढक और यमलोक को प्रतीक के रूप में व्यवहृत किया है, जिसके माध्यम से व्यंग्यात्मक रूप से हमारे देश में हो रहे भ्रष्टाचारों को दिखाया है।

ग्राम्य जीवन पर चर्चा करते समय समाज में सदियों से चले आ रहे जमींदारों द्वारा किया गया शोषण को हम अनदेखा नहीं कर सकते। जमींदारों द्वारा साधारण ग्रामवासियों को मिलने वाली यातना को दोनों कहानीकारों ने अपनी-अपनी कहानी 'सेठ की हिजामत', 'भूमिधर', 'तिनिर तिनि ग'ल' में दिखाया है। 'सेठ की हिजामत' और 'भूमिधर' विवेकी राय की कहानियाँ हैं, जिसमें लेखक ने लिखा है *''हमारा सबसे बड़ा अपराध यही था कि हम अपने को आदमी समझते हैं। यदि कुत्ते की तरह मालिक के द्वार पर चौबीस घंटा दुम हिलाते रहते तो हम भी उनकी नजरों में अच्छे रहते।''*[7] जब तक मालिक के आगे-पीछे उनके नीचे काम करने वाले लोग घूमेंगे, तबत क उनके नजरों में वे अच्छे रहते हैं और अगर मालिक के मन के हिसाब से काम न हो तो वहीं मालिक उसे कहीं का नहीं छोड़ता है। अपने स्वार्थ सिद्धि के समय जमींदार निर्धन लोगों को अपने करीबी समझते हैं और जब उनके काम हो जाए, तब उनके साथ जानवर की तरह व्यवहार करते हैं। उसी प्रकार महिम बोरा की कहानी 'तिनिर तिनि ग'ल' में जमींदारों को खुश करने के लिए पूर्णकांत अपने बच्चों को न पिलाकर घर के दूध, केला आदि जमींदार को दे देते हैं। जहाँ वे लिखते हैं- *''क'रनो ल'रा छोवालीये गाखीर पाब? येतिया गाखीर उलाईछिल, अकनमान चाहलौ राखि बाकी महरीर घरत उठना दिलौं। सेइपिनेइ खाजानार टकात काटिबलौ।''*[8] अर्थात् पूर्णकांत के घर की गाय से जितना दूध निकलता था, वह अपने बच्चों को न पीलाकर जमींदार के घर भेज दिया करता था, ताकि उसका भूमि कर वे माफ करें। ऐसे शोषण भारत में सदियों से चला आ रहा है और वर्तमान समय में भी यह समाज में व्याप्त है। अपने बच्चों के मुँह से पौष्टिक आहार छीनकर जमींदारों को एवं समाज में उनसे उच्च वर्ग में रहने वाले लोगों को देने की विवशता को एक असहाय पिता के माध्यम से इस कहानी में दिखाया गया है। समाज के उच्च स्थान में रहने वाले अपने पैसे और सम्पत्ति से परिपूर्ण लोगों द्वारा साधारण लोगों को शोषण करने की जो मानसिकता थी, उसे कहानीकार ने अपने कहानी के माध्यम से दिखाया है। समाज में चल रहे शोषण लोगों को दो भागों में बाँट दिया। एक वर्ग में शोषित साधारण लोग हैं और दूसरे वर्ग में जमींदार पूँजींपति लोग, जिनके हाथ में सत्ता है और साधारण गरीब लोगों को शोषण करने की उनकी भूख है।

बेरोजगारी भारतीय समाज की अन्य एक महत्वपूर्ण समस्या है। लोग शिक्षित होते जा रहे हैं, परंतु साथ ही बेरोजगार भी होते जा रहे हैं। यह समस्या स्वतंत्रता के बाद से अभी तक निरंतर चली आ रही है। समाज में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या को लेकर विवेकी राय ने 'पॉलिश' कहानी लिखी है, जिसमें शिक्षित बेरोजगारों के जीवन की मर्मवेदना को गहराई से चित्रण किया गया है। *''बेरोजगारी की समस्या है। है न भद्दी? इस देश का हर नौजवान बेकार है। सबको नौकरी चाहिए, सिर्फ नौकरी चाहिए। हाईस्कूल फेल और थर्ड डिवीजन पास को भी नौकरी चाहिए।''*[9] हमारे समाज में सरकारी नौकरी को ही लोग सबसे उप्पर समझते हैं। व्यवसाय करने वाले लोगों से भी नौकरी करने

वाले लोगों को आज भी समाज में ज्यादा सम्मान एवं मान्यता देते हैं, जिसके कारण शिक्षित युवा व्यवसाय अथवा अन्य कामों से ज्यादा सरकारी नौकरी के पीछे भागतें हैं, जिसके कारण समाज में बेरोजगारी की आकड़ा दिन-प्रतिदिन केवल बढ़ती जा रही है। इसी प्रकार महिम बोरा ने अपनी कहानी 'पँइताचोरा' में वल्लभ नाम के एक शिक्षित बेरोजगार अभियंता की दुख को दिखाया है, जो इंजीनियारिंग करने के बाद भी एक साल से बेरोजगार बैठा है। बहुत सारे इंटरव्यू देने के बाद भी उसे नौकरी नहीं मिल रही थी। *''आजि गोटेइ घरखन, आत्मीय, गाँवखन, स्थानीय मानुह, सकलोरे सि कृपा आरू पुतौर पात्र हौ परिछे एइ एबछर बेकार हौ बहोँतेइ। विशेषकौ गाँव अञ्चलत बेकार हौ थाकिब लगा एजने कि मानसिक यंत्रनात दिन कटाब लागे ताक भुक्तभोगीर बाहिरे आने अनुमान बा कल्पना करिब नोवारे।''*[10] अर्थात् वल्लभ को उसके अपने ही घर के लोग बोझ समझने लग गए हैं। एक साल से वह इंजीनियरिंग करने के बाद घर में बेरोजगार है। गाँव में भी उसको सभी लोग शिक्षित बेकार के रूप में ही देखते हैं और वह मानसिक तनाव को केवल जिसके साथ घटित होता है, वही समझ सकता है। घर एवं अपने लोग ही जब ताने मारने लगे एवं नालायक समझने लगे, उस बात की पीड़ा बस जिसके साथ होता है, वही समझता है। वर्तमान समाज में सभी को नौकरी चाहिए, परंतु सरकार उतनी मात्रा में पद नहीं निकाल पाते हैं, जिसके कारण हर साल बेरोजगारों की आकड़ बढ़ता ही जा रहा है।

भारतीय समाज के विवाह पद्धति में तमाम कुरीतियाँ हैं। दहेज की समस्या उनमें से एक कुरीति है। यह समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है। एक बेटी को अपने माता-पिता जन्म से लाड़-प्यार से बड़े करते हैं। किसी भी समाज में विवाह के दौरान जब एक बेटी को पिता विदा करते हैं, वे साथ ही अपने कलेजे के टुकड़े को भी दान कर देते हैं। समाज में बढ़ने वाले दहेज की समस्या को विवेकी राय और महिम बोरा ने अपनी-अपनी कहानी 'बेटे की बिक्री' और 'एई नदीर सोँते' में दिखाया है। 'बेटे की बिक्री' कहानी में विवाह पद्धति की कुरीति पर प्रहार किया गया है। शिक्षित युवकों को विवाह के बाजार में खड़ा करके खुलेआम निलामी की दावा का वर्णन है। *''अपना सुख-सौभाग्य देखो। यह टूटा घर तिमंजला महल हो जाय, दरवाजे पर तगड़े बैल और भैंस झूमने लगें, लड़का अमेरिका में पढ़ने चला जाय, घर दौलत से भर जाय और तुम ठाट से पगड़ी बाँधकर घोड़े पर घूमो।''*[11] बी.ए. में पढ़ने वाला माधवचंद्र खुले आम शादी के निलामी में बीक गया परंतु वह एक बार के लिए भी अपनी मन की बात किसी के समाने नहीं रखी एवं एक बार के लिए भी उसने मना नहीं किया कि उसे दहेज नहीं चाहिए। जितनी शिक्षा उतनी दहेज, समकालीन समाज में आज भी यह समस्या देखी जाती है। इसी प्रकार महिम बोरा ने भी 'एई नदीर सोँते' कहानी में शिक्षित युवक प्रबोध के पिता, जो पहले एक आदर्शवान व्यक्ति थे, परंतु वे भी समय के साथ बदलकर अपने बेटे प्रबोध की शादी के समय लड़की के पिता से दहेज लेने के लिए तैयार हो जाते हैं। अपने बेटे के लिए वे लड़कीवालों के सामने प्रस्ताव भी रखते हैं *''डिब्रुगड़ टाउनत माटिउ दिब लागिब, बियार आ-अलंकार, खा-खरछ सकलो खरच लागिब आरू ल'राक डिब्रुगड़लौ बदलि कराइ अनाब लागिब।''*[12] अर्थात् डिब्रुगढ़ शहर में प्रबोध को जमीन खरीदकर देनी होगी, शादी के सभी खर्चे एवं अलंकार और गाँव से उसे अर्थात् प्रबोध को डिब्रुगढ़ शहर में तब्दिली भी करके लाना पड़ेगा। प्रबोध इंजीनियर था, जिसके कारण उसके पद के लोभ में लड़कीवाले भी प्रबोध के पिता की सभी शर्तों को मानने के लिए तैयार भी हो गए थे। अंत में ऐसे दुराचार, दुर्नीति अन्याय के बीच में रहने वाले प्रबोध जो प्रथम अवस्था में अपने पिता के खिलाफ जाकर दहेज लेने से इंकार कर रहा था। उसकी शिक्षा एवं परवरिश ने उसे इतनी नीच कार्य करने से हर समय रोकती रहती थी, परंतु अब वह भी अपने होने वाले ससुर की बातों में आकार अंत में दहेज लेने के लिए मान जाता है। वह सोचता तो है कि यह बात उसके और उसकी होने वाली पत्नी के जीवन के लिए सही नहीं है। परंतु अंत में अपने परिवार के शांति के लिए वह दहेज लेने के लिए मान जाता है। शहरों की आधुनिकता धीरे-धीरे ग्राम्य समाज के मध्य वर्ग को भी ग्रसित करने लगा है। इन बातों को दोनों कहानीकारों ने अपनी कहानियों के माध्यम से दिखाया है।

भारतीय समाज में नारी की स्थिति अत्यंत दयानीय थी। एक ओर महात्मा गांधी के आंदोलनों में नारी ने सशक्त भूमिका निभाई तो दूसरी ओर वह अपने हक के लिए समाज के नीच खयालात वाले लोगों से लड़ती रही। महिलाएँ शिक्षित होते हुए भी अपने अधिकारों की मांग नहीं कर सकती थीं। विवेकी राय और महिम बोरा की कहानियाँ 'विद्रोह' और 'बहुभुजी त्रिभुज' गावँ के विधवा को लेकर है। विवेकी राय की कहानी विद्रोह में एक माँ तथा समाज के लोगों द्वारा एक विधवा के प्रति क्रूर व्यवहार को दिखाया है। लेखक लिखते हैं – *''कुलच्छनी ससुरे में भतार चबाय के नैहर में डेरा डाले हैं। अब के खाई?' ओह यह माँ है? अपनी बेटी के प्रति ऐसी क्रूर कठोर? कोई व्यक्ति जिसे लड़की बिलकुल नहीं जानती थी, अचानक उसका सर्वस्व होने की मान्यता पाने के बाद मर गया, तो इसमें उस ल?की का क्या दोष हैं?''*[13] पति के अकाल मृत्यु पर पत्नी को दोषी ठहराना हमारे समाज के लोगों की नकारात्मक मानसिकता को दर्शाती है। उसी प्रकार महिम बोरा की कहानी 'बहुभुजी त्रिभूज' में गाँव के एक स्कूल के प्रधान शिक्षक के पद के लिए आने वाली युवा विधवा लड़की को देखकर गाँव के बाकी लोग गाँव में अगर बदनाम हो जाए तब किया होगा, सोचकर अपनी नीच मानसिकता का परिचय देता है *''सदाय एटा कथा मनत राखिबा एईखन ह'ल गाँव। टाउन नहय। गाँवत सदाय छोवालीर आगत आदर्श ह'ब लागिब। अकल बि.ए. एम.ए. पास कारिलेइ शिक्षा नहय-चरित्र है डाडर कथा।''*[14] अर्थात् हमेशा एक बात याद रखना – यह शहर नहीं गाँव है। यहाँ सभी लड़की को समाज के सामने आदर्श रूप में होना चाहिए। बी.ए. अथवा एम.ए. जैसे शिक्षा से बढ़कर चरित्र है। जिस व्यक्ति ने कुछ समय पहले तक विधवा लड़की को लेकर गलत खयाल मन में ला रहे थे, वहीं उसे चरित्र के पाठ पढ़ाने लगे। समाज में पढ़े-लिखे, सबके सामने आदर्शवान बनकर घूमने वाले लोगों की सच्ची तस्वीर इन दोनों कहानी के माध्यम से उजागर हुआ है।

